www.anantgyaan.in

सूर्योदय 7:14 सूर्यास्त 5:50

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 3.00 न्यू | 12.00 अधि |
| धर्मशाला | 5.02 न्यू | 17.00 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 71423.65 |
| निफ्टी | 21571.80 |

सोना 63,490 चांदी 71,635

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



धर्मशाला | रविवार, 21 जनवरी 2024 | 8 माघ, विक्रमी संवत 2080 | वर्ष 1, अंक 34 | कुल पृष्ठ 16 | मूल्य : 5 रुपए |

दक्षिण की अयोध्या से मशहूर 'श्री सीता रामचंद्रस्वामी मंदिर'...पेज 16

## न्यूज शॉर्ट्स

### हिमाचल के किन्नौर में आया भूकंप, 3.0 रही तीव्रता



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के जनजातीय जिला किन्नौर में भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिएक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3 मापी गई। दोपहर 2:30 बजे दो बार धरती कांपी। किन्नौर के बार्डर एरिया व शिमला जिले के झाखड़ी तक झटके महसूस किए गए। जमीन के भीतर पांच किलोमीटर तक इसका केंद्र रहा।

### चीन में स्कूल में आग लगने से 13 स्टूडेंट्स की गई जान

**बीजिंग।** चीन के मध्य हेनान प्रांत में एक स्कूल के शयनगृह में आग लगने से 13 बच्चों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि हेनान के यानशानपु गांव में यिंगकाई स्कूल में आग लगी, सभी बच्चे तीसरी कक्षा के छात्र थे।

### पन्नू ने सीएम केजरीवाल और भगवंत मान को दी धमकी

**नई दिल्ली।** खालिस्तान समर्थक सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) के नेता गुरपतवंत सिंह पन्नू ने चेतावनी दी है कि अगले माह तक उनके सहयोगियों को रिहा नहीं किया गया तो दिल्ली और पंजाब के मुख्यमंत्रियों को जान गंवानी पड़ेगी।

## टॉप स्टोरीज

शिमला में पांच मंजिला इमारत गिरी, खतरे की जद में आया डिग्री कॉलेज ...पेज 2

हम ही देंगे महिलाओं को 1500 रुपए, हमने ही दी ओपीएसः मुकेश ...पेज 3

भगवान विष्णु की शरण में पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ...पेज 16

## अनुभवी स्टाफ चाहिए

प्रदेश के उभरते मीडिया ग्रुप 'अनंत ज्ञान' को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

**संपादकीय विभाग**

मुख्य संपादक, डेस्क पर सब एडिटर, प्रूफ रीडर और उपमंडल स्तर पर जुझारु, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है।

**डिजिटल मीडिया**

डिजिटल हेड, वीडियो एडिटर, एंकर, कैमरामैन, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर चाहिए।

**मार्केटिंग विभाग**

मार्केटिंग रणनीतियों के इम्प्लीमेंटेशन की देखरेख और मैनेजमेंट के लिए अनुभवी और तेज तर्रार मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

**सर्कुलेशन विभाग**

रीडरशिप और अखबारों की प्रसार संख्या के लिए कुशल और अनुभवी सर्कुलेशन एग्जीक्यूटिव चाहिए। 8वीं-10वीं और 12वीं पास युवाओं की भी जरूरत है।

अपने सीवी भेजें

मोबाइल नंबर: 8894521702

ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com

## एजेंसी लेने एवं अनंत ज्ञान की प्रति न मिलने पर

निम्न नंबरों पर संपर्क करें :

मंडी-कुल्लू : 88949-01670

कांगड़ा-चंबा : 98166-45634, 98052-49634



ऊना-हमीरपुर-बिलासपुर : 82192-07770

सोलन-शिमला, सिरमौर

98160-10065

# अयोध्या की सीमाएं सील, पास से ही मिलेगी एंट्री

## एनएसजी-एसपीजी कमांडो की सुरक्षा में राम मंदिर, 25 हजार से अधिक पुलिसकर्मियों ने डेरा डाला

**एजेंसी, अयोध्या**



**अयोध्या** राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए तैयारियां तेज हैं। अयोध्या की सीमाओं को सील कर दिया है, अब पास से ही एंट्री मिलेगी। वहीं, सुरक्षा जवानों ने मोर्चा संभाल लिया है। सुरक्षा कर्मियों के साथ एनएसजी और एसपीजी ने भी कमान संभाली है। रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के मुख्य समारोह में अब मात्र दो दिन शेष बचे हैं। इससे पहले पूरे रामधाम को अभेद्य बनाने की कवायद अंतिम चरण में है।




केंद्र से लेकर राज्य तक के 25 हजार से अधिक पुलिसकर्मियों ने अयोध्या में डेरा डाल दिया है। इसी के साथ शीर्ष खुफिया एजेंसी रॉ की मौजूदगी भी है। अयोध्या में तीन दिन तक बाहरी लोगों की एंट्री बंद हो गई है। प्राण प्रतिष्ठा के लिए सभी देवी-देवताओं को निमंत्रित किया जा रहा है।

इसी क्रम में भगवान राम की कुलदेवी बड़ी देवकाली माता और माता सीता की कुलदेवी छोटी देवकाली माता को भी निमंत्रण दिया जाएगा। इन्हें शनिवार को निमंत्रित किया जा सकता है। फिलहाल दोनों मंदिरों के पुजारियों का कहना है कि पांच अगस्त 2020 को राम मंदिर के भूमि पूजन की तिथि से पहले श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के प्रमुख न्यासी व अयोध्या नरेश विमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र ने माता का पूजन कर मंदिर के निर्विघ्न निर्माण की प्रार्थना की थी। मातृत्व की छांव प्रदान करने के लिए उन्हें स्नेहिल निमंत्रण दिया था। वहीं, विराजमान रामलला का जन्मभूमि मंदिर के गर्भगृह में पदार्पण होगा। अचल विग्रह और रजत विग्रह का शर्कराधिवास, फलाधिवास के साथ-साथ पुष्पाधिवास, वेदों की सभी शाखाओं का पारायण किया जाएगा। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ मंडप में बनाए गए यज्ञ कुंड में हवन किया जाएगा।

### पांच लेयर्स में होगी पीएम मोदी की सिक्योरिटी

**अयोध्या** के राम मंदिर में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के समय प्रधानमंत्री का सुरक्षा घेरा पांच स्तरीय होगा। पीएम मोदी की सिक्योरिटी पांच लेयर्स में करने के लिए सिविल पुलिस समेत अलग-अलग एजेंसियों के जवान पहुंच चुके हैं। कार्यक्रम स्थल से लेकर बाहर तक चप्पे-चप्पे पर इन जवानों का पहरा होगा। बिना इनकी अनुमति के प्रधानमंत्री के इर्द-गिर्द परिंदा भी पर नहीं मार सकेगा।

- सीसीटीवी और ड्रोन से होगी निगरानी
- 51 स्थानों पर 22 हजार से अधिक वाहनों की होगी पार्किंग

### राम मंदिर से जुड़ी फर्जी खबरों पर सरकार सख्त

**केंद्र** सरकार ने एडवाइजरी जारी करते हुए राम मंदिर कार्यक्रम से संबंधित झूठी और हेरफेर की गई खबरों को प्रकाशित करने से बचने के लिए कहा है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय की ओर से जारी एडवाइजरी में कहा कि यह देखा गया है, विशेष रूप से सोशल मीडिया पर कुछ झूठी, भड़काऊ और फर्जी मैसेज फैलाए जा रहे हैं, जो सांप्रदायिक सद्भावना और सार्वजनिक व्यवस्था को बिगाड़ सकते हैं।

### वायरल तस्वीरों पर मुख्य पुजारी नाराज

राम जन्मभूमि के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने रामलला की वायरल तस्वीरें पर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि मूर्ति स्थापित हो गई है और कपड़े से ढका है, जो आंख खुली हुई मूर्ति दिखाई गई, वो सही नहीं है। प्राण प्रतिष्ठा से पहले नेत्र नहीं खुलेंगे। ऐसी तस्वीर आ रही है तो इसकी जांच होगी कि ऐसा किसने किया है।

### अयोध्या पहुंचा दुनिया का सबसे बड़ा 400 किलो का ताला



**अलीगढ़** में तैयार हुआ दुनिया का सबसे बड़ा 400 किलो का ताला अयोध्या पहुंच चुका है। ताले की चाबी तीस किलो और चार फुट लंबी है। महामंडलेश्वर डॉ. अन्नपूर्णा भारती ने शनिवार सुबह अयोध्या के कारसेवक पुरम में श्रीराम जन्मभूमि के पदाधिकारियों को अलीगढ़ में तैयार किए गए इस ताले को सौंपा

### पीओके की तीन नदियों का भेजा जल



**रामलला** के अभिषेक के लिए देशभर से पवित्र जल एकत्र किया गया है। पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) से तीन नदियों का जल भेजा गया है। जल को ट्रस्ट को सौंपा दिया है। सेवा शारदा समिति पाकिस्तान के मुस्लिमों से संपर्क करके जल को दुबई से होते हुए मुंबई लाया गया।



### ओडिशा में बनाया विशाल दीया

### 10 लाख दीयों से रोशन होगी अयोध्या

### फूलों से सजा राम मंदिर



### 14 साल जलेगी बाबा दरबार की अखंड ज्योति

**बाबा** विश्वनाथ दरबार की ज्योति अयोध्या के प्रभु श्रीराम दरबार में जाएगी। प्रभु श्रीराम वनवास की स्मृति में बाबा दरबार की यह अखंड ज्योति राम मंदिर में 14 वर्षों तक जलेगी। काशी से शुरू होने वाली अखंड ज्योति यात्रा देशभर के 32 रामपथ होकर रामेश्वर तक जाएगी।

# हिमाचल में गेस्ट टीचर भर्ती पर लगाई रोक

## मुख्यमंत्री सुक्खू बोले- शिक्षा मंत्री के साथ मंथन कर दोबारा लिया जाएगा फैसला

**जय ठाकुर, शिमला**

- शिक्षकों के न होने और तबादला होने पर ली जाएंगी गेस्ट शिक्षकों की सेवाएं
- गेस्ट फैकल्टी को लेकर लोगों के बीच फैलाई जा रही भ्रांतियां
- कहा- सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के प्रति लोगों में खासा उत्साह

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने 2600 गेस्ट टीचर भर्ती पर फिलहाल रोक लगा दी है। सीएम ने कहा कि शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के लौटने के बाद इस पर चर्चा की जाएगी और दोबारा निर्णय लिया जाएगा।



मुख्यमंत्री ने स्थिति को स्पष्ट करते हुए कहा कि गेस्ट शिक्षकों की भर्ती को लेकर भ्रम फैलाए जा रहे हैं। शिमला में प्रेसवार्ता में मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि गेस्ट शिक्षकों की भर्ती केवल उस स्थिति में ही की जाएगी, जब अध्यापक का तबादला हुआ हो या अन्य परिस्थितियों के चलते स्कूल में अध्यापक न हों। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्कूलों में बच्चों की शिक्षा में किसी प्रकार की रुकावट पैदा न हो, उसको लेकर सरकार की ओर से गेस्ट टीचर रखे जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि गेस्ट शिक्षकों के चयन के लिए मेरिट को विशेष अधिमान दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्लस टू में जिस अभ्यर्थी के 75 प्रतिशत अंक होंगे या फिर जिस अभ्यर्थी के बीएड में 65 प्रतिशत से ज्यादा अंक होंगे, वे स्कूल में पढ़ाने के लिए पात्र होंगे और यह भर्ती स्थायी तौर पर नहीं की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के प्रति प्रदेशभर में लोगों में खासा उत्साह है। (अनंत ज्ञान)

### जेओए-आईटी भर्ती को लेकर सरकार गंभीर

मुख्यमंत्री ने कहा कि जेओए-आईटी भर्ती को लेकर सरकार गंभीरता से कार्य कर रही है और सभी कानूनी पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की जा रही है। इस विषय को लेकर फैलाई जा रही भ्रांतियां तथ्यहीन हैं और ऐसी बातों का कोई आधार नहीं है। प्रदेश सरकार राज्य के युवाओं के हितों की रक्षा के लिए संवेदनशील है और इस दिशा में सार्थक सोच से उचित निर्णय ले रही है।

### विपक्ष कर रहा युवाओं को गुमराह

**सीएम** सुक्खू ने कहा कि सरकार ने यह निर्णय विद्यार्थियों को गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने के दृष्टिगत लिया है। इस मसले पर विपक्ष युवाओं को गुमराह करने का काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि गेस्ट टीचर भर्ती को लोग गलत समझ रहे हैं। इनकी भर्ती एक-दो साल के लिए की जानी है। इनके स्थान पर रेगुलर टीचर आने पर इन्हें हटा दिया जाएगा। गेस्ट टीचरों को पीरियड आधार पर ही घंटे के हिसाब से भुगतान होगा। यह कोई मासिक या वार्षिक आधार पर स्थायी भर्ती नहीं की जा रही। गेस्ट टीचर अस्थायी भर्ती है।

# शिमला में स्थापित होगी प्रभु श्रीराम की 111 फुट ऊंची मूर्ति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**अयोध्या** में भगवान रामलला के विराजमान होने के साथ ही अब राजधानी शिमला के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर जाखू में जल्द भगवान श्रीराम की 111 फुट ऊंची मूर्ति स्थापित की जाएगी।



मुख्यमंत्री ने सूद सभा की ओर से रखे गए इस प्रपोजल को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। इस मूर्ति का निर्माण कार्य कौन करेगा और इसे बनाने में आने वाली लागत कितनी रहेगी, फिलहाल इसकी डीपीआर तैयार नहीं की गई है। आधिकारिक ऐलान के बाद यहां मूर्ति का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। अभी जाखू में हनुमान की 108 फुट ऊंची प्रतिमा स्थापित की जा चुकी है, जो देश विदेश से यहां आने वाले पर्यटकों के लिए श्रद्धा का केंद्र बनी हुई है।

> **शिमला** की सभी संस्थाएं राम की प्रतिमा लगाने को लेकर एकजुट होकर काम करेगी। मुख्यमंत्री को राम की प्रतिमा बनाने का सुझाव दिया है। उन्होंने विश्वास दिलाया है कि जाखू में जल्द जगह का चयन करके राम की मूर्ति स्थापना का काम शुरू कर दिया जाएगा।
>
> -राजीव सूद, अध्यक्ष सूद सभा शिमला।

### सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर ज्ञानवापी परिसर के सील वजूखाने की सफाई

**वाराणसी।** वाराणसी की ज्ञानवापी परिसर में शनिवार को सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद सील वजूखाने पर बने टैंक की सफाई की गई। नगर पालिका मत्स्य विभाग समेत 26 सदस्यीय टीम ने सफाई का काम पूरा किया। इस मौके पर वाराणसी के डीएम मौजूद रहे।

इस दौरान सीआरपीएफ और पुलिस की कड़ी सुरक्षा रही। हिंदू पक्ष के वकील सुभाष नंदन चतुर्वेदी ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश से साफ-सफाई की गई, दोनों पक्षों की सहमति से सफाई का काम सही से हुआ है। उन्होंने बताया कि सफाई का काम दो घंटे चला। वजूस्थल की सफाई के बाद मछलियों को बाहर निकाला गया। इनमें से 17 मछलियां मरी पाई गईं, जिन्हें नगर निगम को सौंप दिया गया। वहीं, 38 जिंदा मछलियों को प्रशासन की मौजूदगी में मुस्लिम पक्ष को सौंपा गया।

# असम में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के काफिले पर हमला

## कांग्रेस का आरोप, भाजपा के गुंडों ने पोस्टर और बैनर फाड़े, गाड़ियों में की तोड़-फोड़

**एजेंसी, गुवाहाटी**

**कांग्रेस** की भारत जोड़ो न्याय यात्रा सातवें दिन अरुणाचल प्रदेश पहुंची। इससे पहले यात्रा असम से होकर गुजरी, जहां यात्रा के काफिले पर हमला किया गया। कांग्रेस ने इस हमले का आरोप भाजपा पर लगाया है।

कांग्रेस ने कहा कि भाजपा के गुंडों ने पोस्टर-बैनर फाड़े, गाड़ियों में तोड़फोड़ की। ये यात्रा को मिल रहे समर्थन से घबरा गए हैं। भारत जोड़ो न्याय यात्रा को कोई शक्ति नहीं रोक सकती और यात्रा जारी रहेगी। एक दिन पहले ही असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा ने कहा था कि कांग्रेस की न्याय यात्रा को सुरक्षा नहीं दी जाएगी, यात्रा शहर से नहीं जाने देंगे।



### भाजपा कर रही लोकतंत्र का अपहरण : खड़गे



**कांग्रेस** के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भाजपा जोड़ो न्याय यात्रा वाहनों पर हुए हमले की निंदा की है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल में भाजपा ने देश में न्याय और हर अधिकार को ध्वस्त और कुचल दिया है। वह विरोधी आवाज को दबाना चाहती है। भाजपा के सत्ता में आते ही लोकतंत्र का अपहरण हो रहा है। कांग्रेस इन डराने और धमकाने की रणनीतियों से डरने वाली नहीं है।

### पीएम ने युवाओं से किया धोखा



**राहुल** गांधी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि देश का हर तीसरा युवा बेरोजगारी का शिकार है और प्रधानमंत्री ने उनके साथ बड़ा धोखा किया है। उन्होंने कहा कि इस बार धोखा आम परिवार से आने वाले, 18-18 घंटे मेहनत करने वाले उन छात्रों के साथ है जो छोटे छोटे किराए के कमरों में रह कर बड़े सपने देखते हैं। रेलवे में लाखों पद खाली हैं, वहां पांच साल के इंतजार के बाद मात्र 5696 पदों की भर्ती प्रतियोगी छात्रों के साथ अन्याय है।

### सीएम की वफादारी का सबूत नहीं चाहिए



**जयराम** रमेश ने कहा कि मेरा भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से निवेदन है कि वे असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा से सिर्फ दो बातें कहें। पहला हमें आरएसएस व भाजपा के लिए उनकी वफादारी का कोई नया सबूत नहीं चाहिए। दूसरा जिस रास्ते से जेपी नड्डा जी की रैली निकली थी, उसी रास्ते से 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' निकालने की अनुमति दें।

### गांधी परिवार से ज्यादा कोई भ्रष्ट नहीं : हिमंत सरमा



**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने कांग्रेस पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि गांधी परिवार से ज्यादा कोई भ्रष्ट नहीं हो सकता। सरमा को राहुल गांधी की ओर से पिछले दो दिनों में कई सभाओं में देश में सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री कहा था। कुछ भी अपमानजनक, जो तथाकथित गांधी परिवार से आता है, मैं उसे आशीर्वाद मानता हूं। उन्होंने कहा कि मैं सिर्फ एक चीज पूछना चाहता हूं कि क्या कोई गांधी से ज्यादा भ्रष्ट हो सकता है? बोफोर्स घोटाला, नेशनल हेराल्ड घोटाला, भोपाल गैस त्रासदी, 2जी घोटाला, कोयला आदि घोटालों की सूची बहुत बड़ी है।

**खुशखबरी** प्रदेश सरकार को सालाना 500 करोड़ की आय का अनुमान, प्रपोजल तैयार

# हिमाचल में जल्द खुलेंगे तीन बड़े सीमेंट उद्योग

**अरविंद शर्मा, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश की आर्थिकी को संबल प्रदान करने के लिए राज्य सरकार जल्द ही प्रदेश में तीन बड़े सीमेंट उद्योग स्थापित करने जा रही है। इसके लिए प्रपोजल तैयार हो गया है।

ये कारखाने किन क्षेत्रों में स्थापित होंगे, उसका प्रपोजल तैयार कर लिया है। प्रत्येक सीमेंट उद्योग के लिए शुरुआत में सरकार की ओर से 500 से 700 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा। इन सीमेंट कारखानों के स्थापित होने से राज्य को करीब 500 करोड़ की सालाना आमदनी प्राप्त होने का अनुमान लगाया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)



अनंत ज्ञान स्पैशल

### शिमला, सोलन और चंबा जिले में साइटों का चयन

**सीमेंट** कारखानों को स्थापित करने के लिए सरकार ने तीन जिलों में जमीन का चयन किया है। शिमला के सुन्नी, चंबा के गोहरासिंड़ और सोलन जिले के अर्की में सीमेंट उद्योग स्थापित करने के लिए साइटों का चयन कर लिया है। इस संबंध में मुख्यमंत्री सुक्खू ने उद्योग विभाग को दिशा-निर्देश दिए गए थे। उद्योग विभाग की ओर से इन साइटों का निरीक्षण किया है और जल्द सरकार के साथ चर्चा की जाएगी।

### बड़े सीमेंट कारोबारियों के साथ होगी चर्चा

**राज्य** में सीमेंट निर्माण की क्षमता को देखते हुए सरकार की ओर से सीमेंट उद्योग स्थापित करने के लिए प्रपोजल तैयार किया है। जल्द सीमेंट उद्योगपतियों को सीमेंट कारखाने स्थापित करने के लिए आमंत्रित किया जाएगा और सीमेंट उद्योग से जुड़े मालिकों के साथ बैठक होगी।

### राज्य की आर्थिकी होगी और मजबूत

**तीन** बड़े सीमेंट कारखाने स्थापित होने से राज्य की आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी। अभी तक राज्य के सिरमौर जिले के राजबन सहित सोलन के दाड़लाघाट में दो बड़े सीमेंट उद्योग हैं। इसके अलावा बिलासपुर के बरमाणा में सीमेंट उद्योग है, जिससे सरकार को सालाना करोड़ों की आमदनी होती है।

### रोजगार के खुलेंगे द्वार

**सीमेंट** उद्योग राज्य की आर्थिकी को संबल प्रदान करने का एक प्रमुख पहिया है। सीमेंट उद्योगों के स्थापित होने से सैकड़ों लोगों को रोजगार मिलेगा। युवाओं को न केवल स्थायी और अस्थायी तौर पर भी रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे बल्कि इससे उनकी आमदनी भी बढ़ेगी।

> **उद्योग** विभाग को सीमेंट कारखाने स्थापित करने को लेकर साइटें चिन्हित करने के निर्देश दिए थे। साइटों को चिन्हित कर लिया गया है। सरकार शीघ्र ही अगली कार्रवाई करने जा रही है।
>
> -सुखविंद्र सिंह सुक्खू, मुख्यमंत्री

# घुसपैठ रोकने के लिए भारत-म्यांमार बॉर्डर पर फेंसिंग कराएगी सरकार: शाह

## केंद्रीय गृह मंत्री बोले- दोनों देशों के बीच फ्री मूवमेंट पर लगेगी पाबंदी

**एजेंसी, गुवाहाटी**

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि देश अगले तीन साल में नक्सलवाद के खतरे से मुक्त हो जाएगा।



अमित शाह ने सलोनीबारी में सशस्त्र सीमा बल के 60वें स्थापना दिवस पर एक डाक टिकट जारी करने के अलावा तीन बटालियनों को ट्रॉफी के साथ छह एसएसबी कर्मियों को अनुकरणीय सेवा के लिए पुरस्कार प्रदान किए।

शाह ने ऐलान किया कि भारत-म्यांमार बॉर्डर पर खुली सीमा की फेंसिंग की जाएगी। म्यांमार से भागकर आ रहे आतंकियों और घुसपैठ को रोकने के लिए दोनों देशों के बीच फ्री मूवमेंट को भी सरकार बंद करने जा रही है। म्यांमार के साथ हमारी खुली सीमा है। इसे हम बांग्लादेश की तर्ज पर बाड़ (फेंसिंग) लगाकर सुरक्षित करेंगे। शाह ने कहा कि सरकार दोनों के बीच फ्री मूवमेंट एग्रीमेंट पर भी पुनर्विचार कर रही है। आने-जाने की इस सहूलियत को ही सरकार बंद करने जा रही है। म्यांमार की सीमा भारत के चार राज्यों से लगती है।

दोनों देशों के बीच 1600 किलोमीटर का बॉर्डर है। भारत-म्यांमार के बीच फ्री मूवमेंट का एग्रीमेंट 1970 में हुआ था। तब से सरकार इसे लगातार रिन्यू करती रही है। आखिरी बार इसे 2016 में रिन्यू किया गया था।

### मिजोरम में घुसे म्यांमार के 600 सैनिक

शाह ने कहा कि म्यांमार में विद्रोही गुटों और सेना के बीच लड़ाई तेज हो रही है। इस बीच म्यांमार के 600 सैनिकों ने वहां से दिया है, जिन्होंने भारत के मिजोरम में पनाह ली है। मिजोरम सरकार ने इस मुद्दे को लेकर केंद्र से मदद मांगी थी। सैनिकों को वापस म्यांमार भेजने की अपील की थी।

### मुख्यमंत्री ने गाड़ी को झंडी दिखाकर किया रवाना

# शैक्षणिक भ्रमण के लिए केरल रवाना हुए प्रदेश के 240 विद्यार्थी


शैक्षणिक भ्रमण के लिए जा रही गाड़ी को हरी झंडी दिखाते सीएम सुक्खू।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शविार को चौड़ा मैदान शिमला से 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' योजना के शिक्षक एवं विद्यार्थी आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों के शैक्षणिक भ्रमण वाहनों को झंडी दिखाकर केरल राज्य के लिए रवाना किया। इसका आयोजन समग्र शिक्षा के अंतर्गत किया गया है।

इस वर्ष इसमें विभिन्न जिलों के 240 विद्यार्थियों को शामिल किया गया हैं। यह विद्यार्थी रविवार को नई दिल्ली से राजधानी एक्सप्रेस से केरल राज्य के लिए रवाना होंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' योजना के तहत प्रदेश के विद्यार्थियों को केरल राज्य की कला-संस्कृति व रीति-रिवाजों को जानने-समझने का अवसर प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से छात्रों का व्यक्तित्व विकास होता है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने समग्र शिक्षा का टेबल कैलेंडर भी जारी किया। समग्र शिक्षा के राज्य परियोजना निदेशक राजेश शर्मा ने भ्रमण कार्यक्रम तथा छात्रों की सुविधाओं से संबंधित व्यवस्था बारे विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर नगर निगम शिमला के महापौर सुरेन्द्र चौहान, मुख्यमंत्री के ओएसडी गोपाल शर्मा व रितेश कपरेट, निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा नरेश ठाकुर व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## सिंगल अंब्रेला कमेटी बैठक में 30 नक्शों को मिली मंजूरी

**शिमला।** प्रदेश सरकार द्वारा नक्शे पास कराने के लिए बनाई गई सिंगल अंब्रेला कमेटी की पहली बैठक शनिवार को हुई। इस बैठक में 33 में से तीन नक्शों को मंजूरी नहीं दी गई। जिन नक्शों को मंजूरी नहीं मिली, उसमें एचपीयू हॉस्टल की खस्ता हाल सड़क का प्रपोजल भी शामिल था। इसके अलावा कमेटी ने आईजीएमसी और सचिवालय पार्किंग को बनाने की मंजूरी प्रदान की है। बैठक में एमसी के अलावा यूडी, टीसीपी और रेवेन्यू डिपार्टमेंट के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता कमेटी के चेयरमैन एमसी कमिश्नर भूपेंद्र सिंह अत्री ने की। कमेटी में निगम के आर्किटेक्ट प्लानर महबूब शेख को भी मेंबर सेक्रेटरी बनाया गया है। बाते दें की सरकार ने तीन दिन पहले ही इस कमेटी का गठन किया था, जिसमें एमसी के अलावा अन्य डिपार्टमेंट के अधिकारियों को नक्शे पास कराने के लिए शामिल किया गया।

## अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन पंजीकरण आठ फरवरी से



**मंडी।** जिला मंडी, कुल्लू तथा लाहौल-स्पीति जिले के युवाओं की वर्ष 2024 में अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर लिपिक/स्टोर कीपर, अग्निवीर टेक्निकल तथा अग्निवीर ट्रेड्समैन की भर्ती की जानी प्रस्तावित है, जिसके लिए इच्छुक युवा अपना ऑनलाइन पंजीकरण आठ फरवरी से 21 मार्च तक कर सकते हैं। भर्ती निदेशक, सेना भर्ती कार्यालय, मंडी कर्नल डीएस सामंत ने बताया कि ऑनलाइन पंजीकरण जेओआईएनआईएनडीआईएएनआर्मी डाट एनआइसीडाटइन वेबसाइट पर लॉगइन करके कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि उम्मीदवारों की सुविधा के लिए वेबसाइट में वीडियो लिंक है, जिसमें उम्मीदवार पंजीकरण कैसे करें, ऑनलाइन परीक्षा में कैसे उपस्थित हों, समझने के लिए देख सकते हैं। वेबसाइट पर ऑनलाइन प्रैक्टिस टेस्ट की सुविधा भी उपलब्ध है।

# शिमला में पांच मंजिला इमारत गिरी खतरे की जद में आया डिग्री कॉलेज

## जमीन की कटिंग के चलते पेश आया हादसा, सड़क पर आई दरारें

**अनंत ज्ञान, शिमला**

आपदा की मार झेल चुके हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में सर्दियों के शुष्क मौसम में भू-स्खलन की एक बड़ी घटना सामने आई है। शिमला ग्रामीण क्षेत्र के तहत ग्राम पंचायत घंडल में एक पांच मंजिला मकान पलभर में जमींदोज हो गया।

शिमला-बिलासपुर नेशनल हाई-वे के किनारे सोलह मील नामक स्थान पर बना यह भवन शनिवार को दिन में ताश के पत्तों की तरह भरभराकर धराशायी हो गया। हालांकि इस घटना में किसी प्रकार का जानी नुकसान नहीं हुआ है। इस भवन में लॉ कॉलेज के छात्र रहते थे। एक हफ्ता पहले दरारों के कारण इस भवन को खाली करवा दिया गया था। इसके ध्वस्त होने से इससे सटी धामी डिग्री कॉलेज का भवन भी खतरे की जद में आ गया है। कॉलेज भवन में बड़ी दरारें पड़ गई हैं। धराशायी हुआ पांच मंजिला भवन का मालिक राजकुमार शर्मा है। इस भवन गिरने की वजह जमीन की कटिंग बताई जा रही है। दरअसल जमीदोंज हुए भवन से सटी जमीन के प्लॉट की कटिंग का काम चल रहा है।


शनिवार को शिमला में ताश के पत्तों की तरह गिरी पांच मंजिला बिल्डिंग।

स्थानीय लोगों की मानें तो प्लॉट के कटिंग के बाद राजकुमार के पांच मंजिला भवन में दरारें आने लगीं थीं और शनिवार को यह भवन ढह गया। भवन के ढहने के बाद बालूगंज थाना क्षेत्र की टीम मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। शिमला के उपायुक्त आदित्य नेगी ने बताया कि जमींदोज हुए पांच मंजिला भवन में पीजी चल रहा था। इस भवन में लॉ कॉलेज के छात्र रहते थे। भवन में दरार आने पर इसे एक हफ्ते पहले पूरी तरह से खाली करवा दिया गया था। उन्होंने कहा कि इस घटना में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है। बता दें कि एनएच से सटे इस क्षेत्र में कई बहुमंजिला भवन बने हैं। नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी का परिसर भी इसी जगह है। दो साल पहले मानसून सीजन के दौरान यहां नेशनल हाई-वे का लगभग 180 फुट हिस्सा टूट गया था। इससे शिमला का राज्य के आठ जिलों से संपर्क कट गया था। नेशनल हाई-वे के टूटे हिस्से पर बेली ब्रिज बना है।

## न्यूज ब्रीफ

### 810 ग्राम चरस के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार



**कुल्लू।** एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स द्वारा नशा तस्करी के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। नशा तस्करी का मामला उस दौरान सामने आया जब शुक्रवार रात को नारकोटिक्स की टीम बजौरा फोरलेन पुल के समीप गश्त पर थी। उसी दौरान सामने से एक व्यक्ति आया, जो कि टीम को देखकर घबरा गया। टीम ने जब शक के आधार पर तलाशी ली तो उसके कब्जे से 810 ग्राम चरस बरामद हुई। टीम ने नशे की खेप को कब्जे में लेकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। डीएसपी एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स हेमराज वर्मा ने बताया कि चरस तस्कर की पहचान अमर चांद पुत्र टेढ़ा सिंह निवासी गांव सचानी, भुंतर जिला कुल्लू के रूप में हुई है। आगामी जांच के लिए मामला भुंतर पुलिस को सौंपा गया है।

### 4.59 ग्राम चिट्टे सहित युवक दबोचा



**नादौन।** पुलिस ने नादौन के मौवालघाट के पास एक युवक से 4.59 ग्राम चिट्टे पकड़ा है, जिससे चिट्टे के धंधे से जुड़े लोग चौकन्ने हो गए हैं। जानकारी के अनुसार जिला कांगड़ा के जयसिंहपुर क्षेत्र के गांव काच्छल जंगिया निवासी अजय कुमार (22) मौवालघाट के पास नेशनल हाई-वे पर स्थित एक पुली पर बैठा था और किसी का इंतजार कर रहा था। पुलिस टीम को देखकर वह भागने लगा तो पुलिस ने दबोच लिया, जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से 4.59 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर अगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# शराब की 59 पेटियां बरामद

## सिरमौर में आरोपी किराये के मकान से कर रहा था शराब की तस्करी

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

सिरमौर के माजरा थाना पुलिस ने एक मकान में छापामार कर अंग्रेजी, देसी शराब व बीयर की 59 अवैध पेटियां बरामद करते एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार शराब तस्कर उत्तराखंड के चमोली जनपद का रहने वाला है।

जानकारी के अनुसार माजरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कोलर गांव में लाल सिंह का मकान है। इस मकान में किराये पर रहने वाले वीरेंद्र लाल के खिलाफ पुलिस को काफी समय से सूचना मिल रही थी कि वह क्षेत्र में शराब तस्करी के धंधे में लिप्त है। पुलिस को यह भी पता चला कि उत्तराखंड के चमोली जनपद का रहने वाला वीरेंद्र लाल इसी मकान से अपने काले धंधे को अंजाम देता है। शुक्रवार की शाम को पुलिस ने वीरेंद्र लाल के किराये के मकान पर छापा मार कर वहां से देसी, अंग्रेजी शराब व बीयर की 59 पेटियां बरामद कर लीं। पुलिस ने वीरेंद्र लाल को भी मौके से ही गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में माजरा पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस प्रकरण की आगे की जांच में जुटी हुई है।


शराब की पेटियों के साथ पुलिस के हाथ लगा वीरेंद्र लाल।

### दुकान से चरस सहित व्यक्ति काबू

**पांवटा साहिब।** माजरा थाने की पुलिस ने परचून की दुकान से चरस व सुल्फे के अवैध कारोबार करने वाले एक व्यक्ति को चरस के साथ गिरफ्तार किया है। डीएसपी मानवेंद्र सिंह के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार माजरा पुलिस थाने को सूचना मिली थी कि खैरी गांव में रहने वाला अजय सिंह अपनी परचून की दुकान से चरस व सुल्फा बेचने का कार्य करता है। पुलिस ने उसकी दुकान पर छापामार कर दुकान की तलाशी ली तो उसके पास 96 ग्राम चरस की बत्तियां बरामद हुई। पुलिस ने अजय सिंह को गिरफ्तार करते हुए उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## इंडस्ट्री अपने स्तर पर करे माल ढुलाई के लिए माल वाहनों का इस्तेमाल

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

बीबीएन इंडस्ट्रीज व ट्रक यूनियन का विवाद एक बार फिर से गर्माता नजर आ रहा है। बीबीएन इंडस्ट्री का प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त सोलन से मिला और ट्रक यूनियन द्वारा बढ़ाए गए 12 फीसदी माल भाड़े को वापस करने का आग्रह किया। बीबीएन का प्रतिनिधिमंडल बीबीएनआईए अध्यक्ष राजीव अग्रवाल की अगुआई में डीसी सोलन से मिला।

उन्होंने उपायुक्त को अवगत करवाया कि कई कंपनियों ने अपना उत्पादन बंद कर दिया और लगातार औद्योगिक इकाइयां यहां से पलायन हो रही हैं, जिसका सबसे बड़ा कारण ट्रक यूनियन नालागढ़ का किराया है। बीबीएनआईए के अध्यक्ष व महासचिव ने बताया कि इसके अलावा कंपनियों की कई मौजूदा इकाइयों में उत्पादन शेड्यूल को उच्च परिवहन लागत के कारण दूसरे राज्यों में स्थित अपनी अन्य इकाइयों में स्थानांतरित कर दिया है, जबकि कई इंडस्ट्री बंद होने की कगार पर आ गई हैं। प्रतिनिधिमंडल ने यह भी सुझाव दिया कि सभी हितधारकों के हित में सरकार को ट्रक यूनियन को माल ढुलाई में नवीनतम वृद्धि को वापस लेने और दरों की तुलना करने और अपनी सिफारिश देने के लिए एक स्वतंत्र एजेंसी नियुक्त करने के लिए कहना चाहिए, जिस पर डीसी ने कहा कि कि उद्योग किसी भी स्त्रोत से ट्रक लाने और अपने स्वयं के ट्रक चलाने के लिए स्वतंत्र हैं। उपायुक्त ने इस मामले को उद्योग मंत्री और मुख्य सचिव, हिमाचल प्रदेश के साथ उठाने का आश्वासन दिया और उन्होंने इस मामले पर विस्तार से चर्चा करने के लिए मुख्य सचिव के साथ बैठक तय करने का भी आश्वासन दिया। बीबीएनआईए के पदाधिकारियों ने उपायुक्त को बताया कि ट्रक यूनियन का किराया बाजार मूल्य से कई फीसदी अधिक है और अब 12 फीसदी बढ़ोतरी करके आर्थिक बोझ डाल दिया है।

## पद्धर के जवान की फिरोजपुर में ड्यूटी के दौरान हार्ट अटैक से मौत


नायक विजय कुमार की पार्थिव देह लेकर भड़वाहन गांव पहुंची सेना की गाड़ी।

**अनंत ज्ञान, पद्धर**

पद्धर की भड़वाहन पंचायत के गांव बखलाहन के नायक विजय कुमार की ड्यूटी के दौरान हार्ट अटैक से मौत हो गई। नायक विजय कुमार की मौत की खबर सुनकर क्षेत्र में शोक की लहर है।

शनिवार को जैसे ही जवान विजय कुमार का पार्थिव शरीर सेना की गाड़ी में गांव पहुंचा तो सैकड़ों लोगों की आंखें नम हो गईं। विजय कुमार 2014 में सेना में भर्ती हुआ था। इस वक्त फिरोजपुर में ड्यूटी पर था, जहां उनको हार्ट अटैक आने से मौत हो गई। विजय कुमार अपने पीछे अपना हंसता खेलता परिवार छोड़ गया है।

विजय कुमार की पिछले साल अप्रैल में शादी हुई थी। नायक विजय कुमार का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव के श्मशानघाट में हुआ, जहां सेना के जवान पूर्व सैनिकों और क्षेत्र के लोगों ने उन्हें अंतिम विदाई दी। वहीं विजय कुमार को श्रद्धांजलि देने के लिए उपमंडल पद्धर के करीब 50 से अधिक पूर्व सैनिक व प्रशासन की तरफ से जवान को श्रद्धांजलि देने के लिए नायब तहसीलदार पद्धर संजय वर्धन भी उपस्थित रहे।

# 1.947 किलो चरस रखने के चार दोषियों को 12-12 वर्ष का कठोर कारावास

## प्रत्येक दोषी को भरना पड़ेगा एक लाख 20 हजार जुर्माना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



विशेष न्यायाधीश मंडी की अदालत ने चार अभियुक्तों आही चंद पुत्र मनसा राम गांव बातासेर डाकघर बस्सी तहसील गोहर मंडी, ओम प्रकाश पुत्र केशव राम गांव मरी डाकघर कुनु तहसील पद्धर, मनीष कुमार पुत्र संत राम गांव सरी डाकघर कुनु तहसील पद्धर, रति छिड़ा राम पुत्र धुपु राम गांव धर्मेहड़ डाकघर अटीगरी तहसील पद्धर को निवासी को अवैध रूप से 1.947 किलोग्राम चरस रखने और खरीद-फरोख्त में संलिप्त होने का अपराध सिद्ध होने पर प्रत्येक दोषी को 12-12 वर्ष के कठोर कारावास के साथ प्रत्येक दोषी को एक लाख 20 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है। यदि दोषी जुर्माना अदा करने में विफल रहते हैं तो इस स्थिति में अदालत ने दोषियों को 14-14 महीने के अतिरिक्त साधारण कारावास को भुगतने की सजा सुनाई है।

इसके अतिरिक्त भारतीय मोटर वाहन अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत भी दोषी ओम प्रकाश और दोषी मनीष को दो-दो हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है।

यदि दोषी जुर्माना अदा करने में विफल रहते हैं तो इस स्थिति में अदालत ने दोषियों को एक-एक महीने के अतिरिक्त साधारण कारावास को भुगतने की सजा सुनाई है।

इस मामले में जिला न्यायवादी मंडी विनोद भारद्वाज ने सरकार की तरफ से पैरवी की है। इस मामले में प्रारंभिक जांच अन्वेषण अधिकारी मुख्य आरक्षी रजनीश कुमार ने की थी और उसके उपरांत आगामी जांच सहायक उपनिरीक्षक हरीश चंद, पुलिस थाना जोगिंद्रनगर ने अमल में लाई थी। छानबीन पूरी होने पर मामले का चालान थाना अधिकारी द्वारा अदालत में दायर किया था।

इस मामले में सरकार की तरफ से पैरवी जिला न्यायवादी विनोद भारद्वाज द्वारा अमल में लाई गई और अभियोजन पक्ष ने अदालत में इस मामले से संबंधित 18 गवाहों के बयान कलमबद्ध करवाए थे।

## चरस मामले में आरोपी को दस वर्ष का करावास

**शिमला।** जिला शिमला की जसवंत सिंह ठाकुर की विशेष अदालत ने कुपवी के साथ लगते चिंद गांव के अतुल कुमार को चरस मामले में दस साल का कठोर कारावास व दो लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। जुर्माना अदा न करने की सूरत में आरोपी को एक साल का अतिरिक्त कारावास का फैसला सुनाया गया है।

आरोपी अतुल कुमार को 17 दिसंबर, 2020 को पुलिस ने शिमला जिले मुकाम सब्जी मंडी नेरवा में गश्त ड्यूटी के दौरान हिरासत में लिया था। जानकारी के अनुसार आरोपी रात के समय करीब पौने नौ बजे मुकाम कलारा कैंची के पास दइया रोड से एक बैग उठाए गुजर रहा था। शक होने पर पुलिस ने पूछताछ के लिए रोकना चाहा तो वह आदमी एक दम पीछे मुड़ कर दइया रोड की ओर भागने लगा। पुलिस ने दौड़ कर उस आदमी को पकड़ा, जिसने अपना नाम अतुल कुमार पुत्र, राय सिंह निवासी गांव चिंद डाकघर मालद, तहसील कुपवी बताया। बैग की तलाशी के दौरान बैग से 1.192 किलोग्राम चरस पाई गई। उसके उपरांत पुलिस ने पुलिस थाना नेरवा में एफआईआर दर्ज कर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया। आरोपी से पूछताछ करने के बाद मुकदमा माननीय विशेष अदालत (वन) शिमला में प्रस्तुत किया। अदालत में अभियोजन पक्ष की ओर से 15 गवाहों के बयान कलमबद्ध किए। कपिल मोहन गौतम जिला न्यायवादी शिमला ने मामले की पैरवी की। इसके बाद 19 जनवरी को जसवंत सिंह ठाकुर की विशेष अदालत (वन) ने साक्ष्यों को मद्देनजर रखते हुए आरोपी अतुल कुमार को दस साल का कठोर कारावास व दो लाख रुपए का जुर्माना तथा जुर्माना अदा न करने की सूरत में आरोपी को एक साल के अतिरिक्त कारावास का फैसला सुनाया है।

## छेड़खानी के दोषी को तीन साल की सजा



**सरकाघाट।** सरकाघाट सहायक मुख्य न्यायाधीश कोर्ट नंबर एक मोनिका सोम्वाल ने एक महत्वपूर्ण फैसले में छेड़खानी के आरोपी को तीन वर्ष की सजा व 15500 जुर्माना अदा करने के आदेश सुनाए हैं। सहायक जिला न्यायावादी मनोज कुमार ने बताया कि 23 अक्तूबर 2016 को रमा देवी गांव भग्लाना पोस्ट ऑफिस चोरथला ने थाना पुलिस के पास अपना बयान दर्ज करवाया था कि 23 अक्तूबर को वह अपने खेतों में घास लेने गई थी, जब वह घास लेकर दिन के समय वापस आ रही थी, तो रास्ते में संदीप कुमार गांव दिग्घो उसे रोक कर छेड़खानी करने लगा और गंदी-गंदी गालियां देने लगा, जिस पर थाना सरकाघाट ने मुकदमा दर्ज हुआ था।

मुकदमे की तफ्तीश एएसआई नरेश कुमार थाना सरकाघाट ने की थी। इस मामले में सहायक मुख्य न्यायाधीश मोनिका सोम्वाल ने दोषी संदीप कुमार को आईपीसी की धारा 354 में एक वर्ष, 10000 रुपए जुर्माना, धारा 354 बी के अंतर्गत 500 रुपए जुर्माना, तीन वर्ष की सजा और 341 में एक महिने और 5000 रुपए जुर्माना की सजा सुनाई है। सरकार की तरफ से अतिरिक्त जिला न्यायवादी मनोज कुमार ने मामले की पैरवी की है।

## दधोल कलां के रमेश कुमार ने जान पर खेलकर बचाई हजरत की जान



**दधोल।** घुमारवीं उपमंडल के अंतर्गत आने वाली दधोल पंचायत के गांव दधोल कलां में शनिवार शाम तीन और चार बजे के बीच दधोल कलां में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संतोष कुमारी ने देखा कि कोई दधोल कलां के बीच मे बहने वाले बैंई नाले में डूब रहा है। यह देखते हुए उन्होंने जोर-जोर से आवाज लगाई, जिसको सुनकर दधोल कलां निवासी रमेश कुमार ने नाले की तरफ दौड़ लगा दी और नदी में डूब रहे प्रवासी मजदूर को अपनी जान पर खेल कर बाहर निकाला। रमेश कुमार ने बताया कि हजरत का पैर नीचे पानी में जड़ में फंस गया था, जिसे उसने बड़ी मुश्किल से छुड़ाया। इस साहसिक कार्य के लिए ग्राम पंचायत के उपप्रधान और ग्रामवासियों रमेश की प्रशंसा की।

**आयोजन** | **अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जुटे हजारों की संख्या में भक्त**

# बीबीएन में निकली श्रीराम की शोभायात्रा

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

अयोध्या में भगवान श्रीराम की मूर्ति के लिए रखे गए प्राण प्रतिष्ठा के समारोह से पहले औद्योगिक क्षेत्र बद्दी, नालागढ़ में एक भव्य व विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा में हजारों की संख्या में हिंदु संगठनों ने दोपहिया, कारों व ट्रैक्टरों से शोभा यात्रा निकाली। इस अवसर में रामधुनों से पूरा बीबीएन भक्तिमय हो उठा। यात्रा के विशाल जनसमूह को देखते ही लोगों में जोश उमड़ रहा था। शोभायात्रा में शामिल हजारों की संख्या का जयघोष सुनकर कारसेवकों की आंखों में भी आंसू आ गए।

प्रभु राम को समर्पित यह शोभायात्रा शनिवार को दिन में 12 बजे मोतिया प्लाजा से शुरू हुई। शोभायात्रा में सबसे आगे भगवान श्रीराम का परिवार व हनुमान की झांकी चल रही थी। उसके बाद डीजे पर राम धुन के साथ साथ कई वाहनों का काफिला सरक रहा था। इस काफिले में कई किलोमीटर तक दोपहिया वाहन, कारें, जीपें व ट्रैक्टरों सहित अन्य कई तरह के वाहन शामिल थे। सभी भक्तों ने अपने माथे में चंदन का टीका व हाथ में राम ध्वज लिया हुआ था। यह शोभा यात्रा चार किमी तक फैली हुई थी। शोभा यात्रा का जगह-जगह लोगों ने स्वागत किया। सब्जी मंडी के समीप संडोली के लोगों ने फल वितरित किए गए। इसके बाद संडोली गुरुद्वारा, भुड्डु मानपुरा, खरूणी, बागवानिया, खेड़ा आदि स्थानों पर शोभा यात्रा को रोक कर चार पकौड़ों को लंगर लगाया गया।


शोभायात्रा निकालते राम भक्त।

नालागढ़ पहुंचने पर शोभायात्रा का स्वागत किया गया और वहां पर पुराने स्कूल मैदान परिसर में शोभायात्रा को हिंदु जागरण मंच के प्रदेश सह संयोजक कमल गौतम ने हिंदू संगठनों को संबोधि किया और कहा कि वह सभी खुश नसीब हैं, जिनके सामने भगवान श्रीराम अपने मंदिर में विराजेंगे। शोभायात्रा में मदन मोहन, पूर्व विधायक परमजीत सिंह पम्मी, तरसेम चौधरी, विनोद शर्मा, बीर सिंह, राज कुमार, जोगिंद्र सिंह, पवन कुमार, राम गोपाल, मास्टर सुरेंद्र शर्मा, जोध सिंह, अरविंद अवस्थी, राजेश जिंदल, कृष्ण कौशल, महेश कौशल, रमन कौशल, ऋषि ठाकुर, गणेश शर्मा व एचआर धीमान समेत गण मान्य लोग उपस्थित रहे। इस मौके पर विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया।

## धर्मपुर एक्सीडेंट मामला: सामने आया चशमदीद, बची बस ड्राइवर की जान

**अनंत ज्ञान फॉलोअप**

**सोलन।** धर्मपुर क्षेत्र में शिव मंदिर के पास राजस्थान रोडवेज की बस को ओवरटेक करने के प्रयास बस के पिछले टायर के नीचे आए युवक की देर रात शिनाख्त हो गई। युवक मूल रूप से नेपाल का रहने वाला है और कुम्हारहट्टी में खील के मोड़ के पास रहता था। इस बीच हादसे को अपनी आखों से देखने वाले एक युवक की ओर से इस घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। जानकारी के अनुसार हादसे में मारे गए युवक की शिनाख्त बबलू के रूप में हुई है। वह मूलरूप से नेपाल का रहने वाला था और कुमारहट्टी के खील के मोड़ के पास रहता था। उधर, इस मामले की रिपोर्ट लिखाने के लिए ऐसा युवक सामने आया है, जिसने पूरे घटनाक्रम को अपनी आखों से देखा। दरअसल धर्मपुर के बठेल गांव का रहने वाला जोगेंद्र कुमार हादसे के वक्त बस के पीछे ही स्कूटी से अपने चाचा के बेटे यश के साथ अपनी स्कूटी (एचपी 98-1440) की चंबाघाट में सर्विस कराने के बाद धर्मपुर लौट रहा था। पुलिस को दी गई शिकायत में जोगेंद्र ने कहा है कि वह स्वयं अपनी स्कूटी चला रहा था। शाम को लगभग पांच बजकर 40 मिनट पर जब वे दो सड़क के पास एनएच पर पहुंचे तो एक तेज रफ्तार स्कूटी ने उन्हें ओवर टेक किया और उनसे पांच सौ मीटर आगे जाकर स्कूटी चालक परवाणू की ओर जा रही राजस्थान रोडवेज की बस को ओवरटेकर करते समय कंडक्टर साइड पर बस से टकराकर बस के पिछले टायार के नीचे आ गया। पुलिस ने मामला दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है। दूसरी ओर बबलू के शव का पोस्टमार्टम करवा कर शनिवार को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

## राज्य पुरस्कार से सम्मानित संस्कृत अध्यापक नंद किशोर का निधन



**अर्की।** राज्य पुरस्कार से सम्मानित संस्कृत शिक्षक परिषद सोलन के संरक्षक नंद किशोर शास्त्री के आकस्मिक निधन पर क्षेत्रवासियों ने शोक जताया है। राजकीय संस्कृत शिक्षक परिषद सोलन के जिला अध्यक्ष कमलकांत गौतम ने संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि असमय देहांत से समस्त शिक्षक परिषद दुखी एवं आहत है। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय नंद किशोर ने संस्कृत एवं समाज की आजीवन सेवा की है। उन्होंने अनगिनत छात्रों को संस्कारित किया एवं आज उनके छात्र प्रमुख पदों पर प्रदेश व देश की सेवा कर रहे हैं। संस्कृत शिक्षक परिषद में रहकर उन्होंने सदा छात्र, शिक्षा तथा शिक्षक को केंद्रित कर सेवा भाव से कार्य किया। संघटन की मजबूती के लिए जमीनी स्तर पर कार्य किया। कमल गौतम ने बताया कि वर्तमान में वह जिला सोलन राजकीय संस्कृत शिक्षक परिषद के संरक्षक के पद को सुशोभित कर रहे थे। उनके समस्त परिवार जनों एवं आत्मीय जनों के प्रति संपूर्ण संस्कृत परिषद संवेदना प्रकट करती है तथा दिवंगत आत्मा को शांति प्राप्त हो ऐसी प्रार्थना करती है।

## जोगिंद्रा केंद्रीय सहकारी बैंक का कैलेंडर जारी



जोगिंद्रा केंद्रीय सहकारी बैंक सीमित के नववर्ष-2024 के कैलेंडर को जारी करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

# कहीं राम का नाम न बन जाए कांग्रेस का घमासान

## विधायक सुधीर ने किया राम भजन का विमोचन, रामलला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम पर सबकी नजर

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कांग्रेस में अंदरुनी घमासान मुखर होने की आशंका है। एक ओर जहां धर्मशाला के विधायक तथा पूर्व मंत्री सुधीर शर्मा अपने विधानसभा क्षेत्र में चार एलईडी लगाकर लोगों को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम दिखाने को तैयार हैं, तो वहीं अयोध्या में होने वाले इस समारोह में उनके जाने की संभावना भी जताई जा रही है। यहां खास बात यह है कि राम के नाम को लेकर प्रदेश में कांग्रेस दो-फाड़ नजर आने लगी है।

एक ओर जहां कांग्रेस की राष्ट्रीय आलाकमान राम के नाम पर राजनीति का आरोप भाजपा पर लगाते हुए इस समारोह से दूर रहने की बात कह चुकी है, तो वहीं प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह के अलावा पूर्व मंत्री तथा धर्मशाला के मौजूदा विधायक सुधीर शर्मा इस मामले में साफ तौर से इस समारोह की पैरवी करते नजर आ रहे हैं। ऐसे में राजनीतिक गलियारों में इस बात की चर्चा जोरों पर है कि कहीं राम के नाम पर कांग्रेस की यह अंतर्कलह बढ़ने की संभावना भी जता रहे हैं।

### इशारों में दे रहे संदेश

**इसी** कड़ी में शनिवार को विधायक सुधीर शर्मा ने निकेश बर्जात्या के राम भगवान पर रचित पहाड़ी भजन का विमोचन किया तथा विधायक ने बाकायदा इसे अपनी फेसबुक वॉल पर भी शेयर किया। विधायक ने लिखा कि वह इस पुनीत कार्य के लिए निकेश तथा पूरी टीम को बधाई देते हैं।

कांग्रेस से जुड़े धर्मशाला के पदाधिकारियों के अनुसार विधायक सुधीर शर्मा के निर्देशानुसार धर्मशाला के कचहरी चौक, रामलीला मैदान, दाड़ी ग्राउंड तथा भागसूनाग में एलईडी की व्यवस्था करके लोगों को अयोध्या के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का लाइव प्रसारण दिखाएंगे तो, वहीं विधायक के अयोध्या के समारोह में भाग लेने की संभावना भी जता रहे हैं। ऐसे में जाहिर है कि कांग्रेस की पहले से जारी अंतर्कलह मुखर हो सकती है। कुल मिलाकर दिवंगत मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के समर्थक भगवान राम के नाम पर एकजुट हो सकते हैं, तो वहीं इससे पैदा होने वाले समीकरण कांग्रेस के गले की फांस बन सकते हैं।

यहां बताते चलें कि इससे पूर्व जहां प्रदेश की कांग्रेस सरकार के केंद्रीय विश्वविद्याालय के धर्मशाला में बनने वाले परिसर के निर्माण को लेकर फंड जमा न करवाए जाने के मुद्दे पर धर्मशाला में स्थानीय लोग विरोध-प्रदर्शन कर चुके हैं, तो वहीं विधायक सुधीर शर्मा इस आंदोलन में स्थानीय लोगों का साथ देने की बात कह चुके हैं।

ऐसे में अब अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर विधायक सुधीर शर्मा कांग्रेस आलाकमान के समारोह से दूर रहने के फैसले की मुखालफत करते दिख रहे हैं। यहां अहम बात यह है कि पूर्व मंत्री तथा कांग्रेस के दिग्गज नेता विधायक सुधीर शर्मा हमेशा अपना अलग स्टैंड लेते आ रहे हैं तथा स्थानीय लोग भी इस मामले में अपने विधायक का समर्थन करते आए हैं। ऐसे में अब 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सबकी नजरे टिकी हुई हैं कि कांग्रेस के कौन-कौन से दिग्गज इस समारोह में शामिल होकर तथा इसका समर्थन कर कांग्रेस आलाकमान के खिलाफ खड़े होने का मादा रख पाएंगे। (अनंत ज्ञान)



राम भजन का विमोचन करते विधायक सुधीर शर्मा।

# हम ही देंगे महिलाओं को 1500 रुपए, हमने ही दी ओपीएस : मुकेश

## जयराम पर भड़के उपमुख्यमंत्री, कहा- भाजपा नेता दिल्ली जाकर प्रदेश सरकार का हक न देने का करते हैं आग्रह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री बल्ह विधानसभा के सरध्वार पंचायत में लोगों की समस्याओं को सुनने पहुंचे, जहां उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री के ऊपर जमकर जुबानी हमले बोले उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को ओपीएस देने वाली सरकार ही महिलाओं को 1500 रुपए देगी।

उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री लगातार जनता को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जयराम मंडी जिले से हैं और मेरे मित्र भी हैं और जो मेरा दोस्त होता है, वही मेरा दुश्मन भी होता है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री कहते फिरते हैं कि मुकेश अग्निहोत्री चुप क्यों हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेता आप हैं और जब मैं विपक्ष का नेता था तो लड़ाई लड़ता था, तो आप क्यों मेरा कंधा तलाश रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब मुकेश अग्निहोत्री ने लड़ाई लड़नी थी, तो अपने कंधे पर लड़ी। उन्होंने कहा कि जयराम अपने कंधे ठीक करो और यह उम्मीद मत रखो कि तुम्हारी लड़ाई लड़ने कोई और आएगा। नेता प्रतिपक्ष पर उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि लड़ाई लड़ने के लिए जज्बे और ताकत की जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि मुझे पार्टी ने जिम्मेदारी सौंपी थी कि जयराम को सत्ता से हटाना है हमारे में दम था, हमने हटा दिया। उन्होंने चुनौती देते हुए कहा कि भाजपा सरकार में ताकत है तो हमें चुनौती दो, लेकिन आप लगातार कांग्रेस सरकार को टोक रहे हो कि काम नहीं कर रही तो आप क्या कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आजकल भाजपा के नेता लगातार दिल्ली जा रहे हैं और केंद्र सरकार से यही आग्रह कर रहे हैं कि हिमाचल प्रदेश सरकार को उनका जायज हक न दिया जाए। उन्होंने कहा कि केंद्र ने प्रदेश सरकार कि पानी की तीन हजार करोड़ की प्रपोजल रोक कर रखी है।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार चाहे जितना भी जोर लगा ले हम पानी एक भी दिन बंद नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि आपदा के दौरान प्रदेश सरकार ने केंद्र से आपदा राहत कोष की मांग की और इस बार का पहला विपक्ष है, जिसने इसका विरोध किया और केंद्र सरकार ने विशेष पैकेज तो क्या देना दस हजार करोड़ का क्लेम भी नहीं दे रहे हैं।




बल्ह में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री।

### जल शक्ति विभाग में होंगी दस हजार भर्तियां

**मंडी।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि हिमाचल सरकार बेरोजगार युवाओं को न्याय देने के लिए प्रतिबद्ध है। जल्द ही विभागों में नई भर्तियां की जाएंगी। अकेले जलशक्ति विभाग में ही दस हजार लोग रखे जाएंगे। इससे गांव में जल शक्ति की हर स्कीम पर कर्मचारी उपलब्ध होगा। मुकेश अग्निहोत्री मंडी जिला की बल्ह विधानसभा की ग्राम पंचायत सरध्वार के गांव घौड़ में आयोजित सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने सरध्वार पंचायत खेल मैदान के लिए दस लाख रुपए और नया पटवार खाना खोलने की घोषणा की।

### एचआरटीसी के बेड़े में शामिल होंगी 327 नई बसें

**मुकेश** अग्निहोत्री ने कहा कि एचआरटीसी के गठन का 50 वर्ष का जश्न शानदार तरीके से आयोजित होगा। एचआरटीसी कर्मियों को अब हर महीने की पहली तारीख को वेतन दिया जा रहा है। एचआरटीसी के बेड़े में इस वर्ष 327 नई बसें खरीदी जाएंगी। उन्होंने कहा कि पिछले साल 250 बसें बेड़े में शामिल की गई हैं।

# 22 जनवरी को अवकाश घोषित करे प्रदेश सरकार: जयराम ठाकुर



मंडी के प्राचीन एकादश रुद्र मंदिर में स्वच्छ तीर्थ अभियान के तहत साफ-सफाई करते पूर्व सीएम जयराम ठाकुर।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 22 जनवरी को केंद्रीय कार्यालयों में आधे दिन का अवकाश घोषित करने को लेकर किए गए आग्रह के तहत प्रदेश सरकार से भी 22 जनवरी को अवकाश घोषित करने का आग्रह किया है।

मंडी के प्राचीन एकादश रुद्र मंदिर में स्वच्छ तीर्थ अभियान के तहत साफ-सफाई करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में जयराम ठाकुर ने कहा कि 22 जनवरी का दिन पूरे देश के लिए ऐतिहासिक दिन होने वाला है। इस दिन को लेकर जनमानस में खासा उत्साह और गर्व है। लोग इस आयोजन को अपने स्तर पर बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाना चाहते हैं। प्रदेश के सभी मंदिरों में और लोग अपने घरों पर दीपोत्सव का भव्य आयोजन करने जा रहे हैं।

पूछे गए सवाल पर जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार कर्ज ले रही है, उसे खर्च कहां कर रही है। इसका कोई अता-पता नहीं है। इस मौके पर उनके साथ मंडी सदर के विधायक अनिल शर्मा, नगर निगम मंडी के महापौर वीरेंद्र भट्ट, उपमहापौर माधुरी कपूर आदि मौजूद रहे।

# महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दे पर लोस चुनाव में उतरेगी कांग्रेस: प्रतिभा सिंह

## कहा- भाजपा की विफलताओं को चुनावी मुद्दा बनाएगी कांग्रेस

**अनंत ज्ञान, शिमला**



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व सांसद प्रतिभा सिंह ने कहा है कि इस बार भाजपा के खिलाफ लोकसभा चुनावों में बढ़ती महंगाई व बेरोजगारी दो बड़े मुद्दे होंगे। उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर साल दो करोड़ लोगों को रोजगार देने का वादा किया था वह पूरी तरह झूठा साबित हुआ है।

प्रतिभा सिंह ने शनिवार को कहा कि आज देश में चार करोड़ से अधिक बेरोजगार रोजगार की तलाश में भटक रहे हैं। देश में 2012 में बेरोजगारों की संख्या एक करोड़ के आसपास थी, अब यह बढ़कर चार करोड़ से अधिक हो गई है। आंकड़ों के मुताबिक पिछले 45 सालों में यह सबसे अधिक है। इसी प्रकार महंगाई की दर में भी अप्रत्याशित रूप से वृद्धि हुई है। आवश्यक वस्तुओं पेट्रोल, डीजल, एलपीजी, सीएनजी, खाने की वस्तुओं आटा, दाल, चावल, खाद्य तेल, दूध दही को जीएसटी के दायरे में लाकर लोगों पर महंगाई की मार थोपी है। इसका सीधा असर महिलाओं की घरेलू बचत पर पड़ा है। प्रतिभा सिंह ने कहा है कि कांग्रेस भाजपा की विफलताओं को भी चुनावी मुद्दा बनाएगी। उन्होंने कहा कि आपदा के समय प्रदेश के भाजपा नेताओं का नकारात्मक रवैया रहा जो बहुत ही दुखदाई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा आपदा को लेकर अपनी राजनीतिक रोटियां ही सेंकती रही। केंद्र में प्रदेश भाजपा के किसी भी सांसद ने प्रदेश में आई आपदा से राहत के लिये कोई भी प्रयास नही किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश भाजपा विधायको ने प्रदेश विधानसभा के विशेष सत्र में भी सरकार को आपदा राहत के लिए कोई सहयोग नही दिया।

# जाहू में उपतहसील खोलने की घोषणा

## दस पंचायतों के लोगों को घर के नजदीक मिलेगी सुविधा

**अनंत ज्ञान, जाहू**



भोरंज में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिहं सुक्खू ने जाहू में उपतहसील खोलने की घोषणा से जाहू के आसपास की लगभग दस पंचायत के लोगों को सुविधा मिलेगी। विधायक सुरेश कुमार ने चुनाव नतीजे निकलने के 15 दिन के वाद ही जाहू में उपतहसील खोलने की कवायद छेड़ दी थी।

मुख्यमंत्री के भोरंज दौर में जाहू उपतहसील खोलने पर मुहर लग गई है। जाहू, मुंडखर, कडोहता, लदरौर, झरलोग, वाहन्वीं, भलवाणी, बडैहर, गरसाहड़, मन्वी पचांयत के लोगों को जाहू में उपतहसील बनने से अपने प्रमाण पत्र, जमीन से संबंधित व अन्य कार्य करवाने के लिए अपने घर के नजदीक सुविधा मिलेगी। भोरंज तहसील में इस समय 36 पंचायतों के लोग अपना कार्य करवाने के लिए पहुंचत हैं, जिससे भोरंज तहसील में अत्याधिक काम का बोझ होने की वजह से लोगों को अपने कार्यों को करवाने में अधिक समय लगता है। जाहू में उपतहसील के बनने से भोरंज तहसील में काम का बोझ कम हो जाएगा।

### विधायक सुरेश कुमार ने मुख्यमंत्री को कहा थैंक्स

विधायक सुरेश कुमार ने मुख्यमंत्री द्वारा जाहू में उपतहसील खोलने की प्रपोजल पर मुहर लगाने पर अभार प्रकट किया है। सुरेश कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा भोरंज के विकास के लिए हर संभव सहायता देने की बात कही गई है।

## राजेंद्र राणा ने समिति सदस्यों के साथ पद्मनाभ स्वामी मंदिर में नवाया शीश



राजेंद्र राणा और सभी सदस्य केरल विधानसभा के दौरे के दौरान सामूहिक चित्र में।

**सुजानपुर।** सुजानपुर के विधायक और हिमाचल प्रदेश विधानसभा की लोक उपक्रम समिति के सभापति राजेंद्र राणा के नेतृत्व में समिति के सदस्यों ने दक्षिणी भारत के अपने प्रवास के दौरान शनिवार को त्रिवेंद्रम में 5000 साल पुराने श्री पद्मनाभ स्वामी मंदिर में शीश नवाया और भगवान विष्णु जी का आशीर्वाद लिया। इस ऐतिहासिक मंदिर में भगवान विष्णु की प्रतिमा शयन मुद्रा में है और प्रतिमा के नाभि से भगवान ब्रह्मा की उत्पत्ति को दर्शाया गया है। प्रतिमा के दाएं हाथ में भगवान शिव के दर्शन का सौभाग्य भी श्रद्धालु हासिल करते हैं। देश में स्थित 108 विष्णु मंदिरों में श्री पद्मनाभ स्वामी मंदिर 59वें नंबर पर आता है और देश-विदेश से श्रद्धालु यहां शीश नवाने आते हैं। राजेंद्र राणा और सभी माननीय सदस्यों ने केरल विधान सभा का दौरा भी किया जहां पर केरल विधानसभा के अधिकारियों व स्टाफ द्वारा समिति का स्वागत किया गया।

**सियासत** | शिमला में भाजपा नेता राजीव सहजल बोले-वर्तमान सरकार के समय में चरमराई स्वास्थ्य सुविधाएं

# पूरा देश रामलला के स्वागत के लिए तैयार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

विश्व भर में भगवान राम की पूजा करने और दर्शन करने का इंतजार कर रहे अनंत भक्तों के बीच देश सहित हिमाचल में दिवाली जैसा माहौल बना हुआ है। आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व स्वास्थ्य मंत्री और भाजपा नेता राजीव सहजल ने कहा कि 500 वर्षों के संघर्ष के बाद भगवान राम मंदिर निर्माण हुआ है और अब 22 तारीख को श्रीरामलला जी श्रीराम मंदिर में प्रतिष्ठित व विराजमान होंगे। सहजल ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संकल्प शक्ति का ही नतीजा है कि श्रीराम मंदिर भी बना और रामलला वहां पर विराजमान हो रहे हैं।

पूर्व स्वास्थ्य मंत्री राजीव सहजल प्रदेश सरकार पर प्रश्न चिन्ह लगाते हुए कहा कि प्रदेश का स्वास्थ्य विभाग बहुत महत्वपूर्ण विभाग है और लोगों के जीवन से जुड़ा यह विभाग है, लेकिन वर्तमान सरकार की व्यवस्था इस समय ठीक नहीं है। प्रदेश सरकार ने कहा था कि प्रदेश के प्रमुख मेडिकल कालेज की इमरजेंसी को हम चुस्त-दुरुस्त करेंगे। एक बेड के ऊपर एक डॉक्टर, चार नर्सिंग स्टाफ की व्यवस्था कांग्रेस सरकार द्वारा होगी, परंतु एक वर्ष से ऊपर सरकार का हो गया, लेकिन सरकार ने यह बात पूरी नहीं की है। सहजल ने आरोप लगाते हुए कहा कि आज अस्पतालों में इमरजेंसी सेवाओं की हालत सही नहीं है। उन्होंने कहा कि ड्रग लिस्ट, जिसमें सामान्य सी पैरासीटामॉल जैसी दवाइयां मजबूरन लोगों को बाहर से खरीदनी पड़ रही हैं। माइक्रोबायोलॉजी डिपार्टमेंट और पैथोलॉजी डिपार्टमेंट में टेस्टों के लिए आवश्यक इक्विपमेंट भी उपलब्ध नहीं करवा पा रहे हैं। उन्होंने सरकार से प्रश्न किया कि आप की एसी क्या मजबूरी है, जो अस्पतालों में सामान्य और छोटी-छोटी चीजें भी उपलब्ध नहीं कर पा रहे है, जिसके कारण से टेस्ट नहीं हो पा रहे है और लोगों को मुफ्त टेस्ट की सुविधा नहीं मिल रही है, लोगों को टेस्ट बाहर से करवाना पड़ रहा है। सहजल ने कहा क्रस्ना लैबोरेटरीज के साथ भाजपा सरकार ने फरवरी, 2022 में टेंडर के माध्यम से मार्केट रेट से तकरीबन 30-35 प्रतिशत कम रेट पर टेस्टों को इस लैब के माध्यम से करवाने की व्यवस्था की थी।

उन्हांने कहा कि 54 करोड़ रुपए वर्तमान की प्रदेश सरकर इस संस्थान का देना है, लेकिन भविष्य में यह भी संकट खड़ा होने वाला है। पूर्व मंत्री ने आरोप लगया कि वर्तमान राज्य सरकार के समय में विशेषज्ञ डॉक्ट्र्स का मनोबल गिर रहा है और पैरामेडिकल स्टाफ, नर्सिंग स्टाफ भी परेशान है। उन्होंने कहा कि बहुत बड़ा कम्यूनिकेशन गैप सरकार और अधिकारियों व कर्मचारियों के बीच में खड़ा हो रहा है, जिसके कारण डॉक्ट्र्स, पैरामेडिकल स्टाफ, नर्सिंग स्टाफ अपने आप को हतोत्साहित महसूस कर रहा है। वहीं, इस दौरान सहजल ने कहा कि आपदा के समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य को 1782 करोड़ रुपए भिन्न-भिन्न इन्सटॉलमेंट के माध्यम से प्रदान की, लेकिन मुख्यमंत्री और मंत्री केंद्र को बदनाम करने पर तुले हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार लोगों के बीच केंद्र सरकार को लेकर गलत नैरेटिव बनाने का प्रयास कर रही है।



पत्रकारों को संबोधित करते पूर्व मंत्री राजीव सहजल।

### हिमकेयर योजना को समाप्त करने का प्रयास

**हिमकेयर** योजना का गला घोंटने का प्रयास किया जा रहा है। सहजल ने अरोप लगाते हुए कहा कि तकरीबन 200 करोड़ रुपए इस योजना का आज भी देय है, जबकि प्रदेश का एक बड़ा समूह 10,000 परिवार के लोग इस योजना के तहत पंजीकृत हैं। जयराम सरकार ने 3000 मासिक वित्तीय सहायता देने का कार्य किया था और जब तक जयराम ठाकुर की सरकार थी, इस योजना के तहत एडवांस पैसे की व्यवस्था की जाती रही, लेकिन आज इस योजना के माध्यम से लाभार्थी परिवारों को इस योजना का लाभ नहीं मिल रहा है।

# शांता बोले- 500 साल बाद राम मंदिर बनने से आ रहे आनंद के आंसू

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

रोटरी भवन के हॉल में 34 वर्ष बाद शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार ने प्रेस वार्ता के माध्यम से उन यादों को साझा किया, जो राम मंदिर निर्माण के लिए अंतिम कोशिश थी। उन्होंने कहा कि आज उनकी आंखों में आनंद के आंसू के आ रहे हैं कि पांच सौ वर्षों बाद प्रभु राम का मंदिर बन कर तैयार हुआ है।

उन्होंने कहा जून, 1989 को भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक पालमपुर में निश्चित हुई। उन्होंने कहा कि उस समय वह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष थे और छोटे से पालमपुर में बैठक का आयोजन करना एक चुनौती थी, लेकिन उन्होंने धन्यवाद किया उस समय के कार्यकर्ताओं का जिन्होंने सारा इंतजाम बखूबी कर दिया। उन्होंने कहा कि नौ से 11 जून तक चली इस बैठक में लाल कृष्ण आडवाणी ने इसी कमरे में राम मंदिर निर्माण का प्रस्ताव रखा, जिस पर अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था कि जब तक मंदिर नहीं बनता हम चैन से नहीं बैठेंगे।

हालांकि विश्व हिंदू परिषद इस आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभा रही थी, लेकिन राजनीतिक रूप से यह पहला प्रयास हुआ। उन्होंने कहा कि उसके बाद ऐसी राम लहर चली की 1990 के चुनावों में भाजपा 51 सीटों से 46 सीटें मिलीं। उन्होंने बाबरी मस्जिद ध्वस्त के बाद पांच राज्यों की भाजपा की सरकारें गिरा दीं, जिसमें हिमाचल की सरकार भी गिर गई, जिसके वह मुख्यमंत्री थे। शांता ने कहा कि राम के नाम पर कुर्बान हुई सरकार का उन्हें रत्ती भर अफसोस नहीं है, लेकिन आज उस समय के त्याग का फल देखने को मिल रहा है कि पूरे पांच सौ साल के संघर्ष के बाद यह ऐतिहासिक क्षण आया है। उन्होंने कहा कि इस आंदोलन के अनेक योद्धा अब इस दुनिया में नहीं है। सैकड़ों राम भक्तों, कार सेवकों पर अत्याचार हुए, गोलियां चलीं अनेक लोग मर गए जेले भर गई, लेकिन यह राम नाम की धुन में लिप्त भक्तों ने अपनी जिद्द नहीं छोड़ी, जिसके परिणाम स्वरूप आज यह पल आया है। इस मौके पर उनके साथ त्रिलोक कपूर, प्रवीण शर्मा, विनय शर्मा, अरविंद शर्मा, विक्रम शर्मा, सुरेंद्र ठाकुर, राजेश रानू, संजय कपूर व संजय वालिया सहित कई लोग उपस्थित थे।




पत्रकारों को संबोधित करते पूर्व सीएम शांता कुमार।

# रामलला का स्वागत, जय श्रीराम के नारों से गूंजा शहर

## शिमला के ऐतिहासिक कालीबाड़ी मंदिर से निकली भव्य शोभायात्रा राम मंदिर पहुंची, 22 जनवरी को मंदिर परिसर में सूर्यास्त के बाद जलाए जाएंगे 5100 दीपक

**आशिमा वैरागी, शिमला**

भगवान रामलला के स्वागत के लिए शिमला शहर सुबह से जय श्रीराम के नारों से गूंजायमान रहा। शनिवार सबुह करीब 10 बजे से सैकड़ों रामभक्तों ने शिमला के ऐतिहासिक काली बाड़ी मंदिर में इकट्ठा होकर सबसे पहले पूजा-अर्चना की और इसके बाद कालीबाड़ी मंदिर से शहर की ओर भव्य शोभायात्रा के साथ प्रस्थान किया। इस भव्य शोभायात्रा में विभिन्न धार्मिक संस्थाओं से जुड़े लोगों और शहर की स्थानीय जनता ने भाग लिया।

शोभायात्रा में विभिन्न पहाड़ी देव वाद्ययंत्र, ढोल,नगाड़े, हरणसिंघा का प्रयोग किया गया। इस यात्रा में सिंह सभा की ओर से आई टोलियों ने नाच गाते हुए रामभजन करते हुए यात्रा की शोभा बढ़ाई। शोभायात्रा में पहाड़ी टोलियों ने भी वाद्य यंत्रों से पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। राम भक्तों ने भगवा रंग का दुपट्टा ओढ़कर शिमला में झंडा फहराया। श्रद्धालुओं ने राम भजन पर खूब नाच गाना किया। यह यात्रा सुबह 10 बजे कालीबाड़ी मंदिर से होकर लोअर बाजार, मॉल रोड, सीटीयू, राधा कृष्ण मंदिर, गंज बाजार, शहीद भगत सिंह मार्ग से सभा गुरुद्वारा से राम मंदिर पहुंची। रविवार से शिमला के राम मंदिर में अखंड पाठ शुरू होगा। इसमें कुल 8 पंडित शामिल होंगे।

अखंड पाठ से भगवान राम, भगवान शिव तथा हनुमानजी की कृपा प्राप्त होती है। हिंदुओं की पवित्र नगरी अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियां की जा रही हैं। ऐसे में देशभर में हिंदू समाज इस प्राण प्रतिष्ठा से अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। भारतवर्ष के अधिकांश हिंदू मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अलग-अलग तरह से कार्यक्रम किए जा रहे हैं। राजधानी शिमला के प्रसिद्ध राम मंदिर में भी इसकी तैयारी शुरू हो गई है। 22 जनवरी को मंदिर परिसर में सूर्यास्त के बाद 5100 दीपक जलाए जाएंगे। रामलला के स्वागत के लिए मंदिर में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को इसके लिए शोभायात्रा भी निकाली है। अयोध्या राम मंदिर के दर्शन के लिए मंदिर में एलईडी लगाई गई है। मंदिर आए श्रद्धालु राम मंदिर के लाइव दर्शन भी कर पाएंगे। मंदिर को सुंदर और आकर्षित बनाने के लिए गुलाब और गेंदे के फूलों का प्रयोग किया गया है। सूदसभा के अध्यक्ष राजीव सूद ने कहा कि अयोध्या राममंदिर की प्राण प्रतिष्ठा सभी हिंदुओं के लिए गौरव की बात है। इसके लिए मंदिर में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को सुबह 10 बजे कालीबाड़ी मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई। सभी धार्मिक संस्थाओं ने इसमें बढ़-चढ़कर भाग लिया। (अनंत ज्ञान)


शिमला में अयोध्या श्रीराम मंदिर में होने वाली प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आयोजित शोभायात्रा के दौरान श्रीराम की पालकी ले जाते श्रद्धालु।

### राम धुन पर लोटपोट हुए अभिनेता राजपाल यादव

शोभा यात्रा के दौरान जिस समय रोटरी क्लब के पास यह यात्रा पहुंची, उसी समय वहां पर फिल्म के सिलसिले में पहुंचे अभिनेता राजपाल यादव ने भी भगवान राम की ध्वजा उठाकर नृत्य कर लोटपोट कर दिया। इस दौरान स्थानीय जनता ने भी राजपाल यादव को खूब सराहा। राजपाल यादव ने इस दौरान जय श्रीराम का नारा लगाते हुए सभी दर्शकों का अभिवादन किया और सभी रामभक्तों को शुभकामनाएं दीं।

### जगह-जगह भंडारे का किया गया आयोजन

सुबह 10 बजे से शहर में रामलला के स्वागत के लिए शोभा यात्रा निकाली गई। इसके साथ ही जगह-जगह भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें खीर, हलवा, चने-पूरी और जलेबी प्रसाद के रूप में श्रद्धालुओं को बांटी गई।

### अखंड पाठ के बाद होगा बड़ा हवन

अखंड पाठ के बाद बड़ा हवन किया जाएगा। इसमें शंख ध्वनि, घंटानाद, भजन कीर्तन, सुंदरकांड और 21 बार हनुमान चालीसा का पाठ होगा। दिन में आरती के बाद श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद का प्रबंध किया जा रहा है। सूर्यास्त के बाद 5100 दीपक से मंदिर जगमगाना शुरू हो जाएगा।

## 35 साल से लटका तकसीम का मामला दो माह में सुलझा, साथ-साथ हुआ इंतकाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हमीरपुर जिले के भोरंज विधानसभा क्षेत्र के अतंर्गत कंज्याण गांव में आयोजित 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम के तहत संवाद के दौरान मिलाप चंद ने कहा कि 35 वर्षों से लटकी तकसीम को राजस्व लोक अदालत में दो माह में हल कर दिया गया और अब इंतकाल भी हो गया। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू का विशेष तौर पर आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री ने पूछा कि क्या जगह मिल गई तो मिलाप चंद ने कहा कि हां जी, अब तो मकान बनाने का कार्य भी आरंभ कर दिया है। वहीं आपदा प्रभावित मीना देवी ने बताया कि भारी बारिश से उनका मकान गिर गया था और छोटे-छोटे बच्चे सड़क पर आ गए। उसे अब राज्य सरकार की ओर से आर्थिक सहायता मिल गई है। मुख्यमंत्री ने पूछा कि कितने पैसे मिले तो मीना ने बताया कि पहली किस्त के रूप में उन्हें तीन लाख रुपए मिले हैं। वहीं आपदा प्रभावित राजेश कुमार ने बताया कि बरसात में उनका मकान गिर गया था तथा राज्य सरकार की ओर से उन्हें तीन लाख रुपए की आर्थिक सहायता मिल गई है। राजेश ने मुख्यमंत्री से कहा कि आप गरीबों के मसीहा हो, सहारा हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल्द मकान बनाने का काम शुरू करो, चार लाख रुपए और मिलेंगे। प्रदेश सरकार घर पूर्णतया क्षतिग्रस्त होने पर सात लाख रुपए का मुआवजा प्रदान कर रही है। वहीं मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना के लाभार्थी नवजोत शर्मा ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद करते हुए कहा कि उन्हें अब तक 16 हजार रुपए पॉकेट मनी के रूप में मिले हैं। अब घर बनाने के लिए आर्थिक सहायता प्राप्त करने को आवेदन किया है, जिसके लिए तीन लाख रुपए मिलेंगे।

# नए ठेकेदार को पांच साल के लिए स्ट्रीट लाइटों का टेंडर देगा नगर निगम

## पुरानी कंपनी ईईएसएल के साथ रद्द किया करार, मेयर की अध्यक्षता में हुई वित्त कमेटी की मासिक बैठक में लिया फैसला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला शहरवासियों को अब अंधेरे से छुटकारा मिलने वाला है। शहर में विभिन्न जगहों पर 700 स्ट्रीट लाइटों को लगाने के लिए निगम नए ठेकेदारों को टेंडर देगा। पुरानी कंपनी ईईएसएल के काम न होने की वजह से निगम ने इसे रद्द कर दिया है। अब नया ठेकेदार शहर में लाइटों को लगाने का काम करेगा।

शनिवार को मेयर की अध्यक्षता में हुई वित्त कमेटी (एफसीपीसी) की मासिक बैठक में यह फैसला लिया गया। प्रपोजल को निगम हाउस में सर्वसम्मति से पास किया जाएगा। इसके लिए 12,02,900 की लागत से शहर में नए पोल पर लाइटों को लगाया जाना है। शहर के साथ लगते प्राइमरी स्कूल मल्याण से लेकर ट्रिब्यूनल पार्किंग तक सड़क को चौड़ा करने के लिए और बाईपास एनएच से मल्याण टेंपल तक काम कराने के लिए 1,34,45,264 की लागत से काम होगा। समरहिल वार्ड में पुलिस चौकी के समीप 16 लाख 97 हजार की राशि से शौचालय बनेगा। इस जगह काफी लोगों की आवाजाही होती है लेकिन शौचालय की सुविधा न होने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस मुद्दे को स्थानीय पार्षद द्वारा कई बार एमसी हाउस में भी उठाया गया था। आखिरकार निगम ने बैठक में इस प्रपोजल को लाया।

टेंडर अवार्ड होने के बाद इसका काम शुरू होगा। नगर निगम ने एफसीपीसी की बैठक में डंपिंग साइट बनाने के लिए कई जगहों को चिन्हित किया है। इसमें ढली, संजौली और कनलोग वार्ड में जगह का चयन किया है। इसकी मंजूरी के लिए प्रदेश सरकार को प्रपोजल भेजा जाएगा। अगर मंजूरी मिलती है तो इन जगहों को डंपिंग साइट में तब्दील कर दिया जाएगा।


शिमला में एफसीपीसी की बैठक की अध्यक्षता करते नगर निगम महापौर सुरेंद्र चौहान और बैठक में मौजूद अन्य अधिकारी।

### एडवोकेट की बढ़ाई जा सकती है सैलरी

कमेटी अपने एडवोकेट की सैलरी बढ़ाने के लिए भी नगर निगम के मासिक हाउस में प्रपोजल लाएगी। निगम के पास अपने 20 एडवोकेट है, जो नगर निगम के केस डिस्ट्रिक्ट कोर्ट और हाई कोर्ट में लड़ते हैं। अभी डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में केस के 4500 जबकि हाई कोर्ट में 5500 महीने की फीस दी जाती है। एडवोकेट द्वारा सैलरी को बढ़ाने की मांग की जा रही है।

### 10 हजार किराए के साथ स्टोर के लिए कर पाएंगे अप्लाई

शिमला सब्जी मंडी और अन्य जगह पर दुकानदारों को अतिरिक्त किराए के साथ स्टोर की सुविधा भी मिलेगी। 10 हजार किराए के साथ कारोबारी स्टोर के लिए अप्लाई कर सकते हैं। सब्जी मंडी के अलावा जहां पर एमसी स्टोर है, वहां यह नियम लागू होगा। अगर स्टोर के लिए कोई नाम दर्ज नहीं कराया है तो निगम ऑक्शन प्रक्रिया द्वारा स्टोर किराए पर देगा।

## गणतंत्र दिवस समारोह के बढ़िया आयोजन के लिए मिलकर तैयारी करें सभी विभाग

### अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी ने तैयारियों को लेकर अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह 2024 के बेहतरीन आयोजन के लिए अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी ने सभी विभागों को मिलकर तैयारी करने के निर्देश दिए हैं। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी ज्योति राणा ने शिमला बचत भवन में गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।

अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी ने कहा कि 26 जनवरी को दूर-दूर से लोग और पर्यटक समारोह को देखने रिज मैदान आते हैं इसलिए परेड और झांकियां बेहतरीन होनी चाहिए। उन्होंने विभागों को अपने विभाग की झांकियों को प्रभावशाली बनाने के निर्देश दिए ताकि झांकियों के माध्यम से जनता को स्पष्ट संदेश प्राप्त हो।

इसके अतिरिक्त, उन्होंने समारोह में बेहतर सांस्कृतिक गतिविधियों के आयोजन पर भी बल दिया। खराब मौसम होने की स्थिति में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन गेयटी थियेटर में होगा। बैठक में बताया गया कि समारोह में मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत गुब्बारे भी छोड़े जाएंगे। इस दौरान संयुक्त आयुक्त नगर निगम शिमला डॉ. भुवन शर्मा, जिला पर्यटन विकास अधिकारी संजय भगवती, जिला कार्यक्रम अधिकारी ममता पॉल, जिला भाषा अधिकारी अनिल हारटा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।



रिज मैदान पर आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह के बेहतरीन आयोजन के लिए विभागीय अधिकारियों से बैठक करतीं अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी।

### 30 जनवरी को मनाया जाएगा शहीदी दिवस

अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी ज्योति राणा ने बताया कि 30 जनवरी 2024 को सबुह साढ़े दस बजे रिज मैदान पर शहीदी दिवस मनाया जाएगा जिसमें राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी और दो मिनट का मौन रख कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। उन्होंने कहा कि नेहरू युवा केंद्र, शिक्षा विभाग और आईटीआई के स्वयंसेवक कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग देंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के कलाकारों द्वारा रामधुन और भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी।

### जिले के तीन मंडलों से अयोध्या जाएंगे 500 भाजपा कार्यकर्ता

**जुन्गा।** भाजपा कसुपम्टी मंडल की कार्य समिति की बैठक शनिवार को मंडल अध्यक्ष भारत भूषण ठाकुर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पूर्व मंत्री सुरेश भारद्वाज और जिला अध्यक्ष प्रेम ठाकुर विशेष रूप से मौजूद रहे। जिला अध्यक्ष प्रेम ठाकुर ने बताया के 22 जनवरी को अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में भाजपा जिला शिमला के तीनों मंडल से चरणबद्ध तरीके से प्रत्येक मंडल से 500 लोगों को ले जाया जाएगा। जिसके लिए सूची तैयार की जाएगी। जिस बारे विस्तार से बैठक में चर्चा की गई। बैठक में भारतीय जनता पार्टी संगठनात्मक कार्यक्रमों की विस्तार से चर्चा की गई तथा आगामी लोकसभा चुनाव से पहले केंद्र सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को बूथ स्तर पहूंचाने बारे रणनीति बनाई गई। 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की रूपरेखा भी बैठक में बनाई गई। जिला के विस्तारक संजीव ठाकुर ने संगठनात्मक विषय के बारे में सभी पदाधिकारीयो को जानकारी दी। इस बैठक में भारतीय जनता पार्टी प्रदेश, जिला एवं मंडल तथा सभी मोर्चा व प्रकोष्ठों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# कसुम्पटी विस क्षेत्र की 300 किमी सड़कें होंगी पक्की

## पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने पटगैहर व चम्याना पंचायत में सुनी लोगों की समस्याएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री ने शनिवार को प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम 'सरकार गांव के द्वार' के तहत कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत पटगैहर एवं चम्याना के लोगों की समस्याएं सुनीं।

पंचायतीराज मंत्री ने इस अवसर पर गांव कमाहटी, गजेया, पटगैहर, मलूठी एवं बधेया के लोगों को संबोधित किया तथा स्थानीय लोगों की समस्याओं को सुना। इस दौरान उन्होंने कहा कि कसुम्पटी विधानसभा चुनाव क्षेत्र में आज सड़कों का जाल बिछा हुआ है जिसे आने वाले समय में और बढ़ाया जाएगा। आगामी 5 वर्षों के भीतर विधानसभा क्षेत्र की लगभग 300 किलोमीटर लंबी सड़कों को पक्का किया जाएगा ताकि उनका स्थायी समाधान सुनिश्चित हो सके और यहां के लोगों को इसका लाभ प्राप्त हो सके।

उन्होंने कहा कि विकास सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक के सहयोग की अपेक्षा रहती है ताकि विकास की गति में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि सड़कों को पक्का करने के लिए क्षेत्र के लोग अनापत्ति प्रमाण पत्र अवश्य दें ताकि सड़कों को पक्का करने में कोई बाधा न आए। मंत्री ने कहा कि पटगैहर से गजेया सड़क को पक्का करने के लिए वन विभाग से स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है और सड़क का निर्माण कार्य 15 फरवरी से पहले शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त क्षेत्र की अन्य सड़कों को भी चरणबद्ध तरीके से पका किया जाएगा ताकि क्षेत्र के लोगों को इन सड़कों का लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की विभिन्न सड़कों को पक्का करने के लिए लगभग 9 करोड़ रुपए की टेंडर प्रक्रिया पूर्ण की जा चुकी है।

अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के कोटि में जल्द ही बिजली बोर्ड का सब स्टेशन बनने जा रहा है जिससे क्षेत्र की लो वोल्टेज की समस्या समाप्त होगी। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष राम कृष्ण शांडिल, महिला मंडल अध्यक्ष रिंकू वर्मा, बीडीसी उपाध्यक्ष विक्रम ठाकुर, बीसीसी सदस्य दीप राम, प्रधान कृष्ण कुमार, भूपेंद्र शर्मा, रीता देवी, पार्षद नरेंद्र ठाकुर सहित अन्य गणमान्य लोग एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।


ग्राम पंचायत पटगैहर में मंत्री अनिरुद्ध सिंह का स्वागत करते स्थानीय लोग।

### पंचायतीराज मंत्री ने की कई घोषणाएं

पंचायती राज मंत्री ने कमाहटी में महिला मंडलों के लिए 50-50 हजार रुपए, गजेया खड्डु में पुलिया निर्माण के लिए 4 लाख, युवक मंडल भवन गजेया के लिए 5 लाख रुपए, महिला मंडल भवन के जीर्णोद्धार के लिए ढाई लाख रुपए, मलूठी खेल मैदान के लिए 5 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने क्षेत्र की अन्य समस्याओं को भी समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग ने पटगैहर में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया और लोगों के स्वास्थ्य की जांच की।

**प्रस्ताव** शिमला जिले के खस्ताहाल मतदान केंद्रों को बदलने की प्रक्रिया शुरू

# चार विधानसभा क्षेत्रों के 10 मतदान केंद्र होंगे शिफ्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला जिला में स्थित जिन मतदान केंद्रों की स्थिति सही नहीं है, उन मतदान केंद्रों को शिफ्ट करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त शिमला को जिला के चार विधानसभा क्षेत्रों में 10 मतदान केंद्र शिफ्ट करने का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है, जिन्हें आगामी कार्रवाई के लिए राज्य निर्वाचन अधिकारी को प्रेषित किया गया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शिमला आदित्य नेगी ने शनिवार को इस संबंध में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह जानकारी दी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि राज्य निर्वाचन अधिकारी के आदेशानुसार मौजूदा सभी मतदान केंद्रों की भौतिक जांच सेक्टर अधिकारियों के माध्यम से करवाई गई है और जिन मतदान केंद्रों की स्थिति ठीक नहीं है, उन्हें बदलने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। नए प्रस्तावित मतदान केंद्रों में सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित हैं।

निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि 61-ठियोग विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र 12-शानद को राजकीय प्राथमिक पाठशाला शानद से आईटीआई कुमारसैन, मतदान केंद्र 49-मझरोग को राजकीय प्राथमिक पाठशाला पथखरा से राजकीय प्राथमिक पाठशाला झुंजण तथा मतदान केंद्र 66-दमौर को समाज उत्थान केंद्र दमौर से राजकीय प्राथमिक पाठशाला फिरनु करने का प्रस्ताव है। इसी प्रकार 62-कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र 94-कोट को राजकीय प्राथमिक पाठशाला शाथली से राजकीय मिडल पाठशाला शाथली करने का प्रस्ताव है। उन्होंने बताया कि 63-शिमला विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र 63/58 अप्पर बैम्लोई को हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के अतिरिक्त परिसर से हिमाचल प्रदेश विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं पर्यावरण परिषद के अप्पर बैम्लोई स्थित भवन में बदलने का प्रस्ताव है। इसी प्रकार, 67-रोहड़ू (अनुसूचित जाति) विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र 32-बछूंछ को राजकीय मिडल पाठशाला बछूंछ से राजकीय प्राथमिक पाठशाला बछूंछ, मतदान केंद्र 37-शारमली को राजकीय प्राथमिक पाठशाला शरमाली से राजकीय मिडल पाठशाला शरमाली, मतदान केंद्र 40-नसारी को राजकीय प्राथमिक पाठशाला नसारी से राजकीय मिडल पाठशाला नसारी, मतदान केंद्र 81-गौंसारी को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गौंसारी से पंचायतघर गौंसारी तथा मतदान केंद्र 85-धगोली को राजकीय प्राथमिक पाठशाला गौंसारी स्थित धगोली को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गौंसारी करने का प्रस्ताव है।




# रोहड़ू बाजार में लोगों को जल्द मिलेगी 189 वाहनों की पार्किंग की सुविधा

**दशमी रावत, रोहड़ू**

रोहड़ू बाजार में जल्दी हो लोगों को 189 गाड़ियों की पार्किंग की सुविधा कई स्थानों पर मिलने जा रही है। यह पार्किंग ओल्ड बस स्टेंड रोहड़ू की पेड तर्ज पर होगी।

लोगों के लिए जिन स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था की जा रही है, उसमें एसीसी पार्क के सामने, महिंद्रा शोरूम के सामने, अनुपम होटल के सामने बाई पास नजदीक अनुपम होटल, दिल्ली स्टोर के सामने व समाला रोड, न्यू बस स्टेंड के पीछे व चिड़गांव रोड पर, फायर स्टेशन के सामने और पुराना गैस प्वांइट के सामने सड़क पार्किंग के लिए स्थान चयनित किए जा रहे। नगर परिषद की ओर से चयनित स्थानों के लिए 24 जनवरी को पार्किंग की नीलामी की जा रही है। एसीसी पार्क के सामने 17, महिंद्रा शोरूम के सामने 20, अनुपम होटल के सामने और बाई पास नजदीक अनुपम होटल के पास 14, दिल्ली स्टोर के सामने व समाला रोड 26, न्यू बस स्टेंड के पीछे व चिड़गांव सड़क पर 70, फायर स्टेशन के सामने 10 और पुराना गैस प्वांइट 30 गाड़ियों के लिए पार्किंग की नीलामी होगी। पिछले दो साल से ओल्ड बस स्टेंड में यलो लाइन दे कर पेड पार्किंग कार्य कर रही है। यहां पर अभी तक 20 रुपए घंटा वाहन मालिक से गाड़ी की पार्किंग के लिए लिया जाता है जबकि इन चयनित स्थानों पर भी लोगों से 20 रुपए ही पार्किंग के लिए जाएंगे। इन सभी पार्किंग स्थानों की वैधता एक साल तय की गई।

नगर परिषद की ओर से यह पार्किंग एक साल के लिए ठेके पर दी जाएगी। जिससे नगर परिषद को आमदनी होगी। (अनंत ज्ञान)

### नगर परिषद ने चयनित किए स्थान

नगर परिषद रोहड़ू अध्यक्ष अशोक चौहान ने बताया कि बाजार में लोगों को गाड़ी खड़ी करने में परेशानी झेलनी पड़ रही है। बाजार में आ रहे लोगों की सुविधा के लिए पार्किंग स्थान नगर परिषद की ओर से चयनित किए गए हैं। चयनित स्थानों के लिए 24 जनवरी को पार्किंग की नीलामी की जा रही है।

# बैठे ठाली, खाता खाली
## आपके बैंक खातों पर टिकी अज्ञात निगाहें

# देश-विदेश में बैठे साइबर अपराधी रख रहे आप पर नजर
## हिमाचल में एक साल में पहुंचीं 20000 से ज्यादा शिकायतें, मुकदमे बामुश्किल सौ



**पूजा वर्मा, सोलन**

दुनिया को मुट्ठी में करने की चाहत में कई लोगों की दुनिया मुट्ठी में भरी रेत की तरह फिसल जाती है और सामने आता है खाली बैंक अकाउंट या दुनिया भर की बदनामी का डर। ऐसे कुछ ही लोग हैं जो आभासी दुनिया से मिलने वाले धोखे को लेकर पुलिस तक पहुंचते हैं, बहुत से तो बदनामी के डर से पुलिस के पास भी नहीं जाते और इससे बढ़ता जाता है साइबर अपराध करने वालों का हौसला। एक आंकड़े के मुताबिक, इस वर्ष हिमाचल प्रदेश में साइबर क्राइम के लगभग 100 मामले दर्ज हो चुके हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, पुलिस तक पहुंचने वाली शिकायतों की संख्या 20 हजार से अधिक है और अनुमानत: साइबर क्राइम का शिकार हुए असल लोगों की संख्या इससे भी कहीं ज्यादा है। हिमाचल प्रदेश की औसतन पढ़ी-लिखी आबादी साइबर ठगों के निशाने पर है। ऐसा इसलिए कहा जा सकता है कि साइबर ठगी का शिकार होने वालों में पढ़े-लिखे और बड़े अधिकारी, व्यापारी और सबसे शातिर समझे जाने वाले नेता भी शामिल हैं।



साइबर पुलिस के डाटा को खंगाला जाए तो उसमें चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। औसतन हर महीने टोल फ्री नंबर पर पांच हजार से अधिक कॉल रिसीव की जाती हैं, जो साइबर पुलिस से किसी न किसी साइबर क्राइम के मामले में मदद मांगते हैं या पूछताछ करते हैं। साइबर पुलिस लगातार ठगी के मामलों के प्रति जागरूक करने के लिए कार्यशालाएं आयोजित कर रही है, लेकिन इस नए अपराध के प्रति लोगों में उस स्तर पर जागरूकता दिखाई नहीं पड़ रही है, जिसकी आवश्यकता है। साइबर ठग इतने शातिर हैं कि उनके जाल में आम लोगों के अलावा पुलिस सहित बड़े-बड़े अधिकारी व अन्य प्रतिष्ठित लोगों के भी फंसने की सूचनाएं गाहे-बगाहे आती रहती हैं जो छोटी-मोटी भूल से ठगी का शिकार बना रहे हैं। मोबाइल फोन के सावधानीपूर्वक इस्तेमाल न करने के कारण जिला कांगड़ा, चंबा व ऊना के कई लोग साइबर ठगी का शिकार हो रहे हैं। तीनों जिलों के लिए स्थापित किए गए साइबर थाना धर्मशाला में रोजाना 15 से 16 साइबर ठगी के मामले आ रहे हैं। इसमें आठ से 10 शिकायतें अकेले कांगड़ा जिले के लोगों की होती हैं। यही हाल शिमला मंडी, हमीरपुर, बिलासपुर, शिमला, सोलन और सिरमौर का भी है। पिछले साल जिला कांगड़ा में साइबर ठगी के केवल 150 मामले थे। बड़ी बात यह है कि जितने भी लोग ठगी के शिकार हुए हैं, उनमें से अधिकांश व्यक्ति अशिक्षित नहीं हैं, बल्कि पढ़े-लिखे लोग ही ठगी का शिकार हो रहे हैं। पिछले दिनों आए साइबर क्राइम के केसों पर गौर किया जाए तो फाइनांशियल फ्रॉड के मामले 50 प्रतिशत और सोशल नेटवर्क फ्रॉड के मामले 30 से 35 प्रतिशत रहे। हालांकि हिमाचल में लिटरेसी रेट सही है, लेकिन साइबर क्राइम के प्रति लोग इतने अवेयर नहीं हैं। (अनंत ज्ञान)

### वर्क फ्रॉम होम के नाम पर ठगे जा रहे लोग

**कुछ** लोग ऐसे भी होते हैं जो समाज में अपनी प्रतिष्ठा खराब न हो जाए यह कहकर ठगी होने के बावजूद पुलिस में शिकायत नहीं करते। गत दिनों उपमंडल पालमपुर के एक युवक को ऑनलाइन वर्क फ्रॉम होम करके महीने का 40 हजार रुपए वेतन करने का ऑफर इंटरनेट पर दिया गया। युवक ने बिना जांच पड़ताल किए आवेदन कर दिया और सारी जानकारी देता रहा। जानकारी देने के एक दिन के बाद उनके एक ज्वाइनिंग लेटर भेजा गया और खाते की डिटेल मांगी गई। इस बहाने से ठगों ने उसके खाते से 60 हजार रुपए निकाल लिए। युवक बड़े परिवार का बेटा था, इसके चलते उसने पुलिस में प्राथमिकी दर्ज नहीं कराई।

### क्या कर रही पुलिस



**साइबर** ठग काफी तादाद में लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। इस संबंध में स्कूल, कॉलेज और संस्थाओं के आधार पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। पुलिस इंटरनेट यूजर्स को आगाह कर रही है कि ठगी से बचाव के लिए किसी के भी झांसे में न आएं और अपनी गोपनीय जानकारी किसी के साथ भी शेयर न करें।



मंडी में पकड़ा गया साइबर ठग पुलिस की गिरफ्त में

### ऐसे भी ठग

**साइबर** क्राइम पुलिस थाना मध्य खंड मंडी में एक वेबसाइट के खिलाफ शिकायत दर्ज होने के उपरांत इसी 22 नवंबर मुकदमा दर्ज किया गया। जांच में पता चला कि एक व्यक्ति हिमालयन स्टेट एडवेंचर पावर कारपोरेशन लिमिटेड की वेबसाइट के माध्यम से युवाओं के साथ सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी कर रहा था। पुलिस ने 29 नवंबर को गिरफ्तार कर लिया।

### क्या कहते हैं आंकड़े

**हिमाचल** में साइबर अपराध बढ़ता जा रहा है। मार्च, 2023 में साइबर पुलिस ने 2700 शिकायतें आई हैं। इनमें वित्तीय धोखाधड़ी की 1135, सोशल मीडिया शिकायतें 293, पूछताछ 799 और अन्य 473 शिकायतें शामिल हैं। ये शिकायतें टोल फ्री नंबर 1930 पर की गई हैं। साइबर पुलिस ने तीन साइबर ठगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। वर्ष 2023 के शुरुआती महीनों में साइबर पुलिस ने 31 लाख 52 हजार 426 रुपए शिकायतकर्ताओं को दिलाए गए हैं।

### क्या कहते हैं सोलन के एसपी गौरव सिंह



**सोलन** के एसपी गौरव सिंह कहते हैं साइबर अपराधी दूर के राज्यों से अपराध को अंजाम देते हैं। इनका मकसद सिर्फ पैसे ऐंठने होता है। ये साइबर अपराधी किसी भी समय दिन या रात को अनजान लिंक भेजकर या वीडियो कॉल कर लोगों को जाल में फंसाते हैं, जिससे आसानी से छात्र, पुरुष व महिलाएं लोक लाज के डर से इनको पैसा भेज देते हैं। पैसे भेजने से पहले अपने किसी भी परिचित व पुलिस से संपर्क नहीं करते और ठगी का शिकार होने के बाद देरी से अपनी शिकायत दर्ज करवाते हैं।

### यहां से आते हैं धोखेबाजों के फोन

**पुलिस** के अनुसार, अधिकांश सोशल नेटवर्किंग फ्रॉड विदेशों से या फिर हरियाणा, उत्तर प्रदेश, झारखंड, दिल्ली, ओडिशा, पश्चिम बंगाल आदि जगहों से किए जाते हैं। ऐसे में साइबर क्रिमिनल्स को पकड़ना थोड़ा मुश्किल हो जाता है। इसके अलावा यहां लोग साइबर क्राइम से जुड़ी एफआईआर भी दर्ज नहीं करवाते हैं।

### साइबर ठग ले रहे टेलीग्राम का सहारा

**पुराने** लोग सिर्फ डाक विभाग से आने वाले टेलीग्राम के नाम से ही परिचत होंगे, लेकिन इंटरनेट के इस युग ने पुराने टेलीग्राम का खात्मा कर दिया और अब आया मोबाइल पर सोशल मीडिया ऐप टेलीग्राम। इस ऐप के माध्यम से आप अपने मित्रों, रिश्तेदारों, व परिचितों से वैसे ही संपर्क में रह सकते हैं जैसे व्हाट्सऐप के माध्यम से रहते हैं। टेलीग्राम व्हाट्सऐप से ज्यादा बड़ी वीडियो फाइल शेयर करने की इजाजत देता है। इसके अलावा कुछ अलग फीचर भी इस ऐप से जोड़े गए हैं जो साइबर अपराधियों के लिए मुफीद हैं। यही वजह है कि टेलीग्राम पर साइबर ठगों ने अपना नया ठिकाना खोज लिया है। हालांकि, इस ऐप को मुख्य रूप से युवा वर्ग ऑनलाइन क्लासें एवं पढ़ाई करने के लिए उपयोग करते हैं, लेकिन ठग इसी ऐप के इन्हीं किशोर किशोरियों व अन्य वर्गों के लोगों को विभिन्न माध्यमों से पैसा कमाकर अमीर बनने का लालच देते हैं और ठगी कर रहे हैं। इंटरनेट मीडिया पर ठगों की ओर से ऑनलाइन पैसा कमाने का विज्ञापन दिए जाते हैं। इन विज्ञापनों में टेलीग्राम ऐप का लिंक भी दिया जाता है। उनके ऊपर क्लिक करते हुए टेलीग्राम पर व्यक्ति से उसका नाम, आयु और व्यवसाय पूछा जाता है। इसके साथ ही पंजीकरण के लिए मोबाइल नंबर भी लिया जाता है। पंजीकरण होने के बाद 100 रुपए का निवेश करवाया जाता है और एक यूजर आईडी और पासवर्ड दिया जाता है। उसके आधे घंटे के बाद 200 रुपए वापस किए जाते हैं। इसके बाद 500 रुपए का निवेश करवाकर 850 रुपए दिए देने की दावा किया जाता है। जैसे ही यह निवेश किया जाता है तो उसके आपके अकाउंट में पैसा तो दिखाई देता है, लेकिन निकासी के लिए कम से कम तीन अन्य टास्क एवं निवेश करने की शर्त लगा दी जाती है। इसी के चक्कर में लोगों को ठगा जाता है। यह तो एक उदाहरण है इसी प्रकार की अन्य स्कीमें भी लोगों को ठगने के लिए लांच की जाती हैं।

### चरित्र हनन की शिकायतों के भी ढेर



**वीडियो** कॉल करके लोगों के साथ युवतियों की चिकनी चुपड़ी बातें करवाने और वीडियो को एडिटिंग के बाद अश्लील वीडियो में बदल कर इंटरनेट पर वायरल करने की धमकियों के सहारे लोगों से लाखों की वसूली करने और उसे मानसिक बीमारी की हालत में पहुंचा देने की शिकायतों से तो पुलिस के रजिस्टर भरे पड़े हैं, लेकिन विदेशी नंबरों से आने वाली व्हाटसऐप कॉल्स पुलिस जांच की सबसे बड़ी बाधाएं बनती हैं। ऐसे मामलों में साइबर अपराधी यू ट्यूब जैसे प्लेटफार्म के नाम का भी दुरुपयोग करने से नहीं चूकते।

### ऑडियो क्लोन ने बढ़ा दीं और मुश्किलें

**एआई** क्रांति के बाद अब डीप फेक वीडियो और ऑडियो क्लोन ने उपभोक्ताओं की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। ऑडियो क्लोन के माध्यम से ठगी के ताजा मामला पांवटा में सामने आया। नवंबर महीने के अंत में यहां के एक व्यवसायी को दुबई में रहने वाले उनके भांजे का फोन आया। उसने बताया कि वह कुछ दिन के लिए यूएसए में है और अपनी मां के लिए कुछ रुपए उनके खाते में डालना चाहता है। बाद में वह भारत आकर उन रुपयों को उनसे लेकर मां को सरप्राइज देना चाहता है। व्यवसायी मामा ने भांजे की बातों में आकर अपनी बैंक डिटेल उसे भेज दी। कुछ देर में एक मैसेज उनके फोन पर प्राप्त हुआ जिसमें सवा नौ लाख रुपए से ज्यादा की रकम उनके खाते में डाले जाने का संदेश उन्हें मिला। हालांकि, यह रुपए उनके खाते में जमा नहीं हुए थे। कुछ देर में भान्जे ने दोबारा फोन किया और बताया कि रुपए उन्हें भेज दिए हैं, लेकिन गलती से तीन लाख 31 हजार रुपए ज्यादा चले गए हैं। मामा ने भांजे की बात पर विश्वास करके उसे तीन लाख 31 हजार रुपए वापस कर दिए। बाद में पता चला कि उनका भांजा तो दुबई से कहीं गया ही नहीं और न ही उसने उन्हें फोन किया था। बैंक जाकर जानकारी ली तो पता चला कि उन्हें भेजा गया मैसेज फर्जी था। इस मामले में पीड़ित व्यवसायी के भांजे की ऑडियो क्लोन का इस्तेमाल किया गया था।

### पाकिस्तान से आई कॉल-हो गया है बेटे का कत्ल

**हाल** ही में एक मामला ऊना से आया। इसमें पाकिस्तान कोड के 923286375185 नंबर से एक व्हाट्सऐप कॉल परिवार को आई, जिसमें बात करने पर आगे से जवाब मिलता है 'आप क्या कर रहे हैं यहां घर पर, उधर आपके बेटे का कत्ल हो चुका है।' बेटे की हत्या की बात सुनने की देर थी कि ऊना से सटे रामपुर निवासी परिवार में हड़कंप मच गया। परिवार में मां बेहोश होकर गिर गईं। महिलाओं ने रोना-धोना शुरू कर दिया। घबराए परिवार की जान में जान तब आई जब परिवार के मुखिया ने बेटे के स्कूल पहुंच कर उसे सही सलामत पाया। दरअसल, रामपुर निवासी जमील का नौवीं कक्षा में पढ़ने वाला बेटा आसिफ राजकीय उच्च विद्यालय समनाल में पढ़ाई करने के लिए चला गया। इसके थोड़ी देर बाद पाकिस्तान कोड वाले नंबर पर से एक व्हाट्सऐप कॉल परिवार को आई। महिलाओं ने ऊना में सब्जी की दुकान चलाने वाले आसिफ के पिता जमील को फोन किया। उन्होंने धैर्य रखकर अपने भाई संग सबसे पहले स्कूल जाकर आसिफ का पता किया तो वह कक्षा में पढ़ाई कर रहा था।

### पुलिस की सलाह मानें

❖ किसी भी अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें। ❖ वेबसाइट को खोलने से पूर्व यूआरएल जांच लें। ❖ बैंक कभी भी फोन पर कोई जानकारी नहीं मांगता और किसी के साथ ओटीपी या एटीएम की जानकारी शेयर न करें। ❖ कोई भी ऑफर आए तो उसे चेक जरूर कर लें, फर्जी होने की संभावना होती है। ❖ अंजाने नंबर से आने वाली वीडियो कॉल को अटेंड न करें। ❖ फोन पर आपके अपने परिचित की आवाज हो तो उसे अच्छी तरह से पहचानें और एक दो और जगह से कन्फर्म करने के बाद ही ऑनलाइन लेनदेन करें। ❖ यदि आपका परिचित रुपए मांग रहा है तो उसके बैंक खाते में लेन-देन करें, दूसरे के खाते में नहीं।

---

### हैप्पी बर्थडे



**अर्की के ग्याना गांव निवासी दिनेश व रंजना की बेटी रूबिका को पहले जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं।**

### चायल में 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम आज

**सोलन।** मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल आज प्रात: 11 बजे सोलन विधानसभा क्षेत्र के चायल में 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। इस दौरान लोगों की समस्याओं का हल करेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### राष्ट्रीय प्रतियोगिता में खेलेगी डुमैहर की निकिता



**अर्की।** उपमंडल अर्की के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डुमैहर की 12वीं की छात्रा निकिता का चयन बास्केटबाल में राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इस प्रतियोगिता का आयोजन स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ इंडिया कराती है। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए प्रशिक्षण शिविर मंडी के सरकाघाट में 21 से 24 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा। इसमें निकिता भी हिस्सा लेगी। विद्यालय के डीपीई राजकुमार पॉल ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर की बास्केटबाल प्रतियोगिता मुंबई महाराष्ट्र में 28 जनवरी से एक फरवरी तक खेली जाएगी। निकिता का राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन होने पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार, एसएमसी के प्रधान हेमराज, बीडीसी के उपाध्यक्ष प्रताप ठाकुर, समस्त विद्यालय स्टाफ, विद्यालय प्रबंधन समिति तथा स्थानीय जनता ने खुशी जताते हुए शुभकामनाएं दी हैं।

### वाया बलेरा चले बिलासपुर-जयनगर बस



बलेरा के ग्रामीण व विद्यार्थी अपनी समस्या को लेकर सीपीएस से मिले।

**अर्की।** उपमंडल की बलेरा पंचायत में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बलेरा, शिवालिक हिल्स पब्लिक स्कूल बलेरा एवं राजकीय प्राथमिक पाठशाला बलेरा के छात्र एवं अभिभावक सीपीएस व विधायक संजय अवस्थी से मिले। इस मौके पर उन्होंने स्कूल के बच्चों को घर जाने के लिए बस की उचित सुविधा न होने के बारे में बताया व बिलासपुर-जयनगर बस को बिलासपुर-बलेरा करने की मांग रखी, ताकि बच्चों को असुविधा का सामना न करना पड़े। इस दौरान संजय अवस्थी ने आश्वासन दिया कि जल्द ही यह बस सेवा बलेरा तक सुचारु रूप से चलाई जाएगी। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस अर्की के महासचिव धीरज ठाकुर भी मौजूद रहे।

### मोनिका शर्मा ने पास की जेआरएफ परीक्षा



**अर्की।** उपमंडल के बातल गांव से संबंध रखने वाली मोनिका शर्मा ने जेआरएफ की परीक्षा में 75.33 अंक प्राप्त कर इस परीक्षा को पास कर लिया है। उन्हें इस परीक्षा में 300 में से 226 नंबर आए हैं। जेआरएफ की परीक्षा की तैयारी उन्होंने स्वयं की है और इसके लिए कहीं से भी कोचिंग नहीं ली। मोनिका ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व गुरुजनों को दिया है। बता दें कि मोनिका के पिता धर्मपाल शर्मा बिजली बोर्ड से वरिष्ठ सहायक के पद से सेवानिवृत्त हैं और माता सरिता शर्मा अध्यापिका हैं।

### नारायणी में विशेष ग्राम सभा की बैठक 23 को

**सोलन।** 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम के तहत 23 जनवरी को कसौली विधानसभा क्षेत्र की नारायणी पंचायत में विशेष ग्राम सभा की बैठक आयोजित की जाएगी। यह जानकारी उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने दी। उपायुक्त मनमोहन शर्मा ने कहा कि 23 जनवरी को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

## कुनिहार विद्यालय में बच्चों को किया नशे के खिलाफ जागरूक



जागरूकता कार्यक्रम के दौरान कलाकारों ने नाटिका के माध्यम से जागरूक किया।

**अनंत ज्ञान, अर्की**

नशा मुक्ति अभियान कार्यक्रम के तहत आज तहसील कल्याण अधिकारी अर्की गौतम कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में छात्र विद्यालय कुनिहार में पर्वतीय लोक मंच दाड़वा सोलन के कलाकारों नितिन तोमर व ग्रुप की ओर से नाटक व गीत संगीत के माध्यम से विद्यार्थियों को समाज मे फैल रहे जानलेवा नशे के प्रति जागरूक किया।

नाटक के माध्यम से कलाकारों ने बच्चों को नशे के दुष्परिणामों का हमारे परिवार व समाज पर पड़ने वाले बुरे प्रभावों बारे जागरूक किया। इस मौके पर तहसील कल्याण अधिकारी गौतम कुमार शर्मा ने बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों बारे जानकारी देते हुए अपील की कि हमें नशे से दूर रहना है और अगर कहीं भी सार्वजनिक स्थान पर आपको कोई व्यक्ति किसी भी प्रकार का नशा करते हुए मिलता है तो उसे ऐसा करने से रोकें व नशे के प्रति उसे जागरूक करें।

इस अवसर पर तहसील कल्याण अधिकारी गौतम कुमार शर्मा, प्रधान हाटकोट पंचायत जगदीश अत्री, प्रधानाचार्य बी एस ठाकुर, सीएचटी रमेश शर्मा, एस एम सी अध्यक्ष रणजीत ठाकुर, स्कूली स्टाफ व बच्चे मौजूद रहे।

### पांवटा स्कूल का वार्षिकोत्सव 23 को

**पांवटा साहिब।** राजकीय छात्र वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पांवटा साहिब में 23 जनवरी को वार्षिक समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक किरनेश जंग होंगे। गेस्ट ऑफ ऑनर सुभाष वैद्य वाइस प्रेजिडेंट ऑपरेशन मैनकाइंड फार्मा और राजेंद्र शर्मा अध्यक्ष मास्टर गेम्स हिमाचल प्रदेश होंगे।

दूसरी ओर राजकीय आदर्श कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल पांवटा साहिब का वार्षिक समारोह 24 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। इसके मुख्य अतिथि पूर्व विधायक किरणेश जंग होंगे, जबकि गेस्ट ऑफ ऑनर कांग्रेस अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, वाइस चेयरमैन हिमालय ग्रुप विकास बंसल, सीनियर करियर काउंसलर व्हाइट रे इंस्टिट्यूट चंडीगढ़ रवि डोगरा और पूर्व पार्षद धनबीर कपूर होंगे। इसके अलावा सेलिब्रिटी गेस्ट में जाने-माने गायक प्रवीण चौहान होंगे।

## 11वीं और 12वीं के पाठ्यक्रम में शामिल होगा सड़क सुरक्षा का पाठ
### एससीईआरटी में आयोजित की गई सामग्री तैयार करने की पहली कार्यशाला



राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद सोलन में आयोजित कार्यशाला में उपस्थित शिक्षाविद।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद सोलन में हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड से संबद्ध विद्यालयों के विद्यार्थियों को सड़क दुर्घटनाओं के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से अध्ययन सामग्री तैयार करने के लिए प्रथम कार्यशाला का अयोजन किया गया।

कक्षा जमा एक और जमा दो के छात्रों के लिए यह सामग्री अंग्रेजी माध्यम से तैयार की जा रही है। इस सामग्री का उपयोग हिमाचल प्रदेश के पाठ्यक्रम की कक्षा 11 और कक्षा 12 की पाठ्य पुस्तकों में निकट भविष्य में शुरू कर दिया जाएगा।

कार्यक्रम की समन्वयक वीना ठाकुर ने बताया कि सड़क सुरक्षा जागरूकता से संबंधित इसी तरह की सामग्री राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद कक्षा पांचवीं से दसवीं तक के छात्रों के लिए तैयार कर चुकी है, जिसका लाभ छात्र अध्ययन कर प्राप्त कर रहे हैं। यह पाठ्य सामग्री अंग्रेजी माध्यम में तैयार की जा रही है। उन्होंने बताया कि इन कक्षाओं में अंग्रेजी ही एक ऐसा विषय है जिसे कला, विज्ञान और कॉमर्स ग्रुपों के सभी छात्र पढ़ते हैं।

इस कार्यशाला में डॉ. अशोक गौतम, मनोज कुमार, डॉ. देवेंद्र शर्मा, रितु पुरी, डॉ. ईश्वर दास राही, रुचिता शर्मा, प्रियंका हितैषी, रजनीश कुमार, पवन कुमार, विजय कुमार व सुरेंद्र कुमार ने सामग्री तैयार करने में अपना योगदान दिया।

**सम्मान** | गोरखुवाला विद्यालय के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन

## गोरखुवाला विद्यालय के मेधावियों को किया पुरस्कृत



मेधावियों को पुरस्कृत करते मुख्य अतिथि किरनेश जंग।

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

आज हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक चौधरी किरनेश जंग राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोरखुवाला के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए। विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय राघव ने इस दौरान वार्षिक रिपोर्ट पढ़ कर सुनाई गई। स्कूली बच्चों के द्वारा भांगड़ा, गिद्दा, योगा, पहाड़ी नाटी, एकल गान, देश भक्ति पर आधारित नाटक पेश किए गए। मुख्यातिथि द्वारा होनहार बच्चों को प्राइज बांटे गए।

पूर्व विधायक ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। स्कूल की परीक्षाओं का समय भी अब आने वाला है। सब बच्चों ने अब खूब मेहनत करनी है। यही बच्चे हमारे इस क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। इन्हीं बच्चों में से कोई बड़ा नेता, डॉक्टर या इंजीनियर बनेगा, लेकिन हमें अपने युवा साथियों को नशे से बचाना है। नशे से बचाने के लिए हमें युवाओं को खेलों की ओर अग्रसर करना है। मंच संचालन का जिम्मा धनवीर सिंह और ममता नेगी ने सुंदर ढंग से संभाला। स्कूल प्रबंधन के द्वारा मुख्यातिथि को शाल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

इस मौके पर कांग्रेस के भगानी जोन अध्यक्ष प्रदीप चौहान, एससी सैल जिला उपाध्यक्ष दर्शन सिंह, युवा कांग्रेस अध्यक्ष मोहबब्त अली, एसएमसी एवं गोरखुवाला, उपप्रधान धनवीर सिंह, किशन ठाकुर, सालवाला प्रधान प्रेम सिंह, कमल चौधरी ने बतौर गेस्ट ऑफ ऑनर शिरकत की। कार्यक्रम में वीना ठाकुर, कृष्णा राय, सुमिंद्र ठाकुर, प्रदीप, मोनू, अंकुश, रोहित पुंडीर, करण, दिग्विजय ठाकुर, सुरेश तोमर व विशाल चौधरी आदि लोग मौजूद रहे।

### नघेता स्कूल के खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्तर पर चयन होने पर किया भव्य स्वागत



राष्ट्रीय स्तर पर चयनित खिलाड़ी अध्यापकों के साथ।

**पांवटा साहिब।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नघेता की पांच खिलाड़ियों का स्कूल प्रशासन एवं एसएमसी द्वारा स्वागत किया गया। गौरतलब है कि इस स्कूल की पांच खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ था। 14 वर्ष की आयु वर्ग में वैष्णवी पुंडीर, श्रेया पुंडीर एवं सीमा चौहान का राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन हुआ। 17 वर्ष की आयु वर्ग में समृद्धि तोमर का चयन कर्नाटक में होने वाली हाकी राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ और अंडर-19 आयु वर्ग में सुहानी पुंडीर का चयन हाकी प्रतियोगिता पंजाब जालंधर के लिए हुआ है। डीपीई राजेश चौहान ने बताया कि इन पांचों खिलाड़ियों ने न केवल नघेता स्कूल बल्कि पूरे आंजभोज एवं पूरे हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन किया है। स्कूल के प्रधानाचार्य कमल तोमर ने इन छात्रों के उज्जवल भविष्य के लिए इन्हें शुभकामनाएं दीं।

## प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में लगेगा रक्तदान शिविर

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

औद्योगिक क्षेत्र के प्रसिद्ध उद्योगपति क्योरटेक उद्योग परिसर में 22 जनवरी को 28वां रक्तदान शिविर आयोजित करेंगे। यह रक्तदान शिविर अयोध्या में 500 वर्षों के बाद श्रीरामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर लगाया जा रहा है।



स्व. प्रेमचंद सिंगला

सोशल वेलफेयर सोसायटी के अमित सिंगला और अग्रवाल संगठन हिमाचल प्रदेश के प्रधान सुमित सिंगला ने बताया कि 22 जनवरी को अयोध्या में 500 वर्षों के पश्चात श्रीरामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर क्योरटेक परिसर में 5100 दीये जलाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इसी दिन सोसायटी के संस्थापक सुमित सिंगला के स्वर्गीय पिता प्रेम चंद सिंगला की पुण्यतिथि है। उन्होंने बताया कि पीजीआई चंडीगढ़ में रक्त की कमी को पूरा करने के प्रयास के तहत रक्त एकत्रित किया जाएगा। पीजीआई चंडीगढ़ ट्राइसिटी अन्य अस्पतालों में ब्लड की भारी कमी को देखते हुए संस्था ने रोटरी क्लब के सहयोग से रक्तदान शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया है क्योंकि रक्तदान से बड़ा कोई महादान नहीं है।

उन्होंने स्थानीय उद्योगपतियों, अग्रवाल समाज, प्रशासनिक अधिकारियों, विभिन्न युवा संगठन के युवकों और महिलाओं से बढ़-चढ़कर रक्तदान शिविर में हिस्सा लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि रक्तदान शिविर में हिस्सा लेने को पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ व हिमाचल प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से रक्दाता पहुंच रहे हैं।

सोसायटी के प्रधान सुमित सिंगला ने कहा कि रक्दाताओं को सोसायटी द्वारा सम्मानित किया जाएगा। वह अउनके पिता प्रेम चंद सिंगला के बताए आदर्शों पर चलते हुए ऐसे सामाजिक कार्य भविष्य में आयोजित करते रहेंगे।

# पालमपुर में राजकीय सम्मान के साथ हुआ शहीद प्रवीण कुमार का अंतिम संस्कार

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

पालमपुर विधानसभा क्षेत्र के तहत ग्राम पंचायत द्रोगनु के गांव द्रोवी के शहीद प्रवीण कुमार (उम्र 32 साल) का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। प्रवीण कुमार अरुणाचल प्रदेश में ग्रीफ रेजिमेंट में तैनात थे गत दिनों सड़क हादसे में मौत हो गई थी।

शनिवार को उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में मुख्य संसदीय सचिव, शहरी विकास एवं शिक्षा आशीष बुटेल सहित सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य संसदीय सचिव आशीष बुटेल ने शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं भी व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की। शहीद प्रवीण कुमार अपने परिवार में पत्नी रिंपला देवी, पिता सोहन लाल, माता हिमा देवी, छह वर्षीय पुत्र रियांश तथा तीन वर्षीय बेटी आदविक तथा भाई गगन कपूर को पीछे छोड़ गए हैं।



श्मशानघाट में शहीद प्रवीण कुमार को श्रद्धांजलि देते हुए पालमपुर के विधायक आशीष बुटेल।



शहीद प्रवीण कुमार को सलामी देते हुए पुलिस के जवान।

## हादसे में हुए थे शहीद



**शहीद** का पार्थिव शरीर लेकर आए उसके साथी प्रकट सिंह ने बताया प्रवीण कुमार पिछले बुधवार को अपने तीन अन्य साथियों सहित सड़क पर गुजर रहा था तो एक तेज गति से आ रहे वाहन ने उनको टक्कर मार दी थी।

## धर्मशाला में पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी, युवकों को भेजा तीन दिन के रिमांड पर

# चिट्टे के साथ तीन किए अरेस्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



जिला के पुलिस थाना धर्मशाला सदर के तहत शुक्रवार देर रात की गई कारवाई के दौरान चिट्टे की खेप युवकों को पकड़ने में सफलता मिली है। जानकारी के अनुसार पुलिस थाना धर्मशाला के एएसआई विजय सिंह की अगुआई में पुलिस टीम ने तीन युवकों को चिट्टे की खेप के साथ गिरफ्तार किया है।

आरोपियों के कब्जे से 11.23 ग्राम चिट्टे की खेप बरामद करने के बाद तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी उक्त युवक चिट्टे की तस्करी के संलिप्त हैं तथा इसी के आधार पर पुलिस इनको दबोचने के लिए कचहरी चौक में मौजूद थी।

वहीं उक्त युवकों ने जब कचहरी चौक के पास हनुमान मंदिर के पास पुलिस के वाहन को देखा तो ये तीनों पार्किंग की ओर भाग गए।

पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए भागते हुए तीनों युवकों को काबू कर लिया तथा जब इनके बैग खंगाले गए तो उसमें से पॉलीथिन की पैंकिग में चिट्टा बरामद किया गया।



धर्मशाला में चिट्टे के साथ पकड़े आरोपी पुलिस टीम के साथ।

## चार-चार मामले हैं दर्ज

**आरोपियों** की पहचान सुधेड़ के विशाल पुत्र यशपाल, यूपी के सहारनपुर निवासी किशन पाल पुत्र बृजपाल तथा धर्मशाला के सिविल बाजार निवासी मोहित पुत्र गोपाल दास के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार स्थानीय युवक सिविल बाजार निवासी मोहित तथा यूपी के सहारनपुर निवासी किशन पाल के खिलाफ चिट्टा तस्करी के पहले भी धर्मशाला पुलस थाना में चार-चार मामले दर्ज हुए हैं। इसके चलते दोनों की गतिविधियों पर पुलिस की पैनी नजर पहले से थी। वहीं शुक्रवार को थाना सदर के एएसआई विजय सिंह की अगुवाई में पुलिस ने दबिश देकर तीनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। शनिवार को तीनों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया जहां से कोर्ट ने तीनों युवकों को 3 दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। उधर, एएसपी वीर बहादुर ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस तीनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कारवाई कर रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### किसानों को दिया मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण

**धर्मशाला।** बागवानी विभाग द्वारा मशरूम डेवलपमेंट प्रोजेक्ट पालमपुर में किसानों को मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण दिया गया। शनिवार को प्रशिक्षण शिविर के समापन पर उपनिदेशक डॉक्टर कमलशील नेगी ने किसानों को मशरूम विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में किसानों को विस्तार से बताया। उन्होंने ने कहा कि किसान मशरूम की खेती से अपनी आय में वृद्धि कर सकते है और एक पौष्टिक आहार किसान अपने परिवार को उपलब्ध करवा सकते हैं। इस अवसर पर बागवानी विभाग द्वारा मशरूम की विभिन्न प्रजातियों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। इस प्रशिक्षण शिविर में 19 किसानों ने भाग लिया।

### किशोरी लाल ने संवारा शिव मंदिर बैजनाथ

**बैजनाथ।** मुख्य संसदीय सचिव एवं बैजनाथ के विधायक किशोरी लाल ने स्वच्छता अभियान के तहत आज ऐतिहासिक शिव मंदिर बैजनाथ तथा इसके आसपास के इलाकों में सफाई की। उन्होंने कहा कि मैं बाबा बैजनाथ का अनन्य भक्त हूं और मैं प्रतिदिन इस मंदिर में आता हूं। मैंने देखा कि मंदिर परिसर में धूल मिट्टी बहुत ज्यादा पड़ी हुई है इसे साफ करना जरूरी है। धूल मिट्टी हटाने के बाद मंदिर परिसर को अच्छी तरह पानी से साफ भी किया गया। इस दौरान उन्होंने भगवान राम को भी याद करते हुए कहा कि उन्होंने भोले शंकर की आराधना की थी। उन्होंने कहा कि कण-कण में श्री राम बसते हैं और सबके मलिक त्रिलोकी नाथ बैजनाथ में विराजमान है।

### नयनादेवी के विधायक पर कसे तंज

**नूरपुर।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सुदर्शन शर्मा ने कहा कि भाजपा के विधायक रणधीर शर्मा द्वारा सरकार गांव के दरबार कार्यक्रम पर तंज कसना एक हास्यास्पद बयान है। क्योंकि पूर्व बीजेपी सरकार का जनमंच कार्यक्रम में अक्सर इनके मंत्री, विधायक आम जनमानस की दिक्कतों का समाधान करने में तो असफल रहे। साथ में कर्मचारी, अधिकारी वर्ग को बेइज्जत करते रहे। यह बात आज प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सुदर्शन शर्मा ने जसूर में नयनादेवी क्षेत्र के विधायक रणधीर शर्मा की टिपणी पर उत्तर देते हुए पत्रकारों को संबोधित किया।

### सरकार से फंड जमा करवाने की उठाई मांग

**जयसिंहपुर।** लगभग डेढ़ दशक पहले हिमाचल प्रदेश के जिला कांगड़ा में केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना हुई थी। हिमाचल प्रदेश से केंद्रीय विश्वविद्यालय में अध्ययन करने की इच्छा रखने वाले शिक्षार्थियों, शोधकर्ताओं को कांगड़ा में ही अध्ययन करने की बड़ी सुविधा मिली थी। किसान नेता एवं समाज सेवी मनजीत डोगरा ने कहा कि यह बहुत बड़ी विडंबना है की स्थापना के समय से ही विश्वविद्यालय निर्माण को लेकर राजनीतिक विवाद तथा राजनीतिक खींचातानी होती रही है। अतः मंजीत डोगरा ने जिला कांगड़ा मुख्यालय धर्मशाला में जिला की प्रबुद्ध जनता तथा समाजसेवी संस्थाओं के द्वारा चलाए जा रहे आंदोलन को अपना समर्थन देते हुए कहा है की प्रदेश सरकार 30 करोड़ की धनराशि जो जमा करना अपेक्षित है, तुरंत जमा करवाने की सरकार से मांग की है।

## रक्कड़ में लाखों के गहने चोरी

**धर्मशाला।** जिला के पुलिस थाना रक्कड़ के तहत लाखों रुपए की चोरी का मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार नगरोटा नाहन निवासी आंचल शर्मा ने पुलिस थाना में दर्ज करवाई अपनी शिकायत में बताया कि शुक्रवार रात को अज्ञात चोरों ने उसके घर के मुख्य द्वार को तोड़ कर घर से सोने, चांदी व कांस्य के आभूषण चोरी कर लिए। चोरी की इस घटना में करीब डेढ़ लाख रुपए के गहने चोरी हुए हैं। उधर, घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने साक्ष्य जुटा कर छानबीन शुरू कर दी है। उधर, मामले की पुष्टि करते हुए धर्मशाला स्थित एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने बताया कि पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर कारवाई शुरू कर दी है।

# घर में पति की मौत पर पत्नी ने जताया हत्या का शक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

जिला के पुलिस थाना कांगड़ा के तहत एक 35 वर्षीय व्यक्ति की मौत का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार दौलतपुर का रहने वाला गुरुबचन पुत्र राजेश कुमार अपनी बारबर शॉप चलाता था। वो काफी दिन से लीवर से संबंधित बीमारी से ग्रस्त था तो वहीं शुक्रवार रात को बीमारी के चलते उसकी घर में ही मौत हो गई।

बताते चलें कि मृतक के दो बच्चे हैं तथा उसकी पत्नी शाहपुर स्थित मायके में रह रही थी। जब उसकी पत्नी को पति की मौत का पता चला तो उसने हत्या का शक जताया। इसके बाद मृतक की पत्नी ससुराल पहुंची तथा बाद में मृतक का पत्नी के शक जताए जाने के बाद पोस्टमार्टम करवाया गया। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कुछ भी संदिग्ध नहीं पाया गया। उधर, मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा ने बताया कि मृतक की पत्नी की ओर से जताए गए शक के बाद मृतक का पोस्टमार्टम करवाया गया तथा आरंभिक तौर पर हत्या जैसा कुछ भी नहीं पाया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

## मायके में रहती थी मृतक की पत्नी

**बताते** चलें कि मृतक के दो बच्चे हैं तथा उसकी पत्नी शाहपुर स्थित मायके में रह रही थी। जब उसकी पत्नी को पति की मौत का पता चला तो उसने हत्या का शक जताया। इसके बाद मृतक की पत्नी ससुराल पहुंची तथा बाद में मृतक का पत्नी के शक जताए जाने के बाद पोस्टमार्टम करवाया गया।

# 762 स्कूलों को मिलेगी सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी की बेहतर सुविधाएं : आशीष बुटेल

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

शिक्षा में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के उपयोग और गुणवत्ता सुधारने के लिए राज्य के 762 स्कूलों में आवश्यक हार्डवेयर तथा सॉफ्टवेयर उपलब्ध करवाया जाएगा, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर सुविधा मिल सके।

यह जानकारी संसदीय सचिव आशीष बुटेल ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लाहला के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि अपने संबोधन में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में लाइब्रेरी रूमस स्थापित किए जाएंगे।



इसके साथ ही दस हजार मेधावी छात्रों को टैबलेट्स दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का मुख्य ध्येय वर्तमान शैक्षणिक संस्थानों के आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करना है जिससे विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा सके। उन्होंने छात्रों से विद्यार्थी जीवन का आनंद लेने के साथ-साथ जीवन में निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए परिश्रम करने का आह्वान भी किया। सीपीएस ने स्कूल में दो कमरे और परीक्षा भवन बनाने तथा स्कूल के खेल के मैदान के लिए दस लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने कुठेड़ा महिला मंडल भवन के निर्माण कार्य को पूरा करने के लिए दो लाख रुपए देने की घोषणा की।

सीपीएस ने इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों को शैक्षणिक एवं खेलकूद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए सम्मानित किया। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों को 21 हजार रुपए देने की घोषणा की। इससे पहले स्कूल की प्रधानाचार्य राजेश कुमार ने मुख्यातिथि का स्वागत किया और स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष त्रिलोक चंद, एसएमसी के प्रधान, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष मदन दिक्षित, कमला, नंद लाल, बीडीसी सदस्य रविंद्र, आशीष, विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, अध्यापक, छात्र, अभिभावक एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों सहित क्षेत्र के अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# केवल पठानिया ने रैत स्कूल को दी बॉक्सिंग रिंग की सौगात



सीनियर सेकेंडरी स्कूल रैत में बना बॉक्सिंग रिंग

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

बच्चों में खेल भावना को प्रेरित करने के लिए शाहपुर के लोकप्रिय विधायक केवल सिंह पठानिया हमेशा तत्पर रहते है।

हाल ही में राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता जोकि रैत स्कूल में आयोजित हुई। उसमें माननीय विधायक द्वारा स्कूल को बॉक्सिंग रिंग देने की घोषणा की गई थी। घोषणा के अनुरूप बिना बिलंव के स्कूल को बॉक्सिंग रिंग से सुसज्जित किया गया। इससे पूर्व भी विधायक के प्रयासों से स्कूल को कबड्डी मैट उपलब्ध करवाई है। यह प्रयास केवल सिंह पठानिया की खेल भावना को दर्शाते है। प्रधानाचार्य स्कूल प्रबंधन समिति, स्टाफ व सभी बच्चे इस सहयोग के लिए केवल सिंह पठानिया का तहदिल से आभार प्रकट किया है।

## कांगड़ा में गूंजा जय श्रीराम

**कांगड़ा।** प्रभु राम की नगरी अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष में कांगड़ा में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। ये शोभायात्रा कांगड़ा के वीरता तारा मंदिर से बस स्टैंड, तहसील चौक, नेहरू चौक, कॉलेज रोड होती हुई समापन स्थल नगर परिषद मैदान पहुंची। इस दौरान एवं दुकानदारों, राहगीरों ने शोभायात्रा का फूलों से स्वागत किया गया तथा विभिन्न स्थानों पर भंडारों का आयोजन भी किया गया। शोभा यात्रा में रथ में सवार होकर भगवान राम परिवार का कलाकारों द्वारा अभिनय किया गया। रामभक्तों के जय श्रीराम के जयकारों से कांगड़ा गूंज उठा। कई जगह महिलाओं ने भगवान श्रीराम की आरती उतारी गई। इस दौरान आतिशबाजी कर अयोध्या में होने जा रही रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का जशन मनाया गया। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा आयोजन समिति द्वारा भव्य शोभायात्रा का आयोजन कर समापन स्थल नगर परिषद कांगड़ा मैदान में विभिन्न झांकियां एवं गायकों द्वारा प्रभु श्रीराम का गुणगान किया गया।

# भाजयुमो के धार क्षेत्र में दीवार लेखन का काम किया शुरू



जयसिंहपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के आह्वान पर भारतीय जनता युवा मोर्चा जयसिंहपुर ने धार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी बूथों पर दीवार लेखन का कार्य प्रारंभ किया। इस अवसर पर विशेष रूप से जयसिंहपुर के पूर्व विधायक व प्रदेश कार्य समिति के सदस्य रविंद्र धीमान जयसिंहपुर, युवा मोर्चा मंडल के अध्यक्ष शिवा कटोच उपस्थित रहे। साथ ही उन्होंने 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा व 25 जनवरी को होने वाले युवा मतदाता सम्मेलन के लिए युवाओं से विस्तारपूर्वक चर्चा की।

## गरली में हिम आईकॉन अपार्ट कार्यक्रम आज

**गरली।** हिम जागृति मंच अगामी 21 जनवरी को जिला कांगड़ा स्थित उपमंडल देहरा के अंतर्गत केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय वेदव्यास परिसर बलाहर गरली में हिम आईकॉन अपार्ट का विशाल आयोजन करने जा रहा है। वहीं, इस दौरान जागृति मंच हिमाचल भर की उन 20 नामी हस्तियों को हिम आईकॉन अवॉर्ड से सम्मानित करेगा, जिन्होंने नेक कार्य करके एक नया रुतबा हासिल किया है। जानकारी देते हुए जागृति मंच की चेयरमैन मंजु जसवाल ने बताया कि इस कार्यक्रम में देवभूमि के होनहार उभरते हुए चाइल्ड को भी मंच द्वारा अवॉर्ड दिए जाएंगे। मंजु जसवाल ने कहा कि आईकॉन अवॉर्ड 21 जनवरी को केंद्रीय संस्कृत यूनिवर्सिटी बलाहर देहरा में हो रहा है। इसमें मुख्य तौर पर डॉक्टर ज्योतिष्ण जैन के आलावा हिमाचल भर के लोक प्रिय पहाड़ी गायक सुनील राणा आदि शामिल रहे।

# भनाला-गोरड़ा में पेयजल सुविधा पर खर्च होंगे 2.42 करोड़ रुपए



सिंचाई कूहल के कार्य निर्माण का शुभारंभ करते एमएलए केवल पठानिया।

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

विधायक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि भनाला गोरड़ा के साथ लगते क्षेत्रों में पेयजल की बेहतर सुविधा पर दो करोड़ 42 लाख खर्च किए जाएंगे, ताकि लोगों को किसी भी तरह की असुविधा नहीं हो। शनिवार को भनाला पंचायत में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनने के उपरांत कहा कि भनाला पंचायत सिंचाई के कूहल का निर्माण करवाया गया है। अब हटली, मंझगरा, भनियार की पंचायतों के लिए कूहलों का निर्माण किया जाएगा, ताकि किसानों को सिंचाई की बेहतर सुविधा मिल सके।

विधायक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि शाहपुर के समग्र विकास सुनिश्चित किया जाएगा तथा लोगों की समस्याओं का भी त्वरित निदान सुनिश्चित करने के लिए कारगर कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि चुनावों के दौरान जो वादे किए गए थे। उनको पूरा किया जाएगा तथा राज्य सरकार मुख्यमंत्र सुखविंद्र सिंह सुक्खू के मागदर्शन में सभी गारंटियों को चरणबद्ध तरीके से पूरा कर रही है, ताकि लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि भनाला की बिजली की लो वोल्टेज की समस्या को दूर करने के लिए ट्रांसफार्मर लगाया जाएगा। रसोई गैस की गाड़ी को भी भनाला तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए हैं तथा पशुपालन डिस्पेंसरी भी खोली जाएगी। इस अवसर पर उप मंडल अधिकारी करतार चंद, लोकनिर्माण विभाग अधिशाषी अभियंता अंकज सूद, जल शक्ति विभाग अधिशाषी अभियंता अमित डोगरा, तहसील दार राकेश कुमार, बिजली बोर्ड के एसडीओ विक्रम शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## 48 घंटे में करवाई स्थापित ईसीएच में डेंटल चेयर

**शाहपुर।** ईसीएच शाहपुर में डेंटल क्लीनिक में 48 घंटे के भीतर डेंटल चेयर स्थापित कर शनिवार को स्थानीय विधायक केवल सिंह पठानिया ने विधिवत उद्घाटन किया। इस से पूर्व उन्होंने ईसीएच भूतपूर्व सैनिक अंशदाई स्वास्थ्य योजना परिसर में एक लाख 90 हजार रुपए से निर्मित किए गए सार्वजनिक रास्ते का लोकार्पण भी किया।

**बैठक** | राजीव गांधी राजकीय स्नातकोत्तर आयुर्वेदिक महाविद्यालय पपरोला में बैठक के दौरान बोले मंत्री यादविंद्र गोमा

# अस्पतालों में मरीजों को मिलेगी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा ने राजीव गांधी राजकीय स्नातकोत्तर आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं अस्पताल पपरोला की रोगी कल्याण समिति की गवर्निंग बॉडी की बैठक की अध्यक्षता की।

बैठक में मुख्य संसदीय सचिव कृषि सचिव, पशुपालन, पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास किशोरी लाल और निदेशक, आयुष विनय कुमार विशेष रूप में उपस्थित रहे। यादविंद्र गोमा ने कहा कि राजीव गांधी राजकीय स्नातकोत्तर आयुवैदिक महाविद्यालय एवं अस्पताल पपरोला, प्रदेश का महत्वपूर्ण स्वास्थ्य संस्थान है जहां प्रतिदिन उपचार के लिए सैकड़ों लोगों की आवाजाही होती है। उन्होंने कहा कि संस्थान में मरीजों को उपचार के लिए बेहतर और आधुनिक सुविधाओं को उपलब्ध करवाने के लिए सरकार बचनबद्ध है। उन्होंने कहा कि संस्थान के सौंदर्यीकरण के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय की दूसरी एंट्रेंस पर भी लाइट्स वाला गेट लगवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अस्पताल के पुराने भवन की रिपेयर के लिए साढ़े 52 लाख तथा अस्पताल शौचालयों की रिपेयर के लिए लगभग 12 लाख खर्च किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अस्पताल परिसर में दो हाई मास्ट सोलर लाइट्स लगाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि अस्पताल परिसर के सभी पुराने बल्बों के स्थान पर एलईडी लाइट्स लगवाने के निर्देश दिए। उन्होंने चरणबद्ध तरीके से वार्ड्स में पर्दे इत्यादि लगवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल कैंपस की सड़कों की भी टॉरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल के परिसर पार्किंग में पेवर कार्य की स्वीकृति दे दी गई। उन्होंने कहा कि संस्थान में स्थापित ऑक्सीजन प्लांट को चलाने के लिये ट्रांसफर लगवा दिया जाएगा, ताकि इस प्लांट को सुचारू रूप में चलाया जा सके। उन्होंने कहा कि संस्थान में पीपीपी मोड पर सिटी स्कैन, लैब और एक्स-रे सुविधा को 24 घंटे चलाने के लिए सरकार को प्रस्ताव भेजा जायेगा, ताकि लोगों को टेस्ट इत्यादि की सुविधा उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि संस्थान के लिए ग्रांट इन ऐड का मामला मुख्यमंत्री के समक्ष रखेंगे।



पपरोला अस्पताल में पहुंचने पर आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा का स्वागत करते चिकित्सक व अन्य।

उन्होंने कहा कि अस्पताल परिसर में मंत्री, स्थानीय विधायक, सचिव, निदेशक, प्रिंसिपल और एमएस के फोन नंबर बोर्ड में अंकित करने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी असुविधा की स्थिति में लोग सीधे संपर्क कर सकें। मुख्य संसदीय सचिव, किशोरी लाल ने कहा कि राजीव गांधी राजकीय स्नातकोत्तर आयुवैदिक महाविद्यालय एवं अस्पताल पपरोला ऐसा संस्थान है जहाँ से सैकड़ों चिकित्सक देश को दिये हैं। उन्होंने कहा कि संस्थान में मरीजों को बेहतर सुविधाएं मिलें इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

बैठक में रविंद्र बिट्ठू, अनुराग शर्मा, रविंद्र राव, आरकेएस सदस्य अंकित सूद, एसडीएम देवी चंद ठाकुर, डीएसपी पूर्ण चंद, प्रधानाचार्य डॉक्टर विजय चौधरी, डॉ. बृज नंदन, ओएसडी सुनीत पठानिया, लोकिंदर ठाकुर, कांटा देवी देवी, सत्या सैनी, सहित रोगी कल्याण समिति के सरकारी और गैर सरकारी सदस्य उपस्थित रहे। इससे पहले आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा का मेडिकल कॉलेज पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। मंत्री ने इस अवसर पर अस्पताल परिसर में भगवान धन्वंतरी के मंदिर का उद्घाटन किया और पूजा-अर्चना की। मंत्री ने इस अवसर पर अस्पताल का दौरा किया और लोगों का कुशलक्षेम जाना। इस अवसर पर प्रशिक्षु चिकित्सकों, कॉलेज स्टाफ तथा चिकित्सकों के प्रतिनिधिमंडल अपनी मांगों को लेकर मंत्री से मिले।

## न्यूज ब्रीफ

### प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम पर लोगों को किया आमंत्रित

**नगरोटा बगवां।** शुक्रवार को पंचायत मोहालकड़ में अयोध्या से आए पवित्र अक्षत वितरण करते जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा अभिनय भाटिया, सुनील वर्मा, सुदर्शन दीक्षित 22 जनवरी को अयोध्या में हो रहे प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को प्रत्येक परिवार अपने घर में अपने-अपने टीवी चैनल के माध्यम से देखें व घरों में घी के दीपक जला दीपावली का वातावरण बनाएं जय श्रीराम की।

### डॉक्टर विश्वजीत सिंह ने संभाला कार्यभार



प्राचार्य का पदभार ग्रहण करने डॉक्टर विश्वजीत सिंह का स्वागत करते हुए।

**शाहपुर।** राजकीय महाविद्यालय शाहपुर में शनिवार डॉक्टर विश्वजीत सिंह ने प्राचार्य का पदभार ग्रहण किया। पूर्व में वे शाहपुर महाविद्यालय में सह आचार्य राजनीति शास्त्र रहे तथा वर्तमान में प्राचार्य नूरपुर महाविद्यालय में अपनी सेवाएं दे रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि यह उनके अपने गृहक्षेत्र का महाविद्यालय है जिसे वे प्रदेश में उच्च शिखर पर पहुंचाने के लिए प्रयास करेंगे। इस अवसर पर उनकी माता, धर्मपत्नी, बेटा- बेटी, सहायक आचार्य डॉक्टर केशव कौशल, सुपरिंटेंडेंट-एक राजेश वर्मा, सुपरिंटेंडेंट -दो कपिल कुमार, सुनील, श्याम व गैर शिक्षक वर्ग ने उन्हें पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया।

### लखदाता सांबा ढाटी छिंज मेले का आगाज



लखदाता सांबा ढाटी मेले का स्वागत करते हुए मेला कमेटी के सदस्य।

**डरोह।** शनिवार को लखदाता सांबा ढाटी मेला कमेटी ने हवन-यज्ञ का आयोजन किया। इसमें तमाम गांव वासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अंत में पूर्ण आहुति दी गई। हवन-यज्ञ के बाद लंगर अटूट बरताया गया। तदोपरांत छोटे बच्चों की कुश्ती का आयोजन भी किया गया। इसके साथ ही आज शनिवार से 10 से 12 अप्रैल तक होने वाले सांबा ढाटी छिंज मेले का आगाज हो गया। इस मेले की बड़ी माली के मुख्यातिथि सुलह विधानसभा क्षेत्र के विधायक विपिन सिंह परमार होंगे। उन्होंने गत वर्ष छिंज मेले की बड़ी माली के लिए 71,000 रुपए देने की घोषणा की थी।

### हलेड़ में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम आज

**जयसिंहपुर।** जयसिंहपुर विस क्षेत्र के तहत हलेड़ पंचायत में 21 जनवरी को आयुष एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा की अध्यक्षता में आयोजित हो रहे सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए उपमंडल के समस्त विभागाध्यक्षों की बैठक एसडीएम कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम संजीव ठाकुर ने की। बैठक को संबोधित करते हुए एसडीएम संजीव ठाकुर ने बताया कि हलेड़ में 21 जनवरी को आयोजित होने वाले जनमंच में जयसिंहपुर विस की 16 पंचायतें कवर होंगी। एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वो इस कार्यक्रम की जानकारी सभी लाभार्थियों को दें।

### परागपुर में कल होगा अखंड रामायण का आयोजन

**परागपुर।** श्री रामलला विराजमान महापर्व 2024 का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया जा रहा है। 22 जनवरी के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए वीरव्रत शर्मा परिवार परागपुर में अखंड रामायण का आयोजन व श्रीराम भजन संकीर्तन, श्री रामभजन प्रतियोगिता एवम आध्यात्मिक भारत के निर्माण में युवायों की भूमिका पर एक विद्वतजन संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। श्याम कुमार ने बताया कि इसी दिन परिवार की ओर से एक सामाजिक संस्था का गठन किया जाएगा, साथ की बैंक में परिवार की ओर से एक खाता खोला जाएगा, जिसमें परिवार के सदस्य अपना योगदान जनहित के उद्देश्य से कर सकेंगे।

### डीआर पब्लिक स्कूल में बैठक आज

**गरली।** देहरा उपमंडल भूतपूर्व अर्द्ध सैनिक बल कल्याण एसोसिएशन की एक विशेष बैठक अगामी 21 जनवरी को डीआर पब्लिक स्कूल नैहरनपुखर में आयोजित होगी। एक्स पैरामिलिट्री वेलफेयर उपमंडल देहरा महासचिव अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि इस मीटिंग में जहां राज्यस्तरीय कल्याण बोर्ड की सदस्यता के फार्म की रजिस्ट्रेशन के फार्म एवं सीजीएचएस कार्ड के समाधान हेतु विचार- विमर्श किया जाएगा। वहीं, एक्स पैरामिलिट्री के सैनिकों या उनके परिजनों को आ रही समस्याओ पर मथन किया जाएगा।

### 8100 रुपए आर्थिक सहायता प्रदान की

**नगरोटा बगवां।** राष्ट्रीय हिंदू शक्ति संगठन नगरोटा बगवां कांगड़ा जिले के अध्यक्ष गुरवंश सपहिया तथा उनके साथ पदाधिकारियों में रतन धनोटिया, हरनाम सिंह, राकेश शर्मा, शांति, स्वरूप सेठी, विजय सूद, ब्रमा नंद, ओम प्रकाश के सहयोग से पिंकी देवी की बेटी वैसू कबाड़ी निवासी जो पिछले साल से बीमारी से पीड़ित हैं। उन्हें पेट में इन्फेक्शन है। इस की आर्थिक सहायता 8100 रुपए की दिए।

### 'सहयोग' ने राम काज समिति को दी राशि



सहयोग महिला मंडल की सदस्य 11291 रुपए की राशि प्रदान करते हुए।

**नगरोटा बगवां।** सहयोग महिला मंडल नगरोटा बगवां ने राम काज समिति को उनके कार्यों के लिए सहयोग राशि प्रदान की। सहयोग महिला मंडल की प्रधान संजना भंडारी व उपप्रधान अनिता शर्मा की अगुआई में संस्था की सदस्यों आशा भनोट, सीमा, रजनी, सविता, नीरू, सुजाता, बाला गुप्ता, उषा गुप्ता, सुरेश, रश्मि सूरी, कांता शर्मा, मोनू शर्मा, सुरेखा जमवाल, छाया खोसला, अंजु खोसला, विनोदा, सुजाता भनोट, पूजा, सुदेश श्रिया, राधिका महाजन, सपना पूरी, सुलोचना, शवू, वंशज, विपिन आदि ने 11201 रुपए की धन राशि अपनी स्वच्छा से समिति को दी।



कांगड़ा। शनिवार को कांगड़ा में भारी धुंध के कारण अधिकतर लोग अपने घरों में रहने को मजबूर हो गए। कई जगह बाजारों में रौनक भी कम रही। लोग बाजारों में ठंड के बचने के लिए आग का सहारा ले रहे हैं।

---

### कचहरी चौक में केंद्रीय विश्वविद्यालय के मामले को लेकर घेरी कांग्रेस सरकार

# जाग सुक्खुआ जगाने वाले आ गए

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

धर्मशाला के कचहरी चौक में सांकेतिक कर्मिक धरने के तीसरे दिन शनिवार को सकोली व पटोला की महिलाओं ने नारेबाजी तथा गाने गाकर अपना विरोध जारी रखा।

प्रदर्शन कर रहे लोगों ने सरकार से आग्रह किया की हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय परिसर के निर्माण हेतु अविलंब 30 करोड़ जमा करके उनके बच्चों के भविष्य को उज्ज्वल बनाने में अपना सहयोग करें। अतुल भारद्वाज ने बताया की सांकेतिक धरना क्रमिक धरने में परिवर्तित हो चुका है। पहाड़ी गीत जाग सुक्खुआ जगाने वाले आ गए गाकर सरकार की कुंभकर्णी नींद को तोड़ने का प्रयास किया। वहीं, अतुल भारद्वाज ने बताया कि रविवार को धरने पर पेंशनर व वार्ड नंबर-तीन बल्ला की महिलाएं धरने पर बैठेंगी। शनिवार को धरने पर पवना रुकवाल, रेखा देवी, निशा, दर्शना, सरोज, वंदना, लता, रीना, नीतू, उर्मिला, रजनी, विशनी, रचना देवी, नीजू, आशु ,सलोचना, दयावंती, कुसुमलता, राजबाला, कुसुमा देवी, सपना, सत्यवती, शकुंतला, तृप्ता, सावित्री, कल्पना आदि शामिल रही।

**30** करोड़ रुपए जमा न करवाने पर लोगों ने सरकार के खिलाफ जमकर की नारेबाजी। जल्द मांगा समस्या का समाधान।

#### पहाड़ी गाना गाकर किया प्रदर्शन

**समाजसेवी** अतुल भारद्वाज ने बताया की सांकेतिक धरना क्रमिक धरने में परिवर्तित हो चुका है। पहाड़ी गीत जाग सुक्खुआ जगाने वाले आ गए गाकर सरकार की कुंभकर्णी नींद को तोड़ने का प्रयास किया।



केंद्रीय विश्वविद्यालय परिसर मामले को लेकर गाना गाकर प्रदर्शन करती महिलाएं।

## मादक द्रव्यों के इस्तेमाल को कम करने को गुरुकुल स्कूल में चलेगा अभियान



गुरुकुल स्कूल सदवा।

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

गुरुकुल पब्लिक स्कूल सदवा नूरपुर में सरकार द्वारा चलाई गई मादक द्रव्यों के इस्तेमाल को घटाने के लिए राष्ट्रीय कार्य योजना के कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जो कि डायरेक्टर ऑफ हायर एजुकेशन शिमला द्वारा प्रस्तावित है।

यह जागरूकता कार्यक्रम नवचेतना एक गुंजन संस्थान द्वारा 24 सरकारी तथा गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों में जिला कांगड़ा क्षेत्र में करवाना तह हुआ है। इसमें गुरुकुल पब्लिक स्कूल सदवा नूरपुर में 23 जनवरी से 27 जनवरी तक जागरूक अभियान चलाया जाएगा। इसमें स्कूल के निकटवर्ती क्षेत्र से 11 से 18 वर्ष के बच्चें व उनके अभिभावक इस कार्यक्रम में भाग ले सकते हैं नवचेतना कार्यक्रम राज्य शिक्षा विभाग द्वारा राज्य सामाजिक, कल्याण व नोडल विभाग के सहयोग से करना तय हुआ है। इसमें स्वास्थ्य संबंधी पाठ्यक्रम, जीवन, कौशल कार्यक्रम, नशा संबंधी जानकारी दी जाएगी।

प्रशिक्षण के लिए प्रशिक्षण प्रमुख कार्यकर्ता इस प्रकार के कार्यक्रम से क्षेत्र में बढ़ रहे नशे के प्रभाव को खत्म किया जा सकता है जिसके लिए सबका सहयोग होना अति आवश्यक है।

## जसवां परागपुर की हर मांग को पूरा कर गए सीएम सुक्खू

**अनंत ज्ञान, गरली**



प्रदेश मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू अपने सुसराल के विधानसभा क्षेत्र जसवां परागपुर को सौगातें देकर मालामाल कर गए। पूर्व कामगार एवं कर्मचारी कल्याण बोर्ड के वाइस चेयरमैन सुरेंद्र सिंह मनकोटिया ने सीएम के सामने जा भी मांग रखी उस पर मुहर लगाते चले गए।

जसवां परागपुर विधानसभा क्षेत्र के एकदिवसीय दौरे पर मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू पहुंचे थे। इस पर कांग्रेसी नेता सुरेंद्र सिंह मनकोटिया ने जसवां परागपुर व डाडासीबा के लिए काफी मांगें रखी थी। इसमें डाडासीबा को पुलिस स्टेशन बनाने और कॉलेज में बीसीए क्लासेस शुरू करने व कॉलेज और मिनी सचिवालय की बिल्डिंग के लिए एक-एक करोड़ रुपए की घोषणा हुई। इसके साथ ही मनकोटिया ने एसडीएम कार्यालय व ब्लॉक खोलने के लिए मांग की थी सीएम ने तीन मांगों पर मोहर लगा दी। इसमें डाडासीबा व्यापार मंडल के प्रधान राजेंद्र सिंह गोगा पंचायत प्रधान डाडासीबा के प्रधान परमेश्वरी दास, प्रवीण मेहता, कृष्ण दत्त शर्मा, रितेश शर्मा, गुरमीत सिंह, राकेश कुमार, राजेंद्र सिंह, सूरज सिंह, प्रदीप कुमार व सतीश कुमार ने सीएम का धन्यवाद सहित आभार व्यक्त किया है।



डाडासीबा। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के परागपुर दौरे में जल शक्ति विभाग जसवां परागपुर ने अपनी प्रदर्शनी लगाई। इसमें कर्मचारियों ने पानी के टेस्टिंग के बारे में मुख्यमंत्री को बताया। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदर्शनी का खुद दौरा किया व जल शक्ति विभाग के सभी कर्मचारियों की बात सुनी तथा लोगों को पानी की अच्छी गुणवत्ता देने की बात कही।

#### कॉलेज में मिनी सचिवालय बिल्डिंग बनाने पर खुश डाडासीबा के लोग

**डाडासीबा।** जसवां परागपुर विधानसभा क्षेत्र के एकदिवसीय दौरे पर मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू पहुंचे थे। इस पर पूर्व कामगार एवं कर्मचारी कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष ठाकुर सुरेंद्र सिंह मनकोटिया ने जसवां परागपुर व डाडासीबा के लिए काफी मागे रखी थी। इसमें डाडासीबा को पुलिस स्टेशन व बाबा कांशी राम कॉलेज में बीबीए, बीसीए की कक्षा शुरू करने व कॉलेज और मिनी सचिवालय की बिल्डिंग के लिए एक-एक करोड़ रुपए की घोषणा हुई । इस विषय पर डाडासीबा की स्थानीय जनता जिसमें डाडासीबा व्यापार मंडल के प्रधान राजेंद्र सिंह गोगा, पंचायत प्रधान डाडासीबा के प्रधान परमेश्वरी दास, प्रवीण मेहता, कृष्ण दत्त शर्मा, रितेश शर्मा, गुरमीत सिंह, राकेश कुमार, राजेंद्र सिंह, सूरज सिंह, प्रदीप कुमार व सतीश कुमार इत्यादि ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू एवं पूर्व कामगार एवं कर्मचारी कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष ठाकुर सुरेंद्र सिंह मनकोटिया का धन्यवाद सहित आभार व्यक्त किया है।

### श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में की सफाई

**शाहपुरकंडी।** अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे देश में लोगों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। वहीं श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में भी इस दिन के उपलक्ष में साफ-सफाई व अन्य धार्मिक कार्यक्रम करवाने के लिए लगातार तैयारी चल रही है। इसके चलते आज मंदिर पर भगवान श्री राम के अयोध्या आगमन को लेकर भगवा लहराया गया इस संबंध में जानकारी देते हुए श्री सनातन धर्म सभा शाहपुरकंडी टाउनशिप के अध्यक्ष शिव प्रकाश धीमान ने बताया कि श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर शाहपुरकंडी में भी 22 जनवरी के कार्यक्रम को लेकर तैयारी पूरी जोरों पर है। इसके उपलक्ष में आज मंदिर के गुमद पर भगवान श्री राम के आगमन को लेकर भगवा झंडा लहराया गया। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को मंदिर प्रांगण में कई धार्मिक कार्यक्रम करवाए जाएंगे। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज शर्मा, महासचिव सुरजीत सिंह, ध्यान सिंह आदि मौजूद रहे।

### सोनाली कौंडल ने पास की यूजीसी की परीक्षा



**बैजनाथ।** कुमारी सोनाली कौंडल पुत्री विजय कुमार कौंडल जो की बैजनाथ के उस्तेहड़ गांव की रहने वाली हैं ने हाल ही में हुई यूजीसी की नेट परीक्षा फॉरेंसिक साइंस और क्रिमिनोलॉजी में उत्तीर्ण की है। सोनाली कौंडल ने यह परीक्षा उत्तीर्ण करके पूरे भारत में बैजनाथ व अपने गांव का नाम रोशन किया है। सोनाली कोंडल ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा बैजनाथ के ही भारतीय विद्यापीठ विद्यालय से की है। वह अपनी कामयाबी का श्रेय अपने गुरुजनों व अपने परिवार को देती है। उन्होंने कहा कि इस परीक्षा को उत्तीर्ण करने में डॉक्टर श्वेता शर्मा जो कि पंजाब यूनिवर्सिटी में फॉरेंसिक साइंस की अध्यापिका है। इस सफलता के लिए सभी का तहदिल से धन्यवाद किया है।

## प्रदेश में स्थापित होंगी उत्कृष्ट पाठशालाएं : यादविंद्र गोमा

**अजय पाल, पंचरुखी**

आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री, यादविंद्र गोमा ने हिम पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल पहाड़ा के वार्षिक उत्सव में मुख्यातिथि के रूप शिरकत की और विद्यालय के मेधावियों को पुरस्कृत किया। यादविंद्र गोमा ने छात्रों को वार्षिक उत्सव की बधाई देते हुए कहा कि जीवन मे सफलता प्राप्त करने के लिये अनुशासन और कड़ी मेहनत को अपना साथी बनाए। उन्होंने अध्यापकों से बच्चों की रुचि तथा प्रतिभा की पहचान कर मार्गदर्शित करने का आह्वान किया।

गोमा ने कहा कि शिक्षा पद्धति में सुधार और बच्चों को आधुनिक माध्यमों से शिक्षा उपलब्ध करवाने के दृष्टिगत 17 हजार से अधिक प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों को टैबलेट उपलब्ध करवाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 2050 उत्कृष्ट पाठशालाएं स्थापित करने का निर्णय लिया है और अगले शैक्षणिक शिक्षा सत्र से सरकारी स्कूलों में भी छात्रों को इंग्लिश मीडियम में शिक्षा ग्रहण करने की सुविधा रहेगी।

उन्होंने कहा कि डॉ. यशवंत सिंह परमार विद्यार्थी ऋण योजना आरंभ कर प्रदेश के पात्र विद्यार्थियों को व्यावसायिक तथा तकनीकी शिक्षा के लिए एक प्रतिशत ब्याज की दर पर ऋण के लिए अधिकतम 20 लाख रुपए तक शैक्षणिक ऋण का प्रावधान किया गया है। उन्होंने विद्यालय में सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिये 21 हजार तथा विद्यालय के मैदान के जीर्णोद्धार के लिए धनराशि उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में डॉ. आदर्श अवस्थी, डॉ. एसके कॉल मुख्तियार मिन्हास, प्रधानाचार्य नीलम अवस्थी, अनिल शर्मा, प्रधान पहाड़ा कुलदीप सूद, त्रिभुम गोमा, मोहिंद्र वालिया, छात्र, अध्यापक और अभिभावकों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

## मांगों को लेकर चिकित्सकों ने काले बिल्ले लगाकर विरोध-प्रदर्शन रखा जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश चिकित्सा अधिकारी संघ के सभी सदस्यों ने शनिवार को भी काले काले बिल्ले लगाकर अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखा। यह चिकित्सकों के विरोध प्रदर्शन का तीसरा दिन है जिसमें धर्मशाला सहित प्रदेश के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में कार्यरत चिकित्सकों ने एकजुट होकर भाग लिया। हिमाचल में अनुबंध पर नियुक्त चिकित्सकों को पूरे भारतवर्ष में सबसे कम वेतन 33,660 दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने संघ को आश्वासन दिया था कि चिकित्सकों की अग्रिम भर्ती में उनकी वेतन के साथ एनपीए को जोड़ा जाएगा, लेकिन धरातल पर उनके वचनों का निरादर हुआ है। डॉक्टर विकास ठाकुर, महासचिव हिमाचल चिकित्सा अधिकारी संघ ने कहा कि इस संदर्भ में संघ के सभी सदस्य हैरान हैं और काले बिल्ले लगाकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अन्य विभागों की तुलना में चिकित्सकों की प्रमोशन के बहुत ही कम पद स्वीकृत हैं, इस संदर्भ में उन्हें केंद्र सरकार की तर्ज पर डायनेमिक करियर प्रोग्रेशन स्कीम दी जाए जो कि अन्य राज्यों में जैसे कि बिहार मध्य प्रदेश में केंद्र सरकार की तर्ज पर लागू की गई है। वहीं प्रमोशन की बात लें तो स्वास्थ्य विभाग में कई वर्षों से खंड चिकित्सा अधिकारियों मुख्य चिकित्सा अधिकारियों, सीनियर मेडिकल सुपरिंटेंडेंट, डिप्टी डायरेक्टर और डायरेक्टर ऑफ हेल्थ सर्विसेज के पद वरिष्ठता एवं योग्यता के आधार पर नहीं भरे गए हैं।



#### प्रमोशन न होने से डॉक्टर खफा

**उन्होंने** कहा कि विभाग कई वर्षों से चिकित्सकों की वरिष्ठता सूची बनाने में असमर्थ रहा है। इसके चलते समय अनुसार प्रमोशन नहीं हो रही है। रेगुलर प्रमोशन न होने के कारण सेवानिवृत्ति मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को सेवा विस्तार दिया जा रहा है, ऐसा करने से अन्य चिकित्सकों का वर्षों के इंतजार के बाद पदोन्नति का हक भी छीना जा रहा है।

#### अभी तक रोजगार के लिए तरसे युवा

**मुख्यमंत्री** महोदय का आभारी हैं कि उन्होंने युवाओं को रोजगार देने का वादा किया है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग में अभी तक विभिन्न मेडिकल कॉलेज से उत्तीर्ण हुए एमबीबीएस छात्रों में किसी एक को भी अब तक कोई रोजगार प्राप्त नहीं हुआ है, इससे युवा चिकित्सकों में भी अपने भविष्य को लेकर चिंता और मानसिक प्रताड़ना का माहौल बन गया है।

**महक** | 2023 में टूटा 2022 के चाय उत्पादन का रिकॉर्ड, बढ़ी आय

# दो दशक बाद फिर महकने लगी कांगड़ा चाय

**अमर सिंह, पालमपुर**

कांगड़ा टी के नाम से देश और विदेशों में विख्यात चाय उद्योग में लॉकडॉन के बाद उम्मीद कि नई किरण जगने लगी है। 1997 के रिकॉर्ड उत्पादन के बाद कांगड़ा चाय का उत्पादन साल दर पिछड़ता गया। इसके चाय उत्पादकों का इस धंधे से मन भर गया था और बागान मालिकों ने बगीचे बेचने कि तैयारी कर ली।

इसके तहत कई एकड़ चाय पत्ती के बागान उजाड़ कर उसमे कंक्रीट के बागान बन गए। लेकिन 2020 के बाद लगातार चाय के उत्पादन में लगातार वृद्धि से फिर चाय उत्पादकों को नई आस प्रदान की। आंकड़ों पर नजर दौड़ाए तों, 2021 के मुकाबले 2022 में कांगड़ा चाय उत्पादन में बढ़ोतरी हुई है। 2022 में प्रदेश में कुल 9.62 लाख किलो चाय तैयार हुई जो कि 2021 के 9.30 लाख किलो से 32 हजार किलो ज्यादा था। जबकि 2023 में यह आंकड़ा बढ़कर 11 हजार 67 किलोग्राम को पर गया। वहीं, कांगड़ा चाय उत्पादन का यह आंकड़ा दस लाख किलोग्राम के मैजिक फिगर को इस बार पार कर पाया है। विभागीय जानकारी के अनुसार 2023 में चाय का कुल उत्पादन 11.67 हजार किलोग्राम हुआ और जो पिछले साल के मुकाबले लगभग तीन हजार किलोग्राम ज्यादा है। यही नहीं 2022 में भी प्रदेश में कुल 9.62 लाख किलो चाय तैयार हुई जो कि 2021 के 9.30 लाख किलो से 32 हजार किलो ज्यादा है। 2022 /2023 में मौसम, चाय उत्पादन के लिए अनुकूल था, जिसका असर पैदावार पर हुआ है। इसके चलते ही यह आंकड़ा दस लाख किलो ग्राम तक पहुंचा है। 2020 में तैयार हुई 10.87 लाख किलो चाय 2020 में प्रदेश में 10.87 लाख किलो चाय तैयार हुई थी। जानकारी के अनुसार 2020 में बड़े चाय उत्पादकों ने 9.30 लाख किलो चाय तैयार की जबकि छोटे चाय उत्पादकों का योगदान 32 हजार किलो का रहा। टी बोर्ड के अधिकारियों के अनुसार चाय उत्पादन को लेकर शुरू की जा रही योजनाओं और पिछले कुछ समय से चाय उत्पादन से दूर हुए उत्पादकों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

**2023** में चाय का कुल उत्पादन 11.67 हजार किलोग्राम हुआ, जो पिछले साल के मुकाबले बढ़ गया



#### चाय उत्पादन का आंकड़ा और बढ़ेगा

**इस** बारे में पालमपुर स्थित प्रदेश चाय विभाग के तकनीकि अधिकारी, सुनील पटियाल ने बताया कि 2023 में कांगड़ा चाय उत्पादन का आंकड़ा 2022 से अधिक रहा है। 2023 में प्रदेश में कुल 11.67 लाख किलो चाय तैयार हुई। जो कि 2022 के मुकाबले 9.62 से ज्यादा है। टी बोर्ड और चाय विभाग की योजनाओं को चाय उत्पादकों तक पहुंचाया जा रहा है और उनको प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 2023 में चाय उत्पादन का आंकड़ा और अधिक बढ़ेगा।

## पालमपुर में रोटरी यूथ लीडरशिप अवॉर्ड कार्यक्रम का आगाज



**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

रोटरी अंतरराष्ट्रीय जिला 3070 के अंतर्गत तीन दिवसीय रोटरी यूथ लीडरशिप अवॉर्ड कार्यक्रम का आयोजन पालमपुर में शुक्रवार को आरंभ हुआ। इसकी मेजवानी रोटरी क्लब पालमपुर तथा रोट्रेक्ट क्लब ऑफ माउंट हिमालय नगरोटा कर रहा है। जय होटल नगरी पालमपुर में आयोजित इस आयोजन में प्रथम दिवस पर कार्यक्रम चेयरमैन अमरजीत सिंह तथा डीआरसी विनोद गुप्ता बतौर मुख्यातिथि उपस्थित हुए।

कार्यक्रम में पंजाब, हिमाचल ओर जम्मू से 75 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। मुख्यातिथि ने सबसे पहले पालमपुर के रोटरी चार्टर्ड अध्यक्ष स्वर्गीय डाक्टर शिव कुमार को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में कई वक्ताओं ने अपने संदेश दिए और यूथ लीडरशिप की महत्ता बताई और कहा कि रोटरी ऐसा प्लेटफॉर्म है जहां से हर यूथ लीडरशिप क्वालिटी के साथ आगे बढ़ता है जो भविष्य में नए आयाम स्थापित करता है। इस मौके पर डीआरआर निशुल सूद ने आए हुए मेहमानों का स्वागत किया। इस मौके पर रोटरी क्लब अध्यक्ष ऋषि संग्राय, सचिव अजय सूद, रोट्रेक्ट पदाधिकारी रोहित जिंदल, राहुल जगोता, साहिल चित्रा, रोटरी सदस्य पंकज जैन, सुरिंद्र मोहन , राकेश विज, राजेश सूद तथा संजीव बाघला इत्यादि उपस्थित रहे।

# श्री रामलीला क्लब चंबा ने हलवा बांटकर किया श्रीराम का गुणगान

## पोस्टरों व झंडों से सजाया बाजार, कल निकालेंगे प्रभात फेरी

**अनंत ज्ञान, चंबा**

अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान श्रीराम के भव्य राम मंदिर प्राण–प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य पर देशभर में कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला चंबा मुख्यालय में भी श्री रामलीला क्लब चंबा द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

इसकी तैयारियों का आगाज गत दिनों जहां बाजार को भगवान श्रीराम के पोस्टरों, बैनरों व झंडो से सुशोभित किया जा रहा है, वहीं शनिवार को बाजार परिसर में विभिन्न संगठनों व श्री रामलीला क्लब चंबा द्वारा भगवान श्रीराम के 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा के तहत हलवा प्रसाद का वितरण कर श्रीराम का गुणगान किया गया। वहीं आगामी दिनों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के


श्री रामलीला क्लब चंबा के प्रधान धीरज महाजन।

बारे में श्री रामलीला क्लब चंबा प्रधान धीरज महाजन ने बताया कि श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर श्री रामलीला क्लब चंबा द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत 21 जनवरी सुबह सात बजे से दिनभर मुख्य चौक पर प्रभु श्री रामजी का गुणगान किया जाएगा। वहीं 22 जनवरी को सुबह सात बजे प्रभात फेरी निकाली जाएगी। वहीं प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के सीधे प्रसारण के लिए बड़ी स्क्रीन एलईडी मुख्य चौक पर लगाई जाएगी ताकि हर श्रीराम भक्त इस ऐतिहासिक दिन के लाइव दर्शन कर सके। अयोध्या से यह लाइव प्रसारण 22 जनवरी को ही सुबह 11 से दोपहर दो बजे तक दिखाया जाएगा।

जबकि 3.30 बजे पुराने बस स्टैंड से शोभायात्रा निकाली जाएगी जो कि पूरे नगर की परिक्रमा करते हुए मुख्य चौक तक पहुंचेगी। जहां भगवान श्रीराम जी की भव्य आरती और आतिशबाजी मुख्य चौक पर व श्रीराम सीता बाड़ी मंदिर में दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। उन्होंने जिला चंबा के भगवान श्रीराम भक्तों सहित जन–जन से आह्वान किया कि उक्त कार्यक्रम में अपनी भागेदारी सुनिश्चित बना इस दिन के साक्षी बनें।

## कल बनाए जाएंगे दिव्यांग व्यक्तियों के प्रमाण पत्र

**भरमौर।** अतिरिक्त उपायुक्त भरमौर नवीन तंवर ने बताया कि भरमौर विधानसभा क्षेत्र में 22 जनवरी को हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा भरमौर उपमंडल में 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान लोगों की समस्याओं का निवारण व स्वास्थ्य विभाग भरमौर द्वारा मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी किया जा रहा है। शिविर के दौरान लोगों को निशुल्क दवाएं और लैब टेस्टिंग आरबीसी सीबीसी लिपिड प्रोफाइल ट्रॉप आई ,ट्रॉप –टीं थायरॉइड प्रोफाइल यूपीटी ,ईसीजी, कोविड टेस्टिंग रक्त समूहन परीक्षण, लोगो की स्क्रीनिंग इत्यादि उपलब्ध होंगे। उन्होंने बताया कि चंबा स्वास्थ्य विभाग के बोर्ड द्वारा दिव्यांग व्यक्तियों की जांच और मेडिकल सर्टिफिकेट भी बनाए जाएंगे। उन्होंने सभी लोगों से आह्वान किया कि इस स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाएं।

# भूमि के 18 इंतकाल और चार प्रमाण पत्र किए जारी

## भटियात के गरनोटा में 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम का लोगों ने उठाया लाभ

- विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने की कार्यक्रम की अध्यक्षता

**अनंत ज्ञान, चुवाड़ी**

विधानसभा क्षेत्र भटियात के गरनोटा में शनिवार को 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने की। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा जन कल्याण को सर्वोपरि रखते हुए विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों एवं नीतियों का कार्यान्वयन सुनिश्चित बनाया जा रहा है।

लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम को महत्वपूर्ण बताते हुए कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि सरकार द्वारा कार्यान्वित की जा रही विभिन्न योजनाओं के लाभ से वंचित जनसाधारण को विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी प्रदान कर उन्हें लाभान्वित करना भी ऐसे कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य रहता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा जन कल्याण को विशेष प्राथमिकता प्रदान कर विभिन्न योजनाओं को लागू किया जा रहा है।

कार्यक्रम में लोगों द्वारा 32 शिकायतें तथा 96 मांगे रखी गई। कुलदीप सिंह पठानिया ने लोगों से सीधा संवाद करते हुए समस्याओं को सुना और अधिकांश का मौके पर ही समाधान किया गया। राजस्व विभाग द्वारा इस मौके पर 18 भूमि के इंतकाल किए गए तथा चार प्रमाण पत्र भी जारी किए गए। इस दौरान लोगों की जानकारी एवं जागरूकता के लिए विभिन्न विभागीय योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी स्टॉल भी लगाए गए। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने धन्यवाद प्रस्ताव रखते हुए कहा कि शिकायतों को मुख्यमंत्री सेवा संकल्प पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। इस दौरान कांग्रेस खंड इकाई गरनोटा ने 11 हजार की राशि का मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष में सहयोग दिया। विधानसभा अध्यक्ष को स्थानीय पंचायत के उपप्रधान अरुण शर्मा सहित पंचायती राज प्रतिनिधियों ने शॉल एवं टोपी भेंट कर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव, एसडीएम चुवाड़ी पारस अग्रवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, पंचायतीराज संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



भटियात के गरनोटा में शनिवार को आयोजित 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया।

### 133 लोगों का स्वास्थ्य जांचा

कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेगा चिकित्सा शिविर का आयोजन भी किया गया इसमें 133 लोगों की स्वास्थ्य जांच, विभिन्न प्रकार के निशुल्क टेस्ट, दवाइयों का वितरण तथा 21 अपंगता प्रमाण पत्र जारी किए गए। आयुष विभाग द्वारा भी 153 लोगों की स्वास्थ्य जांच करने के साथ दवाइयां वितरित की गई और चार लोगों के आधार कार्ड बनाए गए।

## हर हाथ अनंत ज्ञान


चुवाड़ी के दुकानदार गगन सिंह अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए ।


चुवाड़ी के रविंद्र कुमार अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।



चुवाड़ी के हरि मोहन डोगरा अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।



चुवाड़ी के टैक्सी चालक हितेश कुमार अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।

# बगड़ू गांव को 50 साल बाद मिलेगी सड़क की सुविधा

**ओपी शर्मा, भरमौर**

- नाबार्ड के तहत 8.55 करोड़ हुए मंजूर, लोग खुश

50 वर्षों के बाद विधानसभा क्षेत्र भरमौर का बगड़ू गांव सड़क व पुल की सुविधा से जुड़ जाएगा इसके लिए सरकार ने 8.50 करोड़ रुपए की लागत की बड़ी परियोजना के तहत सड़क व पुल को मंजूरी दे दी है। शीघ्र ही इस सड़क का टेंडर होगा और यह गांव सड़क सुविधा से जुड़ जाएगा।

जब भरमौर के खड़ामुख में पुल का काम चला था इस दौरान इस गांव के लिए सड़क के सर्वे का काम शुरू हो गया था। हालांकि कई जगह सड़क बन भी गई है, लेकिन बजट व पुल न होने के कारण इस सड़क का अधूरा निर्माण ही हो पाया है। इस सड़क का निर्माण हो जाने के बाद ग्राम पंचायत के लिए एक अतिरिक्त वैकल्पिक मार्ग बन जाएगा। इस सड़क निर्माण के दौरान बुडिल नदी पर स्टील का ब्रिज भी बनाया जाएगा। नाबार्ड के तहत स्वीकृत इस सड़क की मंजूरी मिल जाने के बाद यहां पर लाभान्वित होने वाले गांववासियों में खुशी की लहर है।

पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिशाषी अभियंता मीत कुमार शर्मा ने कहा है जल्द ही उक्त सडक का टेंडर हो जाएगा और यहां के लोगों की मांग पूरी हो जाएगी। इस सड़क का निर्माण हो जाने के बाद ग्राम पंचायत पूलन दोनों तरफ से सड़क सुविधा से जुड़ जाएगी।

सहायक अभियंता विशाल चौधरी ने कहा है कि चार किलोमीटर बनने वाली इस सड़क निर्माण पर 8.55 करोड़ खर्च किए जाएंगे। जिसके तहत इस सड़क को पक्का भी किया जाएगा जिसमें नालियां भी बनाई जाएगी और यहां पर नदी पर पुल भी बनाया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# कलाकारों ने गीत–संगीत से बताई कल्याणकारी योजनाएं

**अनंत ज्ञान, चुवाड़ी**

भटियात विधानसभा क्षेत्र के तहत गरनोटा में आयोजित 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम में सूचना एवं जन संपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित विशेष प्रचार सामग्री का वितरण किया गया। इसके साथ विभाग द्वारा प्रदेश सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल में अर्जित उपलब्धियों पर आधारित पुस्तिका व्यवस्था परिवर्तन का एक साल, हिमाचल प्रदेश सरकार के 365 दिन 365 फैसले, सरकार गांव के द्वारा फोल्डर भी लोगों को वितरित किए गए।

आर्यन कला मंच के कलाकारों ने गीत–संगीत और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों को दी और इनसे लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के तत्वावधान में मां सरस्वती म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों ने भी गीत–संगीत एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।




### ये रहेगा शेड्यूल

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया की अध्यक्षता में 21 जनवरी को चंबा विधानसभा क्षेत्र के तहत ग्राम पंचायत हरिपुर, 22 जनवरी को भरमौर विधानसभा क्षेत्र के तहत भरमौर हेलिपैड, 23 जनवरी को चुराह विधानसभा क्षेत्र के तहत भंजराडू तथा डलहौजी विधानसभा क्षेत्र के तहत 24 जनवरी को सलूणी में 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम का आयोजन होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### सेवानिवृत्त पटवारियों से आवेदन मांगे

**चंबा।** जिला राजस्व अधिकारी जगदीश चंद्र शर्मा ने बताया कि सेवानिवृत्त कानूनगो व पटवारियों को पारिश्रमिक के आधार पर अल्प अवधि के लिए दोबारा नियुक्त किया जा रहा है। इच्छुक पात्र सेवानिवृत्त कानूनगो व पटवारी 25 जनवरी तक आवेदन कर सकते हैं। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए प्रातः 10 बजे से शाम पांच बजे तक जिला राजस्व अधिकारी के कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

### 30 को होने वाला ड्राइविंग टेस्ट स्थगित

**चंबा।** एसडीएम चंबा अरुण शर्मा ने बताया कि पंजीकरण एवं लाइसेंसिंग प्राधिकारी चंबा के तहत 30 जनवरी को आयोजित होने वाले ड्राइविंग टेस्ट शेड्यूल को कुछ प्रशासनिक कारणों के चलते स्थगित किया गया है। उन्होंने बताया कि आगामी तिथि बाद में निर्धारित की जाएगी।

### शनिदेव मंदिर में भक्तों के लिए लंगर

**चंबा।** हरदासपुरा वार्ड स्थित शनिदेव मंदिर में शनिवार को सैकड़ों भक्तों ने शीश नवाया। इस अवसर पर मंदिर पुजारी अमित शर्मा ने भक्तों को शनि महिमा के बारे में बताया। पुजारी अमित शर्मा ने बताया कि शनिदेव सदैव ही मनुष्यों के कर्मों अनुसार उन्हें फल देते हैं। यह मनुष्य के हाथों में है कि उसने शनिदेव के क्रोध या उनके स्नेह का पात्र बनना हैं। इसलिए हे शनि भक्तों अपने जीवन में सच, त्याग व विनम्रता के मार्ग को महत्व दे। वहीं इस अवसर पर शनिदेव मंदिर कमेटी द्वारा लंगर की व्यवस्था भी की गई। जहां सैकड़ों शनिदेव भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर मुख्यालय सहित दूरदराज क्षेत्रों से सैकड़ों शनिदेव भक्तों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।



# सूखे-गीले कचरे के बारे में किया जागरूक

## चंबा शहर को स्वच्छ बनाने के लिए नगर परिषद ने सपड़ी से छेड़ी मुहिम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

चंबा शहर को स्वच्छ बनाने के लिए नगर परिषद चंबा द्वारा मुहिम छेड़ दी गई है। जिसके चलते शनिवार को नगर परिषद अध्यक्ष चंबा नीलम नैय्यर की अगुआई में वार्ड सपड़ी से इस मुहिम का आगाज किया गया। इस मौके पर नगर परिषद कार्यवाहक कार्यकारी अधिकारी एवं तहसीलदार चंबा संदीप कुमार सहित वार्ड पार्षद सीमा बडियाल, सफाई ठेकेदार, सफाई कर्मियों ने अपनी उपस्थिति विशेष रूप से दर्ज करवाई।

इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष नीलम नैय्यर ने बताया कि नगर परिषद के अधीन शहर के 11 वार्डों में पूर्ण रूप से स्वच्छ बनाने के लिए इस मुहिम का आगाज किया गया है। जिसकी शुरूआत वार्ड सपड़ी से की गई है। जिसमें नगर परिषद के तमाम पार्षद उनके सहित लोगों के घर द्वार जाकर उन्हें सूखा, गीला व अन्य प्रकार के कचरों को अलग–अलग डालने के लिए जहां जागरूक किया गया। वहीं डोर–टू–डोर कूड़ा एकत्रित करने के लिए भी उन्हें अवगत करवाया जा रहा हैं। वहीं इस मुहिम में वार्ड पार्षद , सफाई ठेकेदार, सुपरवाइजर, सफाई कर्मी सहित नगर परिषद के अन्य स्टाफ मौजूद रहा। परिषद को मिल रही शिकायतों का भी मौके पर निवारण किया जा रहा है।

वार्ड को स्वच्छ बनाने के लिए नगर परिषद सहित वार्डवासी भी अपनी सक्रिय भूमिका का योगदान दे रहे हैं। वही नगर परिषद चंबा के कार्यवाहक कार्यकारी अधिकारी एवं तहसीलदार चंबा संदीप कुमार ने बताया कि नगर परिषद द्वारा छेड़ी गई यह स्वच्छता की मुहिम सर्वप्रथम शहर के चार सबसे बड़े वार्डों से आरंभ की गई है। जिसमें वार्ड सपड़ी, सुल्तानपुर हरदासपुरा व जुलाकड़ी को पहले चरण में शामिल किया गया है। जिसके बाद यह मुहिम शेष सात वार्डों में भी इसी तरह चला कर नगर परिषद द्वारा शहर को स्वच्छ बनाने के लिए कदम उठाए जाएंगे।


वार्ड सपड़ी में स्वच्छता मुहिम के दौरान नगर परिषद चंबा की अध्यक्ष नीलम नैय्यर, ईओ संदीप कुमार, वार्ड पार्षद सीमा बडियाल व अन्य।

# अतिक्रमण करने वाले व्यापारियों पर की जाएगी कड़ी कार्रवाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

शहर परिसर में स्थित व्यापारियों द्वारा किए जा रहे अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करने की प्रशासनिक अधिकारियों ने तैयारी कर ली हैं। जिसके चलते एसडीएम चंबा की अगुआई में विभिन्न अधिकारियों व व्यापार मंडल कमेटी बाजार परिसर का संयुक्त निरीक्षण कर अतिक्रमण रोकथाम के नियम तय करेगी।



गौर हो कि शहर के बाजार में कुछ विक्रेताओं द्वारा दुकानों की तय सीमा से बाहर सामान लगाने के चलते अक्सर परिसर के बीचों–बीच होकर गुजरने वाला मुख्य मार्ग संकरा हो जाता हैं। इस पर अंकुश लगाने के लिए जिला पुलिस विभाग, नगर परिषद चंबा समय–समय पर दुकानों की सीमाएं तय कर कई बार दुकानदारों को हिदायतें जारी कर चुके हैं। इसके बावजूद हालात सुधरने की बजाय और बिगड़ते नजर आ रहे हैं। वहीं पिछले घटित प्रकरणों को देखते हुए जिला प्रशासनिक अधिकारियों ने इस समस्या से निपटने के लिए संयुक्त रूप से बाजार का निरीक्षण करने व दुकानदारों को जनहित में तय किए नियमों में बांधने का निर्णय लिया है।

जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों ने नगर परिषद, तहसीलदार, पुलिस विभाग सहित विशेष तौर पर व्यापार मंडल कमेटी को इस संयुक्त निरीक्षण में शामिल किया है। अरूण शर्मा एसडीएम चंबा ने कहा कि जिला प्रशासन बाजार परिसर का संयुक्त रूप से निरीक्षण कर दुकानदारों को उचित हिदायतें अतिक्रमण के तहत जारी करेगा। जिसके पश्चात कभी संयुक्त कमेटी संबंधी विभाग या अधिकारी बाजार परिसर का निरीक्षण कर दोषी दुकानदार के खिलाफ कार्रवाई अमल में ला सकते हैं।

# भगवान राम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा पर शोभायात्रा निकाली

## राजकीय केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला भरियां में कार्यक्रम का आयोजन

**अनंत ज्ञान, चंबा**

राजकीय केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला भरियां में केंद्रीय मुख्य शिक्षक गिरधारी लाल की अगुआई में 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले भगवान राम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में शोभायात्रा का आयोजन किया गया। जिसके तहत भगवान राम का संकीर्तन करते हुए बच्चों ने पूरे गांव का चक्कर लगाया।

इस आयोजन में निशांत, मृत्युंजय, सायरा, कौशिक, मधुबाला, अभीर, गीतिका, अयान, अधर्व, नियति, अंश, काव्य, कृति, नंदिनी, परिणीता, नितिन और मिहिका ने संकीर्तन में भाग लिया। वहीं केंद्रीय मुख्य शिक्षक गिरधारी लाल ने बताया कि पाठशाला में बच्चों को हर पर्व, हर धर्म, त्योहार सहित संस्कृति के हर पहलू से समय–समय पर रू–ब–रू करवाया जाता है। जिसके चलते 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले भगवान राम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस मौके पर राजकीय केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला भरियां के शिक्षक मनोज गुप्ता, नंदिनी सरस्वती, मल्टीटास्क वर्कर ओम प्रकाश, मिड–डे मील वर्कर कमला ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवा कार्यक्रम में पूर्ण सहयोग किया।



शोभायात्रा के दौरान राजकीय केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला भरियां के छात्र व शिक्षक।

**खुलासा** — विभागीय अधिकारियों के निरीक्षण के दौरान भी सामने नहीं आया मामला

# चंबा अस्पताल में हो रहा निजी लैब का प्रचार

**एमएम डैनियल, चंबा**

पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय चंबा में अंधेर नगरी चौपट राजा की कहानी एकदम स्टीक बैठती है। कहने को तो पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय केंद्र से लेकर राज्य सरकार के अधीन है, लेकिन यहां सरकारी तंत्र की तुलना में निजी कार्य क्षेत्र व्यवसायिओं का अधिक साम्राज्य स्थापित दिख रहा है।

जिसकी मुख्य वजह विभागीय स्टाफ की निजी लैब के साथ मिलीभगती होना है। हैरानी की बात यह है कि रोजाना विभागीय अधिकारियों द्वारा भी वार्डों का निरीक्षण किया जाता रहता है मगर आज दिन तक किसी भी अधिकारी ने न नंबर हटवाने के आदेश जारी किए न ही विभागीय स्टाफ से इस दिशा में कभी पूछताछ करने की जहमत की गई। गौर हो कि पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय चंबा के न्यू ब्लॉक में कोविड कॉल में संक्रमण युक्त रोगियों को रखने के लिए वार्ड स्थापित किया गया था। हालांकि कोविड काल तक इस वार्ड में तमाम व्यवस्थाएं विभाग के अधीन रही, लेकिन कोविड काल खत्म होते ही यहां निजी लैब ने दस्तक देना आरंभ कर दिया। जिसके कुछ माह के बाद निजी लैब संचालकों व विभागीय स्टाफ की आपसी सांठ–गांठ होने के बाद रोगियों को विभिन्न टेस्टों के लिए सरकारी या एजेंसी लैबों के स्थान पर निजी लैब पर भेजने का कार्य आरंभ हो गया। पहले जहां यह कार्य गुपचुप तरीके से हो रहा था, वहीं यह सिलसिला इस हद तक पहुंच गया कि स्टाफ की शह पर निजी लैब का प्रचार–प्रसार खुलकर किया जा रहा है। जिससे सरकारी तंत्र की धज्जियां उड़ने सहित रोगियों की जेबों पर भारी भरकम खर्च का बोझ डाल रहा है।

वहीं शुक्रवार को रेडक्रॉस सोसायटी चंबा द्वारा फुली ऑटोमेटिक इम्यूनोऐसे एनालाइजर मशीन का उपायुक्त चंबा द्वारा लोकार्पण कर चंबा की जनता को समर्पित की। जिसके बाद यह दावा किया जा रहा है कि जो टेस्ट चंबा से बाहर पंजाब व अन्य पड़ोसी राज्य भेजे जाते थे उनकी जांच चंबा में होगी। दूसरी ओर पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय चंबा के भीतर ही जब निजी लैब का प्रचार–प्रसार इस तरह होगा तो कैसे जिला के रोगियों को सरकार, विभाग व जिला प्रशासन द्वारा मुहैया करवाई जा रही निशुल्क व सस्ते दामों पर स्वास्थ्य सेवाएं मिल पाएंगी। (अनंत ज्ञान)

### नर्सिंग कक्ष में है निजी लैब का संपर्क नंबर




पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय चंबा के न्यू ब्लॉक में स्थित सारी वार्ड के नर्सिंग ड्यूटी रूम में स्थापित काउंटर के साथ ही दीवार पर सिक्योरिटी, निजी लैब व ईसीजी के नाम सहित मोबाइल नंबर एक साथ लिखित में लगाए गए है। जबकि इसके अतिरिक्त पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय चंबा में विद्यमान किसी भी सरकारी अथवा एजेंसी लैब का नाम या संपर्क नंबर दर्ज नहीं है। जिससे स्पष्ट है कि गैर सरकारी प्रयोगशाला को सीधे तौर पर लाभ पहुंचाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।



पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय चंबा के सारी वार्ड में निजी लैब के नाम व नंबर लगाए जाने की दिशा में विभागीय स्टाफ से जवाब तलबी की जाएगी। तत्काल प्रभाव से विभागीय निरीक्षण दल से वार्ड का निरीक्षण करवा निजी लैब का नाम व संपर्क नंबर हटाए जाएंगे। जबकि चिकित्सालय के अन्य स्थलों का निरीक्षण करवा यह पुख्ता किया जाएगा कि कहीं ओर इस तरह की अनियमितताएं तो नहीं है।

**-डॉ. एसएस डोगरा, प्राचार्य, पीजेएलएनएमसी एवं चिकित्सालय चंबा।**

# मंडी के युवा सड़कों पर उतरे

## गेस्ट टीचर भर्ती के खिलाफ पड्डल मैदान से डीसी ऑफिस तक रैली निकाली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

हिमाचल प्रदेश के सैकड़ों बेरोजगार युवक प्रदेश की कांग्रेस सरकार के खिलाफ सड़कों पर विरोध-प्रदर्शन पर उतर आए हैं। शनिवार को मंडी में सैकड़ों युवाओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ मंडी शहर के पड्डल मैदान से डीसी ऑफिस गेट तक विरोध रैली निकाली।

इस भर्ती के विरोध में युवाओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। युवाओं का कहना है कि हिमाचल में यह पहली सरकार है जो शिक्षकों की भर्ती कमीशन के माध्यम से नहीं, बल्कि गेस्ट टीचर के तौर पर कर रही है।

युवाओं को आस थी कि कांग्रेस सरकार के सत्ता में आने के बाद उनके साथ न्याय होगा और लंबित रिजल्ट भी जल्द आएंगे, लेकिन इसके विपरीत युवाओं के साथ यह सरकार भी छल के अलावा और कुछ नहीं कर रही है। इस मौके पर विवेक ठाकुर ने बताया कि प्रदेश सरकार पैसे बचाने के लिए शिक्षकों की नियुक्ति करने के लिए इस तरह के हथकंडे अपना रही है। शिक्षण संस्थानों में गेस्ट टीचर भर्ती होने के बाद शिक्षण संस्थानों में शिक्षा की गुणवत्ता पर भी असर पड़ेगा। युवाओं ने कहा कि युवा विधानसभा का घेराव करने के साथ अपने हकों के लिए अनशन पर बैठने से भी गुरेज नहीं करेंगे।



गेस्ट टीचर भर्ती के विरोध में प्रदर्शन करते युवा। इस दौरान युवाओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

## युवती ने लगाया युवक पर दुष्कर्म करने का आरोप

**सरकाघाट।** क्षेत्र की एक 18 वर्ष की युवती ने एक युवक पर दुराचार का आरोप लगाया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार युवती ने पुलिस थाना सरकाघाट में शिकायत दर्ज करवाई है कि 16 जनवरी को एक युवक मुझे बस अड्डे पर मिला और मुझे अपनी चिकनी चुपड़ी बातों में फंसा लिया और मैं उनकी झूठी बातों में आ गई और वे मुझे अपने साथ शहर के एक होटल मे ले गया, जहां उसने मेरे साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाया और कहा कि किसी को इस बारे में न बताए।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 376 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। उधर, डीएसपी संजीव गौतम ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की जांच की जा रही है। डीएसपी संजीव गौतम ने कहा कि पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# जोगिंद्रनगर नगर परिषद के वार्ड चार में विकास कार्यों पर ब्रेक

## पार्षद शिखा ने नप अध्यक्ष प्रेरणा ज्योति से की मुलाकात

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर नगर परिषद के वार्ड नंबर चार के लोगों का शिष्टमंडल पार्षद शिखा के नेतृत्व में नगर परिषद अध्यक्ष प्रेरणा ज्योति से मिला। इस दौरान शिष्टमंडल ने वार्ड नंबर चार के साथ विकास कार्यों को लेकर किए जा रहे भेदभाव के बारे में उन्हें अवगत करवाया। शिखा ने कहा कि उनके वार्ड के सभी विकास कार्य रुके हुए हैं।

सरकार द्वारा नगर परिषद को जो ग्रांट जारी की जा रही है उसमें भी उनके वार्ड में कोई टेंडर नहीं लगाए जा रहे हैं। शिखा ने कहा कि हाल ही में अन्य वार्डों में विकास कार्यों के लिए पांच-पांच लाख रुपए के टेंडर लगाए गए, लेकिन वार्ड नंबर चार के लिए एक भी टेंडर नहीं लगाया गया, जो कि समलोट के लोगों के साथ धोखा है। उन्होंने कहा कि गांधी वाटिका का कार्य अधर में है। उन्होंने कहा कि उनके वार्ड से ऐसे ही अन्याय किया गया तो वह इसे बर्दाश्त नहीं करेगी तथा गांव के लोगों के साथ प्रर्दशन किया जाएगा। शिखा ने कहा कि उन्होंने इस समस्या के बारे में ईओ तथा जेई को भी अवगत करवाया, लेकिन उन्होंने भी कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। उन्होंने कहा कि गांधी वाटिका के शेष बचे कार्य के टेंडर एक सप्ताह में लगाने की बात कही थी। नगर परिषद अध्यक्ष प्रेरणा ज्योति ने कहा कि नगर परिषद के हाउस में सभी वार्डों के विकास कार्यों के लिए बराबर धन पांच-पांच लाख रुपए स्वीकृत करने का प्रस्ताव पास किया गया था उस हिसाब से सभी वार्डों में एक समान टेंडर लगने चाहिए थे, लेकिन वार्ड नंबर चार को क्यों छोड़ा गया इसकी जांच की जाएगी।



नगर परिषद अध्यक्ष प्रेरणा ज्योति को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण।

## न्यूज ब्रीफ

### बिलासपुर में ड्रेगन वोट प्रतियोगिता कल

**सुंदरनगर।** हिमाचल प्रदेश कैनो ड्रेगन वोट प्रतियोगिता व ट्रायल पुरुष, महिला जूनियर और सब जूनियर लड़कों और लड़कियों के वर्ग की प्रतियोगिता 25 जनवरी को लुहणू वाटर कांप्लेक्स बिलासपुर में होगी। जूनियर वर्ग के लड़कों और लड़कियों का जन्म पहली जनवरी 2005 और सब जूनियर वर्ग के लड़कों और लड़कियों का जन्म पहली जनवरी 2008 से पहले का होना चाहिए, जो व्यक्ति सेलेक्ट होंगे वे आल इंडिया ड्रेगन वोट प्रतियोगिता जो नौ से 12 फरवरी तक भोपाल में होगी उसमें भाग लेंगे। सभी खिलाड़ी 25 जनवरी को सुबह नौ बजे जमना ठाकुर को आधार कार्ड के साथ रिपोर्ट करें। यह जानकारी डॉक्टर पदम सिंह गुलेरिया जनरल सेक्रेटरी क्याकिंग और कनोइंग एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश ने दी।

### किक बॉक्सिंग के लिए टीम चंडीगढ़ रवाना



साउथ एशियन सवात फ्रेंच किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप के लिए रवाना होने से पहले हिमाचल की टीम सामूहिक चित्र में।

**मंडी।** चंडीगढ़ में आयोजित होने वाली साउथ एशियन सवात फ्रेंच किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप के लिए हिमाचल प्रदेश से 12 खिलाड़ियों की टीम शनिवार को रवाना हुई। इनके साथ भारतीय टीम की कोच व हिमाचल प्रदेश सवात संघ की सचिव संतोषी शर्मा और सदस्य अमर चंद, इंद्र कुमार भी रवाना हुए। प्रतियोगिता में साउथ एशियन देश के भारत, नेपाल, श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, भूटान इत्यादि के बॉक्सर भाग लेंगे। महिला टीम में कुमारी मुस्कान, कुमारी सपना, रेखा और पुरुष टीम में वरुण वालिया, इशांत भारद्वाज, सूर्य प्रताप सिंह कटवाल, करण कौंडल, हरीश कुमार, दिव्यांशु, ऋषभ शर्मा, पंकज कुमार, कृष्ण कांत शामिल है। टीम को हिमाचल प्रदेश स्वात संघ के अध्यक्ष मदन लाल, कोषाध्यक्ष बृजलाल समेत सभी सदस्यों ने बधाई दी है।

### गणपति मंदिर में विशेष कार्यक्रम कल

**मंडी।** विश्व जागृति मिशन मंडी मंडल 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के चलते विशेष सत्संग का आयोजन ऐतिहासिक सिद्ध गणपति मंदिर परिसर मंडी स्थित सैण मोहल्ला में कर रहा है। मंडी मंडल के प्रधान कश्मीर सिंह ठाकुर ने बताया कि प्रातः 10 बजे से दोपहर एक बजे तक इस आयोजन में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दिन गुरु महाराज का विशेष संबोधन भी सत्संग में प्रसारित होगा।

### धर्मपुर में अवैध कब्जों पर चली जेसीबी



धर्मपुर में अवैध कब्जों को हटवाते प्रशासनिक अधिकारी।

**धर्मपुर।** धर्मपुर में अवैध कब्जों पर प्रशासन का डंडा चल पड़ा है। बता दें कि जहां एक ओर सीएम 25 जनवरी को राज्य स्तरीय समारोह मनाने धर्मपुर आ रहे हैं, वहीं दूसरी ओर सीएम के आने से पहले प्रशासन की ओर से तहसीलदार धर्मपुर तथा पुलिस विभाग की टीम ने लोगों द्वारा किए गए अवैध कब्जों पर जेसीबी मशीन चला कर उखाड़ दिया है। प्रभावित लोगों का कहना है कि धर्मपुर बाजार में अवैध कब्जों की लंबी फेहरिस्त है, जिस पर रसूखदार लोगों ने मकान बनाए हैं पर उन्हें पूछने वाला कोई नहीं है। उन्होंने सरकार व प्रशासन से गुहार लगाई है कि सभी अवैध कब्जों को हटाया जाए।

### गुरुकुल स्कूल में फन फेयर कार्यक्रम आज

**जोगिंद्रनगर।** उपमंडल के गुरुकुल पब्लिक स्कूल झलवान में 21 जनवरी को फन फेयर का आयोजन किया जा रहा है। निदेशक विशाल अवस्थी ने बताया कि गुरुकुल स्कूल में फन फेयर सीजन छह में बतौर मुख्यातिथि प्रदेश कांग्रेस सचिव जीवन ठाकुर शिरकत करेंगे और एसके ट्रेडर्स के सौजन्य से हिमाचल प्रदेश के लोक गायक इशांत भारद्वाज भी अपने गानों से रौनक लगाएंगे। फन फेयर कार्यक्रम में गुरुकुल स्कूल के बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाए जाएंगे और छोटे बच्चों के लिए मिकी माउस, झूलों की व्यवस्था स्कूल द्वारा की गई है। इसके अलावा उन्होंने बताया कि इससे बच्चे आत्मनिर्भर बनते हैं। मुख्यातिथि द्वारा मेधावी छात्रों को पुरस्कृत भी किया जाएगा।



विशाल अवस्थी।



इशांत भारद्वाज।

### मेरिट में आए बच्चों को वितरित किए टैब

**जोगिंद्रनगर।** दयानंद भारतीय पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल जोगिंद्रनगर में दसवीं कक्षा में मेरिट में आए छात्र-छात्राओं को टैब वितरित किए गए। इसमें रिधम, अपूर्वा, नियती, आकृति, हर्षिता, तरनप्रीत, मन्नत, अरनव, प्रतीक, शिवम, अनमोल, तनिष्क व अक्षित को टैब मिले। स्कूल के चैयरमैन ओम मरवाह, जनरल सेक्रेटरी विजय जम्वाल, प्रधानाचार्य ओपी ठाकुर, उप प्रधानाचार्य लता राणा व पीटीए अध्यक्ष भास्कर गुप्ता ने बच्चों व अध्यापकों को बधाई दी।



# मौसमी फलों का अचार बनाकर महिलाएं करेंगी अच्छी कमाई

## एफपीओ धर्मपुर ने 60 महिलाओं को दिया प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

सहकारिता विभाग द्वारा धर्मपुर खंड में गठित किसान उत्पादक संगठन एफपीओ धर्मपुर द्वारा मौसमी फलों का अचार बनाने के लिए महिला समूहों के लिए धर्मपुर पंचायत घर में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इसमें आजीविका मिशन के तहत गठित महिला समूह भी भाग ले रहे हैं।

धर्मपुर एफपीओ भविष्य में इनकी मार्केटिंग में मदद करेगा। प्रशिक्षण में 20 समूहों की 50 महिलाओं ने भाग लिया और उन्हें एचपीएमसी सुंदरनगर के पूर्व खाद्य प्रसंस्करण विशेषज्ञ और वर्तमान में मार्गदर्शक गैर सरकारी संस्था के विशेषज्ञ डॉक्टर हरदयाल सिंह गुलेरिया ने बतौर ट्रेनर ट्रेनिंग दी। एफपीओ धर्मपुर प्रबंधक मंडल की सदस्य रजनी सकलानी ने बताया कि तय कार्यक्रम के अनुसार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

डॉ. हरदयाल सिंह गुलेरिया ने बताया कि हमारे यहां पर बहुत से मौसमी फल जैसे लोकल आम, गलगल, नींबू, हरड़, भेड़ा, आंवला, लसुडे, हल्दी, अदरक, गंढयाली इत्यादि होते हैं जिनका सही तकनीक और विधि से अचार डालने से ये यहां की महिलाओं के लिए आमदनी बढ़ाने और रोजगार उपलब्ध कराने का माध्यम बन सकते हैं। एफपीओ के सचिव भूपेंद्र सिंह ने बताया कि अक्तूबर माह में एफपीओ धर्मपुर की ओर से अचार बनाने वाली फैक्टरी का अध्ययन भ्रमण बिलासपुर में करवाया था।




धर्मपुर में प्रशिक्षण शिविर में जानकारी देते हुए मुख्य वक्ता।

## जल्द भरे जाएं होम्योपैथिक डॉक्टरों के पद

**सरकाघाट।** होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुमित पुन्याल ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से होम्योपैथिक डॉक्टरों के सृजित पदों को भरने की प्रक्रिया को शुरू करने की मांग की है।

जाहू भोरंज दौरे पर आए मुख्यमंत्री सुक्खू को सौंपे ज्ञापन में डॉ. पुन्याल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में यह होम्योपैथिक डिस्पेंसरीज भी कांग्रेस सरकार की स्वास्थ्य एवं दूरगामी नीतियों का नतीजा है कि लोगों को जिला स्तर पर होम्योपैथिक डिस्पेंसरीज का लाभ मिल रहा है, परंतु प्रदेश में होम्योपैथी की स्थिति अच्छी नहीं हैं। आयुर्वेदा एवं होम्योपैथी आयुष के अंतर्गत आती है। आयुष के माध्यम से जो भी पैसा होम्योपैथी, आयुर्वेदा, यूनानी के लिए आता है उसमें कई सालों से केवल आयुर्वेदा को तवज्जो दी जा रही है। होम्योपैथिक डॉक्टरों को उम्मीद है कि उनकी समस्याओं का समाधान होगा।

# अब डीएसी कोड दिखाने पर ही मिलेगा गैस का सिलेंडर

- शहीद यशवंत गैस सर्विस नेरचौक के संचालक ने दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, नेरचौक**

बल्ह क्षेत्र के नेरचौक में स्थित शहीद यशवंत सिंह इंडेन गैस सर्विस के उपभोक्ताओं को अब एलपीजी गैस सिलेंडर प्राप्त करने के लिए अपना डीएसी कोड यानि डिलीवरी ऑथेंटिकेटेड कोड दिखाना पड़ेगा। यह जानकारी शहीद यशवंत गैस सर्विस नेरचौक के संचालक रामसेन संग्रैल ने दी।

उन्होंने बताया कि इंडेन ऑयल कंपनी की ओर से एलपीजी गैस सिलेंडर उपभोक्ताओं के लिए सिलेंडर की डिलीवरी के नियमों में बदलाव किया गया है। जिनका पालन करना सभी उपभोक्ताओं के लिए अनिवार्य होगा।

उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर लेते समय अपना डीएसी कोड नंबर देना होगा तभी गैस सिलेंडर की डिलीवरी संभव होगी। उन्होंने कहा कि डीएसी नंबर उपभोक्ताओं के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर बुकिंग स्लीप प्रिंट होने के बाद दिया जाएगा। जो सिलेंडर लेते समय उपभोक्ताओं द्वारा डिलीवरी ब्वॉय को दिखाना पड़ेगा।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सभी उपभोक्ताओं को गैस एजेंसी में ई-केवाईसी को भी अपडेट करवाना होगा, नहीं तो गैस की सब्सिडी बंद हो जाएगी। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं को अपने - अपने आधार कार्ड के साथ गैस की कॉपी को भी गैस एजेंसी में लेकर आने को कहा है।



# श्रीराम हनुमान मंदिर में अखंड रामायण पाठ आज से

**अनंत ज्ञान, धनोटू**

सुंदरनगर उपमंडल के अंतर्गत आने वाली महादेव पंचायत में स्थित श्रीराम हनुमान मंदिर में रविवार से अखंड रामायण पाठ और महायज्ञ अनुष्ठान की तैयारियां चल रही हैं। अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में युवा कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह है। इस भव्य आयोजन में मंदिर को सजाया गया है। श्रीराम हनुमान मंदिर समिति के सचिव एवं समाजसेवी चमन ठाकुर ने कहा कि सभी साज सज्जा और महायज्ञ अनुष्ठान एवं अखंड रामायण पाठ की तैयारियां अंतिम रूप से पूर्ण कर ली गई हैं।

इस मौके पर सभी युवा कार्यकर्ताओं के अलावा चौक पंचायत के प्रधान नरेंद्र भंडारी, महादेव पंचायत के युवा प्रधान नील कमल, उपप्रधान दुनी चंद, पूर्व पंचायत सदस्य व समाजसेवी धर्मपाल के अलावा पंचायत सदस्य लालमन चौहान, अंकुश ठाकुर, अभिषेक, यादु ठाकुर, यशु परमार, चुनी लाल, उधम सिंह, अनिल परमार और बिन्नी इत्यादि मौजूद रहे।



अखंड रामायण पाठ के लिए सजा महादेव पंचायत में स्थित श्रीराम हनुमान मंदिर।

## आईटीआई जोगिंद्रनगर में पीटीए बैठक

**जोगिंद्रनगर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जोगिंद्रनगर में प्रधानाचार्य ई. नवीन कुमारी की अध्यक्षता में अभिभावक व शिक्षक संघ की बैठक का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम इलेक्ट्रीशियन अनुदेशिका प्रियंका द्वारा सभी अभिभावकों का स्वागत किया गया, तत्पश्चात प्रधानाचार्य ई. नवीन कुमारी ने अभिभावकों को संस्थान में चल रहे ट्रेड की जानकारी दी। साथ ही विस्तृत रूप से संस्थान, राज्य सरकार, केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही स्कीम जैसे कौशल विकास भत्ता, तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा छात्रवृत्ति, प्रशिक्षुता संविदा के बारे में बताया गया, जिसके तहत बच्चे आईटीआई के बाद एक साल की प्रशिक्षुता कार्यक्रम में भाग ले सकते हैं, जिसमें सरकार द्वारा वेतन भी दिया जाता है। प्रधानाचार्य ई. नवीन कुमारी ने उपस्थित अभिभावकों को संस्थान के बारे में भी जानकारी दी।

# राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए अंडर-14 टीम रांची रवाना

## झारखंड में 24 से 28 जनवरी तक होंगे रोचक मुकाबले




राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए रवाना होने से पहले टीम सामूहिक चित्र में।

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

झारखंड के रांची में 24 से 28 जनवरी तक आयोजित होने वाली राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए हिमाचल प्रदेश की 14 वर्ष से कम आयु वर्ग के छात्रों की टीम शनिवार को कनैड़ से रवाना हुई। प्रदेश की टीम का कोचिंग कैंप 13 से 20 जनवरी तक राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कनैड़ तहसील सुंदरनगर जिला मंडी में शुरू हुआ था।

शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ के प्रदेश मीडिया प्रभारी चंचल सिंह ने बताया कि रांची झारखंड में यह प्रतियोगिता 24 से 28 जनवरी तक तय हुई है।

इस प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश के 12 छात्र भाग ले रहे हैं। स्थानीय पाठशाला के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश ने राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता के लिए जा रहे बच्चों को हरी झंडी देखकर रवाना किया। इस अवसर पर कैंप संचालक विजय चौधरी, चंदन कटोच, टीम कोच बालम चौहान, असिस्टेंट टीम कोच दिलीप चौहान, टीम मैनेजर जगत शर्मा, रोहित परमार, अमी चंद, राम सिंह, दुर्गा ठाकुर इत्यादि उपस्थित रहे।

**समस्या** सड़क से निचली तरफ फेंकी जा रही शहर की गंदगी

# चंद्राकडी जंगल में बना दी डंपिंग साइट

- रामनगर वार्ड की जनता ने जताया विरोध

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

सरकाघाट-अवाहदेवी उच्च मार्ग पर चंद्राकडी में स्थित श्मशानघाट से आगे थोड़ी दूरी पर सड़क से निचली तरफ शहर से ले जाया जा रहा टनों के हिसाब से कूड़ा कचरा फेंक कर नई डंपिंग साइट का निर्माण हो गया है। यह क्षेत्र नगर परिषद सरकाघाट के दायरे में आने वाले राम नगर वार्ड में पड़ता है। हैरानी की बात है कि नगर परिषद को इस बारे में कोई जानकारी ही नहीं है।

हालांकि इस बात का पता नहीं लगा है कि यहां इतनी मात्रा में कूड़ा कचरा किसने फेंका है, लेकिन यहां खुले में शहर का कूड़ा-कचरा फेंकने से गंदगी फैल रही है। जिसका ग्रामीणों ने कड़ा विरोध किया है। ग्रामीणों का कहना है कि रामनगर में विकास कार्य नहीं करवा सकते हो, तो वार्ड को गंदा भी न होने दिया जाए। उन्होंने बताया कि दो साल से एनएच का निर्माण कार्य चल रहा है और सारी मिट्टी को सड़क से नीचे फेंक दिया गया था और पानी की निकासी ठीक से होने से बरसात में सारा पानी वार्ड दो रामनगर में घुस गया था, जिसकी वजह से ग्रामीणों का बहुत नुकसान हुआ था। शहर के कूड़े कचरे और गंदगी को ऐसी जगह फेंका जा रहा है, जहां से यह गंदगी पानी में घुल कर नीचे रामनगर बस्ती की तरफ वह जाती है, जिससे जहां गांव में गंदगी फैल रही है, वहीं दो पानी के स्रोत भी खराब हो गए हैं। जिससे बीमारी फैलने की संभावनाएं बढ़ गई है। किसी ने यहां अवैध डंपिंग साइट बना दी है जबकि शहर के कूड़े कचरे के लिए चिन्हित डंपिंग साइट बगड नाला में बनाई गई है, वहां कूड़ा कचरा फेंका जाए।

यदि यहां कूड़ा कचरा फेंकते रहे और किसी को रोका नहीं तो यहां डंपिंग साइट बन सकती है। ग्रामीणों ने प्रशासन व संबंधित विभागों के अधिकारियों से मांग की है कि यहां कूड़ा कचरा फेंकने पर प्रतिबंध लगाया जाए तथा जिन्होंने यहा कूड़ा कचरा फेंका है उनके साथ कड़ी कार्रवाई की जाए।

उधर, नगर परिषद के अध्यक्ष कश्मीर सिंह ने बताया कि मामला मेरे ध्यान में नहीं है, लेकिन जिसने भी यह कृत्य किया है उसे बख्शा नहीं जाएगा। (अनंत ज्ञान)



चंद्राकडी जंगल में फेंका गया कूड़ा-कचरा। यहां से यह गंदगी पानी में घुल रही है।

# पेयजल का दुरुपयोग करने वालों पर कसेगा शिकंजा

- पधर में गहराई पेयजल की समस्या
- सहायक अभियंता जल शक्ति विभाग ने दी चेतावनी

**अनंत ज्ञान, पधर**

उपमंडल मुख्यालय पधर में पेयजल की समस्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। बारिश न होने के चलते जहां अधिकतर प्राकृतिक जल स्रोत सूख गए हैं। समस्या को देखते हुए जल शक्ति विभाग ने क्षेत्र के लोगों से पेयजल की बर्बादी न करने का आग्रह किया है।

सहायक अभियंता जल शक्ति विभाग पधर दीक्षांत शर्मा ने क्षेत्र के लोगों से अपील की है कि पानी के अधिकतर स्रोत सूखने की कगार पर हैं, इस कारण पेयजल की आपूर्ति करना मुश्किल होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि आम जनता भी अपना दायित्व नहीं समझ रही है और पेयजल का उपयोग घर बनाने, खेत सिंचने या गाड़ियों को धोने में कर रहे हैं। वहीं कुछ लोगों के घरों व दुकानों की टंकियां भी ओवरफ्लो में बहती रहती हैं, इस कारण हजारों लीटर पानी व्यर्थ में चला जाता है। यदि जल का सही उपयोग न किया गया तो आने वाले समय में जल संकट से जूझना पड़ सकता है। अतः सभी अपना दायित्व समझे और विभाग का सहयोग करें।

यदि कोई भी व्यक्ति पेयजल का गलत उपयोग करते हुए पकड़ा जाता है, तो उस पर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की है।



# राममय हुआ माहौल, जय श्रीराम के जयकारों से गूंजी घाटी

## रामशिला से लेकर ढालपुर कॉलेज गेट से होते हुए प्रदर्शनी मैदान तक निकाली भव्य शोभायात्रा

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

भगवान श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पूर्व ही देवभूमि कुल्लू राममय हो गई है। पूरा शहर जहां विभिन्न तरह की रोशनी से जगमगा गया है। वहीं, शनिवार को कुल्लू में भगवान जय श्रीराम के जयकारों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

रामशिला हनुमान मंदिर से लेकर ढालपुर के प्रदर्शनी मैदान तक विश्व हिंदू परिषद सहित अन्य विभिन्न संगठनों और शहरवासियों ने शोभायात्रा निकाली। इस मौके पर इस शोभायात्रा का जगह-जगह फूलों से स्वागत किया गया गया। इस मौके पर पूरा शहर जय श्रीराम के जयकारों और भजन-कीर्तन से गूंज उठा और पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। इस शोभायात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया।

इस दौरान शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को फलाहार, प्रसाद, पूरियां भी वितरित किया गया। इस दौरान महिला, पुरुष व युवाओं में काफी उत्साह देखा गया। इस मौके पर अंतरराष्ट्रीय संस्था इस्कॉन के अनुयायियों ने भी शोभायात्रा में भाग लिया और श्रीराम के साथ-साथ हरे रामा, हरे कृष्णा के भी जयकारे लगे। गौर रहे कि भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर जहां अभी से ही अयोध्या सहित पूरे देशभर में जश्न का माहौल है। वहीं, रघुनाथ की नगरी कुल्लू भी राममयी हो गई है। श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा के आयोजन से पूर्व ही पूरे शहर को रोशनी से चकाचौंध कर दिया है। 22 जनवरी को जहां सभी मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण किया जाएगा, वहीं मंदिरों में भजन-कीर्तन भी होंगे। इसके अलावा हजारों दीये की रोशनी से भगवान रघुनाथ जी की नगरी चमक उठेगी और जिलाभर के लोग दिवाली मनाएंगे। (अनंत ज्ञान)





कुल्लू में निकली शोभायात्रा के दौरान झांकी में भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण, हनुमान, लव-कुश बने बच्चे तथा (दाएं) रथ मैदान में उमड़ा भगवान श्रीराम भक्तों का जनसैलाब।

### शहर में ट्रैफिक को किया डायवर्ट

**शोभायात्रा** में किसी तरह की बाधा न पड़े, इसके लिए पुलिस की ओर से अखाड़ा बाजार से ट्रैफिक को डायवर्ट किया गया था। सरवरी गैस एजेंसी से रामशिला की तरफ जाने वाले वाहनों को फोरलेन सड़क की ओर भेजा गया। वहीं, ढालपुर से कोर्ट होकर वाहनों को भेजा गया

### भगवान रघुनाथ जी के मुख्य छड़ीबरदार पहुंचे अयोध्या

**उधर,** भगवान रघुनाथ जी के मुख्य छड़ीबरदार महेश्वर सिंह, पुजारी दिनेश किशोर और अयोद्यानंद वजीर भी अयोध्या में समारोह में शामिल होने के लिए अयोध्या पहुंच गए हैं। महेश्वर सिंह यहां से भगवान रघुनाथ जी की ओर से भगवान श्रीराम के लिए चांदी की चरण पादुका, चौकी और चौंउर भी भेंट स्वरूप लेकर गए हैं। महेश्वर सिंह ने अयोध्या पहुंचने पर उन्होंने पहले दिन त्रेतानाथ मंदिर में जहां से भगवान रघुनाथ जी की मूर्ति को कुल्लू लाया गया था वहां पर जाकर पूजा-अर्चना की। वहीं, अयोध्या पहुंचने के दूसरे दिन उन्होंने अयोध्या स्थित हनुमानीगढ़ में जाकर माथा टेका और आशीर्वाद लिया।

## न्यूज ब्रीफ

### लोक नृत्य प्रतियोगिता तीन फरवरी को

**कुल्लू।** जिला भाषा अधिकारी सुनीला ठाकुर ने जानकारी देते कहा कि भाषा एवं संस्कृति विभाग हिमाचल प्रदेश की लोक संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में निरंतर प्रयासरत है। विभाग द्वारा प्रति वर्ष सांस्कृतिक दलों तथा वादकों को प्रदेश में, प्रदेश से बाहर मेले-त्योहारों व विभिन्न स्थानों पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देने के लिए भेजा जाता है। दलों के चयन के लिए विभाग द्वारा हर वर्ष जिला स्तर पर प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले लोक नृत्य दल को राज्य स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्राप्त होता है। इस वर्ष जिला स्तरीय लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन 3 फरवरी को प्रातः 10 बजे अटल सदन भवन के अंतरंग सभागार में किया जा रहा है, जिसमें भाग लेने के लिए जिला कुल्लू के सभी पंजीकृत अथवा अपंजीकृत लोक नृत्य दल 31 जनवरी तक जिला भाषा अधिकारी कार्यालय, देव सदन भवन, कुल्लू में आवेदन कर सकते हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले लोक नृत्य दलों में नर्तकों की संख्या 22 से अधिक नहीं होनी चाहिए, जिसमें दल के गायक, वादक, नर्तक आदि सम्मिलित होंगे।

### पर्यटन स्थलों में कम होने लगे पर्यटक

**मनाली।** शनिवार को लाहौल व मनाली घाटी में बादल छाए रहे। बादल छा जाने से बर्फबारी की उम्मीद जगी थी। बादल छाते देख पर्यटकों ने भी लाहौल के पर्यटन स्थल कोकसर का रुख किया, लेकिन पर्यटन स्थलों में बर्फबारी न होने से पर्यटक मायूस हुए। लंबे अरसे से बर्फबारी न होने के कारण लाहौल के पर्यटन स्थलों में बर्फ की सफेदी कम हो रही है साथ ही पर्यटकों की आमद भी कम होने लगी है। कोकसर के पर्यटन कारोबारी रतन व तुला ने बताया कि लंबे अरसे से हिमपात न होने के कारण पर्यटन स्थलों से बर्फ की चांदी गायब होने लगी है। उन्होंने बताया कि पर्यटकों की आमद में भी भारी कमी आई है। उन्होने उम्मीद जाहिर करते हुए कहा कि हिमापत होने के बाद ही अब पर्यटन कारोबार बढ़ने की उम्मीद की जा सकती है। बाहरी राज्यों से आने वाले पर्यटकों की संख्या में भी कमी आई हैम सप्ताहांत के चलते भी पर्यटन कारोबार फीका रहा है। शुक्रवार को बाहरी राज्यों सहित हिमाचल के पर्यटन स्थलों से 500 के लगभग पर्यटक मनाली पहुंचे, जबकि शनिवार को आंकड़ा और भी कम हो गया। वाहन चालक नरेंद्र, प्रीतम व राहुल ने बताया कि बर्फ के फाहों की उम्मीद लिए पर्यटक लाहौल घाटी के कोकसर पहुंचे थ्रे लेकिन हिमपात न होनेसे उन्हें निराश ही हाथ लगी। एसपी लाहौल-स्पीति मयंक चौधरी ने बताया कि लाहौल के पर्यटन स्थल पर्यटकों के लिए बहाल हैं।

### बर्फबारी न होने पर रद्द किए स्की कोर्स

**मनाली।** इस वर्ष जनवरी माह में बर्फबारी न होने के चलते अटल बिहारी वाजपेयी पर्वताहरोहण एवं संबद्ध खेल संस्थान ने 11 से 26 जनवरी तक चलाए जाने वाले बेसिक एवं एडवांस स्की कोर्स रद्द कर दिए हैं। बर्फ के बिना खाली पड़ी सोलंगनाला की स्की ढलानों पर पर्वतारोहण संस्थान द्वारा हर वर्ष यह कोर्स चलाए जाते थे। दोनों तरह के प्रशिक्षणों के लिए 80 प्रतिभागियों ने आवेदन कर रखा था। जिसमें 40 प्रतिभागियों ने बेसिक कोर्स जबकि 40 प्रतिभागियों ने एडवांस कोर्स के लिए अपना पंजीकरण करवाया था। दोनों ही कोर्स रद्द होने से इस प्रतिभागियों को निराशा हाथ लगी है। खेल संस्थान के निदेशक कर्नल अविनाश नेगी का कहना है कि अगर जनवरी के अंतिम सप्ताह में भी बर्फबारी हो जाती है तो 27 जनवरी से यह कोर्स चलाए जाएंगे परंतु 27 जनवरी के बैच में अलग से 80 प्रतिभागी पंजीकृत हैं। अगर कोई प्रतिभागी उसमें नहीं आता है तो 11 से 26 जनवरी वाली प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। अविनाश नेगी ने बताया कि निदेशालय की टीम द्वारा लाहौल-स्पीति के सिस्सु और दारचा में भी जनवरी में चलाए जाने वाले स्की कोर्स की संभावनाएं तलाशी थीं, लेकिन पर्याप्त बर्फ न होने के चलते वहां भी संभावना नहीं थी। उन्होंने कहा कि अगर बर्फ नहीं पड़ती है तो पर्वतारोहण संस्थान को इस वर्ष स्की कोर्स रद्द करने पड़ेंगे। उधर, प्रदेश विंटर गेम्स एसोसिएशन के अध्यक्ष लुदर चंद ठाकुर ने कहा कि इस बार बर्फबारी न होने के चलते सोलंग नाला में स्टेट या नेशनल स्की चैंपियनशिप का आयोजन नहीं हो पाया है जिसको लेकर घाटी के स्कियरों में भी निराशा है। उन्होंने कहा कि अगर समय पर बर्फबारी होती है तो एसोसिएशन स्कीइंग की प्रतियोगिता आयोजित करेगा।

### मनाली के मॉल रोड पर जली अखंड ज्योति

**मनाली।** शनिवार शाम को अखंड ज्योति प्रज्वलित होते ही पर्यटन नगरी मनाली राममयी हो गई। नगर परिषद ने विभिन्न समाजिक संगठनों के साथ राम मंदिर के भव्य अभिषेक एवं प्राण प्रतिष्ठा के चलते अखंड ज्योति प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की शुरुआत नगर परिषद के अध्यक्ष चमन कपूर ने की। उनके साथ विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे।पर्यटन नगरी मनाली के माल रोड को ध्वज, फूल-मालाओं एवं रंग-बिरंगी लाइटों से दुल्हन की तरह सजाया गया है। राम भक्त 22 जनवरी को होने वाले भगवान राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की लोगों व पर्यटकों को जानकारी दे रहे हैं। माल रोड में रविवार को 11000 दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। नगर परिषद मनाली के अध्यक्ष एवं प्रदेश नगर निकाय फेडरेशन के अध्यक्ष चमन कपूर ने कहा कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के चलते पर्यटन नगरी मनाली भी राममयी हो गई है। उन्होंने कहा कि रामलला के प्राण प्रतष्ठिा समारोह के दिन 22 जनवरी को मनाली साज-सज्जा के साथ दीपोत्सव मनाने को तैयार है। कपूर ने कहा कि मालरोड़ में नगर परिषद ने विभिन्न संगठनों के साथ मिलकर विशाल ज्योति जलाई। यह अखंड ज्योति 22 जनवरी तक मालरोड में प्रज्वलित रहेगी। इसके अलावा मनाली में आने वाले पर्यटक भी दीये जलाकर खुशियां मनाएंगे।

### पंचतत्व में विलीन हुए आरएसएस नेता सुरेंद्र खन्ना

**कुल्लू।** आरएसएस के वरिष्ठ नेता सुरेंद्र खन्ना पंचतत्व में विलीन हो गए हैं। भुंतर के मोक्षधाम में सैकड़ों लोगों ने नम आंखों से सुरेंद्र खन्ना को अंतिम विदाई दी। उनके निधन से समाज का हर वर्ग शोक में है। शनिवार को सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक संस्थाओं से जुड़े सैकड़ों लोगों ने आरएसएस नेता को नमन किया। आरएसएस के जिला सह संघ चालक टेक चंद ठाकुर ने कहा कि उनके न रहने से संघ परिवार में बहुत बड़ा नुक्सान हुआ है। संघ ने अपना अभिवावक और संरक्षक खो दिया है। उन्होंने कहा कि खन्ना के निधन से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रारंभिक श्रृंखला की एक और कड़ी टूट गई है। आर एसएस के जिला संघ चालक नरेंद्र ठाकुर ने कहा कि अंतिम विदाई में विहिप, सेवा भारती, भारतीय मजदूर संघ,किसान संघ, विद्यार्थी परिषद समेत विभिन्न संगठनों के लोग अंतिम विदाई में सम्मिलित रहे। पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर, एग्रो इंडस्ट्री के पूर्व उपाध्यक्ष युवराज बोध, आरएसएस के पूर्व जिला संघ चालक राजीव करीर ने कहा कि सुरेंद्र खन्ना के निधन से पूरा संघ परिवार शोक में डूबा है।



# आपदा में गिरे सड़क के डंगे, छह माह बाद भी नहीं हुए दुरुस्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू की दो दुर्गम खड़ीहार और बाराहार पंचायतों को जाने वाली सड़कों की हालत खस्ता है। आलम यह है कि आपदा के दौरान इन दोनों पंचायतों की इन सड़कों के डंगे गिर गए हैं, जिस कारण वाहनों की आवाजाही बंद है। पिछले छह महीनों से बंद पड़ी हैं, जिन्हें अभी तक ठीक नहीं किया गया है, जिसके चलते लोगों को पैदल सफर करने को मजबूर होना पड़ रहा है और रोजमर्रा के समान भी अपनी पीठ और खच्चरों पर ढोना पड़ रहा है। ऐसे में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

**पीठ और खच्चरों पर ढोना पड़ रहा है रोजमर्रा का सामान**

जिला परिषद सदस्य गुलाब चंद ने बताया कि ग्राम पंचायत खड़ीहार को जाने वाली सड़क में पिछले छह महीनों से लोगों को बस सेवा नहीं मिल पा रही है। इस पंचायत के मुथल, खलोगी और कमांद गांव की करीब पांच सौ की आबादी परिवहन सुविधा से वंचित है। इस पंचायत को जाने वाली सड़क पाहानाला से आगे कमांद तक बरसात में जगह-जगह डंगे गिर जाने के कारण बंद पड़ी है। इसके अलावा बराहार पंचायत के तीन गांवों को जाने वाली सड़क भी छह महीने से बंद पड़ी है।

इस पंचायत के लोट, चरमाली और खल्याणी गांव के भी करीब 500 की आबादी सड़क बंद होने के कारण परिवहन सुविधा से वंचित है। इस पंचायत को जोड़ने वाली सड़क कोलीबेहड़ से आगे लोट तक जगह-जगह डंगे गिरने के कारण बंद पड़ी है। ऐसे में इन दोनों पंचायत में हजार से अधिक की आबादी परिवहन सुविधा से वंचित चल रही है क्षेत्र के लोगों ने बार-बार प्रशासन से सड़कों को बहाल करने का आग्रह किया लेकिन अभी तक प्रशासन और विभाग इन सड़कों को बहाल करने में पूरी तरह से नाकाम साबित हुआ है। मजबूरन लोगों को अपने रोजमर्रा का सामान पीठ पर धोने को मजबूर होना पड़ रहा है। जिला परिषद सदस्य गुलाब चंद ने उपायुक्त कुल्लू आशुतोष गर्ग से आग्रह किया है कि वह लोक निर्माण विभाग को उपरोक्त सड़कों को बहाल करने के लिए दिशा-निर्देश जारी करें ताकि लोगों को सड़क सुविधा से वंचित न रहना पड़े।

# विद्युत परियोजनाओं से प्रभावित हुई पंचायतों में मुहैया हो मूलभूत सुविधाएं : शशि कटोच

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**



बैठक में उपस्थित प्रधान शशि कटोच, सीपीएस सुंदर सिंह ठाकुर व अन्य गणमान्य।

जिला कुल्लू के निरमंड ब्लॉक के तहत आने वाली ब्रो पंचायत की प्रधान शशि कटोच ने स्थानीय क्षेत्र विकास प्राधिकरण (लाडा) की कुल्लू में आयोजित जिला स्तरीय बैठक में आउटर सराज के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। मुख्य संसदीय सचिव वन, ऊर्जा, पर्यटन व परिवहन तथा प्राधिकरण के अध्यक्ष सुंदर सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित की गई इस बैठक में शशि कटोच ने आनी विधानसभा में विद्युत परियोजनाओं से प्रभावित हुई पंचायतों में मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने के लिए जोरदार तरीके से अपना पक्ष रखा और कई मांगों को बैठक में उठाया।

उन्होंने प्रभावित पंचायतों में सीएसआर के तहत किए जा रहे कार्य को प्राथमिकता के आधार पर करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि विभिन्न जल-विद्युत परियोजनाओं से प्राप्त लाडा शेयर राशि को प्रभावित पंचायतों व जोन पंचायतों में होने वाले विकासात्मक कार्यों में दिया जाना है। शशि कटोच ने बैठक में एसजेवीएनएल रामपुर परियोजना प्रबंधन को प्रभावित पंचायत ब्रो व जगातखाना में अपने वादे के अनुरूप सीवरेज लाइन बिछाने के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग को रखा।

उन्होंने कहा कि इन दोनों पंचायतों को सीवरेज से जोड़ा जाए। रामपुर हाइड्रो प्रोजेक्ट ने अपने आरआर प्लान में सीवरेज की व्यवस्था का वादा किया है। इसके अलावा सभी प्रभावित पंचायतों को एक फीसद बिजली उत्पादन और फसलों का मुआवजा जल्द-जल्द से दिए जाने की मांग को भी बैठक में प्रमुखता से उठाया और मुआवजे की राशि को पूरा एक मुश्त में दिए जाने की मांग उठाई। शशि कटोच ने झाकरी बाईपास सड़क को क्रांति चौक से बजीर बाबड़ी तक के तीन किमी के बचे हिस्से को पक्का करने का मुद्दा भी उठाया। लाडा के अध्यक्ष सुंदर ठाकुर में इन मांगों को गंभीरता से लेते हुए परियोजना प्रबंधन से दिए गए कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर करने के आदेश दिए हैं।

# नगर परिषद ने मानीं व्यापार मंडल की मांगें



संजीव ठाकुर से मिलता व्यापार मंडल का प्रतिनिधिमंडल।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मनाली**

व्यापार मंडल का प्रतिनिधिमंडल शनिवार को अध्यक्ष संजीव ठाकुर की अध्यक्षता में नगर परिषद से मिला। शहर के विकास को लेकर चर्चा हुई। व्यापार मंडल ने अपनी कुछ मांगें नगर परिषद के समक्ष रखी। नगर उनमें से अधिकतर मांगों को पूरा किया।

व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजीव ठाकुर ने कहा कि आज उन्होंने नगर परिषद मनाली के अध्यक्ष चमन कपूर से शिष्टाचार भेंट की और कुछ मांगे उनके समक्ष रखी। उन्होंने कहा कि बैठक सकारात्मक रही। संजीव ठाकुर ने कहा कि शहर को मिल जुलकर स्वच्छ रखा जाएगा। संजीव ठाकुर ने कहा कि साफ-सफाई को लेकर समय-समय पर सभी व्यापारियों को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर परिषद ने जल्द ही माल रोड का सौंदर्यकरण करने, नालियों को ठीक करने आदि समस्याओं का मौके पर समाधान किया। मांगों को पूरा करने के लिए संजीव ठाकुर ने चमन कपूर का आभार जताया।

# इलाज के लिए तीन किमी कुर्सी पर बैठाकर सड़क तक पहुंचाई महिला

**कुल्लू।** जिले की सैंज घाटी के शफाडी गांव की एक महिला की अचानक तबीयत खराब होने पर ग्रामीणों ने तीन किलोमीटर तक खतरनाक पगडंडी से सड़क तक पहुंचाया। लोगों ने शफाडी गांव की बीमार महिला को कुर्सी में बैठाया और लकड़ बांधकर कंधों के सहारे सड़क तक लाया और उसके बाद उसे सैंज अस्पताल लाया गया। जानकारी के अनुसार सैंज घाटी की दुर्गम पंचायत शैंशर पंचायत का शफाडी गांव आज भी सड़क सुविधा से वंचित है। जिस कारण लोगों को आज भी रोजमर्रा की वस्तुएं पीठ पर उठाकर ले जानी पड़ रही है। ग्रामीण देवी राम, यानदत, तेजस्वी राम, धर्मचंद, चुनी लाल, प्रेम चंद, नीरत राम, पुरुषोत्तम राम, विहारी लाल और दी मनु महाराज दुग्ध को-ऑपरेटिव सोसायटी तुंग की उपप्रधान गीता देवी का कहना है कि हमने कई बार सरकार व प्रशाशन से आग्रह किया है कि गांव के लिए सड़क सुविधा दी जाए, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। लिहाजा इस दौरान गाव की सवित्रा देवी आचानक बीमार होने से तीन किलोमीटर तक कुर्सी पर उठा कर लाना पड़ा है। गांववासियों ने इसमें सहयोग दिया है। सड़क तक पहुंचाने के बाद उसे एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल लाया गया।



बीमार महिला को कुर्सी पर बैठाकर ले जाते परिजन।

# जायका की उपपरियोजनाओं का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कृषि विभाग हिमाचल प्रदेश में चल रहे फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना, जायका चरण-दो के तहत जिला परियोजना प्रबंधक मंडी डॉ. बलवीर सिंह ठाकुर व निर्माण अभियंता सोनू शर्मा ने जल बहाव सिंचाई योजनाओं छरेहरा, नयरैणी एवं फलटनालह का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने तीनों उप-परियोजनाओं में चल रहे बहाव सिंचाई योजना के निर्माण कार्य को खूब सराहा।

अधिकारी ने मौके पर पाया कि खंड परियोजना प्रबंधन इकाई कुल्लू के माध्यम से विभिन्न ठेकेदारों के द्वारा जो निर्माण कार्य किया जा रहा है उसकी गुणवत्ता काफी संतोषजनक है। उन्होंने खंड परियोजना प्रबंधन कुल्लू के अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगे भी कूहल के निर्माण कार्य को ठेकेदारों से गुणवत्ता के अनुरूप समयबद्ध तरीके से कार्य करवाएं। जिला परियोजना प्रबंधक ने कृषक विकास संगठन छरेहरा, कृषक विकास संगठन नयरैणी व कृषक विकास संगठन फलटनालह के प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे भी निर्माण कार्य की समय-समय पर निगरानी करते रहें।

जिला परियोजना प्रबंधक डॉ. बलवीर सिंह ठाकुर ने खंड परियोजना प्रबंधन इकाई कुल्लू के इंजीनियरिंग और कृषि प्रसार अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की, जिसमें खंड परियोजना प्रबंधक कुल्लू डॉ. प्रदीप ठाकुर ने कुल्लू व लाहौल-स्पीति जिले के अंतर्गत चयनित 21 उप-परियोजनाओं में विभिन्न कूलहों के निर्माण कार्यों व कृषि प्रसार संबंधित गतिविधियों का विवरण दिया।

**प्रदर्शनी** पहाड़ी मिनियेचर बनाने में महारत हासिल कर चुका है लाहौली युवा

# राजेंद्र की पेंटिंग्स बनी आकर्षण का केंद्र

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**



प्रदर्शनी में रखी गई पेंटिंग्स के साथ चित्रकार राजेंद्र।

ढालपुर के प्रदर्शनी मैदान आयोजित सात दिवसीय हथकरघा प्रदर्शनी एवं बिक्री में सुप्रसिद्ध पहाड़ी मिनियेचर आर्ट पेंटिंग्स को भी प्रदर्शनी और बिक्री के लिए रखा गया है। पहाड़ी शैली में बने मिनियेचर को लाहौल के सलग्रां गांव के निवासी राजेंद्र ने बनाया है। लाहौल के इस युवा एवं ऊर्जावान चित्रकार राजेंद्र ने पहाड़ी मिनियेचर में मास्टर डिग्री हासिल की थी।

चित्रकार राजेंद्र पहाड़ी मिनियेचर के अलावा पेन स्केच और कंटेंपरेरी शैली में भी पेंटिंग बनाते हैं, हालांकि उनकी महारत पहाड़ी मिनियेचर बनाने में है। राजेंद्र ने बताया कि उन्होंने अपनी चित्रकला का सफर अपनी 2017 में इंजीनियरिंग की शिक्षा समाप्त करने के बाद 2018 से शुरू किया था, हालांकि राजेंद्र पहले इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग बनना चाहते थे किंतु अचानक से उन्हें चित्रकला में ज्यादा दिलचस्पी शुरू हो गई।

उन्होंने बताया कि शिमला की गेयटी थियेटर में आयोजित प्रदर्शनी में भाग लेकर अपनी चित्रकला का प्रदर्शन कर चुके हैं इसके अलावा है उन्होंने वर्ष 2020 में राजस्थान के सूरजकुंड मेले में आयोजित प्रदर्शनी में भी भाग लिया था। इसके अलावा राजेंद्र ने कई प्रदर्शनियों में भी भाग लेकर अपनी कला का प्रदर्शन किया है। राजेंद्र ने बताया कि 2022 में हिमाचल स्टेट म्यूजियम द्वारा आयोजित ऑल इंडिया आर्ट एग्जीबिशन में भी उन्होंने भाग लिया है जहां पर उनके द्वारा बनाई गई पहाड़ी मिनियेचर पर आधारित पेंटिंग को ऑल इंडिया आर्ट एग्जीबिशन में सैकड़ों चित्रकारों के बीच में दूसरा स्थान हासिल हुआ था।

राजेंद्र ने बताया कि कुल्लू के ढालपुर में आयोजित हथकरघा प्रदर्शनी एवं बिक्री में उनके साथ उनके वरिष्ठ सहयोगी डॉ. बलविंद्र कुमार जो कि शिमला विश्वविद्यालय में फाइन आर्ट के प्रोफेसर हैं और डॉ. इसरो देवी भी शिमला विश्वविद्यालय में फाइन आर्ट की प्रोफेसर हैं। इनके अलावा चित्रकार विक्रम सिंह, चित्रकार संयोगिता ठाकुर, चित्रकार श्यामा देवी और चित्रकार अंचल ठाकुर की बनी कंटेंपरेरी और पेन स्केच पेंटिंग्स को भी प्रदर्शनी में प्रदर्शन और बिक्री के लिए रखा गया है। राजेंद्र ने बताया कि प्रदर्शनी शुरू हुए तीन दिन हो चुके हैं, मगर लोगों में पेंटिंग्स खरीदने के लिए उतनी दिलचस्पी नहीं दिख रही है जितनी की उम्मीद थी। (अनंत ज्ञान)

### एक हजार से आठ हजार की बिक रही पेंटिंग

**प्रदर्शनी** देखने आ रहे लोग जो इन पेंटिंग्स को खरीदना चाहते हैं वे इसे उनके स्टॉल से खरीद सकते हैं। प्रदर्शनी में पेंटिंग्स के अलावा उनके स्टॉल पर विभिन्न प्रकार के उत्पादों को भी रखा गया है जिनमें कोस्टर, बुक मार्क्स और की चेन आदि रखे गए हैं 100 से लेकर 200 रुपए तक में भी उपलब्ध है। इसके अलावा स्टॉल में रखे सभी पेंटिंग्स एक हजार से लेकर रुपए से लेकर आठ हजार रुपए तक की मूल्य के रखे गए हैं। ज्यादातर पेंटिंग्स जिनमें पहाड़ी मिनियेचर, पेन स्केच और कंटेंपरेरी पेंटिंग्स हैं वे पांच हजार के रुपए तक के हैं। राजेंद्र ने बताया कि पहाड़ी मिनियेचर को बनाने के लिए नेचुरल कलर का इस्तेमाल होता है और इस चित्रकला शैली में खूबसूरत और रंग-बिरंगे रंगों का इस्तेमाल किया गया है।

# उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम 30 को

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**

ट्राई द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों व योजनाओं संबंधी जानकारी के लिए उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन होने जा रहा है। हिमाचल उपभोक्ता संरक्षण परिषद के अध्यक्ष जोगेंद्र कंवर व उपाध्यक्ष रणजीत सिंह ने इस संदर्भ में जानकारी देते हुए बताया कि परिषद 30 जनवरी को राजकीय अद्यौगिक प्रशिक्षण संस्थान निरमंड जिला कुल्लू में दूरसंचार व प्रसारण से संबंधित उपभोक्ताओं की समस्याओं को सुनने व ट्राई द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों व योजनाओं की जानकारी देने के लिए उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन में करने जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में भारतीय संचार निगम, भारती एयरटेल, जियो व बोडा-आइडिया कंपनियों के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे।

" My Handloom My Pride"
जिला हथकरघा प्रदर्शनी
''ताना-बाना''
विरास्त
हिमाचल प्रदेश राज्य हस्तशिल्प एवं हथकरघा निगम द्वारा हथकरघा एवं हस्तशिल्प वस्तुओं की
प्रदर्शनी एवं बिक्री
कुल्लू-किन्नौरी शॉल, मफलर, स्टोल, कोट पट्टी, बार्डर, हस्त बुनाई, कैंडल मेकिंग, पेंटिंग, खिलौने इत्यादि
दिनांक : 17.01.2024 से 23.01.2024 तक
समय प्रातः 10:00 बजे से सायं 7:00 बजे तक
सौजन्य से :
आयोजक संस्था :
स्थान : प्रदर्शनी मैदान, ढालपुर, कुल्लू, जिला कुल्लू हि.प्र.
विकास आयुक्त (हथकरघा) वस्त मंत्रालय भारत सरकार
अंतिम 3 दिन
हिमाचल प्रदेश राज्य हस्तशिल्प एवं हथकरघा निगम लि. शिमला हि.प्र.

# भोरंज हलके को सीएम की सौगातें, जाहू में उपतहसील, लदरौर में खुलेगी पुलिस चौकी

## 50 करोड़ से कराह में बनेगा सूबे का पहला राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल

**विक्रम ढटवालिया, कंज्याण (हमीरपुर)**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने भोरंज विस क्षेत्र के लोगों को कई सौगातें दी हैं। शनिवार को उन्होंने कंज्याण में 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जाहू में उप-तहसील, लदरौर में पुलिस चौकी, भरेड़ी में स्पोर्ट हॉस्टल, समीरपुर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में साइंस और कॉमर्स की कक्षाएं शुरू करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि पेयजल परियोजना लदरौर-पट्टा की डीपीआर बनाई जाएगी और राज्य सरकार इसके लिए पर्याप्त धन उपलब्ध करवाएगी। उन्होंने इस अवसर पर लोगों की विभिन्न समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को इनके तुरंत निपटारे के आदेश दिए।

मुख्यमंत्री ने कंज्याण में जल शक्ति विभाग का सब-डिविजन खोलने तथा भोरंज कॉलेज में एमए हिंदी की कक्षाएं शुरू करने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि पिछली भाजपा सरकार ने जल विद्युत परियोजनाओं में राज्य के हितों को बेचा, जबकि वर्तमान राज्य सरकार प्रदेश के हितों की लड़ाई लड़ रही है। उन्होंने कहा कि लूहरी, धौलासिद्ध तथा सुन्नी जल विद्युत परियोजनाओं में अगर हिमाचल को रॉयल्टी नहीं मिली, तो इन परियोजनाओं का अधिग्रहण किया जाएगा। भोरंज विधानसभा क्षेत्र के लिए 150 करोड़ रुपए के शिलान्यास व उद्घाटन किए गए। 102 कनाल भूमि पर 50 करोड़ रुपए की लागत से कराह में प्रदेश का पहला राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल बनेगा। सीएम ने कहा कि इस स्कूल में एक साल के भीतर प्राइमरी सेक्शन को शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि हमीरपुर जिला के लिए सौभाग्य की बात कि यहां से दो मुख्यमंत्री बने। इस अवसर पर भोरंज के विधायक सुरेश कुमार, जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, इंटक के राज्याध्यक्ष राजीव राणा, अतुल कड़ोहता, रामचंद्र पठानिया, कांग्रेस नेता राजेंद्र जार, प्रेम कौशल, पुष्पिंदर वर्मा, पवन ठाकुर तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)



भोरंज पहुंचने पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का स्वागत करते विधायक सुरेश कुमार।

### कई परियोजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास

**मुख्यमंत्री** सुक्खू ने शनिवार को भोरंज विधानसभा क्षेत्र के एकदिवसीय दौरे के दौरान क्षेत्र के लिए 150 करोड़ रुपए की 12 परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास किए। उन्होंने 45.51 करोड़ रुपए की लागत से बनी लगवालती-बमसन पेयजल योजना के सुधारीकरण, 8.34 करोड़ रुपए की लागत से बनी समीरपुर-मतलाणा भुआणा सड़क, 11.49 करोड़ रुपए की लागत से बने भोरंज अस्पताल के नए भवन तथा 2.06 करोड़ रुपए की लागत से भोरंज में बने पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन के नए भवन का लोकार्पण किया। सीएम ने 45 करोड़ रुपए लागत की ब्यास नदी पर बनने वाली मलियां सधरयाण उठाऊ पेयजल योजना, जाहू में 16.58 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले राजीव गांधी ग्रीन इंडस्ट्री एरिया, 6.09 करोड़ रुपए की लागत से भोरंज विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न पेयजल योजनाओं के सुधारीकरण, 3.34 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले सम्मू ताल बस अड्डे आदि की कई आधारशिला रखी।

# हिमाचल में अनुबंध पर नियुक्त चिकित्सकों को मिल रहा सबसे कम वेतन: डॉ. सुरेंद्र

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हिमाचल में अपनी मांगों को लेकर डॉक्टर्स का रोष प्रदर्शन काले बिल्ले लगाकर लगातार जारी है। इधर संघ ने कहा है कि यदि उनकी मांगों को नहीं माना गया तो शीघ्र ही नई रणनीति तैयार की जाएगी। संघ ने कहा है कि हिमाचल में अनुबंध पर नियुक्त चिकित्सकों को पूरे भारतवर्ष में सबसे कम वेतन 33,660 दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने संघ को आश्वासन दिया था कि चिकित्सकों की अग्रिम भर्ती में उनकी वेतन के साथ एनपीए को जोड़ा जाएगा, लेकिन धरातल पर उनके वचनों का निरादर हुआ है।

इस संदर्भ में हिमाचल प्रदेश चिकित्सा अधिकारी संघ के सभी सदस्य काले बिल्ले लगाकर विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। सदस्यों ने तीसरे दिन भी काले बिल्ले लगाकर अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखा। हमीरपुर मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र डोगरा का कहना है कि अन्य विभागों की तुलना में चिकित्सकों की प्रमोशन के बहुत ही कम पद स्वीकृत हैं, उन्हें केंद्र सरकार की तर्ज पर डायनेमिक करियर प्रोग्रेशन स्कीम दी जाए, जो कि अन्य राज्यों में जैसे कि बिहार मध्य प्रदेश में केंद्र सरकार की तर्ज पर लागू की गई है। वहीं प्रमोशन की बात लें, तो स्वास्थ्य विभाग में कई वर्षों से बीएमओ, सीएमओ, सीनियर मेडिकल सुपरिंटेंडेंट, डिप्टी डायरेक्टर और डायरेक्टर ऑफ हेल्थ सर्विसेज के पद वरिष्ठता एवं योग्यता के आधार पर नहीं भरे गए हैं। विभाग कई वर्षों से चिकित्सकों की वरिष्ठता सूची बनाने में असमर्थ रहा है, जिसके चलते समय अनुसार प्रमोशंस नहीं हो रही है।



काले बिल्ले लगाकर विरोध जताते हुए डॉक्टर।

### चिकित्सकों की नियुक्ति न करना जनता के हित में नहीं

**प्रदेश** में योग्य चिकित्सक उपलब्ध होने के बाद भी सैकड़ों स्वास्थ्य स्थानों में चिकित्सकों की नियुक्ति नहीं करना प्रदेश की जनता के हित में भी नहीं है। कई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में केवल दो ही चिकित्सक स्वीकृत है, जहां इंडियन पब्लिक हेल्थ स्टैंडर्ड के तहत 10 चिकित्सकों के पदों के साथ-साथ स्वास्थ्य के अन्य कर्मचारियों के पदों को भी स्वीकृति होनी चाहिए।

## मुख्यमंत्री की पत्नी आज सुनेंगी लोगों की समस्याएं

**नादौन।** नादौन के संयुक्त कार्यालय भवन के सीएम ऑफिस में सीएम की पत्नी कमलेश ठाकुर 21 जनवरी को सुबह 11 बजे से पांच बजे तक कांग्रेस कार्यकर्ताओं और आम लोगों की समस्याएं सुनेंगी तथा मौके पर ही निपटारा करेंगी। यह जानकारी शहरी कांग्रेस के अध्यक्ष एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य शम्मी सोनी ने दी।

## 403 लोगों का किया चेकअप

**अनंत ज्ञान, कंज्याण**

कंज्याण में आयोजित 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम के दौरान आयुष विभाग ने निशुल्क बहुउद्देशीय चिकित्सा शिविर भी लगाया। जिला आयुष अधिकारी डॉ. देशराज वर्मा के नेतृत्व में लगाए गए इस शिविर में डॉ. लोकेश कतना, डॉ. पंकज वर्मा, डॉ. विजेंद्र, डॉ. अशोक, डॉ. राघवा, डॉ. वंदना, डॉ. बविंद्र, डॉ. विजेंद्र, डॉ. योगेश, लैब तकनीशियन रवि, विनोद एपीओ, संजीव एपीओ, अनिल एपीओ, होम्योपैथिक फार्मासिस्ट रजनीत सिंह, तिलक राज, जोगिंद्र सिंह, सुनील और यशपाल ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। डॉ. देशराज वर्मा ने बताया कि शिविर के दौरान 403 लोगों की जांच की गई तथा उन्हें निशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। 60 लोगों के शुगर टेस्ट भी किए गए।

# मुख्यमंत्री के बड़सर दौरे को लेकर कांग्रेस की मंथन बैठक



कांग्रेस की मंथन बैठक में उपस्थित विधायक इंद्रदत्त लखनपाल व अन्य।

**एसके ठाकुर, बिझड़ी**

शनिवार को रेस्ट हाउस बिझड़ी में कांग्रेस की मंथन बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने की इस बैठक में मुख्यता 24 जनवरी को बड़सर विधानसभा में मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश एकदिवसीय दौर को सफल बनाने को लेकर हुई, जिसमें मुख्यमंत्री झोरघट पुल का लोकार्पण तथा बड़सर में वकीलों के लिए बने एडीए परिसर का उद्घाटन करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री बिझड़ी के ताल स्टेडियम में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

रेस्ट हाउस में कार्यकर्ताओं के साथ समीक्षा बैठक की विधायक लखनपाल ने मुख्यमंत्री के दौरे को सफल बनाने को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ विचार साझा किया तथा उन्हें प्रदेश सरकार की उपलब्धियां आम जनता के बीच ले जाने के लिए कहा। इस बैठक में पूर्व विधायक मनजीत सिंह डोगरा, कांग्रेस प्रदेश सचिव कृष्ण कुमार चौधरी, जिला परिषद मीना कुमारी, केवल धीमान सहित बड़सर विधानसभा से सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# भाजपा के कामों का श्रेय लेना कांग्रेस सरकार की पुरानी आदत

**जाहू।** भोरंज विधानसभा क्षेत्र से पूर्व में रही विधायक कमलेश कुमारी ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के भोरंज विधानसभा क्षेत्र में किए गए शिलान्यास एवं उद्घाटनों को भाजपा की देन बताया है। उन्होंने प्रेस को जारी बयान में कहा कि विगत एक वर्ष में भोरंज विधानसभा क्षेत्र में नया नहीं हुआ है, जो प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन हुआ है उस व्यवस्था परिवर्तन ने पुराने किए हुए शिलान्यासों के स्थान बदलकर दूसरी जगह शिलान्यास किए हैं।

उन्होंने कहा कि जब वह विधायक थी तब अवाहदेवी में जल शक्ति विभाग के इंस्पेक्शन हट का शिलान्यास किया था और उसके लिए टेंडर भी आमंत्रित कर दिए थे परंतु व्यवस्था परिवर्तन होते ही सबसे पहले उन्होंने चयनित जगह से अन्य जगह में इंस्पेक्शन हट को स्थानांतरित कर दिया और आज माननीय मुख्यमंत्री इसका शिलान्यास कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत केंद्र की मोदी सरकार द्वारा इसके लिए बजट उपलब्ध करवाया गया था परंतु भोरंज के विधायक के घर जाहू में पड़ते हैं तो इन्होंने अवाहदेवी के लोगों को दरकिनार करके अपने घर के नजदीक इस इंस्पेक्शन हट को स्थानांतरित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे कई शिलान्यास भाजपा ने किए हैं जिनका श्रेय कांग्रेस ले रही है। उन्होंने भोरंज विधायक पर निशाना साधते हुए कहा कि भोरंज की जनता ने उनको मौका दिया है तो वह क्षेत्र का विकास करें।

# लदरौर स्कूल के बच्चों ने किया करियर प्वाइंट का शैक्षणिक भ्रमण



शैक्षणिक भ्रमण के दौरान लदरौर स्कूल के बच्चे शिक्षकों के साथ सामूहिक चित्र में।

**अनंत ज्ञान, भरेड़ी**

भोरंज उपमंडल के अधीन आने वाली राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लदरौर में छठी से आठवीं कक्षा के बच्चों ने करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय हमीरपुर में एकदिवसीय शैक्षणिक भ्रमण किया। प्रधानाचार्य राजकुमारी ने कहा कि इस दौरान बच्चों में विभिन्न प्रकार की प्रयोगशालाओं जैसे वनस्पति विज्ञान, रासायनिक, भौतिकी व जीव विज्ञान की प्रयोगशाला में जाकर वैज्ञानिक ज्ञान हासिल किया। इसके अलावा कंप्यूटर लैब में जाकर कंप्यूटर के महत्व तथा कंप्यूटर शिक्षा से जीवन में लक्ष्य हासिल करने की शिक्षा ली।

इस दौरान विश्वविद्यालय के प्रो. डॉ. नवीन डॉ. कुलदीप ने स्कूलों को जागरूक करते हुए कहा कि स्टार्स परियोजना का लाभ लेकर अनुभव से ज्ञान हासिल करें। इस दौरान बच्चों को ज्ञानवर्द्धक अनेक जानकारियों से जागरूक किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि स्टार्स परियोजना से तहत स्कूली बच्चों को ज्ञान में विस्तार हो रहा है। आने वाले समय में बच्चों को इसका काफी लाभ होगा। इस दौरान स्कूल के अध्यापक टीजीटी जोगिंद्र कुमार, किशोरी लाल, अनिता कुमारी, प्रियंका, एहसास भाटिया व बीएड प्रशिक्षु दिव्य शर्मा, नेहा और विकास भी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### कोट के पास सड़क ध्वस्त, यातायात बाधित

**टौणी देवी।** अटारी से लेह वाया अणु, टौणी देवी अवाहदेवी होते हुए बनाया जा रहा एनएच-तीन का लगभग 20 मीटर भाग कोट स्टेशन के पास गिर गया। घटना शाम लगभग तीन बजे की है जब सड़क भरभरा कर पूरी तरह गिर गई। इस पर बड़े वाहनों की आवाजाही पूर्णतः ठप हो गई। यहां पर एनएच विभाग द्वारा बड़ा डंगा लगाया जा रहा है, जिसकी बेतरतीव कटिंग से यह सड़क गिर गई है जिसे बहाल करने में दो से तीन दिन लग सकते हैं। अब टौणी देवी व अवाहदेवी जाने के लिए बसों को कालेअंब-कक्ड़यर होते हुए आना पड़ पड़ेगा।



कोट स्टेशन के पास ध्वस्त हुआ एनएच-तीन।

### 296 बच्चों ने दी नवोदय की प्रवेश परीक्षा

**नादौन।** नवोदय विद्यालय समिति द्वारा हर वर्ष छात्र-छात्राओं के प्रवेश हेतु परीक्षाओं का आयोजन किया गया। जिसमें स्टूडेंट्स ने काफी उत्साह के साथ प्रवेश परीक्षा दी। राजकीय उत्कृष्ट कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नादौन में भी प्रिंसिपल मंजू रानी की देख-रेख में प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में 296 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जबकि 40 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। विदित रहे कि इस परीक्षा का आयोजन छठी कक्षा में प्रवेश हेतु किया गया है। इस उपलक्ष्य पर जवाहर नवोदय विद्यालय डूंगरी हमीरपुर से प्रेषक के रूप में अंजना व निर्मल कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### मौनी बाबा कुटिया में होगा सुंदरकांड पाठ

**नादौन।** अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के परम पावन उपलक्ष्य पर भारत सहित संपूर्ण विश्व में उत्सव का माहौल बना हुआ है। इस बड़े उत्सव को सनातन धर्म के अनुयायी हर्षोल्लास के साथ मना रहे हैं। इसी क्रम में खंड नादौन के फतेहपुर में स्थित पूज्य मौनी बाबा कुटिया में भी इस उपलक्ष्य पर राम चरितमानस के पाठ सहित सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्रबंधन कमेटी सहित समस्त गीता साधक तथा श्रद्धालु भाग लेंगे। इस अवसर पर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रो. रतन चंद शर्मा ने बताया कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण संपूर्ण भारत सहित विश्व के लिए हर्षोल्लास का विषय है, अतः हमें राम भक्ति में तन्मय हो जाना चाहिए।

### घेरा ने कंगरी टीम को छह विकेट से हराया

**हमीरपुर।** जतिन रांगड़ा स्मारक टूर्नामेंट ने क्रिकेट प्रेमियों को एक नई ऊर्जा और उत्साह का स्त्रोत प्रदान किया। इस महत्वपूर्ण टूर्नामेंट में कुल 16 टीमें शामिल होंगी, जो अपनी शक्ति और कौशल का परिचय कराएगी। पहले मैच में हुई कंगरी टीम और घेरा टीम की टक्कर ने सभी को रोमांचित किया। घेरा टीम ने इस मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए छह विकेटों से जीत हासिल की, जिससे उन्होंने टूर्नामेंट का पहला मैच अपने नाम किया। बीडीसी उपाध्यक्ष राजेश कुमार ने इस मौके पर मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित होकर खिलाड़ियों को सम्मानित किया।



मुख्यातिथि राजेश कुमार के आयोजक व अन्य।

### दलजीत बने जिला योजना विकास समिति के सदस्य

**सुजानपुर।** जिला योजना विकास समिति के सदस्य सेवानिवृत्ति शिक्षक दलजीत सिंह राणा को बनाए जाने पर इलाका निवासियों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री तथा स्थानीय विधायक का आभार जताया है। गांव बल्ली पंचायत टिप्पणी के निवासी दलजीत राणा लंबे समय से कांग्रेस पार्टी में निष्ठा से कार्य करते आ रहे हैं जिसको लेकर उनके पैतृक गांव वुली में पहुंचने पर गांववासियों ने जोरदार स्वागत किया।

### 'जो राम का नहीं वह किसी काम का नहीं'

**हमीरपुर।** जो राम का नहीं है वो किसी काम का नहीं है। यह बात हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम के पूर्व वाइस चेयरमैन व भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नवीन शर्मा ने केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर द्वारा भेजी गई राम किट को धनेड़ बाजार में वितरित करते हुए कही। शर्मा ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता व रामभक्त केंद्रीय मंत्री द्वारा भेजी गई राम किट को हमीरपुर के हर बाजार, गांव व घर-घर में वितरित कर रहे हैं और आने वाली 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन हर्षोल्लास से दिये जलाकर दीपावली मनाने का आग्रह कर रहे हैं। शर्मा ने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस की इतनी बुरी हालत हो गई है कि भगवान राम का विरोध कर रहे हैं। कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण तक ठुकरा दिया, यह बहुत ही शर्म की बात है।

# किडनी की बीमारी से पीड़ित गौरी का हुआ सफल ऑपरेशन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

अणुकलां में रहने वाली नेपाल की सात वर्षीय गौरी का डॉ. राधा कृष्णन मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में सफल ऑपरेशन हो गया है और उसकी एक खराब किडनी को निकाल दिया गया।

प्रभात सुधार सभा के अध्यक्ष प्रकाश चंद सेन ने बताया कि गौरी देवी अपनी मां तथा दो नाबालिग भाइयों के साथ अणुकलां में 10 वर्षों से किराए के मकान में रहती है। उसकी बीमारी का पता चलते ही दो बार रेडक्रॉस की एंबुलेंस में गौरी को उसकी मां के साथ पीजीआई बच्चा अस्पताल में ले जाय गया, वहां पर गौरी की बीमारी से संबंधित सभी टेस्ट करवाए। पीजीआई में बच्चा अस्पताल के डॉक्टरों ने गौरी की खराब किडनी को ऑप्रेशन द्वारा निकलने की 15 जनवरी, 2025 की लंबी तारीख निर्धारित की। सेन ने बताया कि इस बारे डीसी हेमराज बेरवा, मेडिकल कॉलेज के अतिरिक्त निदेशक जितेंद्र सांजटा तथा जिला राजस्व अधिकारी जसपाल से डॉ. राधा कृष्णन मेडिकल कॉलेज में ऑपरेशन करवाने के लिए सहयोग मांगा, तो उनके सहयोग तथा अथक प्रयासों से डॉ. राधा कृष्णन मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल रमेश भारती ने अपने सहायक डॉक्टरों के साथ गौरी का सफल ऑप्रेशन कर उसकी खराब किडनी को निकाल दिया गया।



डॉ. राधा कृष्णन मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में उपचाराधीन गौरी।

# हिम अकादमी पब्लिक स्कूल में हुआ शपथ ग्रहण समारोह

**हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकास नगर में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया, इसमें 11वीं के अगले सत्र के भावी प्रतिनिधियों को शपथ दिलाई गई। इन प्रतिनिधियों ने यह शपथ ली कि वह अपने दिए गए कार्य को पूरी ईमानदारी के साथ निभाएंगे। कार्यक्रम में चेयरमैन प्रो. आरसी लखनपाल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इसके साथ वाइस चेयरमैन सीपी लखनपाल, निर्देशक पंकज लखनपाल, प्रिंसिपल नैना लखनपाल एवं अकादमिक प्रिंसिपल डॉ. हिमांशु शर्मा, समन्वयिका शशि बाला, कंचन लखनपाल और मनीषा मारवाह मौजूद रहे।

स्कूल हैड ब्वॉय रिषित शर्मा एवं हैडगर्ल आराध्या शर्मा रही। चारों सदनों में कैप्टन में रमन हाउस के कैप्टन आदिश्रेय राजवंश, भाभा हाउस के कैप्टन वंशिका मैहता, बोस हाउस में कैप्टन स्वेग चौकट और आर्यभट्टा हाउस में कैप्टन तन्मय नेगी रहे। वहीं दूसरी ओर राउंड स्क्वेयर कॉन्फ्रेंस कमेटी में अराइना को कैप्टन चुना गया। आईएवाईपी में कैप्टन रिश्ता डोगरा और एएफएस का कैप्टन भव्या को चुना गया। एनसीसी का कैप्टन अथर्व सोनी, एमयूएन में लड़कों में तन्मय पंडित और लड़कियों में अन्वेषा कैप्टन रही। स्टूडेंट्स को ईमानदारी के साथ कार्य करने की शपथ ली।

# व्यावसायिक ऑन जॉब प्रशिक्षण पर गए चौरी स्कूल के बच्चे




व्यावसायिक ऑन जॉब प्रशिक्षण के दौरान चौरी स्कूल के बच्चे व शिक्षक।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चौरी की नौवीं 12वीं तक के बच्चे व्यावसायिक विषय के अंतर्गत 18 से 20 जनवरी को डॉक्टर यशवंत सिंह परमार औद्योगिक और वाणिकी विश्वविद्यालय नेरी में ऑन जॉब प्रशिक्षण पर गए।

इस दौरान बच्चों ने विभिन्न प्रकार के कृषि से संबंधित नई-नई तकनीकों, उपकरणों, फूलों, खेती से संबंधित जानकारी ली तथा विभिन्न प्रजातियों के पौधों के बारे में भी ज्ञान अर्जित किया वहां पर गाइड करने वाले प्रवक्ता डॉक्टर बलविंद्र सिंह डोगरा डॉक्टर जागृति गुप्ता डॉक्टर दिनेश कुमार ने भी बच्चों को बहुत ही अच्छे ढंग से जानकारी दी।

इसमें हमारे कुल 36 बच्चों ने भाग लिया बच्चों के साथ कृषि व्यावसायिक विषय के अध्यापक विजय कुमार कंप्यूटर अध्यापिका निशा रानी प्रयोगशाला सहायक राजीव उपस्थित रहे।

**श्रद्धा** | मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का मंदिर 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के बाद जनता को किया जाएगा समर्पित

# सुजानपुर बाजार में गूंजे जय श्रीराम के नारे

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम का मंदिर 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न होने के बाद देश की जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। अयोध्या में बनकर तैयार हुए इस राम मंदिर के निर्माण से देश की जनता गद्गद् है। अपने-अपने तरीके से खुशियां मनाई जा रही है। इसी क्रम में सुजानपुर बाजार में भगवान राम के जयकारों से माहौल भक्तिमय बन गया।

राम भक्तों ने बाजार में पहुंचकर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर द्वारा भेजी गई पूजन सामग्री को व्यापारी वर्गों को बांटा। केंद्रीय मंत्री ने अपने संसदीय क्षेत्र में विशेष पूजन सामग्री भेजी है। बनाए गए इस बॉक्स में भगवान श्रीराम का झंडा रामायण आरती संग्रह दीपक सहित अन्य पूजन सामग्री डाली गई है। सुजानपुर मुख्य बाजार बस स्टेंड अन्य चौक चौराहों पर पहुंचकर राम भक्तों ने यह पूजन सामग्री स्थानीय व्यापारी वर्ग को वितरित की और जय श्री राम का नारा बुलंद करते हुए भगवान राम की जयकारा लगाया। इसके साथ-साथ राम भक्तों ने सुजानपुर में बने गुरुद्वारा परिसर में परिसर की साफ-सफाई की।




व्यापारियों को पूजन सामग्री बांटते रामभक्त।

## 22 जनवरी को दीपावली की तरह उत्सव मनाएं

**हमीरपुर।** अयोध्या से आई हुई सामग्री को झिंझकरी गांव में युवा समाजसेवी राकेश ठाकुर और महिला मंडल प्रधान प्रकाश देवी के नेतृत्व में गांव की महिलाओं सहित घर-घर जाकर बांटा गया। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए सबसे पहले प्राण प्रतिष्ठा गीत गाकर सभी महिलाओं ने राम नाम का भजन-कीर्तन किया। राकेश ठाकुर ने कहा कि 22 जनवरी को दीपावली की तरह उत्सव मनाएं, भजन-कीर्तन करें और घर-घर दिये जलाएं व मिठाई बांटें। इस अवसर पर मनोहर लाल, लेख राम, दिलीप सिंह, महिला मंडल की सदस्या सपना कुमारी, सरोज देवी, अनीता देवी, उपप्रधान रंजना कुमारी सहित कई लोग मौजूद थे।



अयोध्या से आई सामग्री को लेने के बाद लोग सामूहिक चित्र में।

## घर-घर जाकर बांटे अयोध्या से आए फूल और अक्षत



**बड़ा।** उपमंडल नादौन के कस्बा बड़ा में आज विश्व हिंदू परिषद द्वारा राम जन्म भूमि अयोध्या से आए फूल एवं अक्षत को लोगों के घर-घर जाकर वितरित किया। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष सुभाष कौंडल, परमजीत सिंह, अशोक कुमार के अलावा काफी संख्या में राम भक्त शामिल थे। इस दौरान सुभाष कौंडल ने बताया कि अयोध्या से आए इन फूल अक्षतों को वह लोगों के घर-घर पहुंचा रहे हैं एवं अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का निमंत्रण दे रहे हैं।


**G.A.V. Jain Aadarsh Vidyalaya Fazilka 152123 (Punjab)**
CICSE Affiliated English Medium School

**FACULTIES REQUIRED**

**PGT-** English, Maths, Physics, Chemistry, Geography, Commerce, Business Studies, Economics & Accounts
**TGT-** Science, Computer, English, Maths.
**PRT/PPRT-** Teachers For KG Sec Academic Co-ordinator Qualification required as per CISCE Norms.
**Salary:-** No Bar for deserving candidate.
**Preference:-** Couples & Experienced.

Send your resume on Email
gavcareer2017@gmail.com or Whatsapp No. 7009448584

**Venue of Interview:** HOTEL HAMIR OPPOSITE DIRECTORATE OF EX-SERVICEMEN, HAMIRPUR, HP.
**Date of Interview :-** 26-01-2024 (Friday)
Timing :- 11:00 AM TO 3:00 PM.

## बिलासपुर की सब्जी मंडियों में बाहरी राज्यों से बिना रोक-टोक धड़ल्ले से प्लास्टिक में पैक होकर आ रहीं सब्जियां

# बिलासपुर में ठेंगे पर बैन, पॉलीथिन पर नहीं ध्यान

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

हिमाचल प्रदेश में सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध का असर बिलासपुर जिले में नहीं दिखाई दे रहा है। बिलासपुर की सब्जी मंडियों में सरेआम बाहरी राज्यों से सब्जियां प्लास्टिक के बड़े-बड़े लिफाफों में पैक होकर आ रही हैं। वहीं, हैरानी की बात यह भी है कि यह सब्जियां सरेआम रास्तों में प्लास्टिक लिफाफों में रखी जाती हैं, जिसमें न तो प्रशासन कोई कार्रवाई कर रहा है और न ही सरकार इस मामले को लेकर कोई गंभीरता दिखाती है।

सरकार के इस फरमान को अब कोई गंभीरता से भी नहीं लेता है। जिले में किसी तरह की कोई रोक-टोक किसी भी विभाग के सरकारी तंत्र की ओर से नहीं की जा रही है, जबकि इस पर नियंत्रण लगाने के लिए कई विभागों को शक्तियां दी गई हैं। गौरतलब है कि पर्यावरण मंत्रालय ने बीते वर्ष पहली जुलाई, 2022 को पूरे देश में सिंगल यूज प्लास्टिक को बैन कर दिया था। इसमें अलग-अलग प्रकार की सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाया है, जबकि प्रदेश सरकार ने पॉलीथिन को 2007 से प्रदेश में प्रतिबंध किया है। कोई भी दुकान प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक से अछूता नहीं है। फल सब्जी व अन्य दुकान समेत करीब-करीब सभी जगहों पर पॉलीथिन का उपयोग हो रहा है। बाजारों में प्रतिबंध होने के बावजूद प्लास्टिक प्लेटें और इससे बने उत्पादों का धड़ल्ले से इस्तेमाल किया जा रहा है।

शादी-विवाह में भी प्लास्टिक की प्लेटें और गिलास का इस्तेमाल जारी है, लेकिन संबंधित विभाग की ओर से कोई रोक-टोक नहीं की जा रही है, जहां सिंगल यूज प्लास्टिक पर्यावरण को भी दूषित कर रहा है। वहीं, आम लोगों की सेहत पर भी इसका असर पड़ रहा है। जिले में प्लास्टिक के बंद होने का कोई भी असर नहीं दिख रहा है। वहीं, स्थानीय प्रशासन भी इस पर चुप्पी साधे हुए है, जबकि पर्यावरण मंत्रालय को इस पर प्रतिबंध लगाए हुए एक साल के करीब हो चुका है।

सिंगल यूज प्लास्टिक पर बैन लगाने के बाद सरकार की ओर से नियम बनाया गया है कि अगर कोई प्लास्टिक की थैली में सामान बेचता पाया जाता है तो उससे जुर्माना वसूला जाएगा। यदि ग्राहक इसका इस्तेमाल करता हुआ पाया जाता है तो उनसे भी जुर्माना वसूला जाएगा, परंतु बिलासपुर जिले में प्रतिबंध का कोई असर नहीं है। (अनंत ज्ञान)

### इन उत्पादों पर है प्रतिबंध

**प्रदेश** सरकार की ओर से जिन सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया गया है। उनमें प्लॉस्टिक के गिलास, प्लॉस्टिक कैरी बैग, थर्मोकोल से बने उत्पाद, प्लॉस्टिक की प्लेट, प्लॉस्टिक के झंडे, 100 माइक्रोन से कम के प्लास्टिक, गुब्बारे के लिए प्लास्टिक स्टिक, प्लास्टिक चम्मच, प्लास्टिक के चाकू, प्लास्टिक के मिठाई के डिब्बे के पैक करने वाली प्लास्टिक फिल्म, निमंत्रण कार्ड, बीड़ी-सिगरेट में इस्तेमाल होने वाली पन्नी, प्लास्टिक कैरी बैग, आइसक्रीम स्टिक आदि शामिल हैं।

### 2007 में प्रदेश सरकार ने पॉलीथिन को प्रदेश में किया था प्रतिबंधित

अनंत ज्ञान स्पैशल


बिलासपुर सब्जी मंडी में प्रतिबंधित प्लास्टिक के लिफाफों में पैक सब्जियां।



### क्या कहते हैं जिला प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी

**जिला** प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी ई. अतुल परमार का कहना है कि सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूरी तरह से प्रतिबंध है। प्रतिबंध के बावजूद अगर कोई इसका इस्तेमाल करता हुआ पाया जाता है, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने बताया कि सब्जी मंडियों में इसका यूज होने की जानकारी प्राप्त हुई है। विभाग औचक निरीक्षण करेगा और नियमानुसार कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी।

## भाजपा जनहित के मुद्दों से जनता को भटका रही : बंबर

### कहा-शर्तों व वादों पर अमल करना करें सुनिश्चित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

कांग्रेस पार्टी के राज्य महासचिव बंबर ठाकुर ने भाजपा के बड़े-बड़े नेताओं से आग्रह किया है कि वे जनहित के मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने की बजाए जिन शर्तों व वादों पर उन्होंने जनता से वोट लेकर सत्ता पाई थी, उन पर अमल सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि मंदिर समारोह के निमंत्रण मसले पर भाजपा के बड़े-बड़े नेता कांग्रेस के विरुद्ध बेतुकी टिप्पणियां करने से बाज नहीं आ रहे हैं और इसे राजनीतिक मुद्दा बनाने के असफल प्रयास कर रहे हैं, जिसकी जितनी निंदा की जाए कम है।

बंबर ठाकुर ने कहा कि वास्तव में मंदिर निर्माण को आगे करके सारी की सारी भाजपा और इसके बड़े-बड़े नेता इस प्रकार व्यवहार कर रहे हैं, मानो जैसे राम उनके अपने घर के ही देवता बन कर रह गए हैं और अन्य किसी पार्टी के नेता को राम के प्रति श्रद्धा रखने ए उनकी पूजा करने और उनके मंदिर जाने का जैसे अब कोई अधिकार नहीं रहा है। बंबर ठाकुर ने कहा कि राम तो युगों से सभी हिंदुओं के आराध्य, पूज्य और सभी के भगवान हैं, जिनकी शताब्दियों से हर हिन्दू द्वारा पूजा-अर्चना की जाती है, इसलिए भाजपा नेताओं को भली प्रकार समझ लेना चाहिए कि वे किसी भी बहाने से भगवान राम व इसके मंदिर को अपने गर्भगृह में छिपा कर रखने वाली वस्तु नहीं बना सकते।

उन्होंने प्रश्न किया कि नव-निर्मित राम मंदिर के समारोह में किसे बुलाना या किसे नहीं या उसमें किसने जाना है या नहीं, इसका अधिकार आखिर भाजपा नेताओं को किसने दिया, जबकि राम के प्रति श्रद्धा रखने वाले हर व्यक्ति को उनके मंदिर में शीश नवाने के संवैधानिक अधिकार से कोई वंचित नहीं कर सकता है।

> राम मंदिर के समारोह में किसे बुलाना या किसे नहीं का अधिकार आखिर भाजपा नेताओं को किसने दिया

## नगर पंचायत तलाई में उपतहसील का दर्जा बहाल करने की मांग

**शाहतलाई।** नगर पंचायत तलाई के पूर्व अध्यक्ष पवन कौशल ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को पत्र लिखकर बाबा बालक नाथ की तपोस्थली नगर पंचायत तलाई कस्बे में उपतहसील बहाल करने की मांग उठाई है।

उन्होंने कहा है कि उपतहसील कार्यालय नायब तहसीलदार होने से बाबा बालक नाथ मंदिर न्यास तलाई को मंदिर अधिकारी व नगर पंचायत सचिव के पद को भी एक ही अधिकारी कार्यभार देख सकता है, जिससे आमजन को सुविधा के साथ-साथ राजस्व के भी लाखों रुपए की बचत होगी। नगर पंचायत सचिव का पद भी अगर नायब तहसीलदार ही देख लेता है, तो लगभग आठ से 10 लाख रुपए प्रतिवर्ष राजस्व राशि जो बचेगी, जनता की सुविधा के लिए कस्बे में खर्च हो सकती है क्योंकि पहले ही नगर पंचायत की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है, न ही कोई आय का स्थायी साधन है।

कस्बे के साथ 10 पंचायतों के हजारों लोगों को बहुत ही सुविधा रहेगी, वहीं 25 किलोमीटर दूर स्थित तहसील जाने से राहत मिलेगी। उन्होंने नगर पंचायत तलाई क्षेत्र में उपतहसील का दर्जा शीघ्र बहाल कर विधिवत शुरू करने की बात कही है।

## डंगार चौक में धूमधाम से किया जाएगा रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कार्यक्रम



डंगार चौक में 22 जनवरी को लेकर आयोजित किए जा रहे कार्यक्रम की तैयारी करते स्थानीय युवा।

**अनंत ज्ञान, डंगार चौक**

अयोध्या रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का डंगार चौक में भी धूमधाम से मनाया जाएगा।

22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा की उपलक्ष्य में दीपोत्सव रामलला की मूर्ति की पूजा और प्रसाद बांटा जाएगा। इस अवसर पर डंगार चौक व्यापार मंडल सहित टैक्सी यूनियन की मदद से आरती संग्रह सहित खीर का प्रसाद वितरित किया जाएगा। इसको लेकर शनिवार को यहां पर साफ-सफाई भी की गई।

## 'कौशल्या की कोख से जन्मे प्रभु राम' रचना प्रस्तुत

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

भाषा एवं संस्कृति विभाग कार्यालय बिलासपुर की ओर से शनिवार को संस्कृति भवन बिलासपुर के बैठक कक्ष में मासिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. रविंद्र ठाकुर ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की, जबकि अध्यक्षता सुरेंद्र मिन्हास ने की, जबकि मंच का संचालन साहित्यकार रविंद्र शर्मा ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना से किया गया।

इसके उपरांत अमरनाथ धीमान ने 'लक मेरा पतला, पतली जेई हऊं बांकी नार', कर्मवीर ने 'नववर्ष नई उमंग, खुशियों से भरा हो', पूनम शर्मा ने 'कौशल्या की कोख से जन्मे प्रभु श्री राम', रविंद्र शर्मा ने 'पंजाह साल पहले बी छब्बी जनवरी स्कूलां च मनांदे थे, स्कूलां च पढ़ने वाले बच्चेयां कने, तिन्हारे माव बूढ़े कने गावां वाले बी जांदे थे'। जीत राम सुमन ने 'खड्डां-नालू रोकी असां डैम बनाने', शिवपाल गर्ग ने 'खामोशिओं की इक अपनी जुवां है', रक्षा ठाकु ने बचैनियां चरम पर नहीं, चरम से भी ऊपर', डॉ. रविंद्र ठाकुर न 'पुलकित लोहड़ी की भोर ने, चह चहाते पच्छिओं के शोर ने मुलकित नेत्र रवि दर्शन में, चतुर्दिक सौंदर्य मन भाया', अरुण डोगरा रीतू ने 'कैसा होता है चालीस पार का मर्द, थोड़ी सी सफेदी कनपटिओं के पास' प्रस्तुत की।

इसके अलावा रविंद्र शर्मा ने 'क्रांति वीर नेता सुभाष', एनआर हितैषी ने 'उनके दर पे आज रीवाजों का पहरा था लगा हुआ, थक गई आंखें इंतजार में, वक्त लगा कुछ ठहरा हुआ', डॉ. हेमा देवी ठाकुर ने 'बरलाज का विवरण', लश्करी राम ने 'कभी प्यासे को पानी पिलाया नहीं', सुरेंद्र मिन्हास ने 'क्यारा री करसानी शीर्षक से रचना प्रस्तुत की।

इसकी पंक्तियां थीं, 'बड्डी बड्डी, ढोई-ढोई मुकदी नी क्यारा री फसलां', रामपाल डोगरा ने 'कलयुग रा जमाना', सुशील पुंडीर ने 'ठंडी री मोज', परदीप गुप्ता ने 'रस्सी जल गई पर बल नहीं गए संस्करण प्रस्तुत किया। अंत में जिला भाषा अधिकारी रेवती सैनी ने सभी साहित्यकारों का धन्यवाद किया।



भाषा एवं संस्कृति विभाग कार्यालय बिलासपुर में गोष्ठी का आयोजन किया गया।

## रेल निर्माण कार्य में बेरोजगारों की अनदेखी का आरोप

**बिलासपुर।** बेरोजगार युवा मंच बिलासपुर ने रेल निर्माण कार्य में बेरोजगार युवाओं के हितों की अनदेखी का आरोप लगाया है। मंच का कहना है कि स्थानीय युवाओं को रोजगार नहीं मिल पा रहा है और बाहरी लोगों को प्राथमिकता दी जा रही है, साथ ही मंच ने कंपनी द्वारा अनियमितताएं बरतने का भी आरोप लगाया है।

वहीं, मंच ने प्रशासन को चेताया है कि अगर 10 दिनों के भीतर प्रशासन द्वारा इस ओर उचित कदम नहीं उठाया गया तो बेरोजगार युवा अपना आंदोलन तेज करेंगे। बेरोजगार युवा मंच बिलासपुर ने उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक को ज्ञापन सौंपा। इसके माध्यम से उन्होंने मांग की है कि कंपनी को निर्देश दिए जाएं, ताकि स्थानीय बेरोजगार युवाओं को रोजगार मिल सके।

## धारटटोह में जल्द खुलेगा को-ऑपरेटिव बैंक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

हिमाचल प्रदेश में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में वर्तमान सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन कर प्रदेश को पारदर्शी शासन देने का कार्य किया है। यह बात प्रदेश सरकार में तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने शनिवार को सदर विधानसभा क्षेत्र के धार टटोह पंचायत में आयोजित 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कही।

इस अवसर पर मंत्री राजेश धर्माणी ने धार टटोह पंचायत में को-ऑपरेटिव बैंक की शाखा खोलने का आश्वासन दिया। इसके अतिरिक्त उन्होंने जमथल सड़क की सुधार के लिए दो लाख, डंगार सड़क की सुधार के लिए तीन लाख, जज्जर सड़क की सुधार के लिए पांच लाख, परनाली सड़क की सुधार के लिए एक लाख रुपए देने की घोषणा की। इसके अतिरिक्त बिलासपुर से बलघाड़ तक बस चलाने कि लोगों की मांग को पूरा करने का आश्वासन भी दिया गया। सरकार गांव के द्वारा कार्यक्रम में सड़क, बिजली, पानी के 100 से अधिक शिकायतें और 50 से अधिक मांग प्राप्त हुए।

कार्यक्रम के दौरान आयुष विभाग ने 120 और स्वास्थ्य विभाग की ओर से लगभग 100 से अधिक लोगों की स्वास्थ्य जांच कर दवाइयां वितरित की गईं। कार्यक्रम के दौरान सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के कलाकारों ने सरकार की विभिन्न योजनाओं की बारे में विस्तार से जानकारी दी। सामाजिक न्याय और कल्याण विभाग की ओर से नशा मुक्त हिमाचल पर नाटक की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम के दौरान ही आरटीओ बिलासपुर की ओर से सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक बंबर ठाकुर, पूर्व विधायक बाबूराम गौतम, जिला परिषद सदस्य कुमार गौरव, अध्यक्षा जिला कांग्रेस कमेटी अंजना धीमान, अतिरिक्त उपायुक्त बिलासपुर निधि पटेल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।


सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में मौजूद गणमान्य। इस दौरान कई कार्यक्रम आयोजित हुए।

> धार टटोह पंचायत में 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम का आयोजन

## एड्स को हराएंगे पर भाषण प्रतियोगिता में कनिका और अंजलि रहीं अव्वल

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

राष्ट्रीय युवा पखवाड़ा 12 से 26 जनवरी तक पूरे देश में मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जेजवीं में राष्ट्रीय युवा दिवस के थीम 'जानकारी पाएंगे, जागरूकता बढ़ाएंगे' जांच कराएंगे, एचआईवी/एड्स को हराएंगे' पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रधानाचार्या रेखा शर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस कार्यक्रम का राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई और रेड रिबन क्लब ने संयुक्त रूप से किया। भाषण प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका प्रवक्ता मनोज कुमार, सुदर्शना कुमारी, देव कृष्ण नड्डा तथा देश राज भारती कला स्नातक ने निभाई।

भाषण प्रतियोगिता में कनिका और अंजलि ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता सतीश कुमार ने किया। इस अवसर पर पाठशाला के सभी अध्यापक तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।



राष्ट्रीय युवा पखवाड़ा के अंतर्गत जेजवीं पाठशाला में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## दो महीने पहले बनाई सड़क की उखड़ी टारिंग, लोनिवि पर उठे सवालिया निशान

**बलवंत कमल, दधोल**

बिलासपुर जिले के भराड़ी क्षेत्र के तहत आने वाली दधोल कलां पंचायत से भेल जाने वाली सड़क को लोनिवि ने दो माह पहले तैयार किया था, परंतु दो माह के भीतर ही अब फिर से इस सड़क की टारिंग उखड़ना शुरू हो गई है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क बनाने के लिए घटिया किस्म का सामान लगाया गया है। इस वजह से सड़क केवल दो महीने के अंदर ही उखड़ गई। स्थानीय लोगों ने सरकार से मांग की है कि ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई की जाए और सड़क पर उससे दोबारा अच्छी सामग्री लगवाई जाए।

उधर, लोक निर्माण विभाग भराड़ी के सहायक अभियंता रतन सिंह ठाकुर ने कहा कि सड़क का निरीक्षण किया था, एक दो जगह से पैच उखड़ गए हैं। मौसम खराब होने की बजह से टारिंग ठीक नहीं हों पाई थी, अगले आवार्ड मे ठकेदार से सड़क को ठीक करवा दिया जाएगा।

उधर, दधोल पंचायत के उपप्रधान पुरुषोत्तम शर्मा ने कहा कि इस विषय बारे उन्हें जानकारी नहीं है। इसके बारे विभाग से बात की जाएगी और सड़क को ठीक करवाया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### सरकार के पैसे का किया जा रहा दुरुपयोग



स्थानीय निवासी रूप लाल शर्मा ने कहा कि इस सड़क के लिए उन्होंने पिछली सरकार मे भी बहुत संघर्ष किया था, लेकिन परिणाम ठीक नहीं रहा है। सरकार के पैसे का दुरुपयोग करके लोगों के साथ धोखा किया जा रहा है। जिसके खिलाफ जांच होनी चाहिए।

### सरकार कार्रवाई कर दोबारा करवाए टारिंग



राजेश शर्मा ने कहा कि इस सड़क का दो महीने मे ही उखड़ जाना न्याय संगत नहीं है। इस बारे सरकार उचित कार्रवाई करे और दोबारा यह टारिंग करवाई जाए।

### अभी सड़क किनारे पर पड़ा है ठेकेदार का सामान



जगन्नाथ शर्मा ने कहा कि बड़ी मुश्किल से इस सड़क का कार्य हुआ लेकिन अभी तक ठेकेदार का सामान यहीं पड़ा है। इससे साफ जाहिर है कि कुछ समय पहले ही यह सड़क निर्माण कार्य पूरा किया गया है।

## जलमग्न मंदिरों की योजना बताएं नड्डा व अनुराग : संदीप सांख्यान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

हमीरपुर कांग्रेस संसदीय क्षेत्र के वरिष्ठ प्रवक्ता संदीप सांख्यान ने भाजपा पर तीखा हमला करते हुए कहा है कि बीते विधानसभा चुनावों के दौरान भाजपा के बड़े नेताओं ने बिलासपुर के प्राचीन मंदिरों के संरक्षण के लिए बाकायदा एक डिजाइन बनाकर प्रारूप लांच किया था, लेकिन अभी भी इस योजना की फाइल केंद्र सरकार के दफ्तरों में धूल फांक रही है। यही प्रारूप भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व भाजपा के अन्य नेताओं ने सोशल मीडिया अपने अपने तरीकों से प्रकाशित व प्रचारित भी किया था।



सांख्यान ने कहा जल स्तर नीचे जाने पर 28 मंदिरों में से केवल आठ ही मंदिर दिखाई देते हैं। इस योजना के तहत बिलासपुर में गोबिंद सागर झील में हर साल डूब जाने वाले प्राचीन मंदिरों के संरक्षण के लिए 1.400 करोड़ रुपए का प्रस्ताव तैयार किया गया है। क्या भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व वर्तमान केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर बताएंगे कि उक्त योजना की फाइल क्यों केंद्र सरकार में लटकाई है।

पिछली आधी शताब्दी से अधिक समय में क्षय के कारण कई मंदिर नष्ट हो चुके हैं। भाखड़ा बांध का मार्ग प्रशस्त करने के लिए 1964 में पूरा पुराना बिलासपुर शहर झील में डूब गया। यह योजना तीन चरणों में पूरी हुई थी।

पहले चरण में तीन मंदिरों का संरक्षण किया जाना था, दूसरे चरण में जलमग्न सांढू मैदान पर, एक मनोरंजक स्थान बनाने के साथ-साथ एक एम्फीथिएटर, वॉकिंग ट्रेल्स और ऑडिटोरियम का निर्माण भी शामिल था। इस योजना के लिए केंद्रीय मंत्री व भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि वित्त की कोई समस्या नहीं होगी लेकिन इस योजना का अब न तो भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को पता है, न ही केंद्रीय मंत्री को।

**समारोह** छात्रों के माध्यम से 22 जनवरी के उत्सव मना रही संस्था

## दीपोत्सव के लिए 11000 दीपक किए वितरित


संस्कार सोसायटी घुमारवीं ने 22 जनवरी को होने वाली प्रभु श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा को लेकर विभिन्न स्कूलों में विद्यार्थियों को दीप वितरित किए।

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा को प्रत्येक घर में दीपोत्सव मनाने के लिए संस्कार सोसायटी घुमारवीं ने 18 स्कूलों और तीन आईटीआई में बच्चों के माध्यम से 2100 घरों के लिए 11000 दीपक वितरित किए। संस्था व भाजपा प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र धर्माणी ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्था के सदस्यों ने बच्चों को दीप पैकेट अलग-अलग स्थानों पर प्रदान किए और बच्चो से 22 जनवरी को दीप उत्सव मनाने का आग्रह किया ।

महेंद्र धर्माणी ने कहा कि बच्चों को बांटे गए दीपक स्थानीय कुम्हारों से खरीद कर इनके पैकेट बनाए गए, जिनमें पांच दीपक व पांच बतियां डाल करके दिए गए।

इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रत्येक युवा व छात्र व आमजन से आह्वान किया गया कि वह इस राष्ट्र पर्व के साथ अपने को जोड़ें और भारतीय संस्कृत व परंपरा पर गर्व महशूष करें। उन्होंने बताया कि हिम सर्वोदय, विजन कॉन्वेंट, नॉप्स, होली हार्ट, राधाकृष्ण विद्यायल घंडलवी, नावलोक आदर्श विद्यायल खांसरा मेहरी तथा सरस्वती विद्या मंदिर घुमारवीं, भटेड, भराड़ी, हटवाड़, पनतेहड़ा, बम्म, दधोल, बरोट, वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कथालग, प्रांचल आईटीआई पट्टा, संतोषी आईटीआई घुमारवीं में दीप पैकेट वितरित किए गए।

## अखिल हिमालयन महोत्सव व्यास उत्सव 22 से 28 जनवरी तक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

अखिल हिमालयन महोत्सव व्यास उत्सव 22 से 28 जनवरी तक बिलासपुर के रोड़ा सेक्टर में स्थित बास्केटबाल मैदान में आयोजित किया जा रहा है। अखिल हिमालयन महोत्सव व्यास उत्सव के प्रवक्ता कर्ण चंदेल ने बताया कि इस उत्सव में विभिन्न प्रकार के खेल व सांस्कृतिक प्रतियोगिता करवाई जाएगी।

अखिल हिमालयन महोत्सव व्यास उत्सव का शुभारंभ 22 जनवरी को सुबह 11 बजे दुर्गा माता मंदिर रोड़ा सेक्टर में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ होगा। इसके उपरांत व्यास उत्सव मंच पर व्यास उत्सव का शुभारंभ होगा। अखिल हिमालयन महोत्सव व्यास उत्सव के आयोजन समिति के अध्यक्ष कमलेंद्र कश्यप ने बताया कि इस उत्सव के दौरान सात दिन व रात कई प्रकार की प्रतियोगिता करवाई जाएगी। रात्रि कार्यक्रम के समय समाज मे विभिन्न क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ कार्य कर्नाड वाले समजसेवियों को भी व्यास गौरव, व्यास प्रेरणा व व्यास श्री सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान रक्तदान, खेल, शिक्षा, समाजिक कार्य जैसे क्षेत्र में दिया जाएगा।

अखिल हिमालयन महोत्सव व्यास उत्सव मेला के प्रवक्ता व व्यास रक्तदाता समिति के अध्यक्ष कर्ण चंदेल ने बताया कि जिला अस्पताल व एम्स बिलासपुर में रक्त की कमी को देखते हुए 25 जनवरी को रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया जा रहा है। इसमें सुबह 11 से तीन बजे तक बास्केबाल मैदान में पहुंच कर अधिक अधिक संख्या में रक्तदान कर किसी मरीज की जान बचाने के लिए अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर पुण्य के भागीदार बनें।

> 25 जनवरी को रक्तदान शिविर में लोगों से महादान करने की अपील

# प्रदेश में आने वाली सीएनजी और पीएनजी पाइप लाइन को लगेंगे पंख

**मदर स्टेशन बाथू से ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर व अन्य जिलों में होगी सप्लाई ▸ पंचायत प्रधान के हस्तक्षेप से कार्य में पड़ी बाधा हटी ▸ फरवरी से स्टेशन को पूरी तरह संचालित करने का लक्ष्य ▸ सीधे गुजरात के साथ होगी टैप कनेक्शन की कनेक्टिविटी**

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल**

सीएनजी और नेचुरल गैस की पाइप लाइन से सप्लाई हिमाचल पहुंचने में बाधा दूर हो गई है। कुछ भूमि संबंधी पेंच के चलते यह काम लटक गया था, लेकिन अब ऊना जिले के बाथड़ी पंचायत प्रधान के हस्तक्षेप से मामला सुलझ गया है। महीने भर तक गैस की पाइप लाइन बाथू में मदर स्टेशन तक पहुंच जाएगी।

हिमाचल प्रदेश में आने वाले समय में नेचुरल गैस एवं सीएनजी पाइप की सुविधा को पंख लगने का रास्ता साफ हो गया है। बाथू में बनाए गए मदर स्टेशन को पंजाब से टैप लाइन से जोड़ने का काम इस माह पूरा होगा। मदर स्टेशन से टैप लाइन को जोड़ने के अंतिम कड़ी के बचे केवल 100 मीटर कार्य का फंसा पेच शनिवार को बाथड़ी पंचायत की प्रधान अनुपम राणा के हस्तक्षेप के बाद आखिरकार दूर हुआ। अड़चन दूर होने पर कार्य का शुभारंभ प्रधान की अनुपस्थिति में उनके बेटे लोकेश राणा ने नारियल फोड़ कर शुरू कराया। इस दौरान भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के डीजीएम राजेंद्र कुमार, प्रादेशिक प्रबंधक अनुपम श्रीवास्तव व प्रोजेक्ट मैनेजर शाम शर्मा मुख्य रूप से मौजूद रहे। इससे पूर्व केवल 100 मीटर के बचे कार्य में बाथू से भंगला मार्ग पर भूमि संबंधित पेच के चलते कार्य शुरू नहीं हो पा रहा था। इस पर कंपनी प्रबंधन ने स्थानीय बाथड़ी पंचायत से समाधान की अपील की।

अब प्रधान अनुपम राणा की ओर से समाधान होने के बाद मदर स्टेशन से सीएनजी (कंप्रेस्ड नेचुरल गैस) और पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) की सप्लाई आने वाले दिनों में संभव होगी। कंपनी ने जल्द से जल्द मदर स्टेशन को शुरू करने का लक्ष्य रखा है। इसके बाद बाथू और बाथड़ी सहित साथ लगती अन्य पंचायतों में भी पाइप्ड नेचुरल गैस की सप्लाई रसोई घर तक होगी। लोगों को सस्ती दर पर रसोई गैस मिलेगी तो सिलेंडर ढोने के झंझट से भी छुटकारा मिलेगा।

कंपनी के डीजीएम राजेंद्र कुमार ने कार्य में सहयोग के लिए बाथड़ी के प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। भविष्य में पंचायत को हर सहयोग की हामी भरी। उन्होंने बताया कि अब बाथू मदर स्टेशन को पंजाब के मेहंदावल एसबी से टैप कनेक्शन से जोड़ने का काम पूरा होगा। यहां से बाथू मदर स्टेशन को टैप कनेक्शन की कनेक्टिविटी सीधे गुजरात के साथ हो जाएगी।

मदर स्टेशन बाथू से हिमाचल के ऊना सहित बिलासपुर, हमीरपुर व अन्य जिलों तक सीएनजी और पीएनजी की निर्बाध सप्लाई मिलेगी। अंतिम चरण के कार्य को जनवरी माह के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा। फरवरी से इस स्टेशन को पूरी तरह संचालित करने का लक्ष्य तय किया गया है।



विवाद सुलझने के बाद भूमि पर कार्य शुरू करने की तैयारियों करते प्रबंधन के लोग।

## न्यूज ब्रीफ

### 25 को रायपुर सहोड़ां में सरकार गांव के द्वार

**ऊना।** उपायुक्त राघव शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंच कर आम लोगों की समस्याओं के निदान, लोगों को राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे जागरूक करने तथा योजनाओं का लाभ आम लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि 25 जनवरी को ऊना विधानसभा क्षेत्र के रायपुर सहोड़ां में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि 22 जनवरी को हरोली विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत ईसपुर में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस दिन ग्राम पंचायत ईसपुर में ग्राम सभा की विशेष बैठक भी आयोजित होगी।

### धुंध के चलते सेकेंडरी स्कूलों तक टाइम बदला

**ऊना।** ऊना जिले में सभी सरकारी व निजी प्राइमरी, मिडल व सेकेंडरी विद्यालयों का समय सुबह 10 बजे से बाद दोपहर तीन बजे तक रहेगा। इस संबंध में आदेश जारी करते हुए उपायुक्त ऊना राघव शर्मा ने बताया कि जिला में निरंतर पड़ रही अत्यधिक ठंड के कारण स्कूली बच्चों की स्वास्थ्य संबंधी सुरक्षा को देखते हुए प्रशासन ने उपनिदेशक उच्च शिक्षा की सिफारिश के उपरांत यह निर्णय लिया है। राघव शर्मा ने बताया कि कम किए गए समय की क्षतिपूर्ति प्रार्थना सभा तथा भोजन के समय को समाप्त कर पूरी की जाएगी। उन्होंने बताया कि यह आदेश जिला के समस्त सरकारी व निजी प्राइमरी विद्यालयों में 22 से 31 जनवरी तक लागू होंगे।

### फ्री हार्ट चेकअप कैंप आज बाथू में

**टाहलीवाल।** बाथू स्थित मीरा आश्रम देवधाम फाऊंडेशन में 21 जनवरी रविवार को हृदय रोगियों के लिए निशुल्क जांच शिविर आयोजित होगा। हरजिंद्र अस्पताल ऊना के द्वारा खोले गए नए अस्पताल देवाभूमि अद्वैता हार्ट इंस्टिट्यूट के सौजन्य से इस फ्री हार्ट चैकअप कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस कैंप में दिल के रोगों के विशेषज्ञ डॉ. ताहिर सलीम भट कार्डियोलिस्ट गोल्ड मैडेलिस्ट और उनकी एक्सपर्ट टीम फ्री में अपनी सेवाएं देंगे। इसमें संबंधित सभी रोगों का चैकअप, ईसीजी, ब्लड शुगर, संबंधित विशेष परामर्श व दवाइयां फ्री दी जाएंगी। दिल का दौरा पड़ने पर प्राथमिक सहायता सीपीआर की जानकारी भी दी जाएगी। कोई भी इस शिविर में जांच करवा सकता है। इसके लिए सुबह 10 बजे से पहले पंजीकरण शुरू हो जाएगा।

### शिव मंदिर चताड़ा में चौथी कथा का आयोजन

**ऊना।** जिला के चताड़ा गांव में समस्त ग्रामवासियों द्वारा स्थानीय बैकुंठ धाम शिव मंदिर में श्री शिव महापुराण कथा का 21 से 29 जनवरी तक आयोजन किया जा रहा है। 21 जनवरी को कलश यात्रा निकाली जाएगी। श्रीमद्भागवत कथा ब्यास श्री कन्हैया जोशी जी पक्का परोह वाले अपनी अमृतमयी वाणी द्वारा कथा वाचन करेंगे। श्री शिव महापुराण कथा सुबह 10:30 बजे से दो बजे तक प्रतिदिन व रोजाना भंडारा किया जाएगा। इस शुभ अवसर पर 23 जनवरी मंगलवार को परम पूजनीय राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज सुबह 9.30 बजे व श्रीश्री 1008 स्वामी यशगिरी जी महाराज सलोह कुटिया वाले दोपहर 12.30 बजे, 24 जनवरी को परम पूजनीय महंत श्री महेश गिरी जी भरमौती वाले 25 जनवरी को परम पूजनीय महंत श्री मगलांनद जी महाराज कोटला कलां वाले 26 जनवरी को परम पूजनीय महंत स्वामी रामानंद जी महाराज 28 जून को परम पूजनीय महंत स्वामी रामानंद जी महाराज अजनौली वाले अपने-अपने प्रवचन सुनाएंगे। सभी भक्त कथा स्थल पर आमंत्रित हैं। सभी संत महापुरुषों के दर्शन व कथावाचक ब्यास श्री कन्हैया जोशी जी के प्रवचन सुने।

### ऊना में 24 को आयोजित होगा रोजगार मेला

**ऊना।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ऊना में युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए 24 जनवरी को रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा जिसमें मैसर्ज़ ग्रासिम इंडस्ट्रिज़ लिमिटेड, गांव धनशौ पंजाब, मैसर्ज़ स्वराज़ ईज़न लिमिटेड मोहाल व मैसर्ज़ यस्वी अकादमी फॉर स्किल एसएएस नगर मोहाली जैसी कंपनियां भाग लेगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए आईटीआई प्रधानाचार्य ई. अंशुल भारद्वाज ने बताया कि रोजगार मेले में आईटीआई फिटर, टर्नर, वेल्डर, इलैक्ट्रिशियन, मशीनिस्ट, टूल एंड डाई मेकर, मकैनिक टेक्ट्रटर, मैकेनिक डीजल, मकैनिक मोटर व्हीकल, इंस्ट्रूमेंट मेकेनिक, इलैक्ट्रॉनिक्स टेऊडों में कोर्स पूरा कर चुके पुरुष व महिला अभ्यर्थी पात्र होंगे। उन्होंने बताया कि कैम्पस साक्षात्कार में सीधे नियुक्ति प्राप्त करने वाले अभियर्थियों को प्रदेश सरकार द्वारा निहित अर्धकुशल कारीगरों के समान वेतन देय होगा तथा प्रशिक्षुता प्रशिक्षण के लिए चयनित अभियर्थियों को अप्रेंटिशिप एक्ट के अनुसार वृत्तिका देय होगी।

### श्रीराम की शोभायात्रा का आज होगा आयोजन

**अंब।** अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में 21 जनवरी को श्री हनुमान मंदिर ट्रस्ट, ठठल से श्रीराम जी की भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के शुभ अवसर पर 22 जनवरी, 2024 को श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या जी का पूरा कार्यक्रम श्रीरामलीला मंच ठठल में लगी बड़ी स्क्रीन के माध्यम से लाइव दिखाया जाएगा। 22 जनवरी, 2024 को आप सभी भक्तजनों के सहयोग से श्री हनुमान मंदिर ट्रस्ट, ठठल के द्वारा भंडारे का आयोजन भी किया जा रहा है। इसके साथ ही 22 जनवरी, 2024 को श्री हरिनाम संकीर्तन मंडल, ठठल द्वारा शाम पांच बजे से श्रीराम स्तुति, 108 हनुमान चालीसा का पाठ, सुंदरकांड पाठ का गुणगान, आरती सहित एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के शुभ अवसर पर 22 जनवरी, 2024 को सायंकाल यथाशक्ति महादीपोत्सव का कार्यक्रम भी रखा गया है, जिसके लिए आप सबकी उपस्थिति अपेक्षित है।

### विधवाओं के चयन के लिए आवेदन आमंत्रित

**ऊना।** हिमोत्कर्ष अमोदिनी महिला सशक्तिकरण प्रकल्प के अंतर्गत पात्र विधवाओं को फ्री राशन योजना में वर्ष 2024-25 हेतू मेहनतकश विधवाओं के चयन के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। यह जानकारी हिमोत्कर्ष परिषद के प्रदेश महासचिव डॉ. रविंद्र सूद व जिलाध्यक्ष कर्णपाल सिंह मनकोटिया ने दी। उन्होंने कहा कि पात्र महिलाएं 31 जनवरी तक अपने आवेदन पत्र रोटरी गली ऊना स्थित हिमोत्कर्ष कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस पर सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक जमा करवा सकती हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए 45 वर्ष आयु तक की विधवा महिलाएं पात्र होंगी। आवेदन करने वाली महिला को प्रदेश सरकार से विधवा पेंशन नहीं मिल रही हो, वहीं उनकी पारिवारिक आय भी 50 हजार वार्षिक से कम हो। इसके अलावा उन्हें हिमोत्कर्ष परिषद से पहले कभी किसी भी प्रकार की सहायता प्राप्त नहीं हुई हो। उन्होंने कहा कि इसके लिए आवेदन पत्र परिषद के कार्यालय से प्राप्त किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि आवेदन पत्र के साथ पति का मृत्यु प्रमाण पत्र,आवेदनकर्ता की दो पासपोर्ट साइज फोटो व आय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड तथा बैंक खाते की प्रति जमा करवानी होगी। उन्होंने कहा कि चयनित महिलाओं को वर्ष 2024-25 के तहत अप्रैल, 2024 से मार्च, 2025 तक हर माह 750 रुपए राशि का राशन उपलब्ध करवाया जाएगा। हिमोत्कर्ष प्रदेश महासचिव डॉ. रविंद्र सूद व जिलाध्यक्ष कर्णपाल सिंह मनकोटिया ने बताया कि 2013-14 वर्ष से शुरू इस प्रकल्प के तहत परिषद ने अभी तक 620 विधवाओं को करीब 42 लाख रुपए राशन व अन्य मदद उपलब्ध करवाई है।

# लोस चुनाव से पहले भाजपा प्रदेश में शुरू करेगी 'चलो गांव की ओर' अभियान

## प्रदेश भाजपा सचिव एवं पूर्व विधायक राजेश ठाकुर बने मुहिम के प्रांतीय संयोजक

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

**लोकसभा** चुनाव को लेकर भाजपा ने धरातल पर कार्य करना शुरू कर दिया है। पीएम मोदी व भाजपा की नीतियों को अब गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए भाजपा ने गांव चलो अभियान शुरू किया है। गांव चलो अभियान का प्रदेश संयोजक प्रदेश भाजपा सचिव एवं पूर्व विधायक राजेश ठाकुर को बनाया गया है, जबकि भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष संजीव देष्टा व महामंत्री संजय ठाकुर को सह संयोजक की जिम्मेदारी दी गई है।

शनिवार को नवनियुक्त संयोजक व सहसंयोजकों ने दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला में भाग लेकर इस अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया। चलो गांव की ओर अभियान के हिमाचल प्रदेश के संयोजक पूर्व विधायक राजेश ठाकुर ने कहा कि चलो गांव की ओर अभियान को धरातल स्तर पर सफल बनाया जाएगा। इसके लिए पहले प्रदेश स्तर पर कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा और उसके बाद जिला स्तर व मंडल स्तर पर कार्यशालाओं का आयोजन होगा। इन कार्यशालाओं के बाद गांव-गांव में दस्तक दी जाएगी। कार्यशालाओं में पीएम मोदी व भाजपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने आम जनता के हित में इतने कार्य किए हैं कि भाजपा के पास जनता के बीच जाकर बताने को बहुत कुछ है, जबकि कांग्रेस के पास ऐसी कोई उपलब्धि नहीं, जिसके सहारे जनता के बीच जा सके। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं का मनोबल ऊंचा है और भाजपा कार्यकर्ताओं को चलो गांव की ओर अभियान को सफल बनाने के लिए धरातल पर उतारा जाएगा, ताकि समाज के हर वर्ग तक केंद्र सरकार व भाजपा की नीतियां पहुंच सकें। उन्होंने कहा कि चलो गांव की ओर अभियान प्रदेश की हर पंचायत व हर गांव में चलाया जाएगा। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के आदेश को अक्षरश: लागू किया जाएगा। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश में इस बार भी भाजपा 4-0 की लीड के साथ जीत दर्ज करेगी।



'चलो गांव की ओर' अभियान के प्रांतीय संयोजक व सहसंयोजक भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ।

### पुलिस ने 112 वाहनों के चालान काटे

**ऊना।** जिला पुलिस ऊना द्वारा यातायात नियमों की अवहेलना करने पर 112 वाहनों के चालान किए गए, जिनमें से 21 का मौके पर निपटारा करके जुर्माने के रूप में 11 हजार रुपए वसूल किए गए। इसी कड़ी में सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान करने पर धूम्रपान निषेध अधिनियम के अंतर्गत चार व्यक्तियों का चालान कर जुर्माने के रूप में 400 रुपए वसूल किए गए।

### बाथड़ी में 10 किलो भुक्की के साथ एक गिरफ्तार

**ऊना।** टाहलीवाल पुलिस ने शुक्रवार को 10 किलो चूरा पोस्त (भुक्की) के साथ बाथड़ी के एक स्थानीय निवासी को गिरफ्तार किया है। टाहलीवाल थाने के एसएचओ अशोक कुमार चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि उनकी टीम जिस समय बाथड़ी बैरियर के पास मौजूद थी, तब शक की बिनह पर एक व्यक्ति से 10.76 किग्रा भुक्की (चूरा पोस्त) बरामद किया गया। आरोपित की पहचान दलजीत सिंह पुत्र महिंद्र सिंह निवासी बाथड़ी तहसील हरोली बताया जा रहा है। आरोपित के विरुद्ध मामला दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है।

# भगवान श्री राम के रंग में रंगा ऊना-नंगल







**अनंत ज्ञान टीम, ऊना/नंगल**

**हिमाचल** के ऊना जिला और सीमावर्ती सूबे पंजाब के नंगल शहर शनिवार को भी प्रभु श्रीराम नाम के रंग में नजर आए। लोगों में अयोध्या में श्री रामलला की मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर ऐसा उत्साह कि राम भक्त भारी ठंड के बावजूद 22 जनवरी के उत्सव की स्थानीय स्तर पर तैयारियों में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। हिमाचल के ऊना जिला की सीमा से सटे पंजाब के नंगल शहर में शनिवार की श्री सनातन धर्म सभा की ओर से श्री राम शोभायात्रा निकाली गई। शहर में करीब पांच घंटे तक भगवान श्रीराम के उद्घोषों से पूरा माहौल राममई बना रहा। भगवान श्रीराम जी की शोभायात्रा को देखने के लिए हिमाचल से भी हजारों की संख्या में लोग नंगल पहुंचे हुए थे। भगवान श्री रघुनाथ जी सबसे आगे पालकी में विराजमान थे और उसके पीछे सुंदर झांकियां थीं। खास बात यह थी कि इस शोभायात्रा में कई समुदाय भी सेवा कर रहे थे। जहां भी शोभायात्रा पहुंच रही थी थोड़े-थोड़े पड़ाव पर भक्तों द्वारा लंगर लगाए गए थे। विभिन्न स्थानों पर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया जा रहा था।

# विधायक ने मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर दिए दिशा-निर्देश

## सुदर्शन बबलू ने अधिकारियों की ली बैठक

**विवेक शर्मा, अंब**

**चिंतपूर्णी** विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने सीएम के चिंतपूर्णी में प्रस्तावित दौरे को लेकर शनिवार को पंजोआ में सभी विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर चर्चा की। इस दौरान विधायक बबलू ने विभागीय अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर पंजोआ में आयोजित होने वाली सभा स्थल और आईटीआई नेहरियां का निरीक्षण कर उन्हें जरूरी दिशा-निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का 28 जनवरी को चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के तहत एकदिवसीय दौरे पर आ रहे है। इस दौरान वह विभिन्न विकासत्मक योजनाओं के शिलान्यास व लोकार्पण भी करेंगे और पंजोआ एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे और सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत लोगों की समस्याएं भी सुनेंगे।

### विधायक ने गायक साहिल पंडित को किया सम्मानित



**अंब।** मध्य प्रदेश के खंडवा में आयोजित राष्ट्रीय संगीत प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीत कर चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र का नाम रोशन करने वाले अंब कस्बे के साहिल ने अपनी सुरीली आवाज ऐसा जादू बिखेरा की हर कोई उसका कायल हो गया है। चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन बबलू ने साहिल के घर पहुंच कर उन्हें इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और उन्हें हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। सुदर्शन बबलू ने साहिल की शानदार जीत के लिए उनके माता पिता को भी बधाई दी। इस मौके ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ. रविंद्र शर्मा, अधिवक्ता विकास कश्यप, यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष राघव ठाकुर, पार्षद रितेश शर्मा, राजेश शर्मा रज्जू, कुलदीप सैनी, रशाद खान, सुरिन्द्र बैंस व अनिल तक्खी आदि मौजूद रहे।

### पुलिस लाइन में एक फरवरी को करें रक्तदान

# हिमोत्कर्ष और पुलिस विभाग करेगा शिविर का आयोजन

**अनंत ज्ञान, ऊना**

**प्रदेश** की अग्रणी समाजसेवी संस्था हिमोत्कर्ष, प्रेस क्लब ऊना एवं पुलिस विभाग के तत्वावधान में विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं के सहयोग से एक फरवरी को रक्तदान शिविर का आयोजन पुलिस लाइन झलेड़ा में किया जा रहा है।

यह जानकारी संस्था के जिलाध्यक्ष कर्णपाल मनकोटिया, रक्तदान शिविर के प्रभारी मणि कुमार व संयोजक विकास कौंडल ने दी।

### ये संस्थाएं कर रही हैं योगदान

**एक** फरवरी को आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर में हिमोत्कर्ष व पुलिस विभाग के साथ-साथ रक्तदान में सराहनीय कार्य कर रही ब्रिंग स्माईल संस्था, ब्लड लॉयंस एंड सोशल वेलफेयर समिति ऊना, प्रेस क्लब ऊना, ठाकुरद्वारा आई कमेटी पूबोवाल, ब्लड सर्विस ऊना, जनहित मोर्चा ऊना, रोटरी क्लब ग्रेटर ऊना इत्यादि संस्थाएं सहयोग करेंगी।

### वशिष्ट पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय प्रतियोगिता संपन्न

**ऊना।** वशिष्ट पब्लिक स्कूल में 19 तथा 20 जनवरी को दो दिवसीय स्पोर्ट्स-डे का आयोजन किया गया। समारोह में आयोजित प्रतियोगिताओं में अलग-अलग वर्ग के लगभग पांच सौ छात्रों ने हिस्सा लिया। स्पोर्ट्स डे के दूसरे दिन बास्केटबाल, कबड्डी, बैडमिंटन, कैरम, चेस, 100 मीटर रेस, टेबल टेनिस, 100 मीटर हर्डल रेस की खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य दीपक कौशल ने कहा कि खेल स्टूडेंट जीवन के लिए बहुत जरूरी हैं, इससे न केवल स्वास्थ्य बेहतर होता है, बल्कि हम सहयोग, अनुशासन, सहकारिता जैसे महत्वपूर्ण जीवन मूल्य भी सीखते हैं। सभी खेलों का संचालन शारीरिक शिक्षा विभाग एवं खेलकूद विभाग के अध्यापक धर्मेंद्र सिंह, पंकज, काजल, रजनी एवं वैशाली की देखरेख में हुआ। स्कूल के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट राज वशिष्ट तथा निदेशक अनुज वशिष्ठ ने विजेता रहे स्टूडेंट्स को प्रमाणपत्र व पदक प्रदान किए। स्कूल के चेयरमैन सतपाल वशिष्ठ ने स्कूल के बच्चों, अभिभावकों तथा अध्यापकों को स्पोर्ट्स डे की बधाई दी।

**मुहिम** | हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के तीन लाख परिवारों तक विशेष बॉक्स में अक्षत सामग्री और चिट्ठी से पहुंचाई जाएंगी भावनाएं

# श्रीराम के नाम से जुड़ी रही है भाजपा, यह कोई नई सोच नहीं

**अनंत ज्ञान, ऊना**

**हमीरपुर** संसदीय क्षेत्र में सांसद अनुराग ठाकुर प्रभु श्रीराम से जुड़े नारे के साथ इस दफा भी मैदान में कूदने जा रहे हैं। बेशक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं है, लेकिन तैयारियों को लेकर सीधे तौर पर स्पष्ट भी हो रहा है। अवसर को भुनाने के लिए सांसद अनुराग ठाकुर की ओर से जो गत्ते का बॉक्स लोगों के घर पहुंचाया जा रहा है, उस पर हमारे राम प्रिंट कराया है। अगर भाजपा द्वारा भगवान श्रीराम मंदिर निर्माण में मुख्य भूमिका अदा की है, तो उसे भुनाने का प्रयास भले बुरा नहीं माना जा सकता, लेकिन उनके राजनीतिक विरोधियों को कहीं यह बात हजम होना मुश्किल हो रही है। बड़े अभियान के तौर पर इस कार्यक्रम को लिया गया है और 22 जनवरी से पूर्व सभी तीन लाख परिवारों तक अक्षत, प्रभु श्रीराम ध्वज, आरती संग्रह तथा एक पत्र भी पहुंचाया जा रहा है। प्राण प्रतिष्ठा से जुड़ी जानकारी के अलावा सांसद द्वारा अपनी भावनाओं को व्यक्त किया गया है।

उधर, भाजपा द्वारा भी साफ संकेत दे दिए हैं कि इस दफा प्रभु श्रीराम जी का नारा और मंदिर निर्माण से जुड़ी उपलब्धि को भी भुनाने से पीछे नहीं होंगे। कुटलैहड़ समेत कई क्षेत्रों में भाजयुमो तथा भाजपा द्वारा केसरिया रंग में सड़कों के किनारे शिलाओं पर प्रभु श्रीराम नाम के स्लोगन लेखन का काम भी शुरू कर दिया है। वाल राइटिंग में जय श्री राम का स्लोगन कई जगह भाजपा और भाजयुमो अपने नाम से जोड़कर चला रहे हैं। भाजपा हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सह प्रभारी सुमित शर्मा ने कहा कि भाजपा प्रभु श्री राम के नाम से जुड़ी रही है। यह कोई नई सोच अथवा बात नहीं है। भाजपा कार्यकर्ता भगवान श्री राम के सेवक के तौर पर संसदीय क्षेत्र के हर घर तक अक्षत सामग्री लेकर पहुंच रहे हैं।






> सत्य एक विशाल वृक्ष है, उसकी ज्यों-ज्यों सेवा की जाती है, त्यों-त्यों उसमें अनेक फल आते हुए नजर आते हैं, उनका अंत ही नहीं होता। -अज्ञात

## सेंट्रल यूनिवर्सिटी के निर्माण में धनाभाव का अड़ंगा

**धर्मशाला** के जदरांगल में बन रही सेंट्रल यूनिवर्सिटी को लेकर लोग एक बार फिर लामबंद हो गए हैं। जनता सड़कों पर उतरकर प्रदेश सरकार के खिलाफ गुबार निकाल रही है। विपक्षी भाजपा भी इस मसले को जोर-शोर से उठा रही है। छात्र संगठन भी आंदोलन में कूद गए हैं। सेंट्रल यूनिवर्सिटी का काम पिछले चौदह साल से चल रहा है, लेकिन इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि इतने लंबे अर्से बाद भी यह काम सिरे नहीं चढ़ पा रहा है।

कभी राजनीति आड़े आ जाती है तो कभी धन की कमी का रोना रोया जाता है। लटक लटककर हो रहे काम से जनता-जनार्दन का गुस्सा सातवें आसमान पर है। सेंट्रल यूनिवर्सिटी के निर्माण में हो रही देरी समझ से परे है। दरअसल, केंद्र सरकार ने तो अढ़ाई करोड़ मंजूर कर दिए हैं, लेकिन प्रदेश सरकार तीस करोड़ जमा करवाने में आनाकानी कर रही है। जब तक प्रदेश सरकार की ओर से यह राशि जमा नहीं करवाई जाती है तब तक सेंट्रल यूनिवर्सिटी का काम शुरू नहीं हो सकता। स्थायी परिसर से संबंधित यह राशि हिमाचल प्रदेश सरकार को केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्रालय में जमा करवानी है। सेंट्रल यूनिवर्सिटी के देहरा और धर्मशाला में दो कैंपस बनने हैं। देहरा में बनने वाले सेंट्रल यूनिवर्सिटी के 70 फीसदी कैंपस का निर्माण कार्य जोरों-शोरों से चला है। अगर राजनीति आड़े नहीं आई तो देहरा में सेंट्रल यूनिवर्सिटी धर्मशाला से पहले ही बनकर तैयार हो सकती है। सबसे पहले यह निर्णय लिया गया था कि इस सेंट्रल यूनिवर्सिटी के सभी संकाय धर्मशाला में ही खोले जाएंगे, लेकिन बाद में इसके संकाय को तीन भागों में बांट दिया गया। इसके परिसर देहरा एवं शाहपुर में भी खोले गए। कई साल तक तो इस सेंट्रल यूनिवर्सिटी के स्थायी परिसर को लेकर अनिश्चितता ही बनी रही। अब जब स्थायी परिसर के लिए भूमि आदि के चयन के बाद पर्यावरण मंत्रालय ने भी मंजूरी दे दी है तो धनाभाव के कारण इसके निर्माण में ही अड़ंगा डल गया।

धर्मशाला जिला मुख्यालय है। यहां राज्य और केंद्र सरकार के सभी महत्वपूर्ण कार्यालय हैं। इसके अलावा यहां सेना का कोर मुख्यालय और तिब्बत की निर्वासित सरकार की राजधानी भी है। यही नहीं, गगल स्थित नजदीकी हवाई अड्डा भी है और वे सभी सुविधाएं भी उपलब्ध हैं जो संकायों के संचालन के लिए आवश्यक होती हैं। सवाल यह है कि जब सारी चीजें अनुकूल हैं तो निर्माण में आखिर देरी क्यों। सरकार को चाहिए कि वह जल्द से जल्द राशि जमा करवाए ताकि धर्मशाला कैंपस का काम पूरा हो सके। सेंट्रल यूनिवर्सिटी के करीब 510 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट को धन की बेहद जरूरत है। इस प्रोजेक्ट के लिए प्रदेश सरकार की ओर से तीस करोड़ रुपए जमा नहीं करवाए जाने से धर्मशाला के जदरांगल में तीस प्रतिशत बनने वाला सेंट्रल यूनिवर्सिटी का नॉर्थ जोन कैंपस लटका हुआ है। जदरांगल में सेंट्रल यूनिवर्सिटी का निर्माण 57.10 हेक्टेयर भूमि पर होना है। इसके बावजूद फीस जमा नहीं होने के कारण इसका निर्माण शुरू नहीं हो पाया है। प्रदेश सरकार को इस मसले पर गंभीरता से विचार करना चाहिए और धनराशि जल्द जमा करवा देनी चाहिए वरना यह मसला सरकार को आगामी लोकसभा चुनाव में भी भारी पड़ सकता है। विपक्ष इस मसले को भुना सकता है। सरकार को समय रहते इस मसले को और ज्यादा भड़कने से पहले ही शांत कर देना चाहिए, यही श्रेयस्कर रहेगा। **-डॉ. दिलीप धाकड़**

# सांस्कृतिक पुनर्जागरण के रूप में राम मंदिर

**राम कथा ने वैदिक और पौराणिक संस्कृतियों के बीच में सेतु का काम किया। एक समय था जब बौद्ध धर्म में जातक कथाओं का वर्चस्व बढ़ रहा था और उनके अनुयायियों को जोड़ने का काम चरम पर था, परिणामस्वरूप ब्राह्मण परंपरा धीमी पड़ गई थी। ब्राह्मण परंपरा अपने आप को अप्रधान महसूस करने लगती है। उन्होंने बदले में रामायण और महाभारत कथा शुरू की। रामायण की कथा इतनी प्रसिद्ध हुई कि धीरे-धीरे बहुत बड़ा जन सामान्य जुड़ने लगा। वाल्मीकि को प्रारंभिक रामायण (संस्कृत भाषा) का रचयिता माना जाता है। रामायण इतनी लोकप्रिय होने लगी कि हर भाषा में इसका संस्करण तैयार होने लगा। महाकवि कृत्तिवास ओझा या कीर्तिवास ओझा (1381-1461), जिन्होंने बंगला भाषा में वाल्मीकि रामायण का सर्वप्रथम पद्यानुवाद किया। तमिल में रामायण को रामावतारम के रूप में जाना जाता है, जिसे तमिल कवि कंबन ने 12वीं शताब्दी के दौरान लिखा था। लेकिन ये सभी अनुवाद स्थानीय संस्करण व इनका दायरा भी सीमित था। इसके अतिरिक्त राम कथा अन्य अनेक भारतीय भाषाओं में भी लिखी गई। हिंदी में कम से कम 11, मराठी में 8, बांग्ला में 25, तमिल में 12, तेलुगू में 12 तथा उड़िया में 6 रामायण मलती हैं। इसके अतिरिक्त भी संस्कृत, गुजराती, मलयालम, कन्नड़, असमिया, उर्दू, अरबी, फारसी आदि भाषाओं में राम कथा लिखी गई।**



लेखक :गुलशन ठाकुर
गांव डोभा, तहसील बालीचौकी, जिला मंडी

**22** जनवरी को श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होनी है। पूरे राष्ट्र में उत्सव का माहौल है। वर्तमान परिपेक्ष में भगवान राम को धार्मिक नेता या मुखिया के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए बल्कि भारत की मिश्रित संस्कृति जिस पर हम सबको गर्व है, उसमें मिश्रित संस्कृति का जीवंत रूप में रूप है। इतिहास में इसकी जड़ें कहीं न कहीं हमें देखने को मिलती है।

जब हम मंदिर की स्थापत्य कला की बात करते हैं तो, यह मंदिर नागर स्थापत्य कला शैली में निर्मित हो रहा है। नागर शैली पूरे भारतीय महाद्वीप में प्राचीन काल व पूर्व मध्यकाल में विकसित प्रमुख तीन शैलियों में से एक है । अन्य दो शैलियों में बेसर शैली जिसे क्षेत्रीय मिश्रित शैली भी कहा जाता है व द्रविड़ शैली जो कृष्णा नदी से लेकर कन्याकुमारी तक हमें देखने को मिलती है। इन तीनों शैलियों में हमें संपूर्ण भारत में बेजोड़ स्थापत्य के नमूने देखने को मिलते हैं। अगर हम विश्व के अन्य देशों में हुए स्थापत्य कला पर शोधों का अध्ययन करते हैं तो हम पाते हैं कि हिंदुस्तान से अधिक स्मारक कहीं भी नहीं हैं। नागर मंदिर स्थापत्य कला की बात करें तो इसका क्रमिक विकास हमें गुप्त काल (240 ई.-550 ई.) में तथा संपूर्ण विकास राजपूत काल (750 ई.-1200 ई.)में देखने को मिलता है। गुप्त काल में ऊंचे चबूतरे पर मंदिर निर्माण होता था। मंदिर में गर्भगृह ( जिसमें मुख्य प्रतिमा रखी जाती है), खुले आकाश के नीचे प्रदक्षिणा पथ ( गर्भ गृह के चारों ओर पथ, जिस पर श्रद्धालु परिक्रमा करते थे ) होता था।

हमारी दार्शनिक परंपरा के अनुसार गर्भ गृह की तुलना मेरु पर्वत से की जाती है। इसके अनुसार संसार के मूल में एक मेरु पर्वत होता है जो कि संसार का मुख्य ध्रुव माना जाता है। इसके चारों ओर वृत्ताकार प्रदक्षिणा पथ, समय की गति को दर्शाता है। अयोध्या राम मंदिर 21वीं शताब्दी का नागर शैली में निर्मित भव्य चमत्कार है, जिसे आने वाली कई शताब्दियों तक याद रखा जाएगा। क्योंकि जितना भव्य हमें यह दिखता है, हमें खजुराहो का कंदरिया महादेव मंदिर का स्मरण आता है। राम मंदिर अपने आप में भव्य है क्योंकि यह 161 फीट ऊंचा, 392 विशाल स्तंभ, 44 विशाल दरवाजे, एक केंद्रीय मंदिर, जिसके चारों ओर 6 और मंदिर जो कि एक मंदिर परिसर के रूप में जुड़े हुए हैं। इसके अतिरिक्त मंदिर का 2100 किलोग्राम घंटा, जिसकी ध्वनि 15 किलोमीटर तक गूंजेगी, इसकी विशालता को दर्शाता है। मंदिर में मूर्तियों के निर्माण के लिए नेपाल में गंडकी नदी के तट से दो विशाल शालिग्राम पत्थर (16 मिलियन वर्ष पुराना) अयोध्या लाए गए हैं, जिनका उपयोग राम और जानकी की मूर्तियों के निर्माण के लिए लगभग 30 टन और 14-15 टन वजनी पत्थरों का उपयोग हुआ है, जो हमारे सामने एक दुर्लभ व भव्य कृति पेश होगी। मंदिर के उत्तर में अन्नपूर्णा मंदिर तथा दक्षिण में हनुमान मंदिर का निर्माण किया गया है। स्थापत्य कला की दृष्टि से 21वीं शताब्दी की सबसे बड़ी कलात्मक उपलब्धि हमारे समक्ष होगी। अगर हम भगवान राम और उनके सांस्कृतिक प्रतीक की बात करें तो भगवान राम को केवल हिंदू देवता के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। चौथी शताब्दी ईसवी पूर्व से ही रामायण कथा का विकास शुरू होता है। लगभग उसी समय भारत मे पुराणों की रचना होती है। परिणाम स्वरूप हमारे समक्ष वैदिक देवता व पुराणिक देवता प्रस्तुत होते हैं। एक तरफ वैदिक देवता को निराकार के रूप में पेश करते हैं और यज्ञ व मंत्र उच्चारण से उनकी पूजा करते हैं। वहीं दूसरी तरफ पौराणिक देवता की भक्ति और मूर्ति पूजा पर बल देते हैं।

राम कथा ने वैदिक और पौराणिक संस्कृतियों के बीच में सेतु का काम किया। एक समय था जब बौद्ध धर्म में जातक कथाओं का वर्चस्व बढ़ रहा था और उनके अनुयायियों को जोड़ने का काम चरम पर था, परिणामस्वरूप ब्राह्मण परंपरा धीमी पड़ गई थी। ब्राह्मण परंपरा अपने आप को अप्रधान महसूस करने लगती है। उन्होंने बदले में रामायण और महाभारत कथा शुरू की। रामायण की कथा इतनी प्रसिद्ध हुई कि धीरे-धीरे बहुत बड़ा जन सामान्य जुड़ने लगा। वाल्मीकि को प्रारंभिक रामायण (संस्कृत भाषा) का रचयिता माना जाता है। रामायण इतनी लोकप्रिय होने लगी कि हर भाषा में इसका संस्करण तैयार होने लगा। महाकवि कृत्तिवास ओझा या कीर्तिवास ओझा (1381-1461), जिन्होंने बंगला भाषा में वाल्मीकि रामायण का सर्वप्रथम पद्यानुवाद किया। तमिल में रामायण को रामावतारम के रूप में जाना जाता है, जिसे तमिल कवि कंबन ने 12वीं शताब्दी के दौरान लिखा था। लेकिन ये सभी अनुवाद स्थानीय संस्करण व इनका दायरा भी सीमित था। इसके अतिरिक्त राम कथा अन्य अनेक भारतीय भाषाओं में भी लिखी गई। हिंदी में कम से कम 11, मराठी में 8, बांग्ला में 25, तमिल में 12, तेलुगू में 12 तथा उड़िया में 6 रामायण मलती हैं। इसके अतिरिक्त भी संस्कृत, गुजराती, मलयालम, कन्नड़, असमिया, उर्दू, अरबी, फारसी आदि भाषाओं में राम कथा लिखी गई। स्वामी करपात्री ने रामायण मीमांसा की रचना करके उसमें रामगाथा को एक वैज्ञानिक आयामाधारित विवेचन दिया। 14वीं शताब्दी में हिंदी में लिखित गोस्वामी तुलसीदास कृत रामचरित मानस ने उत्तर भारत में विशेष स्थान पाया।



कश्मीर का शासक जैनुल जैन-उल-अबिदीन (1423-1474 ई.) ने इस्लामिक संस्कृति के साथ-साथ हिंदू संस्कृतियों को भी संरक्षण दिया था। धीरे-धीरे इस्लामी शासन भी हिंदू संस्कृति से जुड़ते गए। अकबर के समय की गंगा-यामिनी संस्कृति हमें देखने को मिलती है जो कि मिश्रित संस्कृति का स्वरूप था। अकबर( 1556 से 1605 ई.) ने बदायूंनी को प्रतिनियुक्त कर रामायण का फारसी में अनुवाद करवाया और अपने दरबार में चित्रण भी करवाया। भारत के साथ-साथ रामायण विदेशों में भी व्यापारिक संबंधों के साथ-साथ प्रसिद्ध हुई, जिसमें तिब्बती रामायण, पूर्वी तुर्किस्तान की खोतानी रामायण, इंडोनेशिया की ककबिन रामायण, जावा का सेरतराम, सैरीराम, रामकेलिंग, पातानीरामकथा, इंडोचायनाकी रामकेर्ति (रामकीर्ति), खमैर रामायण, बर्मा (म्यांमार) की यूतोकी रामयागन, थाईलैंड की रामकियेन आदि रामचरित्र का बखूबी बखान करती है। इसके अलावा विद्वानों का ऐसा भी मानना है कि ग्रीस के कवि होमर का प्राचीन काव्य इलियड, रोम के कवि नोनस की कृति डायोनीशिया तथा रामायण की कथा में अद्भुत समानता है। विश्व साहित्य में इतने विशाल एवं विस्तृत रूप से विभिन्न देशों में विभिन्न कवियों/लेखकों द्वारा राम के अलावा किसी और चरित्र का इतनी श्रद्धा से वर्णन नहीं किया गया जो हम सभी हिंदुस्तानियों के लिए गर्व की बात है। अयोध्या में राम का पुनरुत्थान हो रहा है, यह केवल हिंदू धर्म का पुनर उत्थान नहीं बल्कि यह हमारी प्राचीन संस्कृति का पुनर उत्थान है। इसकी पहचान हिंदुस्तान की मिश्रित संस्कृति से है और इसे 21वीं शताब्दी के सांस्कृतिक पुनर्जागरण के रूप में देखा जाना चाहिए।

राम राज्य की व्याख्या सुशासन के रूप में हुई है, जो सभी जाति व धर्म के लोगों के लिए है। राम मंदिर को हमें हिंदू-मुस्लिम के चश्मे से न देख कर संपूर्ण हिंदुस्तान के समान गौरवशाली प्राचीन संस्कृति के रूप में देखने की आवश्यकता है। तभी हम राम राज्य की परिकल्पना को समझ सकते हैं। हाल ही में संयुक्त अरब अमीरात में हुए मंदिर के उद्घाटन के लिए भारत के प्रधानमंत्री को बुलाना अपने आप में बहुत बड़ी बात है। इससे पता चलता है कि उन्होंने मंदिर को हिंदू के रूप में नहीं बल्कि भारत की संस्कृति के रूप में स्वीकार किया है। हमें यह ध्यान रखने की भी आवश्यकता है कि हमारे लिए मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा, चर्च सभी पूजनीय हैं और इससे कोई विरोध नहीं है। यह भारत के प्रत्येक नागरिक की समान भावना को व्यक्त करते हैं।

## आपकी कविता, आपकी आवाज

### गर्म धूप में

*हर पल साथ, निभाता है हुनर।*
*गर्म धूप में ठंडी, छांव*
*बन जाता है हुनर।*
*नहीं कहता किसी को पराया*
*सबको, अपना बनाता है हुनर*

*उलझी गांठें, सुलझाता है हुनर*
*कभी-कभी रूठे को*
*मनाता है हुनर।*
*नहीं रहता वो आसमानों में*
*मिट्टी में आसमां, उगाता है हुनर।*

*तारों को सूरज, दिखाता है हुनर*

*पत्थर से सेतु, बनाता है हुनर।*
*नहीं बैठता वो कभी राह में*
*मुसाफिर के लिए, नई*
*सड़क, बनाता है हुनर।*



**कवयित्री**
**काव्य वर्षा**

### राम

राम-राम करते हो
तुम रावण बनने के
लायक भी नहीं।
ज्ञान-ज्ञान करते हो
तुम अज्ञानी बनने के
लायक भी नहीं।
ध्यान-ध्यान तुम करते हो
तुम ज्ञान के
लायक भी नहीं।
स्वयं को न जाना
न ही पहचाना कभी
फिर भी महाज्ञानी
बने फिरते हो।
राम तो कण-कण में
रमते हैं
फिर भी तुम
क्षण-क्षण पाप कर्म
करते फिरते हो।



**कवि**
**डॉ. राजीव डोगरा**
**(युवा कवि व लेखक)**
**पता-गांव जनयानकड़**
**पिन कोड -176038**

## प्रेरक कथा



### ईश्वर का प्रमाण

**एक** दिन एक राजा ने अपने सभासदों से कहा, 'क्या तुम लोगों में कोई ईश्वर के होने का प्रमाण दे सकता है? सभासद सोचने लगे। अंत में एक मंत्री ने कहा, 'महाराज, मैं कल इस प्रश्न का उत्तर लाने का प्रयास करूंगा।' सभा समाप्त होने के बाद उत्तर की तलाश में वह मंत्री अपने गुरु के पास जा रहा था। रास्ते में उसे गुरुकुल का एक विद्यार्थी मिला। मंत्री को चिंतित देख उसने पूछा, सब कुशल मंगल तो है? इतनी तेजी से कहां चले जा रहे हैं? मंत्री ने कहा, गुरुजी से ईश्वर की उपस्थिति का प्रमाण पूछने जा रहा हूं। विद्यार्थी ने कहा, इसके लिए गुरुजी को कष्ट देने की क्या आवश्यकता है? इसका जवाब तो मैं ही दे दूंगा। अगले दिन मंत्री उस विद्यार्थी को लेकर राजसभा में उपस्थित हुआ और बोला, महाराज यह विद्यार्थी आपके प्रश्न का उत्तर देगा। विद्यार्थी ने पीने के लिए एक कटोरा दूध मांगा। दूध मिलने पर वह उसमें उंगली डालकर खड़ा हो गया। थोड़ी-थोड़ी देर में वह उंगली निकालकर कुछ देखता, फिर उसे कटोरे में उंगली डालकर खड़ा हो जाता। जब काफी देर हो गई तो राजा नाराज होकर बोला, दूध पीते क्यों नहीं? उसमें उंगली डालकर क्या देख रहे हो? विद्यार्थी ने कहा, सुना है, दूध में मक्खन होता है, वही खोज रहा हूं। राजा ने कहा, 'क्या इतना भी नहीं जानते कि दूध उबालकर उसे बिलोने से मक्खन मिलता है। विद्यार्थी ने मुस्कराकर कहा, 'हे राजन, इसी तरह संसार में ईश्वर चारों ओर व्याप्त है, लेकिन वह मक्खन की भांति अदृश्य है। उसे तप से प्राप्त किया जाता है। राजा ने संतुष्ट होकर पूछा, अच्छा बताओ कि ईश्वर करता क्या है? विद्यार्थी ने प्रश्न किया, गुरु बनकर पूछ रहे हैं या शिष्य बनकर? राजा ने कहा, शिष्य बनकर। विद्यार्थी बोला, यह कौन सा आचरण है? शिष्य सिंहासन पर है और गुरु जमीन पर। राजा ने झट विद्यार्थी को सिंहासन पर बिठा दिया और स्वयं नीचे खड़ा हो गया। तब विद्यार्थी बोला, 'ईश्वर राजा को रंक और रंक को राजा बनाता है'।

# खेल के क्षेत्र में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर की अहम भूमिका

**अनुराग ठाकुर के द्वारा हाल ही में चलाई जा रही सांसद भारत दर्शन योजना में दसवीं और बारहवीं कक्षा में पास हुए छात्रों को भी लिया गया है, जिसमें वह भी अब आगामी कार्यक्रमों के माध्यम से भारत दर्शन यात्रा के लिए जाएंगे और विभिन्न क्षेत्रों में जाकर अधिक से अधिक और बेहतर से बेहतर सीखने का प्रयास करेंगे। इस प्रकार आज हिमाचल प्रदेश के अन्य संसद सदस्यों को भी इस तरह की बेहतरीन योजनाएं और युवाओं को प्रोत्साहित करने का प्रयास करना चाहिए जो कि अभी तक अन्य लोकसभा क्षेत्रों में देखने को नहीं मिल पाता।**





हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक
सिरमौर

**खेलों** के विकास और उत्थान के संदर्भ में अगर आज के परिप्रेक्ष्य में हम चर्चा एवं जानकारी जुटाने का प्रयास करें तो हिमाचल प्रदेश का बेटा और केंद्रीय खेल युवा एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर का नाम मुख्यता सामने आता है। जिसके परिणाम आज देवभूमि हिमाचल प्रदेश में ही नहीं बल्कि अन्य राज्यों एवं विदेशों में भी देखने को मिलते हैं।

अनुराग ठाकुर जब से सांसद का दायित्व निभा रहे हैं, तब से लेकर देखने में आया है कि वह समय-समय पर अपने लोकसभा क्षेत्र में युवाओं और बच्चों के लिए विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग योजनाओं के माध्यम से कार्यक्रम में शिरकत करते हैं। उनको आत्मनिर्भर और सहयोग करने के लिए सदैव नजर आते हैं और हरसंभव प्रयास करते रहते हैं। साथ ही जनता के बीच सदैव बने रहते हैं। जब से उनको हिमाचल प्रदेश जैसे छोटे राज्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है जो हिमाचल प्रदेश की जनता और युवाओं के लिए एक गर्व का विषय है, तब से अनुराग सिंह ठाकुर ने देश व प्रदेश में अपनी लगन, सेवा भाव और इच्छाशक्ति के बलबूते खेल के क्षेत्र में अपनी अहम भूमिका निभाने का प्रयास किया है।

उन्होंने विभिन्न खेल क्षेत्रों में बेहतरी के लिए सराहनीय कदम उठाए हैं, जिसमें हम आए दिन खेलों के क्षेत्र में समय-समय पर स्वर्ण पदक, रजत पदक इत्यादि अनेक पुरस्कारों को प्राप्त करके देश व प्रदेश के प्रतिभाशाली युवाओं ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इसका एक बड़ा कारण यह भी है कि हिमाचल प्रदेश से केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर प्रदेश के युवाओं को आगे बढ़ाने और खेलों को बढ़ावा देने के लिए एक सेतु का काम कर रहे हैं। जिसमें खेलो इंडिया जैसे अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से देश व प्रदेश के युवाओं को बेहतर मंच मिल रहा है। साथ ही युवा खेल मंत्री से प्रदेश के युवाओं को एक नई ऊर्जा भी मिलती है कि अनुराग ठाकुर ने समय-समय पर विभिन्न प्लेटफॉर्म के माध्यम से युवाओं को प्रोत्साहित किया है।

उनकी योजनाएं सांसद भारत दर्शन यात्रा, जिसमें उन्होंने देश के बड़े-बड़े राज्यों, धार्मिक स्थलों, केंद्रीय शिक्षण संस्थानों, केंद्रीय खेल संस्थानों इत्यादि अनेक क्षेत्रों में युवाओं और बच्चों जिसमें स्कूली छात्र, कॉलेजों के छात्र शामिल होते रहे हैं। साथ ही अनेकों बार अपने हमीरपुर लोकसभा संसदीय क्षेत्र से क्षेत्र के प्रतिनिधियों और विभिन्न क्षेत्रों के लोगों को भी भारत सरकार के विभिन्न कार्यक्रमों, मंत्रालयों, राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री जैसे व्यक्तित्व से मिलने व अनेक स्थानों पर जाने का सौभाग्य प्राप्त करवाते रहते हैं। जहां अनेक जानकारियां मिलती हैं। सांसद भारत दर्शन और वर्तमान मंत्री होकर भी प्रयासरत रहते हैं जिसको देखकर और सुनकर हम आंकलन कर सकते हैं कि इसमें कोई अतिश्योक्ति नहीं है कि अनुराग सिंह ठाकुर का खेलों के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान रहता है जिसका वह बखूबी निर्वहन भी कर रहे हैं।

अनुराग ठाकुर के द्वारा हाल ही में चलाई जा रही सांसद भारत दर्शन योजना में दसवीं और बारहवीं कक्षा में पास हुए छात्रों को भी लिया गया है, जिसमें वह भी अब आगामी कार्यक्रमों के माध्यम से भारत दर्शन यात्रा के लिए जाएंगे और विभिन्न क्षेत्रों में जाकर अधिक से अधिक और बेहतर से बेहतर सीखने का प्रयास करेंगे। इस प्रकार आज हिमाचल प्रदेश के अन्य संसद सदस्यों को भी इस तरह की बेहतरीन योजनाएं और युवाओं को प्रोत्साहित करने का प्रयास करना चाहिए जो कि अभी तक अन्य लोकसभा क्षेत्रों में देखने को नहीं मिल पाता।

इस प्रकार आज अनुराग सिंह ठाकुर ने खेलों को बढ़ावा देने के लिए हिमाचल प्रदेश के युवाओं को बेहतर से बेहतर मंच और विभिन्न योजनाओं की जानकारी साझा करने और खेलों के क्षेत्र में आह्वान किया है कि देश व प्रदेश के विकास में आप सभी खेलों के माध्यम से अपनी काबिलियत और प्रतिभा से अपनी भूमिका सुनिश्चित करें। साथ ही खेलों के माध्यम से ही रोजगार के अपार अवसर भी युवाओं को उपलब्ध हो रहे हैं जो आज अनेक क्षेत्रों में जैसे भारत सरकार और प्रदेश सरकार के विभिन्न विभागों में उच्च पदों पर नियुक्ति पा रहे हैं। साथ ही देश व समाज में एक मान सम्मान और प्रतिष्ठा भी पा रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर हम ताउम्र शारीरिक और मानसिक रूप से भी सक्षम बनते हैं। इस प्रकार केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का खेलों के क्षेत्र में एक खास योगदान रहता है।

# हिमाचल में बेरोजगारी युवाओं को दीमक बन चाट रही



ब्लॉगर
**सुखदेव सिंह**
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

**यह कॉलम ब्लॉगर के लिए है। इस व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें। ई-मेल editoranantgyaan@gmail.com**

**शिक्षा** की गुणवत्ता में सुधार किए जाने का बेरोजगारों को सपना दिखाकर सत्तासीन हुई कांग्रेस की सुख सरकार गेस्ट टीचर भर्ती पर पूरी तरह घिरती जा रही है।

सरकारी विभागों में रोजगार के लाखों पद सृजित किए जाने का शिक्षित बेरोजगारों को सजबाग दिखाकर उन्हें गेस्ट टीचर बनाए जाने का आश्वासन मिले तो विरोधाभास स्वाभिक है। शिक्षा क्षेत्र में पूरे भारत में दूसरे पायदान पर आने वाले हिमाचल प्रदेश में राष्ट्र निर्माता गेस्ट के रूप में रखना बेरोजगारों को रास नहीं आ रहा है। सुख की सरकार शिक्षा का ढांचा सुचारु रूप से चलाने के लिए स्कूल, कॉलेजों में गेस्ट टीचरों की नियुक्तियां अगर करती तो कमीशन पास करने की तैयारियों में जुटे बेरोजगारों के भविष्य क्या होगा? हिमाचल प्रदेश में शिक्षित बेरोजगारों का कुल आंकड़ा कितना है, सरकारों ने कभी सार्वजनिक नहीं किया है। चुनावी बेला पर राजनीतिक दलों के मेनिफेस्टो में बेरोजगारी का समाधान प्रमुखता से करने का प्रमुख मुद्दा रहता है। हिमाचल प्रदेश का बेरोजगार युवा राजनीतिक दलों के मेनिफेस्टो से प्रभावित होकर अपने सुनहरी भविष्य की आस रखता आया है। राजनीतिक दल सत्ता पर काबिज होने के उपरांत अपने मेनिफेस्टो पर कभी खरे नहीं उतरे हैं। नतीजन शिक्षित बेरोजगार अपने आपको ठगा सा महसूस करते हैं। सरकारें बेरोजगार युवाओं को रोजगार मुहैया करवाने की एवज में भारी भरकम फीस उनसे बसूलकर अपना राजस्व बढ़ाती हैं। परीक्षा केंद्रों में अव्यवस्थाओं चलते प्रश्न पत्र लीक हो जाते हैं। परीक्षाओं को करवाने का जिम्मा उठाने वाली संस्थाओं का स्टाफ ही प्रश्न पत्रों को लाखों रुपए में बेचकर बेरोजगार युवाओं के भविष्य के साथ खिलबाड़ करता है।

कर्मचारी चयन बोर्ड हमीरपुर कार्यालय को प्रदेश सरकार ने बंद करके युवाओं को निरुत्साहित किया है। कोरोना काल के दौरान आउट सोर्सेज पर रखे कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखाने से सरकार के प्रति युवाओं का विश्वास कम हुआ है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सूक्खू सरकार से बेरोजगार युवाओं को बहुत आस बंधी थी। सरकार ने सत्ता पर काबिज होते ही व्यवस्था परिवर्तन का नारा बुलंद किया जिससे बेरोजगार युवाओं में बहुत उम्मीद जगी थी। सरकार ने कुछेक सरकारी विभागों के कर्मचारियों को ओल्ड पेंशन लाभ से जोड़कर बेशक वाहवाही लूटी है। विद्युत बोर्ड, जिला परिषद कर्मचारी फिलहाल अभी भी ओल्ड पेंशन को लेकर संघर्षरत हैं। महिलाओं के खाते में सरकार का तेरह महीने का कार्यकाल गुजर जाने के बावजूद एक पाई नहीं आई है। कुल मिलाकर कांग्रेस के चुनावी घोषणा पत्र की कुछेक मांगें अभी भी अधूरी चल रही हैं।

## आपका पत्र

**यह** हमारा परम सौभाग्य है कि लगभग पांच शताब्दियों की प्रतीक्षा के पश्चात हमारे परम वंदनीय भगवान श्रीराम जी के दिव्य, अलौकिक, भव्य मंदिर का निर्माण और गर्भगृह में परमात्मा श्रीराम जी के दिव्य विग्रह की स्थापना और प्राण-प्रतिष्ठा हो रही है। साथ ही हमेशा ही स्मरण रखने का तथ्य है कि ये किसी अन्य की पराजय नहीं, बल्कि कई हजारों साल पुराने सनातन की शुभ विजय है। हमारे भारत के एक प्रतिशत से भी बहुत कम कुछ मूर्ख, स्वार्थी लोगों को नजरअंदाज करते हुए, हम भारतीयों को मालूम है कि अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण वास्तव में एक सौ पचास करोड़ हिंदुस्तानियों की ही विजय है। श्रीराम और उनके आदर्शों, शिक्षाओं का होना हिंदुओं, सारी पृथ्वी तथा संपूर्ण संसार के लिए भी महासौभाग्य और सर्वथा कल्याणकारी है। कदाचित जन्म-जन्मांतरण के पुण्योदय के कारण ही इस बहुत ही शुभ अवसर, अलौकिक घटना का प्रत्यक्ष साक्षी बनने का महासौभाग्य हम सभी को प्राप्त हो रहा है। इस दिव्य, शुभ अवसर पर हम सभी हिंदुस्तानी सुबह-शाम , दिन-रात खूब जश्न मनाएं, पूजा-पाठ , साधना-आराधना, आरती, वंदना , अर्चना, भगवान श्रीराम जी की जय-जयकार आवश्य ही करें। यह हमारा विशिष्ट कर्तव्य तथा विशेष अधिकार भी है। वसुधैव कुटुंबकम ही तो रामराज्य है। **-मुमुक्षु के ठाकुर**

## आपकी डायरी

**चुनाव**
**में सभी**
**चोर लुटेरे**
**मौसेरे भाई,**
**लुटाएं पैसा खूब**
**ब्याज सहित वापस**
**पांच बरस पाने को,,,,!**



**डॉ. कमल के प्यासा।**

## अनंत ज्ञान

प्रकाशक एवं मुद्रक विशाल धीमान द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### डी गुकेश जीते, प्रज्ञानंदा ने ड्रॉ खेला

**विज्क आन ज़ी (नीदरलैंड)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने नीदरलैंड के जॉर्डन वान फॉरेस्ट को हराकर अपनी लगातार दूसरी जीत दर्ज की, जिससे वह टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के छठे दौर के बाद संयुक्त तीसरे स्थान पर पहुंच गए। पांचवें दौर में इयान नेपोम्नियाची को हराने के बाद गुकेश ने काले मोहरों से जीत दर्ज करके टूर्नामेंट में अपनी स्थिति मजबूत की। ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंदा ने नेपोम्नियाची के खिलाफ बाजी ड्रॉ खेली, जबकि विदित गुजराती ने भी चीन की महिला विश्व चैंपियन जू वेनजुन के साथ अंक बांटे। टूर्नामेंट में अभी सात दौर की बाजियां खेली जानी बाकी हैं। अभी अनीश गिरी 4.5 अंक लेकर शीर्ष पर बने हुए हैं, जबकि फ्रांसीसी खिलाड़ी फिरोजा अलीरेजा चार अंक लेकर दूसरे स्थान पर हैं। प्रज्ञानंदा, गुकेश, उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव और नीदरलैंड के के मैक्स वार्मरडैम 3.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। गुजराती सहित चार अन्य खिलाड़ी इनसे आधा अंक पीछे हैं।

### चेन यू फेई और ताइ जू यिंग सेमीफाइनल में

**नई दिल्ली।** दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी चीन की चेन यू फेई और चीनी ताइपे की दुनिया की तीसरे नंबर की खिलाड़ी ताइ जू यिंग ने शनिवार को सीधे गेम में जीत के साथ इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंन टूर्नामेंट के महिला एकल फाइनल में जगह बनाई। टोक्यो ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता चेन यूई फेइ ने सेमीफाइनल में हमवतन और दुनिया की 10वें नंबर की खिलाड़ी वैंग झी यी की 50 मिनट में 21-13, 21-18 से हराया। तीन बार की एशियाई चैंपियन और चौथी वरीय ताइ जू ने भी अंतिम चार के एकतरफा मुकाबले में सिंगापुर की यिओ जिया मिन को सिर्फ 37 मिनट में 21-13, 21-18 से शिकस्त दी। यू फेई और ताइ जू के बीच रविवार को होने वाला फाइनल टोक्यो ओलंपिक के खिताबी मुकाबले की पुनरावृत्ति होगा, जिसमें चीन की खिलाड़ी ने जीत दर्ज की थी।

### भारत ए ने इंग्लैंड लायंस से ड्रॉ खेला

**अहमदाबाद।** विकेटकीपर बल्लेबाज कोना भरत ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करके शतक जड़कर इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के लिए अपना मजबूत दावा पेश किया और उनकी इस पारी की बदौलत भारत ए शनिवार को इंग्लैंड लायंस के खिलाफ पहले अनौपचारिक टेस्ट मैच को ड्रॉ कराने में सफल रहा। भारतीय टीम के सामने 490 रन का मुश्किल लक्ष्य था। अंपायरों ने जब चौथे और अंतिम दिन मैच ड्रॉ समाप्त करने का फैसला किया, तब भारत ने 125 ओवर में 5 विकेट पर 426 रन बनाए थे। इस तरह से वह लक्ष्य से 64 रन पीछे रह गया। भरत टेस्ट क्रिकेट में बल्लेबाजी में अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं, लेकिन उन्होंने 165 गेंद पर 15 चौकों की मदद से नाबाद 116 रन बनाकर अपना दावा पुख्ता कर दिया है।

### इंटर मिलान इटालियन सुपर कप फाइनल में

**रियाद।** इंटर मिलान ने लाजियो को 3-0 से हराकर इटालियन सुपर कप फुटबाल के फाइनल में प्रवेश कर लिया। सीरि ए में शीर्ष पर काबिज इंटर मिलान का सामना अब गत चैंपियन नपोली से होगा। लीग मे आठवें स्थान पर काबिज नपोली ने फियोरेंटिना को 3-0 से हराया। नपोली ने पिछले साल सीरि ए खिताब जीता था, जबकि इंटर ने इटालियन कप फाइनल में जीत दर्ज की थी ।

### ईराक एशिया कप नॉकआउट चरण में

**दोहा।** ऐमन हुसैन के दो गोलों की मदद से ईराक ने खिताब की प्रबल दावेदार जापान को 2-1 से हराकर एशियाई कप फुटबाल के नॉकआउट चरण में प्रवेश कर लिया। हुसैन के पहले हाफ में दोनों गोल किए। यह 1988 के बाद एशियाई कप के ग्रुप चरण में जापान की पहली हार है। जापान के लिए एकमात्र गोल इंजुरी टाइम में वातारू एंडो ने दागा। इस जीत के साथ 2007 का चैंपियन ईराक ग्रुप डी में शीर्ष पर पहुंच गया। चार बार की विजेता जापान दूसरे स्थान पर है । इंडोनेशिया ने एक अन्य मैच में वियतनाम को 1-0 से हराया। अब वियतनाम का सामना ईराक से और जापान का इंडोनेशिया से होगा। ग्रुप सी में ईरान ने हॉगकॉग को 1-0 से हराया।

### ढिल्लों ने भारत को 18वां ओलंपिक कोटा दिलाया

**कुवैत सिटी।** युवा निशानेबाज रेजा ढिल्लों ने शनिवार को शॉटगन के लिए एशियाई ओलंपिक क्वालीफिकेशन में महिलाओं की स्कीट स्पर्धा में रजत पदक जीतकर भारत के लिए पेरिस खेलों का 18वां कोटा हासिल किया। ढिल्लों (19 वर्ष) छह महिलाओं के फाइनल में आगे चल रही थीं, लेकिन फिर वह दो-तीन निशाने चूककर चीन की जिनमेई गाओ से पिछड़ गईं। गाओ ने 60 शॉट के फाइनल में 56 निशाने लगाकर पहला स्थान हासिल किया, जबकि ढिल्लों 52 हिट के साथ रजत पदक जीतने में सफल रहीं। गाओ और ढिल्लों दोनों ने पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल किया। ढिल्लों के साथ हमवतन निशानेबाज महेश्वरी चौहान ने 43 निशाने लगाकर कांस्य पदक जीता। वहीं भारतीय निशानेबाज गनेमत सेखों 30 अंक से चौथे स्थान पर रहीं।

### राष्ट्रीय चैंपियनशिप 11 फरवरी से ग्वालियर में

**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) का कामकाज देख रही तदर्थ समिति ने शनिवार को घोषणा की कि अंडर-15 और अंडर-20 राष्ट्रीय चैंपियनशिप का आयोजन 11 से 17 फरवरी तक ग्वालियर में किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बाजवा ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि इन प्रतियोगिताओं का आयोजन ग्वालियर के शक्तिनगर में स्थित लक्ष्मीबाई शारीरिक शिक्षा राष्ट्रीय संस्थान किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में लगभग 1200 पहलवान और 300 अधिकारी हिस्सा लेंगे। भारतीय कुश्ती में सत्ता के लिए संघर्ष खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है तथा तदर्थ समिति और निलंबित डब्ल्यूएफआई ने अलग-अलग राष्ट्रीय चैंपियनशिप की घोषणा की है। डब्ल्यूएफआई ने इसके साथ ही घोषणा की थी कि सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप 29 जनवरी से पुणे में होगी, लेकिन तदर्थ समिति ने कहा कि वह इस प्रतियोगिता का आयोजन 2 से 5 फरवरी के बीच जयपुर में करेगी।

### सवालों के घेरे में भारतीय महिला हॉकी टीम

**रांची।** टोक्यो ओलंपिक में पदक नहीं मिला, लेकिन चौथे स्थान पर रहकर भारतीय महिला हॉकी टीम पूरे देश की नूरे नजर बन गई और सभी को उम्मीद थी कि टोक्यो का अधूरा सपना पेरिस में पूरा होगा। लेकिन पेरिस का सफर शुरू होने से पहले ही खत्म हो गया और अब इस जख्म को भरने में बरसों लगेंगे। बार-बार समान गलतियों को दोहराना, आपसी तालमेल का अभाव, प्रदर्शन में अनिरंतरता जैसे कई सवाल हैं, जिनका जवाब भारतीय महिला हॉकी टीम को देना होगा। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहने के बाद अब भविष्य को लेकर अनिश्चितता भी खिलाड़ियों की आंखों में साफ नजर आ रही है। हार के बाद कप्तान सविता पूनिया और बाकी खिलाड़ियों की आंखों में आंसू और चेहरे पर मायूसी थी। शायद अनिश्चितता भी कि अब आगे क्या होगा। भविष्य के बारे में पूछने पर कोच यानेके शॉपमैन ने कहा कि मुझे नहीं पता। हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने कहा कि यह निराशाजनक रहा । अब हमें नए सिरे से शुरूआत करनी होगी। अगले ओलंपिक की तैयारी के लिए चार साल हैं।

---

काजा में आयोजित हो रहा महिला वर्ग की 11वीं और पुरुष वर्ग की 13वीं राष्ट्रीय आइस हॉकी चैंपियनशिप का टूर्नामेंट

# दूसरे दिन के मैच में लद्दाख ने हासिल की एकतरफा जीत


आइस हॉकी के मैच में भिड़ते खिलाड़ी।


मैच का लुत्फ उठाते खिलाड़ी और दर्शक

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

**जनजातीय** जिला लाहुल स्पीति के काजा में आयोजित हो रही महिला वर्ग की 11वीं एंव पुरुष वर्ग की 13वीं राष्ट्रीय आइस हॉकी चैंपियनशिप 2024 के दूसरे दिन चार मैच आयोजित किए गए। आइस हॉकी एसोसिएशन ऑफ इंडिया, आइस हॉकी आफ लाहुल स्पीति एंव स्पीति प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान से 19 जनवरी से 24 जनवरी तक आयोजित हो रही इस चैंपियनशिप के दूसरे दिन शनिवार को पहला मैच पुरुष वर्ग में यूटी लद्दाख और महाराष्ट्र के मध्य खेला गया, जिसमें यूटी लद्दाख ने एक तरफा जीत हासिल की। इस मैच में यूटी लद्दाख की और से 31 गोल किए गए। वहीं, महाराष्ट्र की टीम खाता भी नहीं खोल पाई।

वहीं दूसरा मैच पुरुष वर्ग में हिमाचल प्रदेश और राजस्थान के मध्य खेला गया, जिसमें हिमाचल प्रदेश ने रोमांचक जीत हासिल की। हिमाचल प्रदेश की टीम ने 27 गोल किए, लेकिन राजस्थान टीम ने शून्य गोल किया। इसके अलावा महिला वर्ग में पहला मैच आइटीबीपी और हिमाचल पद्रेश के मध्य खेला गया, लेकिन हिमाचल प्रदेश की टीम एक ही गोल कर पाई, जबकि आटीबीपी ने 7 गोल करके बढ़त अंतिम पल तक बनाई रखी और जीत हासिल की।

वहीं दूसरा मैच तेंलगाना और राजस्थान के मध्य खेला गया, जिसमें तेलगांना ने दो गोल किए जबकि राजस्थान की टीम एक भी गोल नहीं कर पाई। उधर, एसडीएम हर्ष अमरेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि चैपिंयनशिप में हर मैच काफी रोमांचक हो रहा है।

स्थानीय लोगों के साथ-साथ पर्यटक भी मैच का आंनद ले रहे हैं। सभी खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए प्रशासन प्रयास कर रहा है।

---

# हिमाचल के शेर घर में ढेर, आठ विकेट पर बनाए सिर्फ 143 रन

- बड़ौदा ने पहली पारी में बनाए 10 विकेट पर 482 रन
- शाश्वत रावत ने दोहरा शतक और शिवालिक शर्मा ने जड़ा शतक
- दोनों ने निभाई 345 रन की साझेदारी

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

**रणजी** ट्रॉफी मैच के तहत हिमाचल का मुकाबला बड़ौदा के साथ धर्मशाला के अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में शुक्रवार को आरंभ हुआ था, जिसमें हिमाचल की टीम ने टॉस जीता और गेंदबाजी करने का निर्णय लिया था। बड़ौदा की टीम ने पहली पारी में 10 विकेट पर 482 रन बनाए। हिमाचली गेंदबाजों ने शुरुआती झटका देते हुए 19 रन पर पहले विकेट और 25 रन पर दूसरी विकेट, 72 रन पर तीसरी विकेट और 104 पर चौथी विकेट आउट कर दी थी, उसके बाद बड़ौदा के बल्लेबाजों ने अच्छी बल्लेबाजी की, शाश्वत रावत, शिवालिक शर्मा ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 345 की साझेदारी निभाई। बड़ौदा के बल्लेबाज कनित पटेल ने 14 रन बनाए, शाश्वत रावत ने टीम के लिए दोहरा शतक लगाया, टीम के लिए 207 रन बनाए। विष्णु सोलंकी ने 23 रन बनाए, शिवालिक शर्मा ने शतक लगाया और शानदार 188 रनों की पारी खेली। शिवांग ने 11 रन बनाए।

हिमाचल के गेंदबाज वैभव अरोड़ा ने 5 विकेट, अर्पित गुलेरिया ने 3 विकेट, ऋषि धवन ने 2 विकेट प्राप्त किया, बाकी गेंदबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक ही रहा, चार विकेट जल्दी आउट होने के बाद हिमाचली गेंदबाज कुछ खास अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके।

हिमाचली बल्लेबाजों का प्रदर्शन एक बार फिर निराशाजनक ही रहा, दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक हिमाचल की टीम के 143 रन पर 8 खिलाड़ी आउट होकर पैवेलियन लौट गए।

अंकुश वैंस 2, प्रशांत चोपड़ा 39, अकाश वशिष्ठ 0, अंकित कलसी 4 रन, सुमित वर्मा 4, ऋषि धवन 5, अमित कुमार, 39 रन, गुरविंद्र सिंह 24 नाबाद और अभिषेक कुमार 16 नाबाद रहे।

बड़ौदा के गेंदबाज ए सेठ 3 विकेट, अभिमन्यु सिंह ने 4 विकेट, वी ए पठान ने एक विकेट लिया। हिमाचल की पहले विकेट 8 रन पर, दूसरी विकेट 13 रन, तीसरी विकेट 20 पर और चौथी विकेट 26 रन पर आउट हो गई, पांचवा विकेट 71 पर और छठा विकेट 76 पर आउट हो गई और सातवां विकेट व आठवां विकेट 104 रन पर ही आउट हो गया।

## जगदीशन का दोहरा शतक, तमिलनाडु ने बनाए 489 रन

**एजेंसी, कोयंबटूर**

**तमिलनाडु** ने नारायण जगदीशन की नाबाद 248 रन की पारी की बदौलत रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मैच के दूसरे दिन पहली पारी में 489 रन का विशाल स्कोर बनाकर स्टंप तक रेलवे के 126 रन तक दो विकेट झटक लिए। पांच विकेट पर 286 रन से आगे खेलने उतरे तमिलनाडु के लिए जगदीशन ने कल के अपने स्कोर में 45 रन और जोड़कर प्रथम श्रेणी में अपना दोहरा शतक पूरा किया। जगदीशन को दूसरे छोर पर अच्छा साथ नहीं मिला, जिससे उन्होंने 45 रन और जोड़े, लेकिन दूसरे छोर पर खिलाड़ियों के आउट होने से तमिलनाडु की पारी खत्म हो गई। रेलवे के लिए आकाश पांडे ने तीन विकेट झटके। स्टंप तक रेलवे के लिए प्रथम सिंह 76 रन बनाकर खेल रहे हैं।

मैसूर में गोवा को पहली पारी में 321 रन पर समेटने के बाद कर्नाटक ने मयंक अग्रवाल (114) और देवदत्त पडीक्कल (101) के शतकों से स्टंप तक चार विकेट पर 251 रन बना लिए। गोवा ने सुबह आठ विकेट पर 228 रन से खेलना शुरू किया और अर्जुन तेंदुलकर (53 रन) आउट होने वाले अंतिम खिलाड़ी रहे। टीम के लिए स्नेहल कौथांकर (83) उनके शीर्ष स्कोरर रहे। विजयकुमार विशाक, एम वेंकटेश और रोहित कुमार को तीन तीन विकेट मिले। चंडीगढ़ में गुजरात ने चंडीगढ़ के खिलाफ दूसरे दिन स्टंप तक दो विकेट गंवाकर 86 रन बना लिए। खराब रोशनी के कारण इस मैच में पहले दिन का खेल नहीं हो सका था। मोहाली में ग्रुप सी के एक अन्य मैच में त्रिपुरा ने स्टंप तक पंजाब के 78 रन तक सात विकेट झटक लिए। पहले दिन का खेल खराब रोशनी के कारण नहीं हो पाया था। पंजाब के लिए सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह (21) और नेहाल वढेरा (33) ही दोहरे अंक तक पहुंच सके। त्रिपुरा के लिए मनिशंकर मुरासिंह और राणा दत्ता ने दो दो विकेट झटके।

### नागपुर में सौराष्ट्र ने विदर्भ को पहली पारी में 78 रन पर समेटा

**नागपुर** में सौराष्ट्र ने विदर्भ को पहली पारी में केवल 78 रन पर आउट कर दिया। विदर्भ की तरफ से जितेश शर्मा ने सर्वाधिक 28 रन बनाए, जबकि सौराष्ट्र के लिए चिराग जानी ने चार विकेट लिए। पहली पारी में 128 रन की बढ़त हासिल करने वाले सौराष्ट्र ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में तीन विकेट पर 205 रन बनाए, जिससे उसकी कुल बढ़त 333 रन की हो गई है। उसकी तरफ से केविन जीवराजानी (57) और विश्वराजसिंह जडेजा (79) ने अर्धशतक जमाए। जोधपुर में खेले जा रहे ग्रुप ए के मैच में राजस्थान ने महाराष्ट्र के खिलाफ पहली पारी में 270 रन बनाकर 81 रन की बढ़त हासिल की। राजस्थान ने सुबह दो विकेट पर 110 रन से आगे खेलना शुरू किया। उसकी तरफ से करण लांबा (53), कप्तान दीपक हुडा (63) और शुभम शर्मा (53) ने अर्धशतक लगाए। महाराष्ट्र की तरफ से अक्षय पालकर ने पांच और हितेश वालुंज ने चार विकेट लिए। पहली पारी में 189 रन बनाने वाले महाराष्ट्र ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में एक विकेट पर 66 रन बनाए थे और वह राजस्थान से अभी 15 रन पीछे है।

### हरियाणा ने मणिपुर को दो दिन के अंदर पारी से हराया

**अहमदाबाद।** हरियाणा ने खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करते हुए मणिपुर को शनिवार को रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए के मैच में दूसरे दिन ही पारी और 338 रन से करारी शिकस्त दी। हरियाणा की तरफ से हिमांशु राणा ने नाबाद 250 रन बनाए, जबकि निशांत सिंधु ने 119 रन का योगदान दिया। हरियाणा ने दूसरे दिन सुबह दो विकेट पर 391 रन से आगे खेलते हुए अपनी पहली पारी तीन विकेट पर 508 रन बनाकर समाप्त घोषित की। इसके जवाब में मणिपुर की टीम पहली पारी में केवल 77 रन पर आउट हो गई। हरियाणा की तरफ से राहुल तेवतिया और जयंत यादव ने तीन-तीन विकेट लिए। मणिपुर की तरफ से प्रियोजीत सिंह ने सर्वाधिक नाबाद 24 रन बनाए। मणिपुर के बल्लेबाज दूसरी पारी में भी नहीं चल पाए उसकी टीम 93 रन बनाकर आउट हो गई।

### झारखंड के विराट सिंह और कुशाग्र ने लगाए शतक

**दिल्ली** में खेले जा रहे ग्रुप ए के मैच में झारखंड ने विराट सिंह (108) और कुमार कुशाग्र (132) के शतकों के बावजूद सेना के खिलाफ अपनी पहली पारी में 316 रन बनाए। झारखंड ने सुबह अपनी पहली चार विकेट पर 195 रन से आगे बढ़ाई तथा इन दोनों बल्लेबाजों ने पांचवें विकेट के लिए 171 रन की साझेदारी की। सेना की तरफ से वरुण चक्रवर्ती ने चार विकेट लिए। सेना ने इसके जवाब में दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी पहली पारी में दो विकेट पर 128 रन बनाए थे। रवि चौहान 59 रन बनाकर खेल रहे हैं।

---

## कम उछाल वाली पिच पर प्रत्येक गेंद स्टंप पर डालो : डोनाल्ड

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दक्षिण** अफ्रीका के महान तेज गेंदबाज एलेन डोनाल्ड ने इंग्लैंड के तेज गेंदबाजों को सलाह दी कि टेस्ट श्रृंखला में स्टार खिलाड़ियों से सुसज्जित भारतीय बल्लेबाजी लाइनअप का मुकाबला करने का उनका मंत्र फुल लेंथ गेंद डालना और स्टंप पर गेंदबाजी करना होना चाहिए।

अब वह गेंदबाजी कोच हैं तो डोनाल्ड से पूछा गया कि जेम्स एंडरसन, ओली रॉबिन्सन और अन्य गेंदबाजों के लिए क्या चीज कारगर हो सकती है तो उन्होंने कहा कि हैन्सी क्रोन्ये तब कप्तान थे तो हमारी मानसिकता हमेशा आक्रमण करने की होती थी। कोच (दिवंगत) बॉब वूल्मर को हमसे कहीं ज्यादा भारत में खेलने का अनुभव था। डोनाल्ड ने एसएी20 द्वारा कराई गई बातचीत के दौरान पीटीआई से कहा कि हम हमेशा जिस बारे में बात करते थे वो नई गेंद से पहले 25 से 30 ओवर डालने के बारे में होती थी। फुल लेंथ गेंद, स्टंप पर गेंदबाजी करना और मैदान पर 'स्ट्रेट' क्षेत्ररक्षण अहम होता था। उन्होंने कहा कि हम जानते थे कि पिच से ज्यादा मदद नहीं होने वाली, इसलिए प्रत्येक गेंद पर स्टंप पर डालना अहम होता। और अगर थोड़ी स्विंग है तो सिर्फ इसी चीज पर आपको काम करना होगा।

## रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में हाजिरी भरेंगे भारत के दिग्गज खिलाड़ी

**एजेंसी, अयोध्या**

**अगले** हफ्ते राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर, शतरंज ग्रैंडमास्टर विश्वनाथन आनंद, 'स्प्रिंट क्वीन' पीटी ऊषा और स्टार फुटबॉलर बाईचुंग भूटिया सहित स्टार खिलाड़ियों को आमंत्रित किया गया है। निमंत्रण पत्र की सूची में राज्य के 500 से अधिक खास मेहमान शामिल हैं, जिसमें राजनेता, अभिनेता, खेल सितारे और उद्योगपति शामिल हैं, जिन्हें सोमवार को होने वाले कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया गया है।

इस सूची में तेंदुलकर के अलावा विश्व कप विजेता कप्तान कपिल देव, 'लिटिल मास्टर' सुनील गावस्कर के साथ महेंद्र सिंह धोनी, विराट कोहली, सौरव गांगुली, अनिल कुबले, वीरेंद्र सहवाग और भारतीय क्रिकेट कोच राहुल द्रविड़ भी शामिल हैं। मौजूदा भारतीय क्रिकेट टीम के रविंद्र जडेजा और रोहित शर्मा को आमंत्रित किया गया है। भारोत्तोलक कर्णम मल्लेश्वरी, फुटबॉलर कल्याण चौबे, धाविका कविता राउत और पैरालंपिक भाला फेंक खिलाड़ी देवेंद्र झझाड़िया को भी निमंत्रण भेजा गया है। महिला क्रिकेट कप्तान मिताली राज, बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल और पीवी सिंधू और उनके ट्रेनर पुलेला गोपीचंद को भी निमंत्रण मिला है। हालांकि अभी तक स्पष्ट नहीं है कि इनमें से कौन कौन प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में पहुंचेगा।



---

ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस ग्रैंडस्लैम

चीन के खिलाड़ी शांग जुनचेंग ने 66 मिनट बाद रिटायर होने का लिया फैसला

# अल्काराज चौथे दौर में, अजारेंका ने ओस्टापेंको को हराया

**एजेंसी, मेलबर्न (ऑस्ट्रेलिया)**

**दुनिया** के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्कारेज ने शनिवार को अपने प्रतिद्वंद्वी शांग जुनचेंग के तीसरे सेट में रिटायर होने से ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस ग्रैंडस्लैम के चौथे दौर में प्रवेश किया।

अल्काराज ने जांघ पर पट्टी बांधकर खेल रहे 18 वर्षीय शांग पर 6-1, 6-1, 1-0 से बढ़त बनाई हुई थी, लेकिन चीन के खिलाड़ी ने 66 मिनट बाद रिटायर होने का फैसला किया। अब अल्काराज का सामना सर्बिया के मियोमीर केसकानोविच से होगा, जिन्होंने पिछले साल सेमीफाइनल तक पहुंचे टॉमी पॉल पर 6-4, 3-6, 2-6, 7-6 (7), 6-0 से जीत हासिल की।

नौवीं रैंकिंग पर काबिज हुबर्ट हुरकाज ने उगो हम्बर्ट की चुनौती 3-6, 6-1, 7-6 (4), 6-3 से समाप्त कर लगातार दूसरे साल चौथे दौर में जगह बनाई। अब वह फ्रांस के आर्थर काजॉक्स के सामने होंगे, जिन्होंने 28वीं रैंकिंग पर काबिज टैलोन ग्रिक्सपूर पर 6-3, 6-3, 6-1 से जीत हासिल की।



### विक्टोरिया सातवीं बार प्री क्वार्टरफाइनल में

**महिलाओं** के वर्ग में दो बार की पूर्व चैंपियन विक्टोरिया अजारेंका ने 11वीं रैंकिंग की खिलाड़ी येलेना ओस्टापेंको को 6-1, 7-5 से हराकर सातवीं बार प्री क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई। अगले दौर में अजारेंका की भिड़ंत यूक्रेन की क्वालीफायर डायना यास्त्रेमस्का से होगी, जिन्होंने 27वीं रैंकिंग की खिलाड़ी एम्मा नावारो पर 6-2, 2-6 6-1 की जीत से ग्रैंडस्लैम में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की बराबरी की। यास्त्रेमस्का 2019 में विम्बलडन के राउंड 16 में पहुंचने के बाद पिछले सात ग्रैंडस्लैम में पहले दौर से आगे नहीं बढ़ सकी थीं। वह ओसियाने डोडिन के सामने होंगी, जिन्होंने क्लारा बुरेल को 6-2, 6-4 से पराजित किया। वहीं 2017 अमेरिकी ओपन चैंपियन और रोलां गैरां की उपविजेता स्लोआने स्टीफंस को दो घंटे 45 मिनट तक चले मुकाबले में अन्ना कालिन्सकाया से उलटफेर का सामना करना पड़ा। अन्ना कालिन्सकाया ने 6-7, 6-1, 6-4 से जीत हासिल की। जैस्मीन पाओलिनी ने अन्ना ब्लिंकोवा पर 7-6 (1), 6-4 की जीत से पहली बार मेजर टूर्नामेंट के चौथे दौर में जगह बनाई।

## इगा को लिंडा नोसकोवा ने दिखाया बाहर का रास्ता

**एजेंसी, मेलबर्न**

**विश्व** की नंबर एक महिला खिलाड़ी इगा स्वियातेक शनिवार को तीसरे दौर के संघर्षपूर्ण मैच में विश्व में 50वें नंबर की खिलाड़ी लिंडा नोसकोवा से हारकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट से बाहर हो गई।

चेक गणराज्य की खिलाड़ी नोसकोवा ने स्वियातेक को 3-6, 6-3, 6-4 से पराजित करके टूर्नामेंट का बड़ा उलटफेर किया। चार बार की ग्रैंडस्लैम विजेता स्वियातेक ऑस्ट्रेलियाई ओपन में कभी सेमीफाइनल से आगे नहीं बढ़ पाई हैं। दूसरी तरफ 19 वर्ष की नोसकोवा पहली बार इस टूर्नामेंट के मुख्य ड्रॉ में खेल रही है। स्वियातेक ने पहले दो दौर में 2020 की ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन सोफिया केनिन और 2022 की फाइनलिस्ट डेनियल कोलिंस को हराया था। तीसरे दौर में हार से उनका पिछले 18 मैचों से चला आ रहा विजय अभियान भी थम गया। चेक गणराज्य की खिलाड़ी के खिलाफ पहला सेट जीतने के बाद स्वियातेक की लय गड़बड़ा गई।

# भगवान विष्णु की शरण में पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी

## श्री रंगनाथस्वामी मंदिर में की पूजा-अर्चना, हाथी को खिलाया खाना

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली के श्रीरंगम में प्रसिद्ध श्री रंगनाथस्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की। श्री रंगनाथस्वामी मंदिर को भगवान विष्णु की पूजा के लिए सबसे महत्वपूर्ण मंदिरों में से एक माना जाता है। इस मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए पीएम मोदी पारंपरिक पोशाक पहनकर आए। हालांकि, पूजा-अर्चना के बाद एक वीडियो सामने आया है, जिसमें उन्हें एक हाथी को खाना खिलाते हुए देखा जा सकता है।



दरअसल, पीएम मोदी ने मकर संक्रांति के मौके पर गउओं को खाना खिलाया था। इसके बाद अब उन्हें मंदिर में हाथी को खाना खिलाते हुए देखा गया है। सिर्फ इतना ही नहीं, बल्कि उन्होंने गजरात से आशीर्वाद भी लिया। पीएम को हाथी को खाना खिलाते हुए 24 सेकंड का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह पहले उसे खाना खिलाते हैं और वह अपनी सूंड उठाता है। पीएम मोदी को हाथी की सूंड को प्यार से सहलाते हुए भी देखा जा सकता है।

### पीएम मोदी ने रामेश्वरम में भी लगाई डुबकी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को पहले तिरुचिरापल्ली के श्रीरंगम में श्री रंगनाथस्वामी मंदिर गए। दोपहर में उन्होंने रामेश्वरम में रोड शो किया। इसके बाद पीएम ने रामेश्वरम के अग्नि तीर्थम पर डुबकी लगाई फिर भगवान रामनाथस्वामी मंदिर में पूजा की। यहां उन्होंने रामायण पाठ और भजन संध्या में हिस्सा लिया। श्री रंगनाथस्वामी और रामेश्वरम मंदिर भगवान राम के जीवन से जुड़े हैं। 22 जनवरी के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले प्रधानमंत्री उन मंदिरों में दर्शन कर रहे हैं, जिनका रामायण में जिक्र है।



# कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर 500 रुपए का जुर्माना

**मुंबई।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर ठाणे की एक अदालत ने शनिवार को 500 रुपए का जुर्माना लगाया है। पत्रकार गौरी लंकेश की हत्या में आरएसएस का नाम जोड़ने पर राहुल गांधी के खिलाफ आरएसएस कार्यकर्ता विवेक चंपानेरकर ने सिविल मानहानि का मामला दर्ज कराया था। इस वाद में एक रुपए का हर्जाना देने की मांग की गई थी। इसी मामले में राहुल गांधी की तरफ से लिखित बयान दर्ज कराने में देरी होने पर अदालत ने उन पर 500 रुपए का यह जुर्माना लगाया है। मामले की अगली सुनवाई 15 फरवरी को होगी।



**ठाणे कोर्ट ने गौरी लंकेश हत्या मामले में लिखित बयान दर्ज कराने में देरी के लिए जुर्माना लगाया**

राहुल के वकील नारायण अय्यर ने इस मामले में राहुल गांधी के बयान में देरी के लिए कहा था कि राहुल दिल्ली में रहते हैं और संसद सदस्य हैं। इसी वजह से इस मामले में बयान दर्ज कराने में देरी हुई। वकील ने अनुरोध किया कि राहुल गांधी को बयान दर्ज कराने में हुई देरी को माफ किया जाना चाहिए। अदालत ने उनके माफीनामे को तो स्वीकार कर लिया लेकिन बयान दर्ज कराने में देरी होने के लिए उन्हें 500 रुपए का जुर्माना भरने का आदेश जारी किया।

# मराठा आरक्षण को लेकर मनोज जरांगे का प्रदर्शन शुरू

## राज्य सरकार को बताया क्रूर और असंवेदनशील

**नई दिल्ली।** मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने शनिवार को हजारों अन्य लोगों के साथ मिलकर महाराष्ट्र के जालना से लेकर मुंबई तक विरोध प्रदर्शन शुरू किया। उनका यह प्रदर्शन अपने समुदाय के लिए आरक्षण की मांग को लेकर है। जरांगे ने राज्य सरकार को लगाई लताड़। मार्च शुरू करने से पहले जरांगे ने मीडिया से बात की।



उन्होंने राज्य सरकार को क्रूर और असंवेदनशील व्यवहार के लिए लताड़ लगाई। जरांगे ने कहा कि राज्य सरकार मराठा आरक्षण के मुद्दे को सुलझाने में नाकाम रही। इसके साथ ही उन्होंने अंतिम सांस तक इस लड़ाई को जारी रखने की कसम खाई है। जरांगे ने कहा, आरक्षण के लिए मराठा समुदाय ने सरकार को सात महीने का समय दिया था, लेकिन इसपर कोई कदम नहीं उठाया गया। मैं इस प्रदर्शन को अपनी आखिरी सांस तक जारी रखूंगा।

### आरक्षण के कारण युवा कर रहे आत्महत्या

**जरांगे** ने मराठा युवाओं की आत्महत्या में वृद्धि का हवाला देते हुए राज्य सरकार और अन्य मंत्रियों की आलोचना की है। उन्होंने कहा, मराठा युवा आरक्षण के मुद्दों पर अपनी जान दे रहे हैं, लेकिन सरकार अब भी कुछ नहीं कर रही। 25 जनवरी को जरांगे के मुंबई पहुंचने की संभावना है।

# प्राण-प्रतिष्ठा के लिए 1000 किमी तक के एयरपोर्ट रिजर्व

**पांच राज्यों के 12 एयरपोर्ट की पार्किंग बुक; अमिताभ-पवन कल्याण के प्लेन कानपुर में पार्क होंगे**

**अयोध्या।** अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला मंदिर में विराजेंगे। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में देशभर से 900 वीआईपी और 60 वीवीआईपी शामिल होंगे।

वीवीआईपी के 60 चार्टर्ड प्लेन अयोध्या के नए एयरपोर्ट पर लैंड होंगे। यहां वीवीआईपी को छोड़ने के बाद प्लेन 1000 किलोमीटर की रेंज में आने वाले दूसरे एयरपोर्ट पर पार्क होंगे। क्योंकि, अयोध्या में सिर्फ आठ प्लेन की पार्किंग हो सकती है। प्राण प्रतिष्ठा के दिन पार्किंग के लिए पांच राज्यों के 12 एयरपोर्ट की पार्किंग रिजर्व की गई है।



इनमें यूपी, बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड शामिल हैं। सुपर स्टार अमिताभ बच्चन और साउथ फिल्मों के सुपर स्टार पवन कल्याण का चार्टर्ड प्लेन कानपुर के चकेरी एयरपोर्ट पर पार्क होंगे। केंद्रीय उड्डयन विभाग ने एयरपोर्ट पार्किंग को लेकर सभी राज्यों को संदेश भेजा है।

### 50 हजार तुलसी मोती से बनाई भगवान राम की प्रतिमा

**पटना।** 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की धूम पूरे देश में देखने को मिल रही है। हर कोई इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहा है। पटना के मूर्तिकार जितेंद्र ने तुलसी की माला का इस्तेमाल कर भगवान राम की प्रतिमा बनाई है। इसकी ऊंचाई पांच फीट है। इस प्रतिमा को 500 तुलसी माला का इस्तेमाल कर बनाया गया है। जिसमें 50 हजार तुलसी मोती का इस्तेमाल किया गया है। 15 दिन में तैयार हुई है भगवान राम की प्रतिमा।



जितेंद्र ने कहा कि इस प्राण प्रतिष्ठा में हर कोई वहां जाने में सक्षम नहीं है, इसलिए उन्होंने पटना में ही भगवान राम की आराधना के लिए प्रतिमा बनाई है। इस प्रतिमा को उन्होंने 15 दिन में तैयार किया है।

## दक्षिण की अयोध्या से मशहूर 'श्री सीता रामचंद्रस्वामी मंदिर'

**हैदराबाद।** 'श्री सीता रामचंद्रस्वामी मंदिर' पूर्वी तेलंगाना में भद्रचलम शहर में गोदावरी नदी के तट पर स्थित है। इस मंदिर को गोदावरी के दिव्य क्षेत्रों में से एक माना जाता है। इसे दक्षिण अयोध्या के रूप में भी सम्मानित किया जाता है।



यह पवित्र स्थान दुनिया भर से लाखों भक्तों को आकर्षित करता है। यह भगवान राम (श्री महाविष्णु के सातवें अवतार) का निवास है। इस मंदिर का महत्व रामायण काल से है। यह सुसंमत पहाड़ी स्थान रामायण काल के 'दंडाकारण्य' में मौजूद था। यह वही स्थान है जहां भगवान राम ने अपनी पत्नी सीता और भाई लक्ष्मण के साथ अपना वनवास बिताया था। पर्णशाला (प्रसिद्ध स्वर्ण मृग से जुड़ा वह स्थान जहां से रावण ने माता सीता का अपहरण किया था) भी यहीं है। इस पवित्र मंदिर में भगवान राम और माता सीता की मूर्ति स्थापित है। इस मंदिर के बारे में कहा जाता है कि जो सच्चे मन से दर्शन करने पहुंचता है उसकी सभी मुरादें पूरी हो जाती हैं।



## ऐसे भी राम भक्त: स्केटिंग करते रामेश्वरम से अयोध्या पहुंचा युवक



**अयोध्या।** प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अयोध्या में गजब का उल्लास है। इस पावन क्षण का साक्षी बनने के लिए देश के विभिन्न क्षेत्रों से राम भक्त अयोध्या पहुंच रहे हैं। इनमें एक ऐसा भी युवा राम भक्त है, जो स्केटिंग करते हुए तमिलनाडु के रामेश्वरम स्थित रामसेतु से अवधपुरी तक पहुंचा है। 4532 किमी की इस 'धर्मसेतु' यात्रा को उसने 72 दिन में पूरी की है। 22 वर्षीय अगस्त्य गुजरात के आनंद शहर का रहने वाला है। पांच नवंबर, 2023 को रामेश्वरम के रामसेतु से उसने अपनी यह 'धर्मसेतु' यात्रा स्केटिंग के माध्यम से शुरु की। यात्रा के दौरान वह पांच राज्यों तमिलनाडु, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के उन स्थलों तक पहुंचा, जहां वनवास के दौरान प्रभु श्रीराम गए थे।

### विश्व रिकॉर्ड बनाने की भी है इच्छा

**अगस्त्य** का बचपन से ही स्केटिंग करने का उसका शौक रहा। उसका कहना है कि रामसेतु से अयोध्या तक 4532 किमी की उसकी स्केटिंग यात्रा देश का पहला और विश्व का दूसरा रिकार्ड है। अगस्त्य ने बताया कि जर्मनी में 36 साल पहले 8500 किमी का विश्व कीर्तिमान बना था। वह जल्द ही इस रिकार्ड को तोड़ने का प्रयास करेगा।

## 21.6 फुट लंबी बांसुरी से अयोध्या धाम में गूंजेंगे स्वर



**अयोध्या।** श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में अपने-अपने जिले की प्रसिद्ध वस्तुओं को अयोध्या भेजा जा रहा है। इसी क्रम में पीलीभीत से 21.6 फुट लंबी बांसुरी को अयोध्या भेजा जाएगा। बांसुरी को वहां के संग्रहालय में रखा जाएगा।

बांसुरी शहर के मशहूर कारीगर मरहूम नवाब अहमद की पत्नी हीना परवीन, उनके पुत्र अरमान नबी व उनके चाचा शमशाद ने साथियों के साथ तैयार किया है। उन्होंने बताया कि यह बांस वर्षों से किसी ऐतिहासिक क्षण के लिए रखा हुआ था। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ब्रज प्रांत के प्रचारक हरीश रौतेला ने इस बांसुरी का पूजन किया। 26 जनवरी को यह बांसुरी अयोध्या धाम भेजी जाएगी। जहां इसे संग्रहालय में रखा जाएगा। यह बांसुरी गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है।

**वर्ल्ड न्यूज**

### विदेशी नागरिक के पेट से निकाली छह करोड़ की कोकीन, जांच शुरू

**मुंबई।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई)की टीम ने मुंबई में गिरफ्तार विदेशी नागरिक के पेट से डॉक्टरों ने ऑपरेशन कर कोकीन से भरे 57 कैप्सूल निकाले हैं। इस कोकीन की कीमत छह करोड़ रुपए आंकी गई है। डीआरआई की टीम कोकीन भरे कैप्सूल कब्जे में लेकर आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है। डीआरआई सूत्रों ने शनिवार को मीडिया को बताया कि वेनेजुएला के एक नागरिक द्वारा ड्रग लाने की गोपनीय जानकारी मिली थी। इसी जानकारी के आधार पर इसे 16 जनवरी को मुंबई एयरपोर्ट से हिरासत में लिया गया था।

### अमेरिकी संसद में वेद नंदा की विरासत का सम्मान

**वाशिंगटन/नई दिल्ली।** भारतीय-अमेरिकी स्तंभकार और 2018 में पद्म भूषण से सम्मानित वेद नंदा की विरासत को सम्मान देते हुए अमेरिकी कांग्रेस ने इस सप्ताह उन्हें एक प्रतिष्ठित शख्सियत और दोनों देशों के बीच एक सेतु बताया। डेनवर पोस्ट के जाने-माने स्तंभकार और डेनवर विश्वविद्यालय में 50 वर्ष तक पढ़ाने वाले प्रोफेसर नंदा का इस महीने 89 वर्ष की उम्र में निधन हो गया था। उन्हें 2004 में सामुदायिक शांति निर्माण के लिए 'गांधी-किंग-इकेदा' पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

### गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होगी फ्रांसीसी सेना की टुकड़ी

**नई दिल्ली।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। यह छठा मौका है, जब कोई फ्रांसीसी नेता बतौर गेस्ट शामिल होगा। दिल्ली में 75वें गणतंत्र दिवस के लिए परेड रिहर्सल चल रही है। शनिवार (20 जनवरी) को इस रिहर्सल में फ्रांस की सेना ने भी हिस्सा लिया। कर्तव्यपथ पर होने वाली परेड में इस बार फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों शामिल हो रहे हैं।

## पूर्व क्रिकेटर शोएब मलिक ने एक्ट्रेस सना जावेद से की शादी



**नई दिल्ली।** पाकिस्तानी क्रिकेटर शोएब मलिक ने अभिनेत्री सना जावेद से शादी की है। शोएब मलिक ने अपने ट्वीटर अकाउंट से शादी की दो तस्वीरें पोस्ट की हैं। क्या खत्म हो गया सानिया और शोएब का रिश्ता? लोग इस पोस्ट के जवाब में ऐसे सवाल पूछ रहे हैं। सना जावेद और शोएब मलिक की शादी की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है।

पाकिस्तानी ऑलराउंडर शोएब मलिक ने अपनी दूसरी शादी की खबर इंस्टाग्राम के जरिए अपने फैंस को दी है। शोएब ने कहा है कि उन्होंने सना जावेद से शादी कर ली है। पिछले कुछ महीनों से शोएब मलिक और सानिया मिर्जा के बीच रिलेशनशिप की खबरें आ रही थीं। सानिया मिर्जा ने अपने अकाउंट से शोएब के साथ तस्वीरें डिलीट कर दी थीं। नवविवाहित जोड़े ने अपनी शादी के कार्यक्रम की तस्वीरें शेयर कीं है। घोषणा के तुरंत बाद सना जावेद ने अपना इंस्टाग्राम बायो बदलकर सना शोएब मलिक कर लिया है।

### तलाक नहीं दी, 'खुला' लिया है

**न्यूज** एजेंसी पीटीआई से बात करते हुए सानिया के पिता इमरान मिर्जा ने शोएब की तरफ से सानिया को तलाक देने की खबरों को खारिज किया है। उन्होंने कहा है कि यह तलाक नहीं यह 'खुला' था। यानी सानिया ने अपनी तरफ से शोएब से अपने रास्ते अलग करने का फैसला किया है।

## कंगना रनौत को भायी रामलला की प्रतिमा

**नई दिल्ली।** कंगना रनौत ने अयोध्या के राम मंदिर से सामने आई रामलला की मूर्ति की जमकर तारीफ की है। उन्होंने कहा कि यह मूर्ति बिलकुल वैसी ही दिखती है जैसा उन्होंने भगवान के चेहरे की कल्पना की थी। कंगना ने सोशल मीडिया पर एक स्टोरी शेयर करते हुए मूर्तिकार अरुण योगीराज की भी सराहना करते हुए उन्हें 'धन्य' कहा है। अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर मूर्ति की एक क्लोज अप फोटो शेयर करते हुए कंगना ने लिखा, 'एक युवा लड़के के रूप में मैंने भगवान राम की जिस तरह कल्पना की थी आज वो कल्पनाएं इस मूर्ति के साथ जीवंत हो गईं। अरुण योगीराज आप धन्य हैं।'



### मन को मोह लेने वाली है यह प्रतिमा

**एक** और फोटो शेयर करते हुए कंगना ने लिखा, 'कैसी सुंदर और मन को मोह लेने वाली यह प्रतिमा है, कितना प्रेशर होगा अरुण योगीराज जी पर और स्वयं परमेश्वर को ही पत्थर में थाम लेना क्या कहें यह भी राम की ही कृपा है। अरुण जी, श्री राम ने आपको स्वयं दर्शन दिए हैं, आप धन्य हैं।



**जैसी कल्पना की थी वैसा ही चेहरा, मूर्तिकार पर कितना प्रेशर होगा**

## अमेरिका ने तीन हूती एंटी-शिप मिसाइलों को किया नष्ट

**वाशिंगटन।** अमेरिकी (यूएस) सेंट्रल कमांड बलों ने शुक्रवार को तीन हूती एंटी-शिप मिसाइलों के खिलाफ हमले किए। इन तीनों मिसाइलों का लक्ष्य लाल सागर था। अमेरिकी सेंट्रल कमांड बलों ने तीनों को नष्ट कर दिया।

द यूनियन हेराल्ड ने एक्स हैंडल पर यह जानकारी साझा की है। द यूनियन हेराल्ड के अनुसार, यूएस सेंट्रल कमांड ने 19 जनवरी को लगभग 6:45 बजे (सना (यमन) के समयानुसार) यह हमले किए। रिपोर्ट में कहा गया है कि हूती ने लाल सागर में व्यापारिक जहाजों और अमेरिकी नौसेना के जहाजों के लिए खतरा पैदा कर दिया है।

रिपोर्ट के अनुसार, लाल सागर में तनाव बढ़ गया है। इस वजह से कई हफ्तों से एशिया और यूरोप के बीच व्यापार धीमा हो गया है। यमन के सबसे अधिक आबादी वाले हिस्से को नियंत्रित करने वाले हूती का कहना है कि उनके हमले गाजा में इजराइल के हमले के तहत फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता में हैं। इससे पहले राष्ट्रपति जो बाइडेन कह चुके हैं कि हूती कि खिलाफ हवाई हमले जारी रहेंगे।

## मल्लिकार्जुन खड़गे के आरोपों का असम डीजीपी ने किया खंडन

**एजेंसी, गुवाहाटी**

असम के पुलिस महानिदेशक जीपी सिंह ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के उन आरोपों का खंडन किया है, जिसमें उन्होंने कहा है कि राज्य के लखीमपुर में 'भारत जोड़ो न्याया यात्रा' की गाड़ियों पर हमले किए गए तथा भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा कांग्रेस के पोस्टर-बैनर फाड़ डाले गए।

डीजीपी ने जवाब में एक्स पर लिखा कि राज्य में कहीं भी किसी भी राजनीतिक पार्टी की गाड़ी पर कोई हमला नहीं हुआ है। डीजीपी ने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा को असम पुलिस की ओर से पूरी सुरक्षा दी गई है। यात्रा में शामिल लोगों की सुरक्षा के लिए व्यापक पैमाने पर सुरक्षा संबंधी इंतजाम किए गए। डीजीपी ने कहा कि यह यात्रा असम से शांतिपूर्ण तरीके से अरुणाचल प्रदेश पहुंच चुकी है।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि असम के लखीमपुर में भाजपा के गुंडों द्वारा भारत जोड़ो न्याय यात्रा के वाहनों पर हुए हमले और कांग्रेस पार्टी के बैनर-पोस्टर फाड़ने की कड़ी निंदा करते हैं। खड़गे ने आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले दस वर्षों में भाजपा ने भारत के लोगों को संविधान द्वारा मिले हर अधिकार और न्याय को कुचलने और ध्वस्त करने का प्रयास किया है। यह उनकी आवाज को दबाना चाहते हैं, जिससे लोकतंत्र का अपहरण हो रहा है।

**डीजीपी ने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा को असम पुलिस ने पूरी सुरक्षा दी है**



भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए खड़गे ने आगे लिखा कि कांग्रेस पार्टी असम में भाजपा सरकार द्वारा अपनाए गए हमले और धमकी की इस रणनीति से डरने वाली नहीं है, जो इसके लिए जिम्मेदार है। कांग्रेस पार्टी इनके खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करेगी।

**अनंत ज्ञान**

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

(21 जनवरी, 2024)

**विक्रमी संवत** : 2080, **शक संवत** :1945 (शोभकृत), **मास** : पौष, **तिथि** : एकादशी 07:29 रात्रि तक, **नक्षत्र** : रोहिणी (03:52 सुबह तक), **पक्ष** : शुक्ल, **शुभ मुहूर्त** : अभीजित (12:11-12:53 रात्रि तक)
**राहुकाल** : 04:31-05:50 शाम तक।

### विशेष दिन

21 जनवरी 2024 : पुत्रदा एकादशी आज।

सूर्योदय : 07:14
सूर्यास्त : 05:50

**मेष** : समय से पहले और भाग्य से ज्यादा किसी को नहीं मिलता। अपनी बारी का इंतजार करें। संतान के सहयोग से कार्य पूरे होंगे। नए लोगों से संपर्क बनेगा जो भविष्य में लाभदायक रहेगा।

**वृषभ** : जो लोग दूसरे के लिए मांगते हैं, उन्हें कभी अपने लिए नहीं मागना पड़ता। माता के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। किसी के बहकाने से सपने संबंध तोड़ने से बचें। पैर में चोट लग सकती है।

**मिथुन** : जिन लोगों का सहयोग आप ने किया था। आज वे ही आप से मुंह फेर रहे हैं। बीमारी में दवाई असर नहीं करेगी। बेहतर होगा अपना डॉक्टर बदलें या किसी योग्य व्यक्ति से सलाह लें।

**कर्क** : अपने स्वभाव में परिवर्तन लाना बहुत जरूरी है। कार्यस्थल पर योजना लाभप्रद रहेगी। पड़ोसियों की मदद करना पड़ सकती है। क्रोध की अधिकता से परिजन नाखुश होंगे।

**सिंह**: किसी के बहकावे में आप बहुत जल्द आ जाते है। समय रहते जरूरी कार्य पूरे करें। निजी जीवन में दूसरों को प्रवेश न दें। पिता के व्यवहार से मनमुटाव होगा। जीवनशैली में परिवर्तन के योग हैं।

**कन्या** : सोचे हुए कार्य समय पर होने से मन प्रसन्न रहेगा। अपने वाक्चातुर्य से सभी काम आसानी से करवा लेंगे। कार्यस्थल पर अपनी अलग पहचान स्थापित करेंगे। प्रेम-प्रसंग के चलते मन उदास होगा।

**तुला** : आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। जीवनशैली में आय परिवर्तन से खुश होंगे। आजीविका के नए स्रोत स्थापित होंगे। पारिवारिक सौहार्द बना रहेगा। मांगलिक समारोह में सक्रिय भूमिका रहेगी।

**वृष्चिक**: अपने हिसाब से जिंदगी जीना पसंद रहेगा। जो लोग आप के कार्यों की सराहना करते थे। वे आप का विरोध करेंगे। भवन भूमि के विवादों का अंत होगा। पिता के व्यवसाय में रूचि कम रहेगी।

**धनु**: समय रहते कार्य पूर्ण करें। पारिवारिक लोगों का सहयोग न मिलने से कार्य प्रभावित होंगे। घर में वास्तु अनुरूप परिवर्तन करें, तो पारिवारिक तनाव खत्म होगा। फैक्टरी में प्रवेश द्वार पर पंचमुखी हनुमान की तस्वीर से लाभ होगा।

**मकर** : व्यस्तता के कारण सेहत को न भूलें। अपने जीवनसाथी से नम्रता से बात करें और आपकी दोनों की वार्तालाप में स्नेह झलके न कि बनावटी बातें करें। वाणी में मधुर रहें। यात्रा के योग हैं।

**कुंभ** : सेहत को नजरअंदाज न करें। अनावाश्यक किसी को परेशान करना अच्छी बात नही है। मेहमानों की खातिरदारी करनी पड़ेगी। रुके हुए कार्य अच्छे संपर्कों से पूरे होंगे। बहनों के विवाह की चिंता रहेगी।

**मीन** : जल्दबाजी में किए फैसलों से भारी नुकसान हो सकता है। परिवार में आप की बातों को सुना जाएगा। धार्मिक कार्यक्रमों में सहभागिता होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा।

**बाजार** — मजबूत शुरुआत के बाद टूटा शेयर बाजार, सेंसेक्स ऊपरी स्तर से 700 अंक लुढ़का

# गिरावट के बावजूद निवेशकों को 86 हजार करोड़ का मुनाफा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

घरेलू शेयर बाजार में शनिवार को दिन भर लगातार दबाव बना रहा। कारोबार की शुरुआत मजबूती के साथ हुई थी, लेकिन शुरुआती दौर से ही बाजार पर बिकवालों ने अपना दबाव बना दिया।

हालांकि दिन के पहले सत्र में कुछ देर तक खरीददार हावी होते नजर आए। दिन के दूसरे सत्र में बिकवाल दोबारा हावी हो गए, जिसके कारण शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.36 प्रतिशत और निफ्टी 0.23 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। शनिवार को आईटी, एफएमसीजी और फार्मास्यूटिकल सेक्टर के शेयरों में जम कर बिकवाली होती रही। इसी तरह ऑटोमोबाइल और रियल्टी इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। दूसरी ओर मेटल, पावर, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और बैंकिंग सेक्टर के शेयरों में खरीदारी होती नजर आई। बाजार में गिरावट के बावजूद ब्रॉडर मार्केट में खरीदारी का रुख बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.46 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.41 प्रतिशत की तेजी के साथ शनिवार के कारोबार का अंत किया। कमजोरी के बावजूद मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में हुई खरीददारी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब 86 हजार करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन शनिवार के कारोबार के बाद बढ़ कर 374.44 लाख करोड़ हो गया। शुक्रवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 373.58 लाख करोड़ रुपए था। इस तरह निवेशकों को शनिवार के कारोबार से करीब 86 हजार करोड़ रुपए का मुनाफा हो गया।




बीएसई में 3,908 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,063 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,748 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 97 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में 2,141 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,090 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,051 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से छह शेयर बढ़त के साथ और 24 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल शेयरों में से 13 शेयर हरे निशान में और 37 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स 325.07 अंक की मजबूती के साथ 72,008.30 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से इस सूचकांक में गिरावट शुरू हो गई। हालांकि पहले एक घंटे के कारोबार के बाद खरीददारों ने जोर लगाया, जिससे यह सूचकांक उछल कर 72,026.26 अंक के स्तर तक पहुंच गया।